RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 48
लखनऊ, रविवार, 5 दिसंबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



ऐजाज पटेल के परफेक्ट-10
स्पोर्ट्स-12

# अब दुनिया में किसी देश के दबाव में नहीं आ सकता भारत: मोदी

● कहा, पूर्ववर्ती मनमोहन सिंह सरकार ने घोटाले कर देश का बहुमूल्य समय नष्ट किया

**भाषा ।** देहरादून



देहरादून में भारतीय जनता पार्टी की रैली को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**केंद्र** की पूर्ववर्ती मनमोहन सिंह सरकार पर घोटाले कर देश का बहुमूल्य समय नष्ट करने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि आधुनिक बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) पर 100 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के इरादे से आगे बढ़ रहा भारत विकसित देशों में शामिल होगा तथा वह दुनिया के किसी देश के दबाव में नहीं आ सकता। राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले यहां परेड ग्राउंड में 18000 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इस शताब्दी की शुरुआत में कनेक्टिविटी आगे बढ़ाने का अभियान शुरू किया था लेकिन उसके बाद देश में 10 वर्षों तक रही सरकार ने देश का बहुमूल्य समय नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा, दस साल तक देश में बुनियादे ढांचे के नाम पर घोटाले हुए और घपले हुए। इससे देश का जो नुकसान हुआ उसकी भरपाई के लिए हमने दोगुनी गति से मेहनत की और आज भी कर रहे हैं। आज भारत आधुनिक बुनियादी ढांचे पर 100 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के इरादे से आगे बढ़ रहा है।

मोदी ने कहा कि सालों साल अटकी रहने वाली परियोजनाओं और बिना तैयारी के फीता काटने वाले तौर-तरीकों को पीछे छोड़कर आज भारत नवनिर्माण में जुटा है। उन्होंने कहा, 21वीं सदी के इस कालखंड में भारत में कनेक्टिविटी का एक ऐसा महायज्ञ चल रहा है जो भविष्य के भारत को विकसित देशों की शृंखला में लाने में अहम भूमिका निभाएगा। इस महायज्ञ का भी एक ऐसा यज्ञ आज देवभूमि में हो रहा है। प्रधानमंत्री ने सीमा पर सड़कों और पुल बनाने पर ध्यान नहीं देने, सेना के लिए वन रैंक वन पेंशन का समाधान न करने तथा आधुनिक अस्त्र-शस्त्र न देने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन लोगों ने हर स्तर पर सेना को निराश करने की मानो कसम खा रखी थी। उन्होंने कहा, लेकिन आज की सरकार दुनिया के किसी देश के दबाव में नही आ सकती। हम राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम के मंत्र पर चलने वाले लोग हैं। हमने सीमावर्ती पहाड़ी क्षेत्रों में सैकड़ों किलोमीटर सडकें बनाई हैं।

मोदी ने कहा कि मौसम और भूगोल की कठिन परिस्थितियों के बावजूद यह काम तेजी से किया जा रहा है और यह काम कितना अहम है, यह अपने बच्चों को फौज में भेजने वाला उत्तराखंड का हर परिवार अच्छी तरह समझ सकता है। उन्होंने कहा कि आज सरकार नागरिकों के अपनी समस्याओं को लेकर उसके पास आने की प्रतीक्षा नहीं करती बल्कि वह स्वयं सीधे नागरिकों के पास जाकर समस्याओं का समाधान करती है। प्रधानमंत्री ने कहा, समय के साथ हमारे देश की राजनीति में विकृतियां आ गई हैं जिसके कारण कुछ राजनीतिक दल समाज में भेद करके अपनी जाति, या विशेष धर्म या अपने छोटे से इलाके के दायरे के एक तबके पर ही विशेष ध्यान देते हैं। उन्हें उसमें अपना वोट बैंक नजर आता है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके अलावा राजनीतिक दलों ने एक और तरीका भी अपनाया है कि जनता को मजबूत न होने दो बल्कि मजबूर बनाओ। उन्होंने कहा, उसे अपना मोहताज बनाओ ताकि ( शेष पेज 8 )

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए

● महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक समारोह में बोले मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा ।** गोरखपुर, लखनऊ



महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक समारोह में बोलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने आज जनपद गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक समारोह के उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत के युवाओं के जीवन की महत्वपूर्ण यात्रा के मार्ग में कोई बाधा न आने पाये, इस उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू की गयी है। नये भारत के निर्माण में हमारे युवाओं की कैसी भूमिका हो सकती है, इस भाव से इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रह्मलीन गोरक्ष पीठाधीश्वर महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज द्वारा स्थापित और ब्रह्मलीन गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ जी द्वारा पोषित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की लगभग 50 संस्थाए शिक्षा, स्वास्थ्य तथा जनसेवा के विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से समाज व राष्ट्र निर्माण के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार के आह्वान के साथ जुड़ी हुई हैं। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद द्वारा संचालित संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के साथ-साथ इन संस्थाओं में कार्यरत शिक्षणेत्तर कर्मचारी, आचार्यगण, प्रधानाचार्य और प्राचार्यगण राष्ट्रीय मूल्यों की शिक्षाए देश भक्ति की शिक्षा तथा छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु अपनी भूमिका का निर्वहन करते आ रहे हैं। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की विभिन्न संस्थाओं में 50 हजार बच्चे विभिन्न प्रकार की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल भावना स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ाती है। स्वस्थ एवं सकारात्मक प्रतिस्पर्धा व्यक्ति की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती है और उसके जीवन में उन्नयन भी लाती है। उन्होंने कहा कि संस्थापक समारोह में एक सप्ताह तक विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को आगामी 10 दिसम्बर को आयोजित किये जाने वाले समारोह में सम्मानित किया जायेगा। उन्होनें कहा कि राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक नागरिक की एक महत्वपूर्ण भूमिका है। हर व्यक्ति अपने-अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे, यही सबसे बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि संस्था एक बार खड़ी कर लेना आसान होता है लेकिन संस्था को चलाते रहना एक साधना है।

योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर देश के अन्दर न केवल सूचना एवं प्रसारण के माध्यम से भारतीय परम्परा एवं संस्कृति, भारतीय पौराणिक ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए कार्य कर रहे हैं बल्कि देश के युवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार करते हुए युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी कर रहे हैं। आजादी के बाद पहली बार यह देखने को मिला है कि भारत में कितनी ऊर्जा है। भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया विगत 20 माह से कोरोना महामारी का सामना कर रही है। इसने सामाजिक जीवन और सामान्य जन जीवन को ( शेष पेज 8 )

## सही इतिहास पढ़ाया जाना सरकार की जिम्मेदारी: ठाकुर



**गोरखपुर।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को कहा कि देश में पढ़ाया जाने वाला इतिहास सच्चाई से कोसों दूर है और सही इतिहास और साहित्य पढ़ाना सरकार की जिम्मेदारी है। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के स्थापना सप्ताह समारोह के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा, हमने जो इतिहास पढ़ा, वह सच्चाई से बहुत दूर था। सही इतिहास और साहित्य पढ़ाना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने आरोप लगाया, पिछली सरकारों के दौरान, आक्रमणकारियों को महिमामंडित किया गया और शहीद भगत सिंह जैसे स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को इतिहास की किताबों में चरमपंथी के रूप में वर्णित किया गया था। योगी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में ठाकुर ने सवाल उठाया, क्या हम विश्वास कर सकते हैं कि शहीद भगत सिंह एक आतंकवादी थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र ( शेष पेज 8 )

# पंजाब में गठबंधन के लिए अमरिंदर ढिंढसा से हो रही वार्ता: अमित शाह

● कहा, भाजपा उत्तर प्रदेश में भारी बहुमत के साथ सरकार बनाएगी

**भाषा ।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गठबंधन को लेकर भारतीय जनता पार्टी की पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह और शिरोमणि अकाली दल के पूर्व नेता सुखदेव सिंह ढिंढसा के साथ बातचीत हो रही है। उन्होंने कहाकि भाजपा उत्तर प्रदेश में भारी बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री की कुर्सी गवांने के बाद अमरिंदर कांग्रेस से अलग हो गए थे और उन्होंने पिछले दिनों पंजाब लोक कांग्रेस पार्टी का गठन किया था, जबकि ढिंढसा ने शिरामणि अकाली दल से अलग होने के बाद शिरोमणि अकाली दल (संयुक्त) नाम से एक पार्टी बना ली थी। एक कार्यक्रम में अपने संबोधन के बाद एक संवाद में शाह ने इस संभावना को खारिज कर दिया कि किसान आंदोलन का पंजाब और उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में किसी प्रकार का कोई असर होगा। उन्होंने कहा कि तीनों कृषि कानूनों को निरस्त किए जाने के बाद अब कोई मामला नहीं रह जाता। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने यह दावा भी किया कि अगले चुनाव में भाजपा शानदार प्रदर्शन करेगी और उत्तर प्रदेश में फिर से सरकार बनाएगी। पंजाब और उत्तर प्रदेश सहित कुल पांच राज्यों में अगले साल की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने हैं। शाह ने कहा, हम कैप्टन साहब (अमरिंदर सिंह) और ढिंढसा साहब (सुखदेव सिंह ढिंढसा) से बात कर रहे हैं। संभावना है कि हम उनके दलों ( शेष पेज 8 )

## पिछले चुनावों के खर्च का ब्योरा न देने पर 257 प्रत्याशी नहीं लड़ पाएंगे चुनाव

**पायनियर समाचार सेवा ।** लखनऊ

**पिछले** लोकसभा और विधान सभा चुनाव में खर्चों का ब्योरा न देने वाले यूपी के 257 प्रत्याशियों को केंद्रीय चुनाव आयोग ने अयोग्य घोषित कर दिया है। केंद्रीय चुनाव आयोग ने ऐसे प्रत्याशियों की सूची जारी की है। आयोग ने पिछले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में इन लोगों द्वारा चुनाव लड़ने और परिणाम आने के एक महीने बाद समय से और सही ढंग से अपने चुनावी खर्च का ब्यौरा आयोग को नहीं दिया। इन 257 लोगों में से 34 लोग 2019 का लोकसभा का चुनाव लड़े थे। बाकी 213 लोग 2017 में विधान सभा चुनाव के प्रत्याशी थे। इन 257 लोगों में सर्वाधिक संख्या निर्दलीय उम्मीदवारों की ही है। प्रमुख दलों में सर्वाधिक 12 उम्मीदवार राष्ट्रीय लोकदल के थे। इसके बाद छह उम्मीदवार पीस पार्टी के, पांच एनसीपी के, चार-चार उम्मीदवार सीपीआई और बसपा के थे। एआईएमआईएम के दो व निषाद पार्टी के दो उम्मीदवार थे। सीपीआईएमएल ( शेष पेज 8 )

# फिलहाल समाप्त नहीं होगा किसान आंदोलन

● सरकार से वार्ता के लिए पांच सदस्यीय समिति बनायी

**भाषा ।** सोनीपत, जींद

**किसान** सभी मांगे पूरी होने तक अपना आंदोलन समाप्त नहीं करेंगे। यह फैसला आंदोलन का नेतृत्व कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने शनिवार को प्रदर्शन स्थल व दिल्ली से लगती सीमा सिंघू बॉर्डर पर हुई बैठक में लिया। एसकेएम ने एक बयान जारी कर बताया कि मोर्चा ने इसके साथ ही आगे की रणनीति और केंद्र सरकार से बातचीत करने के लिए पांच सदस्यों की समिति बनाई है जिसमें बलबीर सिंह राजेवाल, गुरनाम चढूनी, युद्धवीर सिंह, शिवकुमार कक्का और अशोक धावले को शामिल किया गया है।

संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा कि बैठक में केंद्र सरकार को किसानों पर दर्ज मामले लेने, न्यूनतम समर्थन मूल्य कानून की गांरटी, मुआवजे और बाकी मांगों के बारे में स्थिति स्पष्ट करने के लिए दो दिन का समय दिया गया है। एसकेएम ने बताया कि सात दिसंबर को मोर्चे की दोबारा बैठक होगी। किसान आंदोलन के दौरान जान गंवाने वाले 702 किसानों की सूची केंद्र को भेजी गई है जिनके परिजनों के लिए मुआवजे की मांग की गई है।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने संसद में कहा था कि उनके पास आंदोलन में मरने वाले लोगों की जानकारी नहीं है। इस बीच, हरियाणा के जींद जिले के उचाना उपमंडल कार्यालय में विभिन्न मांगों को लेकर किसानों का धरना शनिवार को 44वें दिन में प्रवेश कर गया। भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के जिलाध्यक्ष आजाद पालवां ने कहा कि तीन कृषि कानून रद्द हो चुके हैं लेकिन किसानों की अन्य मांगों पर अबतक उनसे कोई बातचीत नहीं की गई है।

# महाराष्ट्र और गुजरात में विदेश से लौटे दो लोग ओमीक्रोन संक्रमित निकले

**भाषा ।** अहमदाबाद, मुंबई

**मुंबई** के पास कल्याण डोंबिवली नगर निकाय क्षेत्र का एक व्यक्ति कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन से संक्रमित पाया गया है। महाराष्ट्र में इस स्वरूप के संक्रमण का यह पहला मामला है। अधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को दिल्ली में कहा कि 33 वर्षीय यह व्यक्ति 23 नवंबर को मुंबई के लिए उड़ान भरने से पहले दुबई के रास्ते दक्षिण अफ्रीका से दिल्ली हवाई अड्डे पहुंचा था जहां उसने कोविड जांच के लिए नमूना दिया था। वहीं जिम्बाब्वे से लौटा गुजरात के जामनगर शहर का 72 वर्षीय एक व्यक्ति कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन से संक्रमित पाया गया है। जिम्बाब्वे अधिक जोखिम वाले देशों की श्रेणी में शामिल है और गुजरात में सामने आया मामला भारत में ओमीक्रोन स्वरूप का अब तक आया तीसरा मामला ( शेष पेज 8 )

## आवश्यक कदम उठाने को लेकर केंद्र ने राज्यों को पत्र लिखा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, जम्मू-कश्मीर, ओडिशा और मिजोरम को पत्र लिखकर कोविड-19 के प्रसार पर नियंत्रण के लिए जांच- पता लगाना- उपचार करना- टीका लगाना- कोविड उपयुक्त व्यवहार अपनाने की नीति के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। कुछ जिलों में संक्रमण के बढ़ते मामलों, साप्ताहिक संक्रमण दर और साप्ताहिक मृत्यु के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। नए ओमीक्रोन स्वरूप को देखते हुए सभी राज्योंकेंद्र शासित प्रदेशों को 27 नवंबर को लिखे पत्र का जिक्र करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने शनिवार को कहा कि सभी राज्यों को सलाह दी गई है कि अंतरराष्ट्रीय यात्रियों पर कड़ी नजर रखें, उभरते हॉटस्पॉट की ( शेष पेज 8 )




## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,696 | |
| निफ्टी | 17,196 | |
| सोना | 46,581 | /10g |
| चांदी | 59,878 | /kg |

## क्विक न्यूज

### कृषि निर्यात अप्रैल-नवंबर में करीब 13 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत का कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान 13 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 23.26 अरब डॉलर हो गया। वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। चावल का निर्यात अप्रैल-नवंबर 2021-22 के दौरान 5.93 अरब डॉलर के साथ शीर्ष विदेशी मुद्रा अर्जक था, जो 2020-21 में इसी अवधि में 11 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 5.3 अरब डॉलर था। चालू वित्त वर्ष की आठ महीने की अवधि के दौरान मांस, डेयरी और पोल्ट्री उत्पादों का निर्यात भी 12 प्रतिशत बढ़कर 2.66 अरब डॉलर हो गया। फलों और सब्जियों का निर्यात 12 प्रतिशत बढ़कर 1.72 अरब डॉलर हो गया। कोरोना से उबरती अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र की भी अहम भूमिका होगी।

# सात वर्षों में 38 हजार करोड़ से ज्यादा रहा भारत का रक्षा निर्यात

● रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ने एमएसएमई से अनुसंधान एवं विकास में ज्यादा निवेश करने की अपील की

**भाषा ।** नई दिल्ली



**भारत** ने पिछले सात वर्षों में 38 हजार करोड़ से अधिक के रक्षा सामानों का निर्यात किया है और देश जल्द ही शुद्ध निर्यातक बन जाएगा। यह जानकारी शनिवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी। उन्होंने सोसायटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआईडीएम) के एमएसएमई सम्मेलन में कहा, हमारा एयरोस्पेस एवं रक्षा का करीब 85 हजार करोड़ रुपए का उद्योग है। इसमें निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़कर 18 हजार करोड़ हो गई है। सिंह ने एमएसएमई से अनुसंधान एवं विकास में ज्यादा निवेश करने की अपील की क्योंकि इससे देश की सुरक्षा स्थिति मजबूत करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, आप को नई तकनीक, नए उत्पाद लाने चाहिए।

आपको यह नहीं सोचना चाहिए कि आपके छोटे उद्योग के कारण आप बड़े अनुसंधान नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि सरकार की पहल के बाद करीब 12 हजार एमएसएमई रक्षा उद्योग से जुड़े हैं। उन्होंने कहा, सरकार की पहल के कारण पिछले सात वर्षों में भारत से रक्षा निर्यात 38 हजार करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। सिंह ने कहा कि इन पहल के कारण रक्षा उद्योग में अनुसंधान, शोध और विकास और काफी संख्या में स्टार्टअप बढ़ गए हैं। निर्यात को बढ़ावा देने पर सरकार के ध्यान देने की बात दोहराते हुए मंत्री ने उम्मीद जताई कि भारत जल्द ही शुद्ध आयातक से शुद्ध निर्यातक बन जाएगा। उन्होंने कहा, सरकार का लक्ष्य 2024-25 तक 35 हजार करोड़ ( शेष पेज 8 )

## सरकार ने अमेठी में पांच लाख एके-203 असॉल्ट राइफल के निर्माण की मंजूरी दी

**भाषा ।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने उत्तर प्रदेश के अमेठी के कोरवा में पांच लाख से अधिक एके-203 असॉल्ट राइफल के विनिर्माण की योजना को मंजूरी दी है। आधिकारिक सूत्रों ने इसे रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने का बड़ा प्रयास बताया है। सूत्रों ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत का रक्षा विनिर्माण केंद्र बनने के मार्ग पर है।

एक सूत्र ने कहा, यह रक्षा अधिग्रहण में खरीद (वैश्विक) से मेक इन इंडिया तक के सफर में लगातार होते बड़े परिवर्तन को दर्शाता है। यह प्रयास रूस के साथ साझेदारी में किया जाएगा और यह रक्षा क्षेत्र में दोनों देशों के बीच गहरी होती साझेदारी को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना विभिन्न सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और अन्य रक्षा उद्योगों को कच्चे माल तथा घटकों की आपूर्ति के लिए व्यावसायिक अवसर प्रदान करेगी, जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

असॉल्ट कालाश्निकोव-203 राइफल तीन दशक पहले शामिल सेवा में जारी इंसास राइफल की जगह लेंगी। सूत्रों ने बताया कि एके-203 असॉल्ट राइफलें, 300 मीटर की ( शेष पेज 8 )




## ट्वीट की सनसनी

योगी सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री ने अभी हाल में मथुरा को लेकर एक ट्वीट किया। उनके इस ट्वीट से विपक्ष में हलचल होने के साथ-साथ सरकार और भाजपा संगठन के अन्दर भी खलबली मची। ट्वीट के बाद शुरू-शुरू में तो यह माना गया कि चुनाव में जाने से पहले हिन्दुत्व के एजेन्डे को धार देने के लिये एक रणनीति के तहत सरकार के इस वरिष्ठ मंत्री से ट्वीट कराया गया है लेकिन समय गुजरने के साथ ट्वीट के पीछे छाये बादल छंटने लगे। पता चला है कि पार्टी में हिन्दुत्व का बड़ा चेहरा बनने के लिये सरकार के इस मंत्री की तरफ से ट्वीट किया गया। दरअसल कभी सरकार के यह मंत्री विश्व हिन्दू परिषद के नेता और राम मंदिर आंदोलन के नायक अशोक सिंघल के दत्तक पुत्र हुआ करते थे। इन्हें सिंघल का नया अवतार माना जाता था। लोकसभा चुनाव में सिंघल ने भाजपा संगठन से सिर्फ एक टिकट मांगा था जो सरकार के इस मंत्री के लिए था। सरकार बनने के बाद योगी आदित्यनाथ हिन्दुत्व का बहुत बडा चेहरा बन गये और मंत्री जी काफी पीछे छूट गये। अगर मंत्रियों के करीबियों की माने तो हिन्दुत्व के अपने पुराने मार्ग पर पूरी तरह आने और फिर बड़ा चेहरा बनने के लिये उनके द्वारा मथुरा को लेकर ट्वीट किया गया।



## मैं लूंगा इंतकाम

मुझे चाटुकारिता पसंद है और चाटुकार लोग भी पसंद हैं। मेरे सामने बैठो तो भैया भैया करते रहो। ज्यादा मक्खन लगाना है तो मुख्यमंत्री जी कह दो। बस अपना टिकट पक्का समझो। यदि किसी ने सच बोलने की कोशिश की तो गर्दन तो नहीं टिकट जरूर कट जाएगा। क्योंकि मैं ही सब कुछ हूं। कुछ भी कर सकता हूं। सारी व्यवस्था टाइट है। व्यवस्था के मुलायम होने की कोई गुंजाइश नहीं है। अब मुलायम व्यवस्था नहीं चलेगी। अब टाइट व्यवस्था ही चलेगी। मैं पांच साल मुख्यमंत्री रहा हूं। और सत्ता से बाहर रहने के बावजूद भी मुख्यमंत्री की तरह ही अपना खाली समय बिताया है। मेरे साथ सुरक्षा की भी पूरी व्यवस्था है। ब्लैक कैट कमांडो भी हैं भले ही वह पिताजी के ही क्यों ना हो लेकिन लगे तो मेरे साथ हैं। वैसे भी मैं 2022 में मुख्यमंत्री बनने जा रहा हूं। जो बदला गया है सब बदल दूंगा। कुछ भी नहीं छोड़ूंगा। गिन गिन के बदला लूंगा। मेरे जाने पर घर धुलवाया था। मैं कुछ ढूंढवाऊंगा। यही सपना मैं रोज खुली आंखों से देखता हूं। मेरा नंबर फिर आएगा। तब मैं सब कुछ करवाऊंगा।

## अपने गिरेबां में झांको

युवाओं की समस्याओं को लेकर आए दिन भगवा सरकार को घेरने वाली देश की सबसे पुरानी पार्टी के सूबाई दफ्तर को पिछले एक सप्ताह से पड़ोसी राज्य से आए युवाओं ने ही घेर रखा है। दरअसल यह युवा बेरोजगार रेगिस्तान वाले जिस राज्य के रहने वाले हैं वहां इसी पार्टी की सरकार है। अपने प्रदेश में कई दिनों तक प्रदर्शन करने के बाद भी जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो ये युवा अपनी आवाज बुलंद करने के लिए यहां पहुंच गए। इनकी मांग है कि पार्टी की प्रभारी महासचिव से उनकी मुलाकात करा दी जाए। एक सप्ताह गुजर गया लेकिन उनकी मुलाकात तो अभी तक हुई नहीं। अलबत्ता आए दिन विवाद जरूर सामने आ रहे हैं। युवाओं का आरोप है उन्हें मिलवाने के बजाए यहां से भगाने के प्रयास हो रहे हैं। इसके लिए पार्टी नेता हर प्रकार के हथकंडे अपना रहे हैं। पहले तो उन्हें भगवा दल का एजेंट साबित करने का प्रयास किया गया फिर अन्य प्रकार से आरोपित किया जा रहा है। दो दिन पहले पार्टी कार्यालय के समीप एक दिन टायलेट के स्थान पर भगवान की मूर्ति और पार्टी की प्रभारी महासचिव की तस्वीर रखी मिली। पार्टी ने तुरंत इसे पड़ोसी राज्य से आए युवाओं की कारस्तानी बताकर बवाल खड़ा कर दिया और पुलिस प्रशासन पर उन्हें खदेड़ने का दबाव डाला। युवाओं का कहना था कि उन्हें यहां से भगाने के लिए पार्टी निम्न स्तर पर उतर आई है। अब सच्चाई क्या है यह तो पता नहीं लेकिन इस घटना की चारों ओर निंदा हो रही है।

## चुनाव से कतराते नेता

चुनाव में सत्ताधारी भगवा संगठन लगभग यह तय कर चुका है कि सिटिंग एमएलए का टिकट काटकर नए चेहरों को मौका दिया जाएगा। ऐसे में अब सरकार में कई ऐसे मंत्री और संगठन में ऐसे कई वरिष्ठ पदाधिकारी हैं जो चुनाव में जाने से बच रहे हैं। साढ़े चार साल से अधिक समय तक ऐसे मंत्रियों और पदाधिकारियों ने अपने क्षेत्र की जनता को सिर्फ आश्वासन ही दिया है और अब जब पार्टी ने गुपचुप अपना सर्वे कराया है तो उसमें सभी की पोल पट्टी खुल गई है। संगठन भी ऐसे चेहरों को चुनाव में भेजना चाहता है कि ताकि उनकी जनता के बीच कितनी पकड़ है यह सबके सामने इस चुनाव में आ जाए। इससे नेता जी भी संगठन को नहीं कोस पाएंगे। संगठन ने तय किया है कि सभी बड़े चेहरे चुनाव लड़ेंगे। इसमें भी कई ऐसे चेहरे हैं जो चाहते है कि उच्च सदन के जरिए सदन में पहुंच जाए और चुनाव में जाना न पड़े। लिहाजा अब नेता जी चुनाव से कन्नी काट रहे हैं।



## पांचवीं बार का सपना

चुनावी बेला में एकला चलो की रणनीति पर चलने वाली बहन जी की पार्टी के एक एक नेता साथ छोड़ कर जा रहे हैं। पर बहन जी की सेहत पर कोई फर्क पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है। हमेशा चिर परिचित अंदाज में जाने वालों को दगा कारतूस ही बता रही हैं जबकि स्थिति यह है कि कभी अपने दम पर सरकार बनाने वाली बहन जी की सियासत के गलियारे में हैसियत अपना दल से नीचे आ गई है। वर्तमान में विधानसभा में इनके बचे चार मोहरों में से पूर्वांचल के तिवारी भी साइकिल की सवारी इस बार करने को बेताब दिख रहे हैं। जबकि इनके प्रदेश अध्यक्षों की बात की जाय तो एक अली को छोड़ बाकी दो दूसरी गली पहुँच गए हैं। इसके बावजूद बहन जी मैदान में सबको पछाड़कर पांचवी बार कुर्सी पर बैठने के दावे कर रही हैं। इसके पीछे कारण बहन जी के बाद नम्बर दो वाले मिश्रा जी बताए जा रहे हैं। पिछले कई माह से जिलों की खाक छानने वाले मिश्रा जी सब कुछ आल इज वेल जो बता रहे हैं। अब इस आल इज वेल में वोटर का तो पता नही पर बहन जी ने दावा जरूर कर दिया है पांचवी बार बैठने का।

# लखनऊ ग्रीन कॉरीडोर प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन में तेजी लाएं अधिकारी



### ● फेज-1 के कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के लिए जरूरी औपचारिकताएं जल्द पूरी कराई जाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लखनऊ ग्रीन कॉरीडोर प्रोजेक्ट का प्रस्तुतीकरण किया गया। राजेन्द्र कुमार तिवारी ने ग्रीन कॉरीडोर प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन में तेजी लाने तथा कॉरीडोर के फेज-1 के कार्यों को शुरू करने के लिए जरूरी औपचारिकताएं जल्द पूरी कराये जाने के निर्देश दिए।

प्रोजेक्ट के प्रथम फेज की डीपीआर प्राप्त हो गई है तथा प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन के लिए पीआईयू का गठन किया जा चुका है। आईआईएम रोड से हॉर्डिंग ब्रिज के मध्य बंधा गैप 140 मी का निर्माण प्रगति पर है तथा उक्त कार्य इसी माह पूरा हो जायेगा। एलाइनमेन्ट में आने वाली भूमि का चिन्हीकरण भी कर लिया गया है। प्रोजेक्ट को लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा क्रियान्वित किया जाएगा। परियोजना का वित्त पोषण शासकीय विभागों की भूमि के मुद्रीकरण से कराया जायेगा। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन चार फेज में प्रस्तावित किया गया है। पहला फेज आईआईएम से हार्डिंग ब्रिज लागत 791.37 करोड़ रुपए, दूसरा फेज हार्डिंग ब्रिज से पिपराघाट लागत 1000 करोड़ रुपए, तीसरा फेज पिपराघाट से शहीद पथ लागत 600 करोड़ तथा चौथा फेज शहीद पथ से किसान पथ तक लागत 708.63 करोड़ रुपए का प्रस्तावित है। मॉनीटाइजेशन के लिए विभागीय भूमि का चिन्हांकन कर लिया गया है तथा संबन्धित प्रशासकीय विभागों की सहमति प्राप्त करने के लिए आवश्यक कार्यवाही प्रचलित है। बैठक में प्रमुख सचिव आवास दीपक कुमार, प्रमुख सचिव पशुपालन एवं दुग्ध विकास सुधीर गर्ग, सचिव नगर विकास अनिल कुमार, मण्डलायुक्त लखनऊ रंजन कुमार, जिलाधिकारी लखनऊ अभिषेक प्रकाश, उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण अक्षय त्रिपाठी, नगर आयुक्त लखनऊ अजय कुमार द्विवेदी सहित सभी संबन्धित विभागों के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

## इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल के विरोध में 15 को दिल्ली में होगा सत्याग्रह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बिजली** कर्मचारियों व इंजीनियरों की राष्ट्रीय समन्वय समिति नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इ प्लॉइज एन्ड इंजीनियर्स ने निर्णय लिया है कि संसद के शीतकालीन सत्र में जिस दिन इलेक्ट्रीसिटी अमेंडमेंट बिल 2021 रखा जाएगा उसी दिन देश के 15 लाख बिजली कर्मचारी व इंजीनियर बिना कोई नोटिस दिये कार्य बहिष्कार कर पूरे दिन विरोध प्रदर्शन करेंगे। ऑल इंडिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि दिल्ली में नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इ प्लॉइज एन्ड इंजीनियर्स की बैठक में इलेक्ट्रीसिटी अमेंडमेंट बिल 2021 के विरोध में व्यापक आन्दोलन चलाने का निर्णय लिया गया। 15 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित विशाल सत्याग्रह में देश के सभी प्रान्तों के बिजली कर्मी सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व 8 दिसंबर को सभी प्रान्तों की राजधानियों सहित समस्त जनपदों व परियोजनाओं पर विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रीसिटी अमेंडमेंट बिल 2021 के जरिये केंद्र सरकार बिजली वितरण का मुनाफे वाला क्षेत्र निजी घरानों को सौंपना चाहती है, जिससे सरकारी बिजली वितरण कंपनियों की वित्तीय हालात और खराब हो जाएगी जिसका परिणाम अन्ततः आम उपभोक्ता को भुगतना पड़ेगा।

# गजनी और गौरी जैसे रहे हैं पिछली सरकारों के शासनः स्वतंत्र देव सिंह

### ● मौसमी बीमारी के कारण सीजनल हिन्दू बन गए हैं अखिलेश

### ● रामलला व बाबा विश्वनाथ के दरबार में पापों के लिए माफी मांगे सपा प्रमुख

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने शनिवार को कहा कि सपा मुखिया मौसमी बीमारी से ग्रसित हैं जिसके प्रभाव के कारण वे सरकार के हर काम को खुद का काम बता रहे हैं। अब उन्हें काशी विश्वनाथ कॉरिडोर भी अपना बनवाया लग रहा है लेकिन वे भूल गए हैं कि उन्होंने केवल हज हाउस का ही फीता काटा था। मंदिर जाने वालों पर तो सपा सरकार ने गोलियां चलवाई थी। अखिलेश जी! उत्तर प्रदेश की जनता यह भूली नहीं है महादेव सब देख रहे हैं।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अखिलेश की सरकार के कृत्य मुगल आक्रांता गजनी और गौरी से कम नहीं हैं। उन्होंने भी देश को लूटा था और 2017 से पहले यह भी ऐसा ही करते आये हैं। मंदिरों के घण्टे-घड़ियाल बहती हवा से भी न बज जाएं इसके लिए भी पुलिसकर्मियों का पहरा उत्तर प्रदेश के लोगों ने देखा है। वे भूले नहीं हैं कि 2017 के पहले दुर्गा पूजा और रामलीला के पांडाल लगाने के लिए कैसी मिन्नतें करनी पड़ती थी। सरकारी संरक्षण में हमारी धार्मिक अस्मिता पर लगातार हुई चोट को भी यूपीवासी भूले नहीं हैं। 2017 के बाद यूपी में माहौल बदला है, आज कांवड़ यात्रा पर फूल बरसाए जाते हैं, कु भ की प्रशंसा दुनिया करती है। अयोध्या में रामलला भव्य मंदिर में विराजित होने वाले हैं, दीपोत्सव, देव दीपावली, होली और कृष्ण जन्मोत्सव के भव्य आयोजन यूपी की पहचान है। सिंह ने कहा कि अखिलेश जी को बाबा विश्वनाथ और रामलला के दरबार में जाकर माफी मांगनी चाहिए कि समाजवादी सरकार ने कारसेवकों पर किये गए अत्याचार तथा हिन्दू संस्कृति और सनातन पंथ पर किये जा रहे उनके हमलों पर प्रायश्चित करना चाहिए।

उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड
ई-निविदा आमन्त्रण सूचना

**ई-निविदा संख्या एस0डी0-930 '189 नग 245 के0वी0 पॉलीमर टाइप सी0टी0 की आपूर्ति'** हेतु ई-निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनांक 02.12.2021 को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत रु0 510.61 लाख, कार्य पूर्ण करने की अवधि 04 माह धरोहर धनराशि रु0 256000 (दो लाख छप्पन हजार मात्र)। निविदा भरने की अन्तिम तिथि 03.01.2022 (समय 15:30 तक)। कार्य की कुल मात्रा, निविदा विशिष्टीकरण व अन्य नियम व शर्ते ई-निविदा पोर्टल पर उपलब्ध है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा। निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से सम्बन्धित सूचना यदि कोई होगी तो केवल उपरोक्त वेबसाइट पर डाली जायेगी, अतः निविदादाता को स्वचं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वेबसाइट को नियमित देखते रहना चाहिए।

अधीक्षण अभियन्ता, वि0उ0प0म0-प्रथम, उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0

पत्रांक : 416 दिनांक 4.12.21 राष्ट्रहित में बिजली बचायें

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, लखनऊ

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या-14/वि0जा0मं0 (वि0) प्र0/ल0/ई-टेन्डर/ 2021-22 -अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक-पृथक ई-निविदायें अनुभवी ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://etender. up.nic.in के माध्यम से ऑन लाईन आमंत्रित की जाती है :- क्र0सं0 1 निविदा विशिष्ट संख्या 21/ वि0जा0मं0 (वि0) प्र0/ल0/ई- निविदा/ 2021-22 कार्य का नाम जनपद हरदोई स्थित वि0वि0 उपखण्ड कोयलबाग एवं रायबरेली स्थित वि0वि0खण्ड ऊँचाहार के कार्यालय भवन का निर्माण व सम्बन्धित अन्य जानपदीय कार्य। कार्यावधि 04 माह निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0) (जी0एस0टी0 सहित) 2360.00 धरो. हर धनराशि (रु0) 28,000.00 निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं समय 21.12.2021 सायं 5:00 बजे तक निविदा खोले जाने का तिथि 22.12.2021 मध्यान्ह 12:00 बजे तक क्र0सं0 2 निविदा विशिष्ट संख्या 22/ वि0जा0मं0(वि0) प्र0/ल0/ ई-निविदा /2021-22 कार्य का नाम जनपद लखीमपुर एवं सीतापुर स्थित परिवर्तक मरम्मत कार्यशालाओं में फर्श के उच्चीकरण तथा उन्नाव सिटी पावर हाउस कार्यशाला पर क्षतिग्रस्त टीन शेड की चादरों को बदलने से सम्बन्धित आवश्यक जानपदीय कार्य। कार्यावधि 03 माह निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0) (जी0एस0टी0 सहित) 1180.00 धरोहर धनराशि (रु0) 19,000.00 निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं समय 21.12.2021 सायं 5:00 बजे तक निविदा खोले जाने का तिथि 22.12.2021 मध्यान्ह 12:00 बजे तक क्र0सं0 3 निविदा विशिष्ट संख्या 23/ वि0जा0मं0 (वि0) प्र0/ल0/ ई-निविदा /2021-22 कार्य का नाम 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र लालगंज जनपद रायबरेली के कन्ट्रोल रूम के विस्तारीकरण से सम्बन्धित विविध जानपदीय कार्य। कार्यावधि 04 माह निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0) (जी0एस0टी0 सहित) 1180.00 धरोहर धनराशि (रु0) 17,000.00 निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं समय 21.12.2021 सायं 5:00 बजे तक निविदा खोले जाने का तिथि 22.12.2021 मध्यान्ह 12:00 बजे तक निविदा प्रपत्र क्रय करने का मूल्य एवं धरो. हर धनराशि जो "Executive Engineer, Electricity Civil Division (Distribution) Gomti Nagar" के सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, आलमबाग लखनऊ के A/c No. 1277785019 एवं IFSC Code - CBIN0280140 में RTGS/NEFT के माध्यम से सीधे खाते में जमा की जायेगी एवं निविदा का विवरण एवं Pre-Qualification Condition ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://etender. up.nic.in साइट पर देखा जा सकता है। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत जानपद मण्डल (वितरण)-प्रथम मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड 4/94, इन्द्रलोक हाइडिल कालोनी कृष्णानगर लखनऊ पत्रांक 922 दिनांक 4.12.21 राष्ट्रहित में बिजली बचायें

## अखिलेश ने पंजाबी गाना 'लाल मुलायम दा' किया लांच

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को मुलायम सिंह यादव के जन्मदिवस विशेषांक का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने पंजाबी गाने के निर्माता कुलदीप सिंह भुल्लर के गाने 'लाल मुलायम दा' को लांच किया। मुलायम सिंह यादव के 83वें जन्मदिवस पर प्रकाशित विशेषांक की प्रति सम्पादक अमित त्रिपाठी ने अखिलेश यादव को भेंट की।

# अखिलेश से मिला चिकित्सकों का प्रधिनिधिमंडल



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से शनिवार को सपा मुख्यालय में मेडिकोज यूथ आईकान केजीएमयू संगठन का प्रतिनिधिमंडल मिला। मेडिकोज यूथ आईकान केजीएमयू के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अजीत के नेतृत्व में चिकित्सकों के समूह ने समाजवादी सरकार में केजीएमयू में किए गए तीन महत्वपूर्ण कार्य न्यू ओपीडी भवन, डेंटल भवन, और एजीजे अब्दुल कलाम सेंटर के चित्र से जुड़ा प्रतीक चिह्न भी अखिलेश यादव को भेंट किया। संगठन के पदाधिकारियों ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को मांग पत्र सौंपा जिसमें समाजवादी सरकार बनने पर अविलम्ब सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के रिक्त पदों को भरे जाने के साथ चिकित्सकों के साथ दुर्व्यवहार और अमर्यादित आचरण करने पर कानून बनाने की अपील की गई। प्रतिनिधिमंडल में डॉ. अनिल, डॉ. ललित, डॉ. वीर बहादुर, डॉ. शैलेन्द्र, डॉ. अंकित, डॉ. रजनीश, डॉ. चेतन, डॉ. अनिल पटेल, डॉ. दीपक कसौधन और डॉ. सूर्या शामिल थे।

# यूपीटीईटी पेपर लीक मामले में भाजपा सरकार की साजिश उजागरः आराधना

### ● कांग्रेस ने की विभागीय मंत्री व जिम्मेदारी अफसरों की बर्खास्ती व न्यायिक जांच की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस** ने आरोप लगाया है कि यूपीटीईटी पेपर लीक कांड सीधे बीजेपी सरकार के संरक्षण में हुआ। जिसकी वजह से 20 लाख नौजवानों के भविष्य में अंधकार छा गया है। कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा 'मोना' ने शनिवार को पत्रकार वार्ता के दौरान यूपीटीईटी पेपर लीक कांड के मुख्य आरोपी राय अनूप प्रसाद और बीजेपी के रिश्तों को लेकर सवाल किया। उन्होंने कहा कि आरोपी



बिहार में बीजेपी के विधायक का भाई और मुख्यमंत्री योगी के गृह जिले गोरखपुर का है। उसने सरकार के संरक्षण में इस घोटाले को अंजाम दिया। उन्होंने सवाल किया कि बात-बात पर बुलडोजर चलवाने की धमकी देने वाले मुख्यमंत्री योगी बताएं कि परीक्षा पेपर लीक कराने वालों के घर पर बुलडोजर कब चलेगा। आराधना मिश्रा ने कहा कि 70 लाख नौजवानों को रोजगार देने का वादा करके सत्ता में आयी सरकार आज खुद ही 4 लाख 30 हज़ार रोजगार देने की बात मान रही है। भाजपा सरकार ने विदाई के वक्त एक बार फिर नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है।

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि०यां०) नलकूप विंग, उ०प्र० जल निगम (उ०प्र० सरकार का उपक्रम) 2/137, विवेक खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ
पत्रांकः1289/6901/विवि-3/(21)/129
दिनांक - 01/12/2021
अल्पकालीन निविदा सूचना

उ०प्र० जल निगम, की ओर से जनपद लखनऊ में 1 नग नलकूप निर्माण के कार्य हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 06.12.2021 से 14.12.2021 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं वि०/यॉ०, नलकूप विंग, उत्तर प्रदेश जल निगम 2/137, विवेक खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, वि०/यॉ०, नलकूप विंग-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू० 1000.00+18% जी०एस०टी० (1000.00+180.00=1180.00) है। निविदा के कार्यो का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट WWW.UPJN.ORG से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। **निविदा सूचना :-** निविदा विक्रय की तिथि - 06.12.2021 से 14.12.2021 **अपराह्न** 3.00 बजे तक निविदा डालने की तिथि - 15.12.2021 **अपराह्न** 3.00 बजे तक निविदा खोलने की तिथि-16.12.2021 **पूर्वाह्न** 11.00 बजे

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैने अपनी पुत्री HUMAIRA का नाम बदलकर HUMAIRA NUSRAT कर दिया है भविष्य में मेरी पुत्री को Humaira Nusrat के नाम से जाना पहचाना जाए, Nighat Anjum w/o Nusrat Ali R/O 101/4 A, Hata Chotey Miyan Police Chowki Colonelgunj Kanpur

सूचना

एक विक्रय विलेखित दिनांकित 06-04-2011 जो. श्यामा देबी पत्नी स्वर्गीय महादेव व कल्लू पुत्र स्वर्गीय महादेव निवासीगण मौजा-पैगम्बरपुर उर्फ रुप्पनपुर, परगना-शिवपुर, तहसील व जिला-वाराणसी द्वारा संजय सिंह पुत्र विभूति नारायण सिंह श्रीवास्तव निवासिनी सा. 1/40 K पाण्डेयपुर, वाराणसी के पक्ष में निष्पादित है जो आराजी नं. 102 रकबा 960 वर्गफीट यानी 89.22 वर्ग मी. स्थित मौजा पैगम्बरपुर, परगना - शिवपुर, तहसील व जिला वाराणसी के विक्रय से सम्बन्धित है। जिसका के पंजीयन उपनिबंधन कार्यालय वाराणसी में पु. सं. 1, खण्ड सं. 9046 के पृ.सं. 175-194 के द. सं. 7463 दिनांकित 16-10-2015 के रुप में पंजीकृत है जो खो गया है। उक्त विक्रय विलेख के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई सूचना/आपत्ति हो तो कृपया 15 दिन के अन्दर आनन्द प्रकाश सिंह, एडवोकेट, एस. 21/116 ई-3, सुभाष नगर, मलदहिया, वाराणसी पर सूचित करें। मो. 9450013575

# आईआईए के प्रतिनिधिमंडल ने किया युगांडा का दौरा

### ● उच्च स्तरीय भारत-युगांडा निवेश-व्यापार में लिया हिस्सा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**इंडियन** इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल के नेतृत्व में यूगांडा गए हुए बिज़नेस डेलीगेशन द्वारा आईआईए तथा युगांडा एंबेसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित उच्च स्तरीय भारत-युगांडा निवेश-व्यापार में हिस्सा लिया गया। इस मौके पर यूगांडा के राष्ट्रपति योवेरी मुसेवेनी भी उपस्थित रहे।

आयोजन में युगांडा एंबसेडर ग्रेस अकेलो, जेजे ओडोडनगो, युगांडा विदेश मंत्री, नताबाजी हैरियट, व्यापार राज्य मंत्री डॉ. पॉल कयालिंप, उप महानिदेशक युगांडा निवेश प्राधिकरण ओवोमुगिशा ब्लेसिंग, महासचिव युगांडा नेशनल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अध्यक्ष आईआईए ने कहा कि यह विजिट भारत एवं युगांडा के मध्य द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने में एक मुख्य कड़ी का कार्य करेगा। युगांडा में उपलब्ध संसाधनों को ध्यान में रखते हुए यहां उद्योग लगाने की संभावनाओं पर कार्य करने का प्रयास इस डेलीगेशन का मुख्य उद्देश्य है। अफ्रीकी देशों में भारतीय उद्यमियों को अपने उत्पादों के लिए एक अनुकूल बाजार मिल सकता है।

## स्टांप व रजिस्ट्रेशन विभाग के 3 कनिष्ठ सहायक निलंबित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग में कार्यरत 3 कनिष्ठ सहायक (निबंधन) को अनुशासनहीन व्यवहार तथा पक्षकार से लेखपत्र के पंजीकरण के लिए रिश्वत की मांग किए जाने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। महानिरीक्षक निबंधन डॉ. रोशन जैकब ने बताया कि गोरखपुर में तैनात अविनाश पाल को सहायक निरीक्षक निबंधन गोरखपुर से अभद्रता एवं अनुशासन हीन व्यवहार किए जाने, जनपद एटा में कार्यरत राकेश कुमार को पक्षकार से लेख पत्र का पंजीकरण किए जाने के लिए दूरभाष से रिश्वत की मांग किए जाने तथा जनपद बागपत में तैनात संजीव भटनागर को पक्षकार से लेखपत्र का पंजीकरण किए जाने के लिए रिश्वत प्राप्त किए जाने के कारण निलंबित कर दिया गया है।

कार्यालय - अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद, हमीरपुर

पत्रांक- PW/549/S.F.C/2021-22 दिनांक-02.12.2021

ई-निविदा सूचना (e-Procurement Notice)

ई निविदा सूचना सं0-PW/414/S.F.C./2021-22 दिनांक 30/09/2021/के द्वारा आमंत्रित ई-निविदायें निर्धारित तिथि में समस्त 41 कार्यों की कोई भी निविदा प्राप्त न होने पर पुनः अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, हमीरपुर के द्वारा स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में A to D श्रेणी के पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दरों में उक्त विज्ञप्ति में उल्लिखित कार्यों हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिये निविदा दे सकता है।

कार्यों की बिड दिनांक 03/12/2021 के 13/12/2021 (सायं 5:00 बजे तक) ऑन लाइन अपलोड की जायेगी। जिनकी तकनीकी बिड दिनांक 14/12/2021 को अपरान्ह 11:00 बजे ऑन लाइन खोली जायेगी। अवकाश होने पर बिड अगले कार्यकारी दिवस में निर्धारित समय एवं स्थान पर खोली जायेगी। बिड की वैधता मूल तिथि से मानी जायेगी। वित्तीय बिड खोलने की तिथि व समय ऑन लाइन दी जायेगी।

कार्य के नियम एवं शर्तें https://etender.up.nic.in में देखी जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, हमीरपुर

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# बंथरा में मासूम को अगवा कर दुष्कर्म करने वाला दरिंदा गिरफ्तार

संवाददाता। सरोजनीनगर

**बंथरा** इलाके में बीते गुरुवार की रात 8 वर्षीय मासूम लड़की को अगवा करने के बाद उसे बंधक बनाकर दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को पुलिस ने शनिवार को इलाके से ही धर दबोचा। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए उसके पास से घटना में इस्तेमाल की गई चाकू भी बरामद कर ली है। पुलिस ने पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि होने के बाद इस मामले में दुष्कर्म और पास्को एक्ट की धारा बढ़ाते हुए आरोपी दरिंदे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बताते चलें कि मूल रूप से बंथरा इलाके में रहने वाला वेल्डिंग मिस्त्री काफी दिनों से परिवार सहित सरोजनीनगर इलाके में किराए पर रहता था। गुरुवार को उसके मूल गांव में चचेरी बहन की शादी थी। जिसमें शामिल होने वह अपनी पत्नी और 8 वर्षीय मासूम बेटी के साथ गया था। जहां शादी समारोह में डीजे पर डांस कर रही उसकी मासूम बेटी को गांव के ही बगल वादे खेड़ा में रहने वाला शिवम सिंह बहला फुसलाकर कार्यक्रम स्थल से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर जंगल ले गया और वहां उसे बंधक बनाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म की घटना अंजाम दी थी। इस दौरान विरोध करने पर आरोपी ने मासूम के चेहरे और शरीर पर कई जगह पिन चुभाने के साथ ही उसके मुंह पर टेप चिपका दिया था। आरोपी ने घटना छुपाने के चक्कर में मासूम को निर्वस्त्र करने के साथ ही उसे ट्यूबवेल के गड्ढे में भरे पानी से नहलाया भी था। बाद में अपनी गरम बनियान पहना कर उसे जंगल में ही छोड़ दिया और फरार हो गया। काफी देर बाद तक जब मासूम कार्यक्रम स्थल पर नहीं नजर आई तो उसके परिजनों ने पूरी रात उसकी खोजबीन की। जहां अगले दिन शुक्रवार सुबह खेत के लिए निकले ग्रामीणों को मासूम पीड़िता जंगल में बदहवास हालत में पड़ी मिली। जिसके बाद घटना की जानकारी परिजनों को हुई। बाद में पुलिस को सूचना दी गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद पीड़िता को मेडिकल के लिए भेज दिया था। पुलिस की जांच पड़ताल में सीसीटीवी फुटेज में आरोपी की पहचान शिवम सिंह के रूप में हुई थी। जिसके बाद पुलिस ने पीड़ित परिजनों की तहरीर पर शिवम सिंह के खिलाफ मासूम को अगवा करने की नामजद रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस आरोपी की तलाश कर ही रही थी कि शनिवार को शिवम सिंह इलाके के ही लतीफ नगर से रहीमनगर पड़ियाना जाने वाले रोड पर पुलिस की गिरफ्त में आ गया। जिसके बाद पुलिस ने उससे पूछताछ की तो आरोपी शिवम ने पुलिस के सामने सारी घटना कबूल दी। पुलिस ने उसके पास से घटना में इस्तेमाल की गई चाकू भी बरामद कर ली है। इसी चाकू से आरोपी ने मासूम को डरा धमका कर उसके साथ दुष्कर्म किया था। उधर मासूम पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने इस मामले में शिवम के खिलाफ दर्ज रिपोर्ट में दुष्कर्म और पास्को एक्ट की धारा बढ़ाते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मेडिकल परीक्षण के बाद मासूम पीड़िता को पुलिस ने उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। लेकिन परिजनों की मानें तो आरोपी ने मासूम के साथ इतनी ज्यादा दरिंदगी की है कि वह कुछ भी नहीं बोल पा रही। परिजनों की मानें तो पीड़ित मासूम ने उन्हें बताया कि आरोपी ने घटना अंजाम देने के दौरान उसके साथ ओरल सेक्स भी किया था। जिसकी वजह से उसके मुंह में काफी दिक्कत आ गई है और वह कुछ भी नहीं बोल पा रही है। बच्ची काफी डरी सहमी हुई है और उसका स्वास्थ्य भी काफी खराब है। उसे इलाज की जरूरत है। लेकिन पीड़ित मासूम की मां का कहना है कि उसके पास इतने रुपए नहीं है कि वह उसका इलाज करा सके। फिलहाल उसने शासन प्रशासन से मासूम का इलाज कराने के लिए आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।



## बच्चे के साथ गलत काम करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के कैंट इलाके में इंसानियत को शर्मशार करने वाली घटना सामने आई हैं, जहां एक मासूम बच्चे को टॉफी देने के बहाने उसके साथ गलत काम किया गया। हालांकि कैंट पुलिस ने आरोपी दरिंदे को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर शिवचरण लाल के मुताबिक एक पीड़ित परिवार ने तहरीर देकर बताया कि इस रजमन गांव निवासी 19 वर्षीय हनी ने उनके पांच वर्षीय बच्चे को टॉफी देने बुलाया और उसके साथ गलत काम किया।उन्होंने बताया कि इस सूचना पर पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी हनी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## घर से कालेज के लिए निकली छात्रा लापता

संवाददाता। सरोजनीनगर

**शुक्रवार** को कॉलेज में पढ़ाई के लिए निकली बीए तृतीय वर्ष की छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट सरोजनीनगर थाने में दर्ज कराई। पुलिस मामला दर्ज कर छात्रा का पता लगा रही है।

सरोजनीनगर के गौरी गांव निवासी राजेश कुमार के मुताबिक उसकी 21 वर्षीय बेटी काजल इलाके के ही गौरी स्थित एक निजी कॉलेज में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा है। राजेश का कहना है कि काजल शुक्रवार को घर से पढ़ाई करने के लिए कॉलेज गई थी लेकिन देर शाम तक वापस घर नहीं लौटी। उसके देर शाम तक वापस न लौटने पर परिजनों ने रिश्तेदारी और परिचितों के यहां उसकी काफी खोजबीन की लेकिन काजल का कहीं कोई अता पता नहीं चल सका।

## मूक बधिर महिला का शोषण करने वाला गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राजधानी** की गोमतीनगर पुलिस ने एक ऐसे शातिर को गिरफ्तार करने का दावा किया है जो एक मूक बधिर को शादी का झांसा देकर तीन साल तक यौन शोषण किया और फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है । इंस्पेक्टर गोमतीनगर केशव तिवारी ने बताया कि एक महिला जिसकी उम्र 39 साल है उसने बिहार निवासी मनोज कुमार के खिलाफ तहरीर देकर आरोप लगाया कि आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर तीन साल तक उसका यौन शोषण किया और फिर उसके जमीन के कागजात और पांच लाख रुपये अपने पास रख कर फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी को शनिवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया।

## अपर नगर आयुक्त ने किया शेल्टर होम का निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** नगर आयुक्त पंकज सिंह ने हजरतगंज के जियामऊ प्राइमरी पाठशाला के पास शेल्टर होम का निरीक्षण किया। इस शेल्टर होम में ठहरने वालो की संख्या 54 हैं। लक्ष्मण मेला शेल्टर होम में ठहरने वाले 15, इंदिरानगर के मैथली गुप्त नगर वार्ड में इन्दिरा नगर सी ब्लॉक स्थित स्थाई रैन बसेरा में ठहरने वाले 18 और हजरतगंज के तहत बालू अड्डा ढाल शेल्टर होम में ठहरने वाले 30 और गोमतीनगर के तहत पिकप भवन के सामने विभूतिखण्ड ठहरने वाले 7 अस्थाई रैन बसेरा का भी निरीक्षण किया। स्थायी शेल्टर होम में बेड, बिस्तर, कंबल, नहाने के गर्म पानी हेतु गीजर, कमरे को गर्म रखने के लिये ब्लोवर, शौचालय की व्यवस्था, कोविड प्राविधानों में थर्मल स्कैनर, हैण्ड सेनिटाइजर, मास्क, फागिंग, सेनेटाइजेशन, एन्टीलार्वा का छिड़काव एवं फर्स्ट-एड बॉक्स की उपलब्धता, प्रकाश की विद्युत, वैकल्पिक व्यवस्था, टेलीविजन, भोजन, पीने के पानी की व्यवस्था, अलाव के लिये लकड़ी की व्यवस्था भी की गयी है। निरीक्षण के बाद सभी नगर अभियंताओं और जोनल अधिकारियों को दोबारा निर्देशित किया कि लखनऊ द्वारा संचालित शेल्टर होम के संबन्ध में पूर्व में दिये गये निर्देशों का कड़ाई से कराया जाये। जिससे किसी भी आश्रयहीन को ठंड के कारण समस्या न होने पाये।

## सौ टन मलवा हटाया, वसूला जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहर में** इंदिरानगर, अलीगंज में नगर निगम द्वारा निर्माणाधीन भवनों के स्वामियों द्वारा खुले में बिना ग्रीन शीट लगाये किये जा रहे निर्माण, खुले स्थानों पर रखी गयी भवन निर्माण सामग्रियों को ढकने और मार्गों, फुटपाथों पर से निर्माण सामग्री सौ टन हटवाने की कार्रवाई कीगयी। इसके साथ ही 4500 रुपए का जुर्माना नोटिस भेजकर वसूला गया। नगर निगम द्वारा वायु प्रदूषण कम करने के लिए एंटी स्मोक गन और स्प्रिकल वाहन मशीनों से छिड़काव किया गया।

यही नहीं खुले में कूड़ा जलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नगर निगम निगम अधिनियम की धाराओं में कार्रवाई की गयी। शनिवार को नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी के आदेश पर पर्यावरण अभियंता ने हजरतगंज में झण्डी पार्क के पास, पीली मस्जिद के पास, जयनारायन रोड, सर्वपल्ली टावर के पास, घासियारी मण्डी, दयानिधान पार्क के आस-पास मलवा को मार्गों से हटवाने की कार्रवाई की। अभियंता के निर्देश पर नगर अभियंता ने यहियागंज बर्तन बाजार शुक्ला कोठी के पास, राजाजीपुरम, एमआईएस चौराहा, नीम बेल्ट के पास, हरदीनराय नगर व अबेडकर नगर वार्ड के तहत 10.80 टन मलवा का उठान किया गया। साथ ही भवन स्वामियों के विरूद्ध नोटिस जारी करते हुए रुपए 2,000 जुर्माने की वसूली करायी गयी। अलीगंज के जनपथ रोड बनारसी टोला, चंद्रलोक अलीगंज, महानगर एक्सटेंसन कालोनी, एच रोड, सेक्टर-सी, शादाब कालोनी महानगर से लगभग 37 टन मलवा को मार्गों से हटवाने की कार्रवाई की। गोमतीनगर के विवेक खण्ड, विनय खण्ड-5, विनय खण्ड-3 के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 14.5 टन मलवा को मार्गों से हटवाने की कार्रवाई की गयी। आलमबाग के भोला खेड़ा, चित्रगुप्त नगर से लगभग 5 टन मलवा को मार्गों से हटवाने की कार्रवाई की गयी। ठाकुरगंज के सदभावना पुल के पास, चौक रेखा नर्सिंग होम मोहिनीपुरवा के पास, हुसैनाबाद व कन्हैया माधौपुर 2 वार्ड से लगभग 18 टन मलवा मार्गों से हटवाने के साथ-साथ भवन स्वामियों के विरूद्ध नोटिस जारी करते हुए रुपए 2,500 का जुर्माने की वसूली करायी गयी। इंदिरानगर के बी-ब्लॉक के पास मैथिलिशरण गुप्त वार्ड, सेक्टर-6 विकास नगर, सेक्टर-2 विकास नगर, सी-ब्लॉक लेबर अड्डा के पास, सेक्टर-1 विकास नगर, सेक्टर-3 विकास नगर से लगभग 12.25 टन उठान की कार्यवाही करायी गयी। शांती नगर, न्यू रहीमाबाद से लगभग 5 टन मलवा को मार्गों से हटायी गयी। नगर निगम द्वारा वायु की गुणवत्ता सुधार के लिए प्रदूषण नियंत्राण के लिए बड़े अभियान के तहत तुलसीदास मार्ग, लक्ष्मण गौसाला, आकांक्षा परिसर, महात्मागांधी मार्ग अर्जुनगंज, गोमती नगर, मकबूलगंज, कुकरैल पिकनिक स्पॉट, नरपतखेड़ा, आईटी चौराहा, तेजीखेड़ा, मीना बेकरी रोड विकास नगर, राणा प्रताप मार्ग हीवेट रोड, बाला कदर रोड, शिवाजी मार्ग, नाका हिंडोला, टेढ़ी पुलिया, बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय, इंदिरागांधी प्रतिष्ठान, मोहान रोड, चारबाग, तालकटोरा, पुरनिया, कैसरबाग, हजरतगंज, विधान सभा रोड, पॉलिटेक्निक चौराहा बीबीडी, इंजीनियरिंग कॉलेज, अमीनाबाद भुलभुलैया, हुसड़िया चौराहा, विकास नगर, सुंदरबाग, घसीयारी मण्डी, टिकैटगंज, मेडिकल कॉलेज, घण्टाघर, शहीदपथ इत्यादि मार्गों/क्षेत्रों में स्प्रिकलिंग मैकेनिकल रोड स्वीपिंग और टैंकरों से पानी का छिड़काव किया गया।

## खोए हुए बैग को पुलिस ने परेशान यात्री को सौंपा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वैसे** तो पुलिस पर आरोप-प्रत्यारोप लगते ही रहते हैं लेकिन वर्दीधारी कभी-कभी कुछ ऐसे अच्छे काम कर देते हैं कि आंसू बहाने वाले लोगों के चेहरे खिल उठते हैं। ऐसा ही एक वाक्या पालीटेक्निक पुलिस चौकी पर देखने को मिला। श्रावस्ती जिले के जोरदीह गांव के रहने वाले दयाराम राजधानी लखनऊ के मेडिकल कॉलेज में पत्नी और बहू की दवा लेने आए थे। आटो रिक्शा में बैग सहित उनका अन्य सामान छूट गया। जब कुछ देर बाद याद आई तो वे घबरा गए। उसमें उनकी पत्नी और बहू की दवा के अलावा अन्य जरूरी सामान था। निराश दयाराम गाजीपुर थाना क्षेत्र में आने वाली पालीटेक्निक पुलिस चौकी पर गए और पूरी बात बताई। चौकी प्रभारी कमलेश राय ने आनन-फानन में हेड कांस्टेबल सुमित यादव व कांस्टेबल दुर्गेश वर्मा को तलाश में लगाया। दोनों पुलिसकर्मियों ने परेशान दयाराम के बैग को खोज निकाला। चौकी प्रभारी ने दयाराम को उनका बैग सौंप दिया।

## डीजीपी ने की विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश के** डीजीपी मुकुल गोयल ने अपराध एवं कानून व्यवस्था तथा विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए अधिकारियों के साथ समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कोविड को लेकर जारी गाइड लाइन का सख्ती से अनुपालन कराया जाए। यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि चुनाव ड्यूटी में व्यवस्थापित होने वाले पुलिस बल का दोनों चरणों के वैक्सीनेशन की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है। जनपद में उपलब्ध पुलिस बल की समीक्षा कर ली जाए तथा चुनाव के लिए पुलिस बल की आवश्यकता का आंकलन कर लिया जाए। चुनाव के दृष्टिगत तकनीकी संसाधनों बॉडीवार्न कैमरा, ड्रोन कैमरा, वायरलेस व अन्य उपकरण आदि का आंकलन करते हुए आवश्यकतानुसार संसाधनों को समय से पूर्ण कर लिया जाए। मतदान केंद्रों के साथ नामांकन स्थलों एवं स्ट्रांग रूम आदि का का भौतिक सत्यापन जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से कर लिया जाए। मतदान केंद्रों की क्रिटिकल, वल्नेरबिलिटी मैपिंग की कार्यवाही समय से पूर्ण कर ली जाए। निर्वाचन के दौरान केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल की कंपनियों एवं वाह्य जनपदों से प्राप्त पुलिस बल के ठहराये जाने वाले स्थानों के चिन्हिकरण के साथ ही आवश्यक संसाधनो की पूर्ति पूर्व से ही कर ली जाए। अंतर्राष्ट्रीय, अंतर्राज्यीय सीमावर्ती जनपद के साथ



समन्वय गोष्ठी तथा अपेक्षित सहयोग यथा अन्य राज्यो में रहने वाले वांछित अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही आदि के संबंध में विस्तृत वार्ता कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। शस्त्र लाइसेंस का मिलान जिलाधिकारी कार्यालय से करा लिया जाए तथा इस संबंध में जारी निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। सोशल मीडिया आदि विभिन्न प्लेटफार्म के माध्यम से प्रकाश में आने वाली निर्वाचन संबंधी आपत्तिजनक, संवेदनशील एवं भ्रामक सूचनाओं के संबंध में त्वरित कार्यवाही की जाए। इसके लिए जनपदीय सोशल मीडिया सेल को सशक्त बनाये रखने के लिए संसाधनो आदि की समीक्षा कर ली जाए। विगत निर्वाचनो में पंजीकृत अभियोगो की समीक्षा कर ली जाए तथा न्यायालय में प्रभावी पैरवी करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। चुनाव संबंधित शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करा लिया जाए। अवैध शस्त्र एवं अवैध शराब की तस्करी, बिक्री, निर्माण पर लगातार कार्यवाही जारी रखी जाए तथा प्रभावी अंकुश लगाया जाए। चिन्हित माफियाओं एवं उनके गैंग के सदस्योंए सहयोगियों के विरुद्ध नियमानुसार प्रभावी वैधानिक कार्यवाही की जाए। अभियान चलाकर एनबीडब्ल्यू, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी की कार्यवाही की जाए। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये रखने के लिए प्रोफेशनल एवं साइंटफिक तरीके से कार्य योजना के तहत कार्यवाही की जाए। घटित गंभीर अपराधों की समीक्षा कर ली जाए। गंभीर अपराधों में जमानत पर रिहा अपराधियों का थानावार डोजियर तैयार कर उनकी आकस्मिक चेकिंग की कार्यवाही प्रभावी तरीके से करते हुए अपराधिक कृत्यों में लिप्त पाये जाने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाये। आगामी विधानसभा निर्वाचन के दृष्टिगत जनपद, थानास्तर पर कम्यूनिकेशन प्लान, डिजीटल वालेन्टियर्स एवं एस-10 की समीक्षा कर ली जाए।

## सुल्तानपुर जेल से इलाज के लिए लाया गया कैदी फरार

**लखनऊ (संवाददाता)।** सुल्तानपुर कारागार से पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए केजीएमयू लाया गया एक कैदी चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस कर्मियों ने पहले चार घंटे तक खुद ही उसकी खोजबीन का प्रयास किया और फिर कुछ पता न चलने पर चौक पुलिस को जानकारी दी। सुल्तानपुर के कूड़ाभार थाना अंतर्गत गांव मिर्जापुर का रहने वाला अंसार अहमद 43 पुत्र समा उल्लाह (एनडीपीएस) नशीले पदार्थ की तस्करी के मामले में सुल्तानपुर जिला कारागार में निरुद्ध है। स्पाइनल प्रॉब्लम होने के चलते जिला कारागार सुल्तानपुर के कांस्टेबल रामबली निषाद, कांस्टेबल अभिषेक कुमार सिंह उसे लेकर शुक्रवार की शाम मेडिकल कॉलेज पहुंचे सुबह 10 बजे एमएस ऑफिस के पास पर्चा बनाते समय कैदी चुपके से भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गया। पर्चा बनवा कर जब सिपाही ने पीछे देखा तो कैदी फुर्र हो चुका था। चौक इंस्पेक्टर के मुताबिक सिपाहियों पर लापरवाही के चलते विभागीय कार्रवाई की जाएगी और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। फिलहाल कई थानों की पुलिस शनिवार को कैदी की तलाश में जुटी रही।

## अमिताभ ठाकुर की दूसरी जमानत अर्जी भी खारिज

विधि सवांददाता। लखनऊ

**● बसपा सांसद अतुल राय पर दुराचार का आरोप लगाने वाली पीड़िता व गवाह की आत्महत्या का मामला**

**एडीजे** पीएम त्रिपाठी ने बसपा सांसद अतुल राय पर दुराचार का आरोप लगाने वाली युवती व उसके गवाह की आत्मदाह से हुई मौत के मामले में निरुद्ध पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर की दूसरी जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने अपने आदेश में कहा है कि इस मामले के सम्पूर्ण तथ्य व परिस्थितियों तथा अपराध की प्रकृति के मद्देनजर मुल्जिम को जमानत पर रिहा करने का आधार पर्याप्त नहीं है। बीते 14 अक्टूबर को अमिताभ ठाकुर की पहली जमानत अर्जी खारिज हुई थी।

27 अगस्त 2021 को इस मामले की एफआईआर वरिष्ठ उपनिरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी ने थाना हजरतगंज में आईपीसी की धारा 120बी, 167, 195ए, 218, 306, 504 व 506 के तहत दर्ज कराया था। जिसमें अतुल राय व अमिताभ ठाकुर को नामजद किया गया था। 27 अगस्त को अमिताभ ठाकुर को इस मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था। जबकि 29 अक्टूबर को मुल्जिम अतुल राय को न्यायिक हिरासत में लिया गया था। बसपा सांसद अतुल राय एक दूसरे मामले में प्रयागराज की नैनी जेल में निरुद्ध हैं। उनका न्यायिक रिमांड वीडियो कान्फ्रेंसिग के माध्यम से हुआ था।

अमिताभ की ओर से बहस करते हुए कहा गया गया कि पहली जमानत अर्जी खारिज होने से पूर्व इस मामले की विवेचना प्रचलित थी। लेकिन अब विवेचना समाप्त होकर आरोप पत्र दाखिल हो गया है। मुल्जिम पूर्व आईपीएस है। समाज का जिम्मेदार नागरिक है। उसे इस मामले में रंजिशन फंसाया गया है। लिहाजा उसे जमानत पर रिहा किया जाए। दूसरी तरफ अभियोजन की ओर से जमानत अर्जी का जोरदार विरोध किया गया। सरकारी वकील अशोक श्रीवास्तव का कहना था कि मुल्जिम की ओर से दूसरी जमानत अर्जी में कोई नया तथ्य नहीं पेश किया गया है। सिर्फ आरोप पत्र दाखिल होने से जमानत का कोई आधार नहीं है। 25 अक्टूबर को इस मामले में अमिताभ के खिलाफसाजिश रचने, गवाहों को धमकाने, सबूत नष्ट करने व आत्महत्या के लिए उकसाने आदि जैसे आईपीसी की गंभीर धाराओं में आरोप पत्र दाखिल हुआ था। जबकि अतुल राय के मामले में विवेचना अभी प्रचलित है। आठ नवंबर को सीजेएम की अदालत ने अमिताभ के आरोप पत्र पर संज्ञान के बाद उनका मुकदमा ट्रायल के लिए सत्र अदालत को भेज दिया था। शनिवार को अमिताभ ठाकुर अपने मुकदमे की सुनवाई के लिए जेल से सत्र अदालत में हाजिर थे। फौजदारी के जिला शासकीय अधिवक्ता मनोज त्रिपाठी के मुताबिक उन्होंने अदालत से इस मामले के कुछ प्रपत्रों को दिलाने की मांग की। जिला जज राम मनोहर नारायण मिश्र ने इसके लिए अभियोजन को निर्देश देते हुए आरोप विरचन पर सुनवाई के लिए नौ दिसंबर की तारीख मुकर्रर की है।

## 11 दिसंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**लखनऊ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव अनुपम कुमार त्रिपाठी ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले में 11 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में जनता को पारिवारिक न्यायालय, मोटर दुर्घटना का दाव जैसी समस्याओं से निजात मिल सकेगी। शनिवार को न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राम मनोहर नारायण मिश्र के दिशा निर्देशन में आगामी 11 दिसंबर को सुबह 10 बजे से जिले के न्यायालय लखनऊ में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर पारिवारिक न्यायालय एवं मोती महल स्थित मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण लखनऊ में भी लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। अनुपम कुमार त्रिपाठी प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ ने बताया कि वादकारीगण जिनके वाद किसी न्यायालय में विचाराधीन हों वह संबन्धित न्यायालयों से सम्पर्क कर वाद राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित कराकर लाभान्वित हो सकते हैं।


**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर (पूर्वी) लखनऊ।**

पत्रांक: 316 रीडर- 2021 दिनाँक 18 नवम्बर, 2021

वाद संख्या- डी- 202110460004901/2021
यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया बनाम
मे0 नीलेश इण्टर प्राइजेज
अन्तर्गत धारा- 14, अधि0-वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002
तारीख पेशी- 13.12.2021

**नोटिस**

1- मे0 नीलेश इण्टरप्राइजेज पता एफ-1588, राजाजीपुरम, लखनऊ।
2- श्री सुरेश कुमार पुत्र स्व0 राघव सरन पता एफ- 1588, राजाजीपुरम, लखनऊ।
3- श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी स्व0 राघव सरन पता एफ- 1588, राजाजीपुरम, लखनऊ।
4- श्री मो0 हाशिम पुत्र श्री अब्दुल मुमताज निवासी ई-3/70, विनय खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।

उपरोक्त वाद जिला मजिस्ट्रेट महोदय के न्यायालय से प्राप्त होकर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः आप दिनांक 13.12.2021 को समय 12.00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम- 2002 की धारा 14 (1) के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के सम्बन्ध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नही कहना है और तद्नुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिया जायेगा।

(के0 पी0 सिंह)
अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर (पूर्वी) लखनऊ।


## मुंशी पुलिया चौराहे को मिलेगी जाम से निजात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**● केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने फोर लेन फ्लाई ओवर व सर्विस लेन प्रोजेक्ट को दी मंजूरी**

**केंद्रीय** सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 170.6करोड़ की लागत से बनने वाले चार लेन फ्लाईओवर और सर्विस लेन प्रोजेक्ट की स्वीकृति लखनऊ में बेहतर यातायात की दृष्टि से कर दी है। यह लाईओवर मुंशी पुलिया पर बनाया जाएगा। इस फ्लाईओवर के बनने से प्रतिदिन 40 हजार वाहनों को आने जाने में जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस फ्लाईओवर का प्रस्ताव नितिन गडकरी के समक्ष राजनाथ सिंह रक्षा मंत्री एवं सांसद लखनऊ के द्वारा 2 अप्रैल को टेढ़ी पुलिया फ्लाईओवर के उदघाटन के अवसर पर रखा गया था।

सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी द्वारा बताया गया की 2.2 किलोमीटर लंबे मुंशी पुलिया के फ्लाईओवर के बनने से पॉलिटेक्निक चौराहा, खुर्रम नगर, इंदिरा नगर, टेढ़ी पुलिया, जानकीपुरम, कुर्सी रोड की तरफ आने जाने वाले सभी लोगों को सुगम यातायात को ध्यान में रखते हुए शीघ्र पुल का का निर्माण कार्य शुरू होने जा रहा है। फ्लाईओवर के साथ ही एक सर्विस लेन बनाई जाएगी जो कि इंदिरा नगर क्षेत्र के स्थानीय जनता को ध्यान में रखते हुए बनाई जा रही है। लखनऊ के चौतरफा विकास के लिए सांसद लखनऊ राजनाथ सिंह द्वारा विक्टोरिया स्ट्रीट, लाल कुआं, टेढ़ी पुलिया, राजाजीपुरम और कुकरैल लाईओवर के कार्य पूर्ण कराए जा चुके है। वही रायबरेली रोड से उतरेटिया और शहीद पथ से एयरपोर्ट एवं बंगला बाजार रेलवे लाइन के ऊपर पुल के निर्माण के कार्य तेजी से चल रहा है। राजनाथ सिंह के द्वारा शहर को जाम मुक्त बनाए जाने की दिशा में आईआईएम रोड सीतापुर मोड़ और खुर्रम नगर पर भारी ट्रैफिक के दबाव को देखते हुए शीघ्र ही फ्लाईओवर के निर्माण का कार्य शीघ्र शुरू होने जा रहा है।

## दो तस्कर गिरफ्तार, 50 लाख कीमत की स्मैक बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** एटीएस व एनसीबी लखनऊ के संयुक्त ऑपरेशन में बहराइच व नेपाल में हेरोइन व अन्य मादक पदार्थों की सप्लाई करने वाले 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जें से 470 ग्राम स्मैक बरामद की गई। बरामद स्मैक की अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 50 लाख रुपए बतायी जा रही है। टीम द्वारा बहराइच व नेपाल राष्ट्र के सीमावर्ती जनपदों में निरन्तर सतर्क दृष्टि रखी जा रही थी। इसी क्रम में आतंकवाद निरोधक दस्ते की बइराइच व श्रावस्ती फील्ड यूनिट व नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो एनसीबी लखनऊ के संयुक्त आपरेशन द्वारा बहराइच के विभिन्न स्थलों से शरीफ रानीपुर बहराइच व अकील अहमद उर्फ महतो हुजूरपुर बहराइच को तीन दिसंबर को गिरफ्तार किया गया। एटीएस के अनुसार अभियुक्त शरीफ किसी व्यक्ति को स्मैक की डिलीवरी देने के लिए खड़ा था जिसकी सूचना टीम को प्राप्त हुई जिस पर संयुक्त टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर अभियुक्त शरीफ को पकड़ लिया गया। एनसीबी की टीम द्वारा पकड़े गए व्यक्ति की तलाशी ली गई तो शरीफके कब्जे से 470 ग्राम स्मैक बरामद हुई। शरीफ की निशानदेही पर स्मैक की डील कराने वाले अभियुक्त अकील अहमद को गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्धस में विभिन्न धाराओं में मामला एनसीबी लखनऊ में दर्ज किया गया है। अभियुक्तगण की पूछताछ में अन्य संदिग्धों के संलिप्त होने की बात प्रकाश में आयी है। अभियुक्तगण मादक पदार्थ कहां से और किस से प्राप्त करते हैं के सम्बन्ध में अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही है।


**पूज्य भाऊराव देवरस महाविद्यालय**
मुक्तापुर(टंडवारा) सरवनखेड़ा कानपुर देहात-209121

आवश्यकता है

राजाज्ञानुसार मानेदय पर UGC/NCTE अर्ह प्राचार्य, विभागाध्यक्ष एवं सहायक आचार्यों की। बी.एस.सी. विषय- गणित, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान। बी.ए. विषयः- हिन्दी भाषा, हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी भाषा, अंग्रेजी साहित्य, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र, इतिहास और राजनीतिशास्त्र। बी.कॉम./बी.एड./एम.ए.(हिन्दी,समाजशास्त्र)/बी.टी.सी.(डी.एल.एड) हेतु सहायक आचार्यों, प्रवक्ताओं तथा अन्य प्रधान लिपिक/कम्प्यूटर ऑपरेटर/चपरासी की।
नोटः15 दिनों के अन्दर सभी अभिलेखों की प्रतियों सहित आवेदन करें।

प्रबन्धक, सम्पर्क सूत्रः- 9455227520
ई-मेलः rscesc@gmail.com, pbdcollege@rediffmail.com

**सूर्यपाल सिंह अनुसुइया महाविद्यालय**
मुक्तापुर सरवनखेड़ा कानपुर देहात - 209121

आवश्यकता है

राजाज्ञानुसार मानेदय पर UGC/NCTE अर्ह प्राचार्य, विभागाध्यक्ष एवं सहायक आचार्यों की। बी.एस.सी. विषय- गणित, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान।
बी.कॉम./बी.एड. हेतु सहायक आचार्यों, प्रवक्ताओं तथा अन्य प्रधान लिपिक/ कम्प्यूटर ऑपरेटर/ चपरासी की।
नोटः15 दिनों के अन्दर सभी अभिलेखों की प्रतियों सहित आवेदन करें।

प्रबन्धक, सम्पर्क सूत्रः- 9455227520
ई-मेलः rscesc@gmail.com, pbdcollege@rediffmail.com

# नवंबर में यूपी को हासिल हुआ 12962.20 करोड़ का राजस्व

## नए वायरस ओमिक्रोन को लेकर किसी को भी भयभीत होने की जरूरत नहीं: सुरेश खन्ना

● 2020 की तुलना में 10903.87 करोड़ रुपए अधिक राजस्व आया



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने साफ कहा कि ओमिक्रोन से भयभीत होने की जरा सी भी जरूरत नहीं है। प्रदेश में कर वसूली का बीते तथा इस वित्तीय वर्ष का ब्यौरा देने के साथ ही खन्ना ने कहा कि यूपी में फिलहाल कोविड-19 नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि नए वायरस ओमिक्रोन के संबंध में किसी को भी भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि भय किसी भी समस्या का हल नहीं है इसलिए ना तो भयभीत हों और न ही भय फैलाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कोरोनावायरस को नियंत्रित करने में प्रभावी कदम उठाया और उसमें सफलता भी मिली। इस दिशा में डब्ल्यूएचओ, नीति आयोग तथा प्रधानमंत्री ने भी उत्तर प्रदेश के मॉडल को सराहना की। हमने बेहतर तरीके से काम किया और इसीलिए हमारा पॉजिटिविटी की रेट और फेटिलिटी रेट अपेक्षाकृत कम रहा। इस दिशा में सरकार ने पूरी शिद्दत के साथ पूरे मनोयोग से प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि ओमिक्रोन को देखते हुए हमारे पास सभी प्रकार की तैयारी है। लखनऊ में एसजीपीजीआई, डा. डॉक्टर राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान तथा केजीएमयू में जीनोम सीक्वेंसिंग की व्यवस्था है। उन्होंने कहा विशेषज्ञों का मानना है कि कोरोन वायरस का यह वैरीएंट डेल्टा वैरीएंट से कम खतरनाक है, इसलिए किसी प्रकार के पैनिक क्रिएट करने की आवश्यकता नहीं है।

सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2021-22 के नवंबर माह में 15389.83 करोड़ रुपये लक्ष्य के सापेक्ष कुल 12962.20 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ जो नवंबर 2021 में निर्धारित लक्ष्य का 84.20 प्रतिशत है जबकि वर्ष 2020-21 के नवंबर में 10903.87 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। नवंबर 2021 में वर्ष के नवंबर 2020 की तुलना में 2058.33 करोड़ रुपए अधिक राजस्व प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि जीएसटी के अन्तर्गत नवंबर 2021 में कुल 4583.22 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत् वर्ष नवंबर 2020 के माह में प्राप्ति 3712.69 करोड़ थी।

## कांग्रेस ने 70 साल राज किया पर महिलाओं को आठ फीसदी से ज्यादा भागीदारी नहीं दी: रीता बहुगुणा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीजेपी** मुख्यालय पर सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी ने शनिवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा के विधानसभा चुनाव में 40 प्रतिशत महिलाओं को टिकट दिये जाने की घोषणा को शगूफा बताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी को अस्तित्व में आये 150 साल हो चुके है और उसने 70 साल देश पर राज किया है लेकिन महिलाओं को कभी आठ प्रतिशत से ज्यादा भागीदारी नहीं दी। अब जब उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की जमींन खिसक चुकी है और पार्टी को पांच सीटें जीतने के लाले है। ऐसे समय में प्रियंका वाड्रा महिलाओं को दिवास्वप्न दिखाने में व्यस्त है।

डा जोशी ने कहा कि अगर कांग्रेस को महिलाओं की चिन्ता थी तो उन्हें यह प्रयोग पंजाब व अन्य राज्य जहां कांग्रेस पार्टी की सरकार है वहां करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महासचिव को महिलाओं की नहीं उनके वोटों की ज्यादा चिन्ता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की तुलना में बीजेपी के नेतृत्व में बनी केंद्र सरकार को देख लीजिए। भाजपा ने सरकार में 11 महिलाओं को मंत्री बनाया। पहली बार हमारी 17 वीं लोकसभा में 78 महिलाएं जीत कर आयीं हैं उनमें से 41 महिलाएं बीजेपी की तरफसे जीती हैं। आज पूरे देश के विधायकों की समीक्षा कर लीजिए करीब-करीब 40 प्रतिशत महिलाएं सिर्फ बीजेपी से जीत कर आयीं हैं और उन्हें बड़े-बड़े अहम पदों पर बिठाया गया हैं। जो कभी सोचा भी नहीं जा सकता था महिलाओं को रक्षा मंत्रालय और वित्त मंत्रालय तक के प्रभार दिये गए और ऐसी महिलाओं को दिये गये जिनकी कोई राजनैतिक पृष्ठभूमि नहीं थी लेकिन अपनी एक पहचान और पकड़ थी समाज में। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जो काम महिलाओं के लिए पांच वर्षों में किया है वह बहुत ही प्रभावशाली रहा है।

## 222 वोटर बना चुके बीएलओ का सीडीओ ने बढ़ाया हौसला

संवाददाता। मोहनलालगंज

**डेढ़** सौ घरों की बस्ती से दो सौ से अधिक नए वोटर बनाने वाले बीएलओ अवनीश कुशवाहा को शनिवार सीडीओ अश्विनी कुमार पाण्डेय ने उपहार देकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी बीएलओ को उससे सीख लेने की आवश्यकता जताई। मोहनलालगंज के जबरौली गांव में ग्राम रोजगार सेवक अवनीश कुशवाहा बूथ संख्या 305 के बीएलओ हैं। उन्होंने अपने बूथ के 156 घरों की बस्ती से 222 नए वोटर बनाकर राजधानी में रिकार्ड बनाया है। जिसे लेकर तहसील प्रशासन उसकी सराहना कर अन्य बीएलओ के लिए अवनीश की कार्यशैली को रोल मॉडल के तौर पर प्रस्तुत कर चुका है। शनिवार को सीडीओ के हाथों सम्मानित होकर बीएलओ अवनीश कुशवाहा ने प्रशासन का आभार जताया। उन्होंने भविष्य में इसी तरह पूरी निष्ठा से कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। इस दौरान बीडीओ निशान्त राय और एसडीएम शुभी सिंह भी मौजूद रहीं।

## जांच में शिक्षिका दोषी बीएसए को भेजी रिपोर्ट

**निगोहां।** क्षेत्र के राती प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 5 के छात्र को शिक्षिका द्वारा बेरहमी से पीटने के मामले में खंड शिक्षाधिकारी मोहनलालगंज की जांच में शिक्षिका दोषी पाई गयी है। जिसकी रिपोर्ट बीएसए को भेज दी गयी है। वहीं एबीएसए ने कहा कि चोटिल मासूम का इलाज भी कराया जायेगा। निगोहां क्षेत्र के राती गांव निवासी किसान शम्भू ने बताया उनका 11 वर्षीय बेटा सौरभ गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 5 का छात्र है। बुधवार को अध्यापिका सुनीता सोनकर ने मामूली बात पर डंडे से सौरभ की बुरी तरह पिटाई कर दी जिसकी वजह से उसका हाथ काम नही कर रहा है और उसी दिन से घर पर ही पड़ा हुआ है। मामला संज्ञान में आने पर एबीएसए ने जांच की तो शिक्षका दोषी पाई गई। शनिवार को पूरे मामले की रिपोर्ट एबीएसए ने बीएसए लखनऊ को भेज दी है। एबीएसए मनीष सिह ने बताया कि प्रथम दृष्टया शिक्षक दोषी पाई गयी है। सोमवार को बच्चे के घर जाकर उसका पूरा इलाज कराया जायेगा।

## सीएमएस में अंतर्राष्ट्रीय आईईओ 2021 का आयोजन नौ से

**लखनऊ।** सीएमएस गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) द्वारा तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण ओलम्पियाड (आई.ई.ओ.-2021) का आयोजन 9 से 11 दिसम्बर तक ऑनलाइन किया जा रहा है। ओलम्पियाड का उद्घाटन 9 दिसम्बर को प्रदेश के श्रम मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा किया जायेगा। सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण ओलम्पियाड में विश्व के 10 देशों वियतनाम, इंग्लैण्ड, जर्मनी, ईरान, आयरलैण्ड, यूएई, कतर, अमेरिका, आस्ट्रेलिया एवं भारत के छात्र प्रतिभाग करेंगे। ओलम्पियाड का उद्देश्य ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन के इस नाजुक दौर में छात्रों व युवा पीढ़ी को पर्यावरण की चिन्तनीय स्थिति से रूबरू कराना है, जिससे किशोर व युवा पीढ़ी खासकर छात्र समुदाय पर्यावरणीय चुनौतियों को समझकर अपने नजरिये में सकारात्मक बदलाव लाएं।

## तहसील में गन्दगी से पटे शौचालय, बीमारियों का खतरा

भाकियू की शिकायत पर डीएम खफा लगाई फटकार

मोहनलालगंज। तहसील को चमकाने के दावे शनिवार को डीएम अभिषेक प्रकाश के सामने खोखले साबित हुए। भाकियू ने तहसील में गन्दगी से पटे शौचालयों का मुद्दा उठाया तो डीएम का पारा चढ़ गया। खफा डीएम ने तहसीलदार को फटकार लगाकर गन्दगी से पटे शौचालयों को दुरुस्त कराने का अल्टीमेटम दिया। मोहनलालगंज तहसील में डीएम अभिषेक प्रकाश को सब कुछ चकाचक दिखाने के लिए प्रवेश द्वार से लेकर तहसील सभागार तक ढ़ेरों तैयारियां कराई गईं थीं। लेकिन तहसील में गन्दगी से पटे शौचालयों की हकीकत सामने लाकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के तहसील अध्यक्ष राजेश रावत ने शनिवार को पर्दे के पीछे की स्याह तस्वीर डीएम के सामने ला दी। उन्होंने डीएम को बताया तहसील में शौचालयों की गन्दगी उफनाकर बाहर बह रही है। जिससे वादकारी और फरियादियों को गन्दगी से गुजरना पड़ रहा है। भाकियू नेता ने डीएम को बताया शौचालयों में फैली गन्दगी से बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। लेकिन ढेरों शिकायत के बावजूद अधिकारी समस्या के समाधान को लेकर बेपरवाह हैं। जिसे लेकर खफा डीएम ने तहसीलदार की जमकर क्लास ली। उन्होंने तहसील के शौचालयों में फैली गन्दगी फौरन दूर कराने की हिदायत दी और कैम्पस की व्यापक सफाई का खास ख्याल रखने का अल्टीमेटम दिया।

## पीएनबी के मुख्य सतर्कता अधिकारी ने किया लखनऊ का दौरा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पीएनबी** के मुख्य सतर्कता अधिकारी विजय कुमार त्यागी ने लखनऊ का दौरा किया। इस दौरान त्यागी ने अंचल कार्यालय परिसर मे स्थित लाला लाजपत राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा पौधरोपण किया। इस अवसर पर विजय कुमार त्यागी ने स्टाफ ट्रेनिंग कॉलेज के सभागार मे उपस्थित स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए बैंक के प्रिवेंटिव विजलेंस एवं टीएम सैक (ट्रैकिंग मॉनिटरिंग स्टाफ अकाउंटबिलिटी केसेस) के बारे मे बताया जो की एक अनोखा मॉड्यूल है। त्यागी ने कहा की बैंक एक इंडस्ट्री के रूप मे देश के हर जाति, वर्ग तथा समुदाय के बीच अपनी व्यापाक पहुंच रखता है तथा बैंक देश के सभी उद्योग, सड़क, बिजली, पानी तथा उड्डयन से संबंधी सभी उद्योगो को सपोर्ट दे रहा है तथा बैंक इंडस्ट्री में सबसे आगे होने के लिए कृषि क्षेत्र मे भी बेहतरीन कार्य करने होंगे। एक बैंकर के रूप मे सभी स्टाफ सदस्यों को पूरी सतर्कता के साथ कार्य करना चाहिए, किसी भी बैंक मे सतर्कता का तात्पर्य है की बैंक का व्यापार बिना किसी बाधा के सुचारू रूप से बढ़ता रहे। उन्होंने उपस्थित सदस्यो से आवाहन किया कि क्वालिटी तथा अनुपालन पर कार्य करते हुए हम बैंक को बेहतर दिशा मे ले जा सकते हैं।

इसके साथ ही विजय कुमार त्यागी तथा राहुल भावे, कार्यपालक निदेशक, नेशनल हाउसिंग बैंक द्वारा हाउसिंग फाइनेंस कंपनी के प्रतिनिधियों को भी संबोधित किया गया। अंचल प्रबंधक लखनऊ संजय गुप्ता ने कहा की हमारे देश की आर्थिक राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है। हम सभी को मिलकर भ्रष्टाचार उन्मूलन मे एक साथ काम करने की आवश्यकता है ।

## दो दिवसीय डॉ. अब्दुल कलाम खेल महोत्सव का समापन

संवादाता। निगोहां

● जोनल स्तर की आठ विजेता टीमों ने लिया हिस्सा

**कस्बे** में स्तिथ बाबू सुंदर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कॉलेज में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के राज्य स्तरीय डॉ. अब्दुल कलाम खेल महोत्सव 2021- 22 का समापन बड़े धूमधाम से किया गया। इस प्रतियोगिता में 8 जोनल लेवल की विजेता टीमें शामिल हुई थी जिसमें आगरा, प्रयागराज, बरेली, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, गोरखपुर, लखनऊ, मेरठ जोन की टीम शामिल थी। दो दिवसीय इस खेल महोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया। विश्वविद्यालय डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. ओ पी सिंह द्वारा छात्रों का उत्साह वर्धन किया गया। दौड़ प्रतियोगिता में एनआईइटी की टीम विजेता रही। फुटबॉल प्रतियोगिता मे एमआईइटी की टीम आगे रही। बास्केट बॉल में लड़कियों की एकेजीइएस की टीम ने जीत हासिल की।

## स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है: डॉ.जगदीश गांधी

● संपन्न हुआ सीएमएस का वार्षिक खेलकूद समारोह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सीएमएस** कानपुर रोड कैम्पस द्वारा बड़े ही भव्य स्तर पर 'वार्षिक खेलकूद समारोह' का आयोजन आज विद्यालय के खेल मैदान में सम्पन्न हुआ। सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गांधी ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि खेलकूद बच्चों के स्वास्थ्य के लिए अतिआवश्यक है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है, अतः पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद का होना अतिआवश्यक है। इससे पहले, खेल समारोह का शुभारम्भ स्कूल प्रार्थना व विभिन्न रंगारंग शिक्षात्मक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुआ। इसके साथ ही, शानदार मार्च पास्ट में नन्हें-मुन्हें छात्रों का जबरदस्त उत्साह देखना सुखद था। खेल की विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक पदकों के जबरदस्त होड़ रही और छात्रों ने अपनी शक्ति, दमखम, प्रतिभा व क्षमता का भरपूर प्रदर्शन किया। जहां एक ओर प्री-प्राइमरी के नन्हें-मुन्हें छात्रों ने बैलून रेस, अल्फाबेट रेस, बैलसिंग द बाल रेस, बिग फिश रेस, टनल रेस, कलेक्ट द कोन्स आदि रोचक दौड़ प्रतियोगिताओं में अपनी चुस्ती-फुर्ती का प्रदर्शन किया तो वहीं दूसरी ओर प्राइमरी के छात्रों ने कैरट एण्ड रैबिट रेस, आब्सटेकल रेस, 25मी दौड़, 50मी दौड़, 100मी दौड़ आदि में जमकर हाथ आजमाये। इसके अलावा, छात्रों के अभिभावकों ने भी टॉस द स्कार्फ, पेग्युइन रेस एवं स्लिमनास्टिक्स आदि में अपने हुनर का प्रदर्शन किया।

## गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों पर व्यापारियों ने जताया आक्रोश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल ने दी प्रदर्शन की चेतावनी

**भारतीय** उद्योग किसान व्यापार मंडल ने लगातार बढ़ती महंगाई पर आक्रोश जताया है। इस संबंध में हुई व्यापार मंडल की बैठक में कहा गया कि महंगाई पर सरकार का कोई भी नियंत्रण नहीं है। होटल, रेस्टोरेंट, कैटर्स, सामान्य खाना-पीना खिलाने वाले अभी कोरोना की मार से उबर भी नहीं पाए हैं कि सरकार निरंतर कमर्शियल एवं घरेलू गैस के दाम हर महीने बढ़ाती जा रही है। 6 महीने में लगभग 1200 सौ वाला सिलेंडर 1900 सौ रुपए का हो चुका है और सरकार महंगाई को लेकर कहीं गंभीर नहीं दिख रही है। भारतीय उद्योग किसान व्यापार मण्डल के जिला अध्यक्ष नीरज गुप्ता ने बताया कि बैठक में भारत सरकार से मांग की गई कि आम जनता के साथ साथ रेस्टोरेंट होटल एवं मझोले खाने पीने वाले व्यापारियों का ध्यान रखते हुए तत्काल सिलेंडर के दाम कम किए जाएं ताकि आम जनमानस के साथ-साथ व्यवसायी राहत की सांस ले सके और महंगाई दर कुछ कम हो सके। यदि सरकार इस संदर्भ में जल्द कोई निर्णय नहीं लेती है तो प्रदेश स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रितेश गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष अजय त्रिपाठी मुन्ना, राष्ट्रीय प्रभारी हाफिज जलील अहमद सिद्दीकी, जिला अध्यक्ष नीरज गुप्ता, जिला वरिष्ठ महामंत्री यादवेंद्र सिंह यादव, जिला महामंत्री आशुतोष खरे, कोषाध्यक्ष प्रमोद सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज गुप्ता, पुरषोत्तम जालान समेत अनेक व्यापारी शामिल रहे।

## तालाब की जमीन कब्जा रहे प्रापर्टी डीलर, एसडीएम से शिकायत

**मोहनलालगंज।** डलौना में तालाब की जमीन पर अवैध कब्जा कर प्रापर्टी डीलर प्लाटिंग कर रहे हैं लेकिन राजस्व कर्मी बेपरवाह बने हुए हैं। शनिवार को ग्रामीणों ने एसडीएम से शिकायत की है। मोहनलालगंज के डलौना गांव में प्रापर्टी डीलर तालाब की जमीन कब्जाकर प्लाटिंग कर रहे हैं। ग्रामीणों के विरोध पर ऊंची पहुंच बताकर उन्हें चुप करा दिया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि राजस्व कर्मियों से मामले की शिकायत भी की जा चुकी है लेकिन सुनवाई नहीं हो रही। लिहाजा शनिवार को ग्रामीणों ने एसडीएम शुभी सिंह से शिकायत दर्ज कराई। जिस पर राजस्व निरीक्षक को मामले की जांच सौंपी गई है।

## अधिकारियों ने ट्राईसाइकिल देकर टरकाया दो माह बाद जिलाधिकारी ने दिलाया न्याय

संवाददाता। मोहनलालगंज

सम्पूर्ण समाधान दिवस



**मासूम** बच्चियों को पालने के लिए जमीन का पट्टा और आसरे के लिए फरियाद लेकर दो माह से भटक रही दिव्यांग गुड्डा को डीएम अभिषेक प्रकाश ने शनिवार को चुटकियों में न्याय दिला दिया। बच्चियों को लेकर पहुंची दिव्यांग की फरियाद सुनकर डीएम ने उसे तत्काल पटाया दिलाया और प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में उसका नाम शामिल कराने के निर्देश दिए। उन्होंने दिव्यांग को मामले में खुद फीडबैक लेने का भरोसा दिया। दो माह पहले डीएम ने उसे ट्राईसाइकिल भी दिलाई थी। यही नहीं डीएम ने मऊ की मानसी शर्मा के परिवार का अन्त्योदय कार्ड बनाने और बगहनखेड़ा की रामप्यारी का राशनकार्ड कटने की जांच के निर्देश दिए।

मोहनलालगंज में 18 सितम्बर को आयोजित तहसील समाधान दिवस के दौरान बखतखेड़ा की दिव्यांग गुड्डा ने पति सुनील का निधन हो जाने से मासूम बच्चियों लकी और लक्ष्मी के पालन-पोषण की समस्या डीएम अभिषेक प्रकाश को बताई थी। डीएम ने मातहतों को उसे सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के आदेश दिए थे। लेकिन अधिकारियों ने दिव्यांग गुड्डा को महज ट्राईसाइकिल देकर लौटा दिया। मासूम बच्चियों को कलेजे से लिपटाए गुड्डा शनिवार को फिर से डीएम के सामने पहुंची तो उन्होंने तहसीलदार को फटकार लगाकर तत्काल उसे जमीन का पट्टा दिलाया और बीडीओ को उसे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। यही नहीं 8 माह से अन्त्योदय कार्ड बनवाने के लिए तहसील अधिकारियों के चक्कर काट रही मऊ गांव की मानसी शर्मा की शिकायत पर डीएम ने एआरओ नरेन्द्रमणि त्रिपाठी से नाराजगी जताकर फौरन अन्त्योदय कार्ड जारी कराने के निर्देश दिए। जबकि बगहनखेड़ा की रामप्यारी ने डीएम से पात्र गृहस्थी राशनकार्ड कटने की शिकायत की। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे पहले उनके पति अमरपाल का अन्त्योदय कार्ड भी काट दिया गया था। डीएम एआरओ को मामले की जांच के आदेश दिए। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के तहसील अध्यक्ष राजेश रावत ने शारदा खण्ड दो की नहरों में पानी नहीं आने से किसानों की बुवाई पिछड़ने का आरोप लगाया। डीएम ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों की फटकार लगाकर समाधान करने के निर्देश दिए।

**गड्ढे भरने में लापरवाही पर एएमए को फटकारा:** मोहनलालगंज में उतरावां के गढ़ी गांव से हनुमान मंदिर तक जिला पंचायत की एक किलोमीटर सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। जिससे रात में सब्जी लेकर आवागमन करने वाले किसान अक्सर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के तहसील अध्यक्ष राजेश रावत ने शनिवार को डीएम से इसकी शिकायत की।

## ग्रामीणों ने की सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायत

**बीकेटी।** बीकेटी तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व पुलिस सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने जनसुनवाई में हिस्सा लिया। कुल148 शिकायती पत्र प्राप्त हुये जिनमे 8 का मौके पर निस्तारण किया गया। बीकेटी के चकगंजागिरि गांव में सरकारी जमीन पर कब्जा कर उस पर अवैध निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ एसडीएम से लेकर डीएम तक से शिकायत की है। बीकेटी नगर पंचायत के चकगंजागिरि में खसरा संख्या 91,93 और 108 राजस्व अभिलेखों में बंजर दर्ज है। चकगंजागिरि निवासी विकास, वेदप्रकाश, मुकेश कुमार यादव, विशाल द्वारा संयुक्त रुप से दो दिसंबर को एसडीएमए और डीएम को प्रार्थना पत्र देकर सरकारी जमीन (बंजर) पर अवैध कब्जे की शिकायत की है। ग्रामीणों ने कहा उनके गांव की सरकारी जमीन पर रुक्मिणी बिहार के नाम से प्लाटिंग करने वालों ने अवैध कब्जा कर लिया है और उस पर पक्का निर्माण कराया जा रहा है।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, लखनऊ अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या - 30/वि0जा0मं0 (वि0) द्वि0/ल0/ई-टेन्डर/ 2021-22** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक-पृथक निविदायें अनुभवी फर्म/ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://etender. up.nic.in के माध्यम से ऑन लाईन आमंत्रित की जाती है। **क्र0सं0** 1 **निविदा विशिष्ट संख्या** 36/वि0जा0मं0(वि0)द्वि0/ल0/ई- निविदा/2021-22 **कार्य का नाम** लेसा, सिस गोमती क्षेत्र, लखनऊ के अन्तर्गत विद्युत वितरण मण्डल-4 के कार्यालय भवन, विद्युत नगरीय परीक्षण खण्ड तृतीय के कार्यालय भवन, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल तृतीय के कार्यालय भवन, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड अपट्रॉन के कार्यालय भवन के अनुरक्षण का कार्य तथा उपखण्ड कार्यालय समेसी पर विशेष अनुरक्षण का कार्य । **कार्यावधि** 03 माह **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0) (जी0एस0टी0 सहित)** 2,360.00 **धरोहर धनराशि (रु0)** 23,200.00 **निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय 20.12.2021** सायं 5.00 बजे तक **निविदा खोले जाने की तिथि 21.12.2021 क्र0सं0** 2 **निविदा विशिष्ट संख्या** 37/वि0जा0मं0 (वि0) द्वि0/ल0/ई-निविदा/ 2021-22 **कार्य का नाम** लेसा, ट्रान्स गोमती क्षेत्र, लखनऊ के अन्तर्गत विद्युत नगरीय वितरण खण्ड बी0के0टी0 के कार्यालय भवन, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड विश्वविद्यालय के कार्यालय भवन, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल षष्टम के कार्यालय भवन के अनुरक्षण के कार्य तथा उपखण्ड कार्यालय मुंशी पुलिया (न्यू) पर पेयजल हेतु नई बोरिंग की व्यवस्था का कार्य। **कार्यावधि** 03 माह **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0) (जी0एस0टी0 सहित)** 2,360.00 **धरोहर धनराशि (रु0)** 22,500.00 **निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय 20.12.2021** सायं 5.00 बजे तक **निविदा खोले जाने की तिथि 21.12.2021 क्र0सं0** 3 **निविदा विशिष्ट संख्या** 38/वि0जा0मं0(वि0) द्वि0/ल0/ई-निविदा/2021-22 **कार्य का नाम** लेसा, ट्रान्स गोमती क्षेत्र, लखनऊ के अन्तर्गत अहिबरनपुर स्टोर शेड पर 03 नग जर्जर Nisan Shed के Sheet को बदलने का कार्य, Nisan Shed No. 01 एवं 04 के मध्य बनी कच्ची रोड पर सीमेन्ट कंक्रीट रोड का निर्माण कार्य, Main Gate से सीतापुर रोड तक बनी कच्ची रोड पर सीमेन्ट कंक्रीट रोड का निर्माण कार्य, Nisan Shed No. 01, 02, 03 एवं पहुंच मार्ग के मध्य इण्टरलॉकिंग टाईल्स लगाने का कार्य, दक्षिण दिशा की ओर बाउण्ड्रीवाल को ऊँचा करके Concertina Coil Fencing का कार्य, मुख्य गेट पर बने गार्ड रूम के जीर्णोद्धार का कार्य, Nisan Shed No. 01, 02 एवं 03 04 के मध्य बरसात के पानी Drainage के लिए CC Drain बनाने का कार्य, Nisan Shed No. 01, 02, 03 एवं 04 के मध्य में बरसात के पानी को रोकने के लिए Toe Wall का निर्माण कार्य तथा एक नग पुराने शौचालय के जीर्णोद्धार का कार्य। **कार्यावधि** 03 माह **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0) (जी0एस0टी0 सहित)** 2,360.00 **धरोहर धनराशि (रु0)** 37,500.00 **निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय 20.12.2021** सायं 5.00 बजे तक **निविदा खोले जाने की तिथि 21.12.2021** निविदा प्रपत्र क्रय करने का मूल्य एवं धरोहर धनराशि जो "Executive Engineer, Electricity Civil Division (Distribution) Lucknow" के Punjab National Bank, Halwasiya Hazratganj, Lucknow के Current A/c No. 0294002100078232 एवं IFSC Code - PUNB0029400 में RTGS/NEFT के माध्यम से सीधे खाते में जमा की जायेगी एवं निविदा का विवरण एवं Pre-Qualification Condition ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://etender. up.nic.in साइट पर देखा जा सकता है। **(अधीक्षण अभियन्ता) विद्युत जानपद मण्डल (वितरण)-द्वितीय** पत्रांकः 1066 दिनांक 4-12-2021 हेल्पलाईन नम्बर- 18001800440 "राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें, बल्ब की जगह एल0ई0डी0 लगायें"

**उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड अल्पकालिक ई-निविदा सूचना सं0-51 /अनु0ई0/श0भ0 वि0/2021-22**
अधोहस्ताक्षरी द्वारा निविदा विशिष्टि सं0-53/अनु0ई0/श0भ0वि0/2021-22 के द्वारा **शक्ति भवन (मु0) में 630 Amp ऑन लोड चेन्ज ओवर स्विच, 630 Amp एम0सी0सी0बी0 एवं 400 Sqmm केबिल बिछवाये जाने इत्यादि का कार्य कराये जाने हेतु निविदायें** दिनांक 20-12-2021 को 14.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त ई- निविदाओं को दिनाँक 21.12.2021 को 12.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोला जायेगा। निविदा के विक्रय व धरोहर धनराशि सम्बन्धी विवरण एवं अन्य विवरण कारपोरेशन की बेवसाइट http:# etender.up.nic.in से प्राप्त किये जा सकते है। **अधिशासी अभियन्ता अनुरक्षण इकाई, कक्ष सं0-104, प्रथम तल, शक्ति भवन (विस्तार) 14-अशोक मार्ग, लखनऊ।**
पत्रांक-2214 दिनांक 3.12.2021
"राष्ट्रहित में बिजली बचायें" हेल्प लाईन नं0-18001808752

**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0यां0) नलकूप विंग, उ0 प्र0 जल निगम, 2/137, विवेक खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)**
पत्रांक : 1295/6901/विविध-3/(21)/133 दिनांक : 03.12.2021
**अल्पकालीन निविदा सूचना**
उ0प्र0 जल निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद कानपुर में 1 नग नलकूप निर्माण के कार्य हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 07.12.2021 से 16.12.2021 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, वि0/याँ0 नलकूप विंग, उत्तर प्रदेश जल निगम 2/137, विवेक खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं वि0/याँ0, नलकूप विंग-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1000.00+18% जी.एस.टी. (1000.00+180.00 = 1180.00) है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट WWW.UPJN.ORG से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
**निविदा सूचना**
निविदा विक्रय की तिथि - 07.12.2021 से 16.12.2021 अपराह्न 3:00 बजे तक
निविदा डालने कि तिथि - 17.12.2021 अपराह्न 3:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि : 18.12.2021 पूर्वाह्न 11:00 बजे

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

निविदा सूचना सं0-603-11 / बस निविदा /2021-22/ दिनांक 25.11.2021

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण मलिहाबाद, लखनऊ प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को भ्रमण कराने हेतु बस की व्यवस्था के लिए निम्न विवरण के अनुसार मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र रू0 200/- नकद जमा कर कार्यालय से कार्यदिवस में **दिनांक 06.12.2021 से 13.12.2021 तक अपरान्ह 05.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 14.12.2021 को अपरान्ह 02.00 बजे तक स्वीकार/डाले जायेंगे एवं उसी दिन** अपरान्ह 03.00 बजे समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेंगी । निविदा की शर्तें किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय नोटिस बोर्ड/कार्यालय में सम्पर्क कर देखी जा सकती है:-

| क्र0 सं0 | कार्य/विवरण | अर्नेस्ट मनी धनराशि (रूपये में) | जमानत धनराशि (रूपये में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 01 बस 52 सीटर, बस से लखनऊ में स्थित पार्को/पान प्रक्षेत्रों/पौधशालाओं का भ्रमण एवं वापसी के साथ-साथ सुबह का नाश्ता, दोपहर का लंच, शाम को नाश्ता एवं ईधन/टोल टैक्स/समस्त कर सहित । | 2500/- | 10000/- |
| 2 | 01 बस 25 सीटर, बस से लखनऊ में स्थित पार्को/पान प्रक्षेत्रों/पौधशालाओं का भ्रमण एवं वापसी के साथ-साथ सुबह का नाश्ता, दोपहर का लंच, शाम को नाश्ता एवं ईधन/टोल टैक्स/समस्त कर सहित । | 1500/- | 5000/- |

(राजीव कुमार वर्मा)
मुख्य उद्यान विशेषज्ञ
औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र,
मलिहाबाद, लखनऊ।

उ0प्र0 170604 दिनांक 4.12.2021
विज्ञापन वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

## 5 हजार करोड़ के फ्रॉड मामले में पूछा हाईकोर्ट ने

# क्यों न ईडी या आर्थिक अपराध शाखा को सौंप दी जाए जांच

● डीजीपी से कोर्ट ने मांगा जवाब, मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव गृह को भी विचार करने का निर्देश,केंद्र सरकार से भी जानकारी तलब

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**इलाहाबाद** हाईकोर्ट ने जौनपुर की विभिन्न योजनाओं में पांच हजार करोड़ के फ्राड कर घोटाले की जांच पर प्रदेश के डीजीपी से पूछा है कि क्यों न राष्ट्रीय हित में जांच ईडी या आर्थिक अपराध शाखा को सौंपी जाए। कोर्ट ने केन्द्र सरकार के एसजीआई सालीसीटर जनरल आफइंडिया से भी संबंधित विभागों से जानकारी मांगी है। कोर्ट का मानना है कि स्थानीय पुलिस इतने बड़े घोटाले की विवेचना करने में सक्षम नहीं है। कोर्ट ने डीजीपी को निर्देश दिया है कि निश्चित समय तिथि तय कर ह्विसिल ब्लोवर याची को सुनकर उसके प्रत्यावेदन को निर्णीत करें। कोर्ट ने मुख्य सचिव व प्रमुख सचिव गृह को भी इस मामले में विचार करने को कहा है और अनुपालन रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। याचिका की सुनवाई 17 जनवरी को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति वी के बिड़ला तथा न्यायमूर्ति एस पी सिंह की खंडपीठ ने कुमारी बाबा बेटी की याचिका पर दिया है। याची का कहना है कि जौनपुर के विभिन्न योजनाओं में हुए पांच हजार करोड़ के फ्राड की शिकायत दर्ज कराई है। उसे इस घोटाले में लिप्त लोगों द्वारा धमकी दी जा रही है। विवेचना अधिकारी याची पर समझौते का दबाव डाल रहा है। इसलिए केस की विवेचना अन्यत्र स्थानान्तरित की जाय। हालांकि कोर्ट ने स्थानांतरित करने की मांग अस्वीकार कर दी और डी जी पी को इस पर निर्णय लेने को कहा है। सरकारी वकील का कहना था कि विवेचना हो रही है।याची बयान दर्ज कराने के लिए हाजिर नहीं हो रही है। कोर्ट ने कहा कि याची को धमकी मिल रही है। ऐसे में उसे डीजीपी से मिलने जाते समय सुरक्षा दी जाए। यदि डीजीपी केस स्थानांतरण नहीं करते तो याची को विवेचना अधिकारी के समक्ष पेश होने के लिए सुरक्षा मुहैया कराई जाए।कोर्ट ने प्रमुख सचिव गृह को भी याची के आरोपों पर विचार करने का निर्देश दिया है। सुनवाई 17 जनवरी को होगी।

## हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव की मतगणना जारी

● दूसरे चरण की गिनती में अध्यक्ष पर राधाकांत वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर मनोज मिश्रा और महासचिव पर जादौन आगे

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की 28 सदस्यीय कार्यकारिणी चुनाव के लिए ?एक दिसंबर को हुए मतदान की गणना शुक्रवार से प्रारंभ कर दी गयी थी। सबसे पहले एकल पदों के उम्मीदवारों की गिनती शुरू की गई। जिसमें अध्यक्ष वरिष्ठ उपाध्यक्ष महासचिव और संयुक्त सचिव के दो पदों की गणना शुरू की गई। उपाध्यक्ष के पांच संयुक्त सचिव प्रेसए कोषाध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्य के 15 पदों की गणना बाद में शुरू की जाएगी। अध्यक्ष वरिष्ठ उपाध्यक्ष और महासचिव की मतगणना लाइब्रेरी हॉल और संयुक्त सचिव के दो पदों की मतगणना न्यू कमेटी रूम में की जा रही है। दूसरे दिन अध्यक्ष वरिष्ठ उपाध्यक्ष और महासचिव के 2803 मतों की गिनती पूरी हो गई। शुरूआती रुझान में अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ अधिवक्ता राधाकांत ओझा 1138 मत पाकर सबसे आगे रहे। जबकि पूर्व महासचिव अशोक कुमार सिंह 900 मतों के साथ दूसरे और वरिष्ठ अधिवक्ता पूर्व अध्यक्ष आई के चतुर्वेदी 410 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मनोज कुमार मिश्र 739 मतों के साथ पहले और अमित कुमार 711 मतों के साथ दूसरे तथा राजेश्वर सिंह 606 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इसी तरह महासचिव पद पर सत्यधीर सिंह जादौन 721 मतों के साथ पहले विक्रांत पांडेय 603 मतों के साथ दूसरे और अखिलेश शर्मा 509 मतों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। गौरतलब है कि मतगणना का कार्य एल्डर कमेटी के चेयरमैन वरिष्ठ अधिवक्ता शशि प्रकाश सिंह सदस्य एन सी राजवंशी टी पी सिंह ओ पी सिंह और अनिल तिवारी की देखरेख में चल रहा है।

# हादसों में सत्रह लोगों की गई जान

### कन्नौज में सड़क हादसे में तीन की मौत, एक घायल



**कन्नौज।** जिले के ठठिया थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊएक्सप्रेस वे पर हुए सड़क हादसे में तीन व्यक्तियों की मौत हो गई व एक घायल हो गया। मृतकों में दिल्ली पुलिस का एक सिपाही व एक राजस्व कर्मचारी भी शामिल हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। ठठिया के थाना प्रभारी प्रयाग नारायण बाजपेई के अनुसार शुक्रवार रात को दिल्ली से लखनऊ जा रही कार ठठिया थाना क्षेत्र के बडेरा बलनपुर पट्टी के पास डीसीएम मेटाडोर में घुस गई। दुर्घटना में, कार सवार त्रिलोकपुरी दिल्ली निवासी सतेंद्र कुमार (29), शास्त्री नगर एसडीएम कार्यालय में तैनात राजस्व कर्मचारी गुंजन कुमार (30) और जितेंद्र कुमार (43) की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सतेंद्र कुमार दिल्ली पुलिस में सिपाही के पद पर तैनात थे। दुर्घटना में, दिल्ली के ही कुंडली निवासी परमवीर गम्भीर रूप से घायल हो गए जिन्हें तिर्वा के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घायल परमवीर एक निजी कंपनी में काम करते हैं, जितेंद्र भी उनके साथ ही काम करते थे। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

**सहारनपुर में बस ने कार को टक्कर मारी, एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत:** सहारनपुर। जिले के बिहारीगढ़ थाना क्षेत्र में एक बस ने कार को टक्कर मार दी जिससे एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। बस देहरादून में होने वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली के लिए लोगों को ले जा रही थी, जबकि परिवार शादी की खरीदारी के लिए सहारनपुर आ रहा था। पुलिस अधीक्षक (देहात) अतुल शर्मा ने बताया कि उत्तराखंड के देहरादून निवासी प्रवीण चौहान (45) अपनी बेटी शिल्पी की शादी के लिए खरीदारी करने अपने परिवार के सदस्यों के साथ कार से यहां आ रहे थे कि इसी दौरान मोहण्ड के निकट कार की एक बस से टक्कर हो गई। शर्मा ने बताया कि हादसे में प्रवीण चौहान, पत्नी मंजू चौहान (42) और बेटी शिल्पी (22) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दोनों पुत्र दीक्षान्त (20) और विष्णु (17) गम्भीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि बस में सवार कुछ लोग भी मामूली रूप से घायल हुए हैं। प्रवीण देहरादून में जल निगम में अवर अभियंता (जेई) के पद पर कार्यरत थे।

**नील गाय से तीन मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त, दो युवकों की मौत:** सहारनपुर। जिले में थाना बेहट के अन्तर्गत बीती रात सड़क पर अचानक आई नील गाय की वजह से तीन मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गए जिनपर सवार दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हैं। हादसे में नील गाय की भी मौत हो गई है। पुलिस अधीक्षक (देहात) अतुल शर्मा ने बताया कि शुक्रवार रात दिल्ली-यमुनोत्री राजमार्ग पर स्थित गांव ताजपुरा के निकट एक नील गाय अचानक सड़क पर आ गई जिसे बचाने के लिए वहां से गुजर रहे अक्षय (निवासी, ग्राम धुन्ना, थाना देहातकोतवाली, सहारनपुर) नामक युवक ने अचानक ब्रेक मारा, इसके बावजूद उसकी टक्कर नील गाय से हो गई। इसी दौरान पीछे से आ रही दो और बाइक भी टकरा गई जिनपर क्रमशः निसार और नासिर व विशाल नामक व्यक्ति सवार थे। उन्होंने बताया कि हादसा इतना भीषण था निसार और विशाल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अक्षय बुरी तरह से घायल है।

**बस ने कार को टक्कर मारी, परिवार के तीन सदस्यों की मौत:**सहारनपुर। जिले के बिहारीगढ़ थाना क्षेत्र में एक बस ने कार को टक्कर मार दी जिससे एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (देहात) अतुल शर्मा ने बताया कि उत्तराखंड के देहरादून निवासी प्रवीण चौहान (45) अपनी बेटी शिल्पी की शादी के लिए खरीदारी करने अपने परिवार के सदस्यों के साथ कार से यहां आ रहे थे कि इसी दौरान मोहण्ड के निकट कार की एक बस से टक्कर हो गई। उन्होंने बताया कि जिस बस से टक्कर हुई, वह आज देहरादून में प्रधानमंत्री की रैली में शामिल होने के लिए लोगों को लेकर जा रही थी। शर्मा ने बताया कि हादसे में प्रवीण चौहान, उनकी पत्नी मंजू चौहान (42) और बेटी शिल्पी (22) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दोनों पुत्र दीक्षान्त (20) और विष्णु (17) गम्भीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि बस में सवार कुछ लोग भी मामूली रूप से घायल हुए हैं। प्रवीण देहरादून में जल निगम में अवर अभियंता (जेई) के पद पर कार्यरत थे।

**मुजफ्फरनगर में कार नहर में गिरने से महिला की मौत, पति घायल:**मुजफ्फरनगर।जिले में शनिवार को कार नहर में गिरने के बाद 30 वर्षीय महिला की मौत हो गई जबकि उसका पति घायल हो गया। घायल व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय नेता संजय धीमान का भाई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि घटना चरथावल थानांतर्गत चोकदा गांव में हुई जब पति-पत्नी विवाह समारोह से लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि सचिन इलाज के लिए एक अस्पताल ले जाया गया है।

# अलीगढ़ शराब कांड की आरोपी पूर्व ब्लाक प्रमुख की जेल में मौत

**अलीगढ।** अलीगढ़ जिले के जहरीली शराब कांड की घटना की आरोपी पूर्व ब्लाक प्रमुख रेनु शर्मा की यहां जेल में कथित तौर पर मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए गए हैं। इस बीच मृतक के परिवार के सदस्यों ने जेल अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के लिए विरोध प्रदर्शन किया। रेनु शर्मा (41) को शुक्रवार रात तबीयत बिगड़ने पर जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कहा कि रेनु के पति ऋषि शर्मा जो शराब कांड के मुख्य आरोपियों में से एक हैं और उनके परिवार के पांच अन्य सदस्य भी अलीगढ़ जेल में बंद हैं। रेनु के परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया है कि रेनु को इस सप्ताह की शुरुआत में स्वास्थ्य के आधार पर जमानत दी गई थी लेकिन जेल अधिकारियों ने जानबूझकर उसकी रिहाई की कार्यवाही में कथित तौर पर देरी की। अलीगढ़ के लोधा क्षेत्र में कथित जहरीली शराब पीने के बाद हुई मौतों के बाद 25 मई को रेनु को गिरफ्तार किया गया था और गिरफ्तारी के समय वह कई बीमारियों से पीड़ित थी। रेनु को कई बार अस्पताल में भर्ती कराया गया था और बृहस्पतिवार को ही उसे नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी। रेनु की मौत की खबर फैलते ही उनके समर्थकों की भारी भीड़ शवगृह में एकत्र हो गई और इस पूरे प्रकरण में जवाबदेही के लिए जेल अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। शवगृह परिसर में धरने पर बैठे परिवार के सदस्यों ने कहा कि वे उसका अंतिम संस्कार नहीं करेंगे, जब तक कि जेल में बंद परिवार के अन्य सदस्य अंतिम संस्कार के लिए पैरोल पर रिहा नहीं हो जाते। कई विपक्षी नेताओं ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने मीडियाकर्मियों से कहा कि जब तक जेल के शीर्ष अधिकारियों के खिलाफ कार्वाई नहीं की जाती और सबूतों से छेड़छाड़ के लिए उन्हें तुरंत निलंबित नहीं किया जाता है, तब तक कोई भी जांच निरर्थक होगी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि मामले की न्यायिक जांच का आदेश दिया गया है। उन्होंने बताया कि एहतियात के तौर पर जेल और मुर्दाघर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अधिकारियों ने मई में हुई अलीगढ़ की शराब त्रासदी में पहले मरने वालों की संख्या 40 बताई थी, लेकिन बाद में प्रयोगशाल रिपोर्ट में कई और मौतों की पुष्टि हुई थी। हालांकि सूत्रों ने दावा किया था कि इस त्रासदी में एक हफ्ते में 110 से अधिक लोग मारे गए थे।

# जलयान से विश्वनाथ धाम जाएंगे मोदी

● पीएम काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव के मंदिर में लगाएंगे हाजिरी

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**श्रीकाशी विश्वनाथ** धाम का लोकार्पण करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 दिसंबर को काशी पहुंच जाएंगे। सुबह के वक्त उनका हेलीकाप्टर संपूर्णानंद खेल मैदान में उतरेगा। धाम लोकार्पण के लिए वह गंगा के रास्ते जलयान से जाएंगे। इसके लिए खिड़किया घाट के साथ ही ललिता घाट पर जेटी निर्माण को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जलयान से ही वह असि घाट से बरेका जाएंगे जहां रात्रि प्रवास होगा।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऐतिहासिक कार्य के लोकार्पण से पहले काशी के कोतवाल कालभैरव से अनुमति लेना नहीं भूल सकते हैं। काशी की रेखांकित परंपरा व धार्मिक मान्यता पर चलते हुए सबसे पहले बाबा कालभैरव का दर्शन-पूजन करेंगे। फिर सड़क मार्ग से खिड़किया घाट रवाना होंगे जहां से जलयान पर सवार होकर बाबा श्रीकाशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण करने पहुंचेंगे। इस दौरान देश भर से आए मुख्यमंत्री भी साथ रहेंगे। सभी शंकराचार्य, ज्योर्तिलिंग से आए महंत व धर्माचार्य भी मौजूद रहेंगे। केंद्र व प्रदेश सरकार के मंत्री भी उपस्थित होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शाम को भी बाबा श्रीकाशी विश्वनाथ धाम तक पहुंचेंगे।इस दौरान गंगा के घाटों के साथ ही पूरे शहर में दीपावली जैसा उत्सव मनाया जाएगा। घाटों पर दीप जलाए जाएंगे। झालर से ऐतिहासिक भवनों को सजाया जाएगा। आतिशबाजी की जाएगी। इस मनोहारी दृश्य का अवलोकन करने के लिए के रास्ते पीएम मोदी के साथ मुख्यमंत्रियों का दल भी मौजूद रहेगा। शाम के वक्त रविदास घाट से पीएम मोदी का जलयान गंगा में सैर के लिए निकलेगा। मणिकर्णिका घाट से वापस फिर रविदास घाट पहुंचेगा जहां से पीएम मोदी का काफिला बरेका गेस्ट हाउस के लिए रवाना हो जाएगा। दूसरे दिन यानी 14 दिसंबर को बाबा श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में ही मुख्यमंत्रियों का सम्मेलन होगा जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संबोधित करेंगे। इस दिन ही संत सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे। स्वर्वेद महामंदिर भी जाएंगे।

### 23 को दोबारा आएंगे बनारस

**तय** हुए कार्यक्रम के अनुसार 23 दिसंबर को पीएम मोदी दोबारा बनारस आएंगे। इस दिन विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा शाहंशाहपुर में आयोजित जैविक खेती को लेकर राष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित करेंगे। इसमें करीब छह हजार से अधिक किसान के साथ ही कृषि विज्ञानी व प्रगतिशील किसान भी शामिल होंगे। गुजरात के राज्यपाल की मौजूदगी की संभावना भी जताई जा रही है।

# काशी और मथुरा में मंदिर के लिए बने कानून



**भदोही।** अर्न्तार्ष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष प्रवीण भाई तोगड़िया ने शनिवार को कहा कि जिस तरह से धारा 370 के अधिकतर प्रावधान हटाए गए उसी तरह से काशी और मथुरा में मंदिर बनाने के लिए कानून बनाया जाना चाहिए। यहां एक कार्यक्रम में भाग लेने आए तोगड़िया ने पत्रकारो से बातचीत में कहा, जिस तरह से जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटाई गई है, उसी तरह से काशी और मथुरा में मंदिर बनाने के लिए ?392ानून लाया जाना चाहिए। हालांकि तोगड़िया ने उम्मीद जताई कि धारा 370 हट गया तो यह भी हो जाएगा। कानून बनाकर सरकार को दोनो जगह मंदिर बनाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के बारे में उन्होंने कोई टिप्पणी नही की लेकिन उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकार के बारे मे पूछे जाने पर कहा, हम तो भगवा, जोगी और योगियो के समर्थक रहे है। योगी सरकार की दोबारा वापसी के सवाल पर उन्होंने कहा कि चुनौती बड़ी है। तोगड़िया ने कहा कि कुछ वरिष्ठ लोगो से बातचीत हो रही थी तो लोगों ने कहा कि जो वोट मिलता था उसमे चालीस प्रतिशत वोट नही मिलेगा, इसलिए मेहनत करनी पड़ेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संबंधो के बारे मे तोगड़िया ने कहा, वो प्रधानमंत्री है और मै एक छोटा व्यक्ति हूं तो प्रधानमंत्री से एक छोटे व्यक्ति के संबंध कैसे हो सकते है।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर एडीजी सख्त



● प्रेम प्रकाश पहुंचे सुभाष चौराहा, मचा हड़कंप करायी सघन वाहन चेकिंग-पढ़ाया यातायात पालन का पाठ

**प्रयागराज।** दो पहिया में तीन सवारी बगैर हेलमेट के बाइक चलाने वाले और कार में सीट बेल्ट और मास्क का प्रयोग न करने वालों के खिलाफशनिवार को सख्ती बरती गई। यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध प्रयागराज जोन के एडीजी प्रेम प्रकाश को खुद सड़क पर उतरना पड़ा। शाम करीब सात बजे अचानक अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन प्रेम प्रकाश सुभाष चौराहे पहुंच गए। जैसे ही उनकी इनोवा कार सुभाष चौराहे पर रुकी तो पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। एडीजी जोन के सुभाष चौराहे पर पहुंचने की सूचना पर फौरन एसपी सिटी दिनेश कुमार सिंह सीओ सिविल लाइंस संतोष कुमार सिंह समेत प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन आनन फानन में सुभाष चौक पहुंच गए। तमाम आलाधिकारी एक एक बाइक और कार वालों को रोक रोककर उनके दस्तावेज की जांच की और उनका चालान तो किया ही साथ ही उन्हें यातायात का पाठ भी पढ़ाया। फौरी तौर पर ऐसे बाइक वालों को रोका गया जिनमें तीन सवारी बैठे थे और उन्होंने हेलमेट भी नही लगा रखा था। ऐसे बाइक वालों का चालान किया गया। उन्हें हेलमेट पहनने की सलाह भी दी गयी। हालांकि एडीजी जोन प्रयागराज प्रेम प्रकाश से इस बाबत बात की तो उन्होंने बताया कि यह रूटीन चेकिंग की गई है। शाम को लोग बगैर हेलमेट के बाइक में बैठकर फर्राटा भरते हैं। ऐसे लोगों का चालान कर उनके खिलाफकड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अभी हाल में ही नवंबर में यातायात माह का समापन हुआ है लेकिन लोग यातायात नियमों का पालन करने के बजाए नियमों का उलंघन करने से बाज नही आ रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफपुलिस सख्ती से निपटेगी। उन्होंने ऐसे बाइक चालकों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक यातायात अरुण कुमार दीक्षित को कड़े निर्देश दिए हैं। साथ ही कोविड 19 के तीसरे वैरियंट ओमिक्रोन को लेकर एडीजी प्रेम प्रकाश से सामाजिक दूरी और मास्क का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए भी कहा है। कहा कि ऐसे लोगों के विरुद्ध हर रोज कार्यवाही की जाए।

## एनसीजेडसीसी में राष्ट्रीय शिल्प मेले की चौथी शाम

# छत्तीसगढ़ी शैली में पाण्डवों की कथा की मनोहारी प्रस्तुति

● गंगा जमुनी तहजीब से सराबोर सांस्कृतिक संध्या का हुआ आयोजन

● बहुचर्चित युवा गायक विष्णु राजा ने मधुर आवाज में भजनों की माला से लोगों को किया मंत्रमुग्ध



**प्रयागराज।** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित बारह दिवसीय शिल्प मेले के चौथे दिन शनिवार को महिलाओं का आकर्षण एवं हस्तशिल्प और घर के साज सज्जा की वस्तुएं रहीं। सांसद केशरी देवी पटेल ने दीप प्रज्ज्वलित कर संध्या का शुभारम्भ किया। आश्रया द्विवेदी ने माँ विन्ध्यवासिनी को समर्पित देवी गीत और कजरी की प्रस्तुति की। छत्तीसगढ़ भाषा शैली में पाण्डवों की कथा को गाकर प्रस्तुत करने की परम्परा पाण्डवानी गायन के अन्तर्गत सुपरिचित पाण्डवानी गायिका सम्प्रिया पूजा द्वारा अपनी मधुर आवाज और अनूठे अंदाज में द्रौपदी चीर हरण के प्रसंग को जीवंत किया। मध्य प्रदेश के खण्डवा की साधना उपाध्याय एवं उनकी सखियों के द्वारा शिव और पार्वती को समर्पित गणगौर नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। फैजाबाद की माटी की सोंधी महक यादव समुदाय द्वारा एक माला के रूप में पिरोकर फरवही नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। रंग रगीले राजस्थान की बहुरंगी सांस्कृतिक छटा को किशनगढ़ से आए वीरेन्द्र सिंह गौड़ एवं उनके दल द्वारा चरी एवं घूमर नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। नवजात शिशु के जन्म के अवसर पर पंवरिया और सोहर की परम्परा को बिहार के हरि कृष्ण एवं दल ने बड़ी ही खूबसूरती से नृत्य और गायन के माध्यम से प्रस्तुत किया। स्थानीय कलाकारों ने लोकगीत एवं लोकनृत्यों की प्रस्तुति दी। इससे पहले तीसरे दिन शुक्रवार को कलाकारों द्वारा मनोहारी प्रस्तुतियां की गयी। शिल्पहाट परिसर में आयोजित राष्ट्रीय शिल्प मेले की तीसरी संध्या में दर्शकों ने समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर की एकरूपता का दर्शन करते हुए गंगा जमुनी तहजीब से सराबोर सांस्कृतिक संध्या का आनंद लिया। एक तरफजहाँ विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की महक रही। वहीं दूसरी ओर महिलाओं को आकर्षित करते हुए विभिन्न प्रकार हस्तनिर्मित देशज परिधान और श्रृंगार सामग्रियों के साथ सुगन्धित इत्र ने मेले की शोभा को भव्यता प्रदान की। सायंकालीन सांस्कृतिक संध्या की कड़ी में प्रयागराज के बहुचर्चित युवा गायक विष्णु राजा ने अपनी मधुर आवाज में भजनों की माला से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। चलो रे मन श्री वृन्दावन धाम भजन ने दर्शकों को कृष्णमयी धारा में प्रवाहित कर दिया वहीं लोकगीत हे री सखी मंगल गाओ री को भी दर्शकों ने खूब सराहा। त्रिपुरा के कलाकारों द्वारा गीतों पर अपने पारंपरिक परिधानों से सुसज्जित ढोल और बांसुरी की मधुर तान पर खूबसूरत नृत्य की प्रस्तुति की। साथ ही ब्रज धाम के कलाकारों द्वारा राधा कृष्ण के प्रसंगों को जोड़ते हुए फूलों की होली के माध्यम से पूरे वातावरण को आल्हादित कर दिया। हरे भरे हरियाणा की माटी की सोंधी महक को अजय कश्यप और उनके साथी कलाकारों ने हरियाणवी लोकनृत्य के माध्यम से दर्शकों को बांधे रखा। सागर मध्य प्रदेश के 90 वर्षीय राम सहाय पाण्डेय ने राई नृत्य के माध्यम से बुन्देलखण्ड की श्रृंगार प्रधानता का प्रदर्शन किया। मध्य प्रदेश छिन्दवाड़ा के विजय कुमार बन्देवार और उनके साथी कलाकारों द्वारा गौंड जनजाति के पारम्परिक नृत्य प्रस्तुत किया गया।

## पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत मां से बिछड़े बच्चों को मिलाया

**गुरसहायगंज** (कन्नौज)। किसी कार्य से अपनी मां के साथ आए दो मासूम बच्चे बाजार में कहीं बिछड़ कर गुम हो गए। जिन्हें कोतवाली पुलिस द्वारा बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। शनिवार को ग्राम तिसौली निवासी मदन चंद्र की पत्नी सुनीता बाजार में आधार कार्ड बनवाने के लिए अपने दो बच्चे 05 वर्षीय अंश एवं 07 वर्षीय शालिनी के साथ बाजार में आई हुई थी। तभी उसके दोनों बच्चे भीड़ में कहीं गुम हो गए। जो कि किसी तरह कस्बा चौकी में पहुंच गए। जहां मौजूद कस्बा प्रभारी मनोज कुमार पांडे ने बच्चों से पूछताछ कर परिजनों के बारे में जानकारी हासिल की और दूरभाष पर बच्चों के पिता को बच्चों के मिलने की सूचना दी। जिस पर कोतवाली पहुंचे बच्चों के परिजनों को प्रभारी कोतवाल राजकुमार सिंह, महिला कांस्टेबल रेनू, कामिनी, प्रीति और नेहा ने दोनों बच्चों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जिससे उनकी आंखों में खुशी के आंसू छलक आए और पुलिस प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पुलिस ने चलाया बीट चलो अभियान

**गुरसहायगंज** (कन्नौज)। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अपराध नियंत्रण हेतु कोतवाली पुलिस द्वारा चलाए जा रहे बीट चलो अभियान के तहत नौरंगपुर व मझपुर्वा चौकी के अंतर्गत ग्राम गुरगुजपुर व गढियाकछपुरा में चौकी प्रभारियों ने बैठक ली और ग्रामीणों से अपने आसपास हो रहे गैरकानूनी कार्यो की सूचना देने की अपील की।शनिवार को नौरंगपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम गुरगुजपुर में पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के निर्देशन पर कोतवाली पुलिस द्वारा क्षेत्र में बीट चलो अभियान के तहत रजिस्टर नंबर आठ की चेकिंग, दुराचारी/अपराधियों की चेकिंग, लाइसेंसी शस्त्रों का सत्यापन किया गया। इसके उपरांत ग्रामीणों से विभाग का सहयोग करने की अपील की गई। उधर मझपुर्वा चौकी के ग्राम गढ़ियाकछपुरा में चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र ने भी बीट चलो अभियान चलाकर ग्रामीणों को जागरूक किया।

इस दौरान थाना प्रभारी राजकुमार सिंह, उप निरीक्षक ब्रजमोहन पाल, हेड कांस्टेबल अवधेश कुमार, हरिपाल, राघव, राजदीप, सनी तोमर, तुषार, सुनील व महिला

# मप्र में पेसा अधिनियम लागू: चौहान

भाषा। इंदौर

**मध्य प्रदेश** के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों में शनिवार से पेसा अधिनियम लागू होने की अहम घोषणा करते हुए मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पर निशाना साधा और पूछा कि उसने अपने राज के दौरान आदिवासी बहुल इलाकों में इस कानून को अमल में लाने के लिए कौन-सा कदम उठाया था?

चौहान ने जनजातीय क्रांतिकारी टंट्या भील के बलिदान दिवस पर इंदौर के नेहरू स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आदिवासियों की मौजूदगी में पेसा अधिनियम लागू किए जाने की अधिसूचना पढ़ी और कहा, पिछले कई वर्षों से पेसा अधिनियम लागू किए जाने की मांग हो रही थी। हमने आज से राज्य में यह अधिनियम लागू कर दिया है। उन्होंने कहा कि पेसा अधिनियम लागू होने से आदिवासियों की बड़ी आबादी वाले अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभाएं सशक्त होंगी और उन्हें ज्यादा अधिकार मिलेंगे जिससे इन इलाकों में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस

## ● आदिवासी बहुल इलाकों में ग्राम सभाओं को मिलेंगे ज्यादा अधिकार

नेताओं की ओर साफ इशारा करते हुए कहा, हमें पानी पी-पीकर कोसने वाले लोग बताएं कि उन्होंने अपने शासनकाल के दौरान राज्य में पेसा अधिनियम लागू करने के लिए क्या किया था? गौरतलब है कि 1996 के दौरान वजूद में आया पंचायतों के प्रावधान (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम (पेसा) अनुसूचित क्षेत्रों में बसे आदिवासियों को स्थानीय स्वशासन के अधिकार भी प्रदान करता है। चौहान ने कार्यक्रम में यह घोषणा भी की कि आदिवासियों पर मामूली प्रावधानों के तहत दर्ज आपराधिक मामले वापस लिए जाएंगे और इस समुदाय के पात्र लोगों को जमीन के सरकारी पट्टे देने का अभियान जारी रहेगा। इसके साथ ही,पट्टे की जमीन पर घर बनाने के लिए आदिवासियों को राज्य सरकार द्वारा मुफ्त रेत भी प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह 'शराब जैसी बुराई का नाश' और 'नशा



मुक्ति' चाहते हैं। लेकिन फिलहाल ऐसा किया जाना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। आदिवासी रीति-रिवाजों में देशी शराब के उपयोग को रेखांकित करते हुए चौहान ने कहा कि राज्य की आगामी आबकारी नीति में जनजातीय समुदाय के लोगों को परंपरागत शराब बनाने का अधिकार दिया जाएगा और इसे 'विरासत मदिरा' के रूप में शराब की दुकानों पर बेचने की अनुमति भी दी जाएगी। उन्होंने कहा, बड़े-बड़े लोग शराब कारखाने चलाएं और गरीब आदिवासियों को परंपरागत शराब बनाने पर गिरफ्तार कर लिया जाए, ऐसा नहीं होगा। कार्यक्रम को राज्य के राज्यपाल मंगु भाई पटेल ने भी संबोधित किया। इससे पहले, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने इंदौर से करीब 35 किलोमीटर दूर पातालपानी में आयोजित अन्य कार्यक्रम में टंट्या भील की अष्टधातु की प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि लम्बे समय तक देश की सत्ता में रही इस पार्टी ने टंट्या भील सरीखे आदिवासी शहीदों का योगदान भुलाकर केवल नेहरू-गांधी परिवार को महिमामंडित किया। जानकारों का कहना है कि अंग्रेजों ने टंट्या भील को चार दिसंबर 1889 को राजद्रोह के जुर्म में जबलपुर के जेल में फांसी दी थी। माना जाता है कि पातालपानी में टंट्या भील का अंतिम संस्कार किया गया था।

# बसपा ने मप्र के सीधी जिले में नेताओं, कार्यकर्ताओं की सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल का गठन किया

भाषा। सीधी (मप्र)

**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) ने आरोप लगाया कि पार्टी नेताओं को सुरक्षा पाने में भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है और पार्टी ने अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं की सुरक्षा के लिए अपना एक सुरक्षा बल का गठन किया है। मध्य प्रदेश के सीधी जिले के बसपा पदाधिकारी ने शनिवार को यह बात कही।

बसपा के सीधी जोन के प्रभारी राम खिलाड़ी रजक ने कहा कि पार्टी के इस सुरक्षा बल को मंजूरी देने के लिए पुलिस से अनुमति मांगी गई है। हालांकि पुलिस ने कहा कि इस तरह की व्यवस्था की कोई कानूनी वैधता नहीं है। रजक ने कहा, इस सुरक्षा बल को बसपा कार्यकर्ताओं और नेताओं की सुरक्षा का काम सौंपा जाएगा क्योंकि उनका उत्पीड़न किया जाता है और उनकी सुरक्षा की अनदेखी की जाती है। उन्होंने कहा कि बसपा प्रमुख मायावती द्वारा दिए निर्देश और मध्य प्रदेश में पार्टी के भोपाल स्थित कार्यालय से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार सुरक्षा दल का गठन किया गया है। उन्होंने कहा, हम उत्पीड़ित हैं और अपने नेताओं को सुरक्षा दिलाने में भेदभाव का सामना कर रहे हैं, इसलिए हमने इस सुरक्षा बल का गठन कर सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। उन्होंने कहा कि 16 सदस्ईय इस बल में तीन इंस्पेक्टर, चार सब इंस्पेक्टर और नौ कांस्टेबल शामिल हैं। सोशल मीडिया में वायरल हुए एक वीडियो में नेम प्लेट के साथ सफेद शर्ट और नीली पैंट पहने बसपा के सुरक्षा दस्ते के तीन सदस्य दिखाई दे रहे हैं। उनके कंधों पर रैंक के अनुसार सितारों के साथ नीली धारियों वाली पट्टी लगी दिखाई दे रही है। यह वीडियो तब शूट किया गया जब वे शुक्रवार को सीधी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय में गए थे। इस बीच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अंजुलता पटले ने पुष्टि की कि बसपा नेताओं ने पुलिस को ऐसे सुरक्षा बल के बारे में सूचित किया है।

## कांग्रेस और संप्रग के बाहर की पार्टियों को मिलाकर विपक्ष को एकजुट करने की जरूरत: मलिक

**नागपुर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के मुख्य प्रवक्ता नवाब मलिक ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस के बिना कोई संयुक्त विपक्ष नहीं हो सकता, लेकिन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के बाहर की पार्टियों को भी ऐसे गठबंधन का हिस्सा होना चाहिए। इस सप्ताह मुंबई में अपने दौरे के दौरान तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी ने कहा था कि अब कोई संप्रग नहीं है। बनर्जी ने इसके अलावा कांग्रेस नेतृत्व पर भी सवाल खड़ा किया था। मलिक ने यहां हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने यह साफ कर दिया है कि कांग्रेस के बिना विपक्षी एकता नहीं हो सकती। मंत्री ने कहा कि इसके साथ ही विपक्ष के लगभग 150 लोकसभा सदस्य हैं, जो संप्रग के सदस्य नहीं हैं। उन्होंने कहा, हमें विपक्ष को साथ लाना है। शरद पवार इस पर काम करने के लिए तैयार हैं। भाजपा के खिलाफ विपक्षी गठबंधन का कौन नेतृत्व करेगा इस सवाल पर मलिक ने कहा कि पवार ने साफ-साफ कहा था कि सामूहिक नेतृत्व होगा।

## वैष्णो देवी तीर्थयात्रियों से कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन करने की अपील

**जम्मू।** कोविड-19 के बढ़ते मामलों और इसके नए स्वरूप ओमीक्रोन पर चिंता के बीच, श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) ने शनिवार को भक्तों से सख्ती के साथ कोविड-19 दिशानिर्देशों का पालन करने की अपील की। रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित पवित्र मंदिर में हर दिन देश भर से हजारों तीर्थयात्री आते हैं। एसएमवीडीएसबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रमेश कुमार ने श्रद्धालुओं से 72 घंटे से भी कम समय पहले प्राप्त आरटी-पीसीआर रिपोर्ट साथ लाने की अपील की है। बोर्ड के एक प्रवक्ता ने बताया कि मास्क अनिवार्य हैं, और प्रवेश बिंदुओं पर श्रद्धालुओं के शरीर का तापमान की भी जांच की जाती है। प्रवक्ता ने बताया कि बोर्ड तीर्थयात्रियों, कर्मचारियों और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने परिसर को भी सेनिटाइज कर रहा है।

## लोग पहले ही गोवा को कसीनो राजधानी का तमगा दे चुके हैं: केंद्रीय मंत्री

भाषा। पणजी

**केंद्रीय** पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी ने शनिवार को कहा कि गोवा को लोग पहले ही कसीनो राजधानी का तमगा दे चुके हैं। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, लोग पहले ही गोवा को कसीनो राजधानी का तमगा दे चुके हैं। हमें (सरकार) यह देने की जरूरत नहीं है। जनता पहले ही इसकी घोषणा कर चुकी है। रेड्डी यहां तटीय राज्य के लिए विभिन्न पर्यटन प्रोत्साहन पहलों की घोषणा करने आए थे। केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाइक भी इस अवसर पर मौजूद थे। यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार द्वारा गोवा को भारत की कसीनो राजधानी के रूप में घोषित किया जाएगा, उन्होंने कहा, जनता यहां (कसीनो के लिए) है। वे या तो यहां हैं या सिक्किम में (दोनों जगह जहां कसीनो की अनुमति है)। मंत्री ने कहा, अगर गोवा को कसीनो राजधानी के रूप में घोषित करके लाभ मिलता है, तो हम निश्चित रूप से ऐसा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि महामारी ने राज्य में पर्यटन क्षेत्र को प्रभावित किया है, जो अब फिर से सुधर रहा है क्योंकि घरेलू यात्रियों ने देश भर में जाना शुरू कर दिया है। मंत्री ने कहा, घरेलू पर्यटन का मौसम जोर पकड़ रहा है, लेकिन अब तीसरी लहर को लेकर आशंकाएं हैं। मैं लोगों से देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों का दौरा करते समय सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील करता हूं। गोवा के बारे में उन्होंने कहा, आने वाले दिनों में क्रूज पर्यटन एक बड़ा क्षेत्र बन जाएगा जिसे सागरमाला परियोजना के तहत मिशन मोड पर ले जाया जाएगा। रेड्डी ने कहा कि केंद्रीय पर्यटन और जहाजरानी मंत्रालय गोवा में पर्यटन के विकास पर कार्ययोजना तैयार करने के लिए अगले सप्ताह बैठक करेंगे।

## विवादित ढांचा विध्वंस की 29वीं बरसी पर जगह-जगह सुरक्षा घेरा

**कोयंबटूर।** उत्तर प्रदेश के आयोध्या में विवादित ढांचा गिराए जाने की 29वीं बरसी के मौके पर छह दिसंबर को किसी भी तरह की घटना को टालने के लिए शहर और उसके आसपास शनिवार दोपहर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस ने बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड की मदद से रेलवे स्टेशनों, एयरपोर्ट और सार्वजनिक स्थानों पर यात्रियों की तलाशी शुरू कर दी है। रेलवे पुलिस ने भी रेल लाइनों की जांच की। संवेदनशील इलाकों और शहर के पूजा स्थलों पर पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। पुलिस ने कहा कि इसी तरह की जांच ग्रामीण क्षेत्रों में भी की जा रही है। पुलिस का अनुमान है कि अयोध्या पर उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद हिंदू संगठन शौर्य दिवस (बहादुरी दिवस) नहीं मनाएंगे, जैसा कि उन्होंने पिछले साल तक किया था। उन्होंने कहा कि मुस्लिम संगठन और पार्टियां यम-ए-गम (दुख का दिन) मनाएंगे और जुलूस निकालेंगे तथा चुनिंदा स्थानों पर प्रदर्शन करेंगे उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के सीमावर्ती इलाकों में वाहनों की जांच तेज की जा रही है।



आगरा में ओमीक्रोन की चिंता को लेकर ताजमहल के परिसर में सनटाइजेशन करता सफाई कार्यकर्ता

## बिना जोखिम वाले देशों से बेंगलुरु पहुंचने पर दो प्रतिशत यात्रियों को औचक कोविड जांच से गुजरना होगा

भाषा। बेंगलुरू

**कर्नाटक** के बेंगलुरु स्थित केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) ने शनिवार को कहा कि कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के बाद नए नियमों के अनुसार बिना जोखिम वाले देशों से पहुंचने वाले दो प्रतिशत लोगों को औचक कोविड जांच से गुजरना होगा।

हवाई अड्डे का प्रबंधन देखने वाली कंपनी बेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (बीआईएएल) ने एक ट्वीट में कहा, अंतरराष्ट्रीय यात्रा दिशानिर्देशों के अनुसार, जो देश जोखिम वाले देशों की सूची में शामिल नहीं हैं, वहां से आने वाले यात्रियों में से दो प्रतिशत को आगमन पर हवाई अड्डे पर औचक (कोविड) परीक्षण से गुजरना होगा। ओमीक्रोन से दुनियाभर में चिंता के बीच भारत सरकार ने 30 नवंबर को कुछ नए दिशानिर्देश जारी किए थे, जिनमें कहा गया है कि जोखिम सूची से बाहर के देशों के यात्रियों को हवाई अड्डे से बाहर जाने की अनुमति दी जाएगी और आगमन के बाद उन्हें 14 दिन के लिए अपने स्वास्थ्य की स्वयं निगरानी करनी होगी। इनमें कहा गया है कि ऐसे हवाई यात्रियों में से कुछ या दो प्रतिशत को आगमन के बाद हवाई अड्डे पर औचक कोविड जांच से गुजरना होगा। निर्देशों के अनुसार, प्रत्एक उड़ान में ऐसे यात्रियों में से दो प्रतिशत की पहचान संबंधित एअरलाइन द्वारा की जानी चाहिए और ऐसे यात्रियों को आगमन पर परीक्षण क्षेत्र में एअरलाइन या नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा ले जाया जाना चाहिए। केंद्र सरकार के आदेश में कहा गया है कि जोखिम श्रेणी में शामिल देशों से आने वाले यात्रियों को एअरलाइन द्वारा सूचित किया जाना चाहिए कि उन्हें पहुंचने पर जांच करानी होगी और संक्रमित पाए जाने के बाद कड़े पृथक-वास प्रोटोकॉल से गुजरना होगा।

## राजस्थान: पंचायत समिति सदस्यों के लिए 1,946 उम्मीदवार चुनावी मैदान में

**जयपुर।** राज्य के चार जिलों में पंचायत समिति सदस्यों के लिए 1946 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। राज्य के चुनाव आयुक्त प्रेम सिंह मेहरा ने बताया बारां, कोटा, श्रीगंगानगर और करौली जिले में जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए होने वाले चुनाव में नामांकन पत्रों की संवीक्षा और नाम वापसी के बाद कुल 2,251 उम्मीदवार चुनावी मैदान में रह गए हैं। इनमें से 1946 उम्मीदवार पंचायत समिति सदस्यों के लिए जबकि 305 उम्मीदवार जिला परिषद सदस्यों के लिए चुनाव लड़ेंगे।

मेहरा ने बताया कि 106 जिला परिषद सदस्यों में तीन और 568 पंचायत समिति सदस्यों में से छह सदस्यों को निर्विरोध चुन लिया गया है। इस तरह अब 103 जिला परिषद सदस्य और 562 पंचायत समिति सदस्यों के लिए चुनाव होगा। उन्होंने बताया कि नाम वापसी के साथ ही चुनाव प्रतीकों का आवंटन एवं चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन कर दिया गया है।

# राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने जनता का विश्वास खोया: पूनियां

भाषा। जयपुर

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां ने शनिवार को कहा कि राज्य की मौजूदा कांग्रेस सरकार अपने चुनावी वादों पर खरा नहीं उतरी है और जनता का विश्वास खो चुकी है। पूनियां ने साथ ही विश्वास जताया कि राज्य में 2023 में अगली सरकार भाजपा की बनेगी। पूनियां शनिवार को पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक यहां शुरू हुई।

बैठक में पूनियां ने कहा, राजस्थान भाजपा कार्यकर्ताओं के दिन-रात मेहनत करने के बावजूद और हमारी सरकारों द्वारा जनहित के कार्य करने के बावजूद राजस्थान में एक बार भाजपा और एक बार कांग्रेस का सिलसिला चला आ रहा है। मैं आप सब कार्यकर्ताओं से आह्वान करता हूँ कि राजस्थान को कांग्रेस मुक्त राजस्थान बनाएं और भाजपा को राजस्थान में अजय भाजपा बनाने का संकल्प आज लें। उन्होंने कहा, हम सब मिलकर 2023 के विजय संकल्प को पूरा करेंगे और उसके बाद हर बार प्रदेश में भाजपा की सरकार बने इसके लिए कार्य करेंगे। राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए पूनियां ने कहा, राज्य की कांग्रेस सरकार पूर्ण रूप से जनता में अपना विश्वास खो चुकी है। कांग्रेस ने 2018 में अपने घोषणापत्र में 10 दिन में किसानों का सम्पूर्ण कर्जा माफ करने, बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देन व बिजली की दरों में किसी प्रकार की बढ़ोतरी नहीं करने का वादा किया था लेकिन राज्य की अशोक गहलोत सरकार इन सब वादों से मुकर चुकी है। इसके चलते जनता में कांग्रेस सरकार के विरूद्ध भारी आक्रोश है।

बैठक में पारित राजनीतिक प्रस्ताव में भी कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा गया है, राज्य की जनता दहशत में है, अपराधियों के हौसले बुलंद हैं, सरकार का इकबाल खत्म है, प्रदेश की जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है, दूसरी तरफ आंतरिक संघर्ष से जूझ रही व सत्ता के मद में चूर कांग्रेस सरकार बेपरवाह होकर भ्रष्टाचार के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। पूनियां ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही दुनिया की एकमात्र पार्टी है जिसमें लोकतंत्र पूर्ण रूप से बसता है। उन्होंने कहा, भाजपा के अलावा आज देश की सभी पार्टियां किसी न किसी परिवार की पार्टी कहलाती है मगर भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जिसमें अटल बिहारी वाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी जैसे सामान्य कार्यकर्ता देश के शीर्ष पदों को सुशोभित करते हैं। नरेंद्र मोदी जैसा चाय बेचने वाला कार्यकर्ता देश का प्रधानमंत्री बनकर दुनिया का सबसे शक्तिशाली नेता बनने का गौरव हासिल कर सकता है।

## पुलिसकर्मी पशु तस्करों से घूस लेते हैं और सो जाते हैं: कर्नाटक गृहमंत्री

भाषा। बेंगलुरु

**कर्नाटक** के गृहमंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने पुलिस के एक वर्ग पर निशाना साधते हुए कहा है कि ए (पुलिसकर्मी) पशु तस्करों से रिश्वत लेते हैं और उन्हें बेझिझक तस्करी करने की छूट देते हैं। वायरल हुए एक वीडियो क्लिप में, ज्ञानेंद्र को कथित तौर पर मवेशियों, विशेषकर गायों की चोरी और तस्करी को रोकने में विफल रहने के लिए एक पुलिस अधिकारी पर फोन पर चिल्लाते हुए देखा जा सकता है। ज्ञानेन्द्र को वीडियो में यह कहते हुए सुना गया है, मवेशियों को लाने-ले जाने वाले आदतन अपराधी हैं। आपके अधिकारी यह जानते हैं, लेकिन फिर भी वे घूस लेते हैं और कुत्तों की तरह सो जाते हैं। आपकी पुलिस को आत्मसम्मान की आवश्यकता है।

उन्हें यह भी कहते हुए सुना जा सकता है, मैंने अब तक कुछ नहीं कहा था, लेकिन क्या मुझे गृह मंत्री के रूप में बने रहना चाहिए या नहीं? उन्होंने दावा किया है कि चिक्कमगलुरु और शिवमोगा जिलों में मवेशियों की तस्करी चल रही है। वीडियो के अनुसार ज्ञानेन्द्र ने कहा, "आज पूरा पुलिस बल सड़ा हुआ है। हम वेतन दे रहे हैं लेकिन कोई भी केवल वेतन पर नहीं रहना चाहता। वे रिश्वत पर रहना चाहते हैं। मंत्री ने बाद में स्पष्ट किया कि उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों को नहीं, बल्कि पुलिस के एक वर्ग के बारे में ऐसा कहा है। हालांकि, उन्होंने कहा कि शिवमोगा जिले के तीर्थल्ली तालुक स्थित उनके गांव में, पशु तस्करों ने पशु अधिकारों की रक्षा में जुटे दो कार्यकर्ताओं को अपने वाहन से उस वक्त कुचलने का प्रयास किया जब उन्हें रोकने की कोशिश की गई। ज्ञानेंद्र ने कहा, उनकी (पशु अधिकार कार्यकर्ताओं की) हालत इतनी गंभीर थी कि मैंने उन्हें बेंगलुरु के मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया। मुझे बहुत दुख हुआ। यह एक अमानवीय कृत्य है।



जम्मू में कोविड-19 कंटेनमेंट जोन घोषित होने के बाद एक आवासीय क्षेत्र को सील करते सुरक्षा कर्मी

## केरल के स्कूलों के 1495 शिक्षकों का टीकाकरण अब भी बाकी: शिक्षा मंत्री

**तिरूवनंतपुरम।** केरल में सरकारी स्कूल के 1707 शैक्षिक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी हैं जिनका अब तक टीकाकरण नहीं हुआ है। प्रदेश सरकार के शिक्षा मंत्री वी शिवांकुट्टी ने इसकी जानकारी दी। शिवांकुट्टी ने बताया कि इसमें 1495 शिक्षक हैं जबकि 212 शिक्षकेत्तर कर्मचारी हैं। मंत्री ने कहा, लोअर प्राइमरी, अपर प्राइमरी एवं हाई स्कूल खंड में कुल 1066 शिक्षक हैं और 189 शिक्षकेत्तर कर्मचारी हैं। उच्चतर माध्यमिक खंड में 200 शिक्षक और 23 गैर-शिक्षण कर्मचारी हैं, जिन्होंने अब तक टीका नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक उच्च माध्यमिक खंड में 229 शिक्षक ऐसे हैं जिन्होंने अब तक टीका नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि जिन स्कूल कर्मचारियों ने टीका नहीं लिया है उन्हें हर हफ्ते आरटीपीसीआर रिपोर्ट देनी होगी। महामारी के कारण डेढ़ साल से अधिक समय तक बंद रहने के बाद राज्य में एक नवंबर से स्कूल फिर से खोल दिए गए हैं।

## हैदराबाद का आईएएमसी जल्द ही विदेशों के प्रतिष्ठित संस्थानों के समान होगा: सीजेआई रमण

भाषा। हैदराबाद

**भारत** के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) एन वी रमण ने शनिवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता समझौते में शामिल होने वाले भारतीय पक्ष अक्सर देश के बाहर एक मध्यस्थता केंद्र का विकल्प चुनते हैं, जिसके कारण उन्हें बहुत अधिक खर्चों का बोझ उठाना पड़ता है, लेकिन यहां अंतरराष्ट्रीय पंचाट एवं मध्यस्थता केंद्र (आईएएमसी) की स्थापना से चलन बदल जाएगा। वह शहर में आईएएमसी के पूर्वावलोकन (कर्टेन रेज़र) और हितधारक सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, भारत में कुछ मध्यस्थता केंद्रों की मौजूदगी के बावजूद, वाणिज्यिक मध्यस्थता समझौतों में प्रवेश करने वाले भारतीय पक्ष अक्सर भारत के बाहर एक मध्यस्थता केंद्र का विकल्प चुनते हैं, जिस पर उनका बहुत अधिक खर्च होता है। उन्होंने कहा कि हैदराबाद में आईएएमसी की स्थापना के बाद भारत में यह चलन बदल जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र पेरिस, सिंगापुर, हांगकांग, लंदन, न्यूयार्क और स्टॉकहोम जैसे ज्यादातर वाणिज्यिक केंद्रों में स्थित हैं। हैदराबाद में आईएएमसी की स्थापना उत्कृष्ट बुनियादी ढांचा के साथ होगी और यहां अंतरराष्ट्रीय ख्यातिलब्ध आर्बिट्रेटर और मध्यस्थकार पैनल में शामिल होंगे। न्यायमूर्ति रमण ने कहा कि इस केंद्र पर बेहतर कामकाज सुनिश्चित करने और नियमों का मसौदा तैयार करने के लिए दुनिया भर से सर्वोत्तम प्रथाओं को ध्यान में रखा जा रहा है। उन्होंने कहा, वैश्विक परिप्रेक्ष्य और गुणवत्ता पर जोर देने के साथ मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि जल्द ही इसकी तुलना सिंगापुर इंटरनेशनल सेंटर और लंदन इंटरनेशनल सेंटर जैसे मध्यस्थ संस्थानों से की जाएगी। इस अवसर पर मौजूद तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने हैदराबाद में मध्यस्थता केंद्र से होने वाले लाभों और उनकी सरकार द्वारा इसे अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता का एक मजबूत केंद्र बनाने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर विस्तार से चर्चा की।

## शासन में एक-दूसरे के सर्वोत्तम तरीकों को अपनाएं राज्य: जितेंद्र सिंह

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने शनिवार को कहा कि राज्यों को शासन में एक-दूसरे के सर्वोत्तम तरीकों को अपनाना चाहिए। उन्होंने सुशासन के तरीकों की प्रतिकृति पर एक क्षेत्रीय सम्मेलन के समापन सत्र में बोलते हुए कहा कि नागरिक केंद्रित प्रशासन मोदी सरकार के शासन मॉडल के केंद्र में है। कार्मिक राज्य मंत्री ने कहा कि शासन की गुणवत्ता में सुधार की दिशा में केंद्र सरकार में बदलाव राज्यों और जिलों में परिलक्षित होना चाहिए क्योंकि इसका उद्देश्य भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी शासन प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि शासन में सर्वोत्तम तरीकों को सभी राज्यों द्वारा अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अच्छे तरीके साझा होने पर सर्वोत्तम तरीके बन जाते हैं। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने वर्चुअल माध्यम से सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन में क्षमता निर्माण, लक्ष्यों के साथ रणनीतियों को संरेखित करना, जवाबदेह होना, उच्च स्तर की नैतिकता, भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को परिभाषित करना तथा सबसे ऊपर जन-समर्थक दृष्टिकोण का होना शामिल है। पटनायक ने कहा, सुशासन अंततः परिवर्तन का सबसे बड़ा साधन है और हम सभी की लोगों के प्रति वास्तविक जिम्मेदारी है।

# 370 के रहते क्या जम्मू कश्मीर में शांति थी : शाह

**भाषा। नई दिल्ली**



**केंद्रीय गृहमंत्री** अमित शाह ने शनिवार को पूछा कि दशकों से अनुच्छेद 370 लागू था, लेकिन क्या तब जम्मू-कश्मीर में शांति थी? उन्होंने कहा कि 2019 में संविधान के इस अनुच्छेद के प्रावधान निरस्त होने के बाद घाटी में शांति, व्यवसाय के लिए अच्छा निवेश और पर्यटकों की आमद हुई है। शाह ने यहां आयोजित एक निजी कार्यक्रम में बातचीत के दौरान ये बातें कहीं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के उस बयान का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि जब तक अनुच्छेद 370 को बहाल नहीं किया जाता तब तक सरकार केंद्र शासित क्षेत्र में शांति कायम नहीं कर सकती। शाह ने कहा, पिछले 75 साल से अनुच्छेद 370 था। शांति क्यों नहीं थी? अगर शांति और अनुच्छेद 370 के बीच संबंध है तो क्या वह अनुच्छेद 1990 में नहीं था? वह 1990 में था तब शांति क्यों नहीं थी? अगर हम निशाना बनाकर की गई हत्याओं के आंकड़े भी शामिल करे तो यह 10 प्रतिशत के करीब भी नहीं हैं। इसका मतलब है कि वहां शांति है। इससे पहले दिए अपने संबोधन में शाह ने कहा कि किसी को विश्वास नहीं था कि अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35-ए को कभी निरस्त किया जा सकता है। शाह ने अपने अंग्रेजी के प्रोफेसर के साथ हुए एक संवाद का हवाला दिया जिन्होंने कहा था कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा अनुच्छेद 370 को हटाने का वादा अगली पीढ़ी तक जाएगा। शाह ने कहा, मुझे खुशी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान से पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 को हटा दिया। कश्मीर में अब शांति है, निवेश हो रहा है पर्यटक आ रहे हैं और जम्म कश्मीर धीरे-धीरे बाकी देश के साथ एकजुट होकर खड़ा होने को तैयार है। शाह ने कहा कि उनके और प्रधानमंत्री के विरुद्ध एक बयान दिया जाता था कि जम्मू कश्मीर में इतने लंबे समय तक कर्फ्यू लगाया गया और इंटरनेट सेवाएं बंद की गई। गृहमंत्री ने कहा, मैं जब वहां गया और युवाओं से पूछा कि अगर हमने कर्फ्यू हटा लिया होता तो किसी जान जाती? शुरू में तो चुप्पी थी लेकिन बाद में उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस में कहा कि उन्हें मार दिया जाता। तब मैंने पूछा कि मोदी जी ने कर्फ्यू लगाकर किसको बचाया। उन्होंने कहा कि उनकी जान बची। तब मैंने कहा कि देश के लोगों को यह तय करना है कि जो लोग कर्फ्यू लगाते हैं उन्हें क्या चाहिए। जम्मू कश्मीर की स्थानीय पार्टियों द्वारा, राज्य का दर्जा बहाल कर चुनाव कराने की मांग पर शाह ने कहा कि संसद ने अधिनियम पारित किया है कि परिसीमन की प्रक्रिया के बाद चुनाव होंगे। शाह ने कहा कि उपराज्यपाल के प्रशासन में जिस प्रकार का विकास हो रहा है, कानून व्यवस्था में सुधार है, पर्यटक आ रहे हैं और सामाजिक क्षेत्र की योजनाओं में जो सुधार है इससे पता चलता है कि कम समय में बहुत कुछ बदल गया है।

## सर्जिकल और हवाई हमले के बाद सरकार ने रक्षा नीति को विदेश नीति के साए से बाहर निकाला : शाह

**नई दिल्ली।** सरकार ने पहली बार उरी और पुलवामा हमलों के बाद सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमलों के जरिए रक्षा नीति को विदेश नीति के साए से बाहर निकाला और राष्ट्र प्रथम के इस कदम से भारत अमेरिका और इजराइल जैसे देशों की सूची में शामिल हो गया। मंत्री ने यहां एचटी लीडरशिप समिट में कहा कि ए हमले आतंक के खिलाफ एक कड़ा जवाब और साथ ही सरकार के राष्ट्र प्रथम के संकल्प का प्रदर्शन थे। गृह मंत्री ने कहा, अतीत में आतंकवादी आते थे और हमारे सैनिकों को मार कर वापस चले जाते थे और घुसपैठ की इन घटनाओं पर कोई जवाब नही दिया जाता था। यह पहली बार है, जब हमारे प्रधानमंत्री ने फैसला किया कि हमारी सीमाओ का उल्लंघन आसान नही होगा। शाह ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा, पूरी दुनिया हैरान थी, जब भारतीयों ने आतंकी हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया और सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के जरिए उनके घर में घुस कर उन्हें मारा। उरी आतंकी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक और पुलवामा हमले के बाद आतंकी शिविरों को निशाना बनाकर किए गए हवाई हमले का जिक्र करते हुए मंत्री ने कहा कि भारत ने एक मिसाल कायम की है। शाह ने कहा कि केवल अमेरिका और इज़राइल ने ही इस तरह के हमले किए, लेकिन इन हमलों ने ऐसे अभियानों में सक्षम राष्ट्रो की सूची मे भारत का नाम शामिल होना सुनिश्चित किया।



भारतीय नौसेना के जवानों ने मुंबई के गेटवे ऑफइंडिया पर नौसेना दिवस समारोह के दौरान अपने कौशल का प्रदर्शन किया

## महाराष्ट्र के मुख्य सचिव ने ली टीके की पहली खुराक

**मुंबई।** देश में कोविड-19 टीकाकरण अभियान शुरू होने के 10 महीने बाद महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्य सचिव देवाशीष चक्रवर्ती ने टीके की पहली खुराक ली है। एक चिकित्सा अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को 59 वर्षीय वरिष्ठ अधिकारी ने यहां टीके की खुराक ली। चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि चक्रवर्ती ने टीकाकरण अभियान शुरू होने के महीनों बाद टीके की खुराक लेने का बचाव करते हुए कहा कि उन्हें टीके की खुराक से परहेज नही था, लेकिन यह उनका व्यक्तिगत निर्णय था कि वह जब चाहे टीके की खुराक लें। चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि आईएएस अधिकारी ने मुख्य रूप से विधानसभा के आगामी शीतकालीन सत्र के मद्देनजर टीका लिया है, जो 22 दिसंबर से शुरू होने वाला है। टीकाकरण विधानसभा सत्र में हिस्सा लेने के लिए अनिवार्य है।

## जम्मू में साढ़े पांच किलोमीटर लंबा विरासत कोरीडोर बनेगा

**जम्मू।** जम्मू स्मार्ट सिटी लिमिटेड (जेएससीएल) ने पुराने शहर के धरोहर का गौरव बरकरार रखने और जम्मू के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक परिदृश्य को दर्शाने के लिए एक महत्वाकांक्षी परियोजना तैयार की है। विरासत निशान एवं स्थल सौंदर्यीकरण परियोजना के तहत साढ़े पांच किलोमीटर लंबा धरोहर मार्ग बनाया जाएगा और इस पर 16.56 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। यह जानकारी शनिवार को अधिकारियों ने दी। उन्होंने कहा कि जेएससीएल ने विभिन्न पक्षों के साथ चर्चा की है ताकि परियोजना में उनसे सहयोग लिया जा सके। जेएससीएल के शहरी योजना की सहायक महा प्रबंधक दीपिका गुप्ता ने कहा कि राहगीरों के अनुकूल बनाए जाने वाले विरासत कोरीडोर में लोग खरीदारी भी कर सकेंगे और इससे पुराने शहर में व्यवसाय बढ़ेगा।

## अप्राकृतिक यौनाचार और हत्या मामले में दो लोगों को उम्रकैद

**फूलबनी (ओडिशा)।** यहां की एक अदालत ने पांच साल पहले ओडिशा के कंधमाल जिले में नौ साल के एक बच्चे के साथ अप्राकृतिक यौनाचार करने और उसकी हत्या करने के मामले में दो लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) अदालत के विशेष न्यायाधीश भास्कर चंद्र साहू ने शुक्रवार को 21 और 20 वर्ष की आयु के दोषियों पर 1.65 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। दोनों, नाबालिग बच्चे को 14 मार्च 2016 को फूलबनी सदर थाना क्षेत्र के एक सुनसान स्थान पर ले गए और उसके साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाए। बच्चे ने जब उन्हें इस घटना के बारे में लोगों को बताने की चेतावनी दी, तो उन्होंने एक तौलिए से उसका गला घोंट दिया।

## तमिलनाडु में सड़क हादसे में दो मेडिकल छात्राओं समेत तीन लोगों की मौत

**तिरुनेलवेली (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले में शनिवार को एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी और इस भीषण हादसे में दो मेडिकल छात्राओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दोनों छात्राओं ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि शहर के बाहरी इलाके में स्थित रेड्डियारपट्टी गांव में हुए इस हादसे के समय मोटरसाइकिल सवार तीन छात्र-छात्राएं नजदीक के एक मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे थे। उन्होंने बताया कि हादसे में कार चालक की भी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि कार नागरकोइल की ओर से आ रही थी व तेज रफ्तार के दौरान उसका टायर फट गया जिससे चालक उससे नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित कार दोपहिया वाहन से टकराते हुए पलट गई।

# घबराने की जरूरत नही, कोविड अनुकूल व्यवहार करें : उपराष्ट्रपति ने ओमीक्रोन स्वरूप पर कहा



**भाषा। नई दिल्ली**

**उपराष्ट्रपति** एम. वेंकैया नायडू ने शनिवार को लोगों से कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन से न घबराने का अनुरोध किया और उन्हें सतर्क रहने और महामारी के खत्म होने तक कोविड अनुकूल व्यवहार करते रहने की सलाह दी। उपराष्ट्रपति निवास में यहां एक किताब के विमोचन कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने लोगों से संकोच छोड़ने और जल्द से जल्द कोविड-19 रोधी टीके की खुराक लेने का भी अनुरोध किया। उपराष्ट्रपति सचिवालय के एक आधिकारिक बयान के अनुसार, नायडू ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी पूरी मानव जाति के लिए बड़ी चुनौती के तौर पर आई है और उन्होंने भारत में चल रहे दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान की सराहना की। नायडू ने पिछले सात वर्षों में शासन में आए परिवर्तनकारी बदलावों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ए बदलाव 1.3 अरब लोगों को सशक्त और सक्षम बना रहे हैं। चाहे जीवन प्रत्याशा हो, वित्तीय समावेशन, स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच, रोजगार, मकान मालिक बनना या उद्यमिता क्षमता को सम्मानित करना हो, भारतीय जिंदगियों की गुणवत्ता हर बीतते दिन के साथ बेहतर हो रही है। प्रधानमंत्री के तीन शब्दों के मंत्र रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति ने पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों जैसे कि वित्तीय समावेशन, बीमा, गरीब महिलाओं को एलपीजी कनेक्शन और घरों तक पीने का पानी पहुंचाने में देश द्वारा की गई शानदार प्रगति की सराहना की। उन्होंने कहा कि न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन के सिद्धांत का पालन करते हुए सरकार हर क्षेत्र में परिवर्तन लाने के लिए प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल कर रही है और उन्होंने भारत के दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बनने पर संतोष जताया।

## कल्याण और विकास के उद्देश्यों के बीच तालमेल बिठाने पर व्यापक चर्चा हो: नायडू

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति तथा राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने सरकारों द्वारा मुफ्त में दी जाने वाली सुविधाओं की पृष्ठभूमि में कल्याण और विकास के उद्देश्यों के बीच तालमेल बिठाने पर व्यापक चर्चा का शनिवार को आह्वान किया। उन्होंने संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) से इस पहलू पर विचार करने का अनुरोध किया ताकि व्यापक चर्चा का मार्ग प्रशस्त हो सके। सभापति ने यह भी कहा कि संसद को हर साल कम से कम 100 दिन और राज्य विधानसभाओं को कम से कम 90 दिन बैठक करनी चाहिए। लोक लेखा समिति (पीएसी) के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में संसद के केंद्रीय कक्ष में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नायडू ने कहा कि व्यय को सावधानीपूर्वक संतुलित किया जाना चाहिए ताकि अल्पकालिक और दीर्घकालिक विकास उद्देश्यों दोनों पर समान रूप से ध्यान दिया जा सके। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और लोक लेखा समिति (पीएसी) के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी भी मौजूद थे। कोविंद ने रेखांकित किया कि पीएसी अनियमितताओं का पता लगाने के लिए सार्वजनिक व्यय की जांच करती है। उन्होंने कहा कि संसदीय समिति इसे न केवल कानूनी दृष्टिकोण बल्कि अर्थव्यवस्था, विवेक, और औचित्य के नजरिए से भी देखती है। उन्होंने कहा, इसका (पीएसी) का कोई अन्य उद्देश्य नही बल्कि बर्बादी, नुकसान, भ्रष्टाचार, अपव्यय, अक्षमता के मामलों को ध्यान में लाना है। अगर ईमानदार करदाताओं से आने वाले प्रत्येक रुपए में से अधिक पैसा जरूरतमंद लोगों और राष्ट्र निर्माण के लिए पहुंच रहा है, तो इसके पीछे पीएसी और उसके सदस्यों की बड़ी भूमिका है।

# बीएमसी ने उच्च जोखिम वाले देशों से आने वालों के लिए पृथक-वास अनिवार्य किया



**भाषा। मुंबई**

**बृहन्मुंबई** महानगरपालिका (बीएमसी) ने कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच उच्च जोखिम वाले देशों से शहर में आने वाले लोगों के लिए सात दिन का गृह पृथकवास अनिवार्य किया है। बीएमसी द्वारा शुक्रवार को जारी आदेश में कहा गया कि गृह पृथकवास की अवधि के दौरान, इसके वार्ड-स्तरीय कोविड-19 वॉर रूम के कर्मचारी इन देशों से लौटे लोगों को दिन में पांच बार कॉल करेंगे ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे प्रोटोकॉल का पालन कर रहे हैं। मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर रोजाना हजारों यात्रियों का आवागमन होता है।

नगरपालिका के आदेश में कहा गया है कि हवाई अड्डे के अधिकारियों के समन्वय के साथ, बीएमसी को हर दिन यात्रियों की एक सूची प्राप्त होगी, जो ँउच्च-जोखिमै याँजोखिम मैं के रूप में परिभाषित देशों से आते हैं। सूची में इन यात्रियों के विस्तृत पते और संपर्क नंबर भी शामिल होंगे। उसमें कहा गया, बीएमसी को सूची रोजाना सुबह 10 बजे मिलेगी, जिसके बाद उसके कर्मचारी यात्रियों से संपर्क कर उन्हें अगले सात दिनों तक घर में पृथकवास की सूचना देंगे। पृथकवास संबंधी आदेश का पालन करना अनिवार्य है और यदि यात्री इसका उल्लंघन करते पाए जाते हैं तो उन्हें सरकार द्वारा संचालित संस्थानों में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

## मुंबई हवाई अड्डे ने रैपिड पीसीआर जांच के शुल्क में कटौती की

**मुंबई।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (सीएसएमआईए) ने शनिवार को कहा कि उसने कोविड-19 के लिए की जाने वाली रैपिड पीसीआर जांच के शुल्क में कटौती करते हुए इसे 4500 की जगह 3,900 रुपए कर दिया है। सीएसएमआईए ने एक बयान में कहा कि हवाई अड्डे पर 600 रुपए का भुगतान कर सामान्य आरटी-पीसीआर जांच भी कराई जा सकती है। बयान मे कहा गया कि शुक्रवार को जोखिम वाले देशों के अलावा अन्य देशों से यहां पहुंचे कुल 6,732 यात्रियों ने सफलतापूर्वक अपनी औपचारिकताएं पूरी की।

## क्विक न्यूज

### बैतूल : सड़क पर जा रही बारात में बस घुसी, एक की मौत तथा पांच घायल

बैतूल। मध्य प्रदेश के बैतूल जिले में सड़क पर जा रही बारात मे एक यात्री बस के घुस जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। कोतवाली थाना प्रभारी रत्नाकर हिंगवे ने बताया कि घटना शुक्रवार रात लगभग नौ बजे जिला मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर खेड़ी सावली गढ़ गांव के पास हुई। उन्होने कहा कि भैसदेही से बैतूल जा रही एक बस सड़क पर चल रहे बारातियों के बीच घुस गई। इस हादसे में 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। सूचना पर पुलिस दल मौके पर पहुंचा । और घायलो को अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद बस चालक और कंडक्टर मौके से फरार हो गए।

### एमएसआरडीसी समृद्धि महामार्ग के जालना-नांदेड़ खंड के विकास के लिए जमीन अधिग्रहण शुरू करेगा

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) ने शनिवार को नागपुर-मुंबई समृद्धि महामार्ग के प्रस्तावित जालना-नांदेड़ खंड विकास के लिए भूमि अधिग्रहण कार्यक्रम की शुरुआत कर दी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि एमएसआरडीसी के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (एमडी) राधेश्याम मोपालवर ने नांदेड़ में राजस्व विभाग के अधिकारियो को एक कार्यशाला मे संबोधित किया, जिसमे तीन जिलो के जिलाधीश और भूमि अधिग्रहण टीम ने हिस्सा लिया था। मोपालवर ने कहा, भूमि अधिग्रहण की बुनियादी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और अब निगम जल्द ही परभणी, जालना और नादेड़ जिलों में संयुक्त माप सर्वेक्षण शुरू करेगा। उन्होंने कहा कि निगम की इच्छा भूमि अधिग्रहण संबंधित सभी प्रक्रियाओ को सात महीने के भीत (जून 2022) तक पूरा करने की है। एमएसआडीसी के संयुक्त एमडी चंद्रकांत पुलकुंदवार और नांदेड़ के जिलाधीश विपिन इटांकर तथा परभणी के जिलाधीश राजेश काटकर ने बैठक मे हिस्सा लिया था। पुलकुंदवार ने कहा कि समृद्धि महामार्ग के जालना-नादेड़ खंड के निर्माण से नांदेड़ और मुंबई के बीच यात्रा समय घटकर छह घंटे तक हो जाएगा।

### सिवनी जिले में जहरीला फल खाने से 49 बच्चे बीमार

**सिवनी।** मध्य प्रदेश के सिवनी जिले मे एक सरकारी प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय में पढ़ने वाले कम से कम 49 बच्चे कथित तौर पर एक जहरीला फल खाने से बीमार हो गए। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि बच्चो ने शुक्रवार को जिले के बरघाट इलाके में अपने स्कूल के पास एक पेड़ से रतनजोत फल खाए थे। ड्यूटी अधिकारी डॉ. योगेश अग्रवाल ने पीटीआई-भाषा को बताया कि छात्रों ने घर लौटने के बाद उल्टी, पेट दर्द और बेचैनी की शिकायत की। इसके बाद बच्चों को बरघाट के अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होने कहा कि उपचार के बाद 47 बच्चों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई जबकि दो बच्चों को इलाज के लिए सिवनी जिला अस्पताल रेफर किया गया। इसी तरह बरघाट के एक अन्य सरकारी प्राथमिक विद्यालय में 13 छात्र बृहस्पतिवार को रतनजोत फल खाने से बीमार हो गए थे। अधिकारी ने बताया कि इन सभी को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

### डिजिटल रूप से सक्षम होंगी 7 शाखाएं

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश भारत की प्रमुख बीमा कंपनी टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस अपनी वितरण पहुंच का विस्तार करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य में 7 नई शाखाएं शुरू कर रही है। इस विस्तार के माध्यम स, यह बीमा कंपनी लखनऊ, कानपूर, ग़ाज़ियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, राय बरेलीए बिजनौर और आज़मगढ़ जैसे 7 से अधिक महत्वपूर्ण स्थानों में अपनी पहुंच को बढ़ाएगी। फ़िलहाल इस कंपनी की देश के 25 राज्यों और 175 शहरों में 218 से अधिक शाखाएं हैं। एजेंसी, ब्रोकिंग, बैंकएश्योरेंस, असिस्टेड परचेज़ और ऑनलाइन विभाग में कंपनी ने अपना मज़बूत स्थान कायम किया है। टाटा एआईए लाइफद्वारा उठाया गया यह महत्वपूर्ण कदम उनकी व्यवसाय वृद्धि नीति का हिस्सा हैए ताकि वितरण के साथ.साथ कस्टमर कनेक्ट पॉइंट्स का विस्तार किया जा सकें और उत्तर प्रदेश राज्य में जीवन बीमा सुविधाओं को ज़्यादा से ज़्यादा लोगों तक पहुंचाने की दिशा में उद्योग द्वारा किए जा रहे प्रयासों में योगदान दिया जा सकें।

### 11 महीने बाद अपने पैरों पर चलीं

**नई दिल्ली।** एक महिला फिर से अपने पैरों पर चल सके इसके लिए इन्द्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स नई दिल्ली के डॉक्टरों ने उनके दोनों घुटनों की कॉम्प्लेक्स सिक्वेन्शियल सर्जरी की। हरिद्वार से 70 वर्षीय श्रीमति जयावंती राजपूत कई बीमारियों से पीड़ित हैं। वे क्रोनिक हार्ट डिसऑर्डरए गंभीर आयोर्टिक स्टेनोसिस जिसमें हार्ट से जुड़ी रक्त वाहिकाएं संकरी हो जाती हैं। डायबिटीज, लिवर फंक्शन की कमी आदि से पीड़ित हैं। हाल ही में उनमें पैनक्रियाटिटिस और थॉयराईड की समस्याओं का भी निदान हुआ। पिछले 11 महीनों से उनके घुटनों में ज़बरदस्त दर्द थाए अन्य बीमारियों के चलते उनका इलाज करना मुश्किल हो रहा है। उनके घुटनों का आथ्राइटिस इतना बढ़ गया था कि उन्हें लगातार दर्द हो रहा है और घुटने 50 डिग्री पर मुड़ चुके थे। चूंकि उनकी जटिल हार्ट सर्जरी की जा चुकी है और इसके अलावा वे पैनक्रियाटिटिस के गंभीर लक्षणों से भी पीड़ित हैंए इसलिए वे घुटनों के दर्द के लिए डॉक्टर से परामर्श नहीं ले रहीं थीं। समय बीतता गयाए उनका दर्द असहनीय हो गया, घुटने मुड़ने लगे।

### खाने पीने का काम बढ़ रहा

**नई दिल्ली।** कार्निवल फूड्स ने हाल ही में कार्निवल थिएटर में फूड कोर्ट और क्यूएसआर के लिए बैंगलोर स्थित प्रमुख ऑटोमेशन कंपनियों में से एकए मुकुन्दा फूड्स के साथ कॉलेबोरेट किया है और ऑटोमेशन सेगमेंट में नयी शुरुआत की। कार्निवल फूड्स की फूड इंडस्ट्री में अच्छी पकड़ है और उन्हें ये आभास है कि फूड बिज़नेस में धीरे-धीरे अच्छी तरक्की मिलती है। उन्हें एहसास है कि फूड बिज़नेस में स्किल्ड लेबरए लगातार क्वालिटी फूड और स्वाद लाने की और कठोर क्वालिटी कंट्रोल को बनाए रखने की बहुत जरूरत होती है और इस प्रकार कंपनी ने सभी आउटलेट्स में लगातार टैस्ट को बनाते हुए अपने ब्रांड रिकॉल वैल्यू को बढ़ाने के लिए किचन ऑटोमेशन में एक उत्तम बदलाव किया है। ऑटोमेशन, मार्केट में इंडस्ट्रीज़ को जब उनके कर्मचारी छुट्टी पर हों, ऑपरेशन स्टाफमें बदलाव हो या नए आउटलेट खोल रहे है, तब उनकी क्वालिटी से समझौता किए बिना बढ़ने में मदद कर रहा है । इसने ब्रांडों को एसओपी बनाए रखने में मदद करने के साथ.साथ उनके काम को आसान बनाने और फ्लेवर में बदलाव किए बिना एफिशिएंसी को बढ़ाने में मदद की है।

### झारखंड : गांजा-पिस्तौल के साथ दो गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पलामू जिले में पुलिस के विशेष दल ने गुप्त सूचना के आधार पर प्रधान डाकघर के पास छापेमारी कर शनिवार को एक कार जब्त की और उसमे सवार दो युवको को एक लाख रुपए मूल्य के एक किलोग्राम गांजा एवं एक देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुमार विजय शंकर के नेतृत्व में गठित दल ने डाकघर के पास से गुजरती एक कार को रोका और उसकी तलाशी ली। इस दौरान कार से एक किलोग्राम गांजा बरामद हुआ जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत एक लाख से अधिक बताई गई है। विज्ञप्ति के मुताबिक मामले में गिरफ्तार आरोपियो की पहचान तौसीर्2398ी रंगसाज (23) और दिलावर खान (25) के तौर पर की गई है।

# दिव्यांगों की समस्याओं को लेकर की गयी चर्चा

**रायबरेली।** जिलाधिकारी कार्यालय परिसर रायबरेली में राष्ट्रीय दिव्यांग महासभा एवं ऑक्सफेम इंडिया के संयुक्त तत्वावधन में दिव्यांग/विकलांग जन अधिकार अधिनियम 2016 तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अधिसूचित नियम तथा शिक्षा अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित प्रविधानों के ऊपर चर्चा की गयी। आमसभा में 21 सूत्री मांगों को प्रस्तुत किया गया जो विकलांगजनों के मूलभूत जीवन से गहरे से जुड़ी हैं तथा प्रभावित करतीं हैं। इस मांग पत्र को जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को भेजा गया। सभा को संबोधित करते हुये संस्था के मुख्य मार्गदर्शक तथा राष्ट्रीय प्रमुख अरविंद मौर्य ने कहाकि प्रदेश की 22 करोड़ की आबादी में बड़ी संख्या में विकलांग हैं लेकिन सही संख्या सामने नहीं आ पा रही है क्योंकि जनगणना के मानदंड जिस आधार पर तय हैं वह सही नहीं है। उन्होंने कहाकि शिक्षा की स्थिति सबसे खराब है। उत्तर प्रदेश की सर्व शिक्षा की रिपोर्ट के अनुसार आधे से अधिक विकलांग बच्चे स्कूल से बाहर हैं और शिक्षा से वंचित हैं। सभा को ऑक्स फेम इंडिया के रायबरेली क्लस्टर के सोमेश्वर वाजपेयी, मोहम्मद अमीर तथा शिवांशु ने भी संबोधित किया।

# मराठी साहित्य सम्मेलन में सावरकर का नाम क्यों नही : फडणवीस

**भाषा। मुंबई**

**भारतीय** जनता पार्टी के नेता देवेंद्र फडणवीस ने उत्तरी महाराष्ट्र के नासिक में चल रहे वार्षिक मराठी साहित्य सम्मेलन में स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर का नाम गायब होने पर शनिवार को आपत्ति जताई।

हिंदुत्व विचारक दिवंगत सावरकर का जन्म 1883 में नासिक के पास भगूर में हुआ था। कुछ वर्गों की मांग थी कि भुजबल नॉलेज सिटी में होने वाले अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन में एक पंडाल का नाम सावरकर के नाम पर रखा जाए। इस साल के सम्मेलन के आयोजन में महाराष्ट्र के मंत्री और राकांपा नेता छगन भुजबल शामिल हैं। फडणवीस ने यहां संवाददाताओं से कहा कि सावरकर ने मराठी साहित्य सम्मेलन और मराठी रंगमंच सम्मेलन दोनों की अध्यक्षता की थी और वह मराठी पत्रकार संघ के अध्यक्ष भी रहे थे। भाजपा नेता ने कहा, वह शायद एकमात्र व्यक्ति होंगे, जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल की, फिर भी पूरे आयोजन से उनका नाम गायब है। पूर्व मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, वह हमारे लिए एक आदर्श हैं और अगर हमारे आदर्श व्यक्तियों का सम्मान नहीं किया जाता, तो हम वहां क्यों जाएं। उन्होंने यह भी कहा भाजपा ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित मराठी कवि दिवंगत वी वी शिरवाडकर (वह कुसुमागराज के नाम से कविता लिखा करते थे) के नाम पर साहित्यिक सम्मेलन आयोजन स्थल का नाम कुसुमागराज नगरी रखने के निर्णय का स्वागत करती है।

# चक्रवात का खतरा: बंगाल सरकार ने तटीय इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

**भाषा। कोलकाता**



एनडीआरएफके जवानों ने पुरी में चक्रवात जवाद के मद्देनजर एक समुद्र तट से पर्यटकों को निकाला

**चक्रवात** जवाद के ओडिशा-आंध्र प्रदेश तटों की ओर बढ़ने के बीच पश्चिम बंगाल सरकार ने शनिवार को दक्षिण 24 परगना और पूर्व मेदिनीपुर जिलों से हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया तथा पर्यटकों से समुद्र तटों से दूर रहने का आग्रह किया।

मौसम कार्यालय ने कहा कि महानगर, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्व और पश्चिमी मेदिनीपुर, झारग्राम, हावड़ा और हुगली जिलों में कई स्थानों पर सुबह से ही हल्की बारिश हो रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने एक एक बुलेटिन में कहा, जवाद पिछले छह घंटों में धीरे-धीरे चार किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर दिशा की तरफ बढ़ा है और यह सुबह पांच बजकर 30 मिनट पर आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम के 230 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व, ओडिशा के गोपालपुर के 340 किलोमीटर दक्षिण में, पुरी (ओडिशा) के 410 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण पूर्व में तथा पारादीप (ओडिशा) के 490 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण-पूर्व में केंद्रित था। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि दक्षिण 24 परगना और पूर्व मेदिनीपुर जिलों में प्रशासन ने तटीय क्षेत्रों से लगभग 11,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया, जबकि मछुआरे अपनी नौकाओं के साथ काकद्वीप, दीघा, शंकरपुर और अन्य तटीय क्षेत्रों में वापस आ गए हैं। मौसम विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा, चक्रवात के उत्तर-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी तक पहुंचने तथा इसके बाद उत्तर-उत्तर-पूर्व की ओर इसके फिर से बढ़ने, पांच दिसंबर को लगभग दोपहर के समय ओडिशा तट पर इसके पुरी के पास पहुंचने और धीरे-धीरे कमजोर होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि हालांकि, चक्रवात कमजोर होकर पुरी तट पर पहुंचने तक गहरे दबाव में बदल सकता है।

# क्रिप्टोकरेंसी को लेकर अटकलें ठीक नहीं: सीतारमण

भाषा। नई दिल्ली



**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि क्रिप्टोकरेंसी पर कई तरह की अटकलें चल रही हैं और ये अटकलें अच्छी बात नहीं हैं। सरकार द्वारा क्रिप्टोकरेंसी के विनिमयन की तैयारियों के बीच उनका यह बयान आया है। सीतारमण ने एक निजी संस्थान के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छी तरह से विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया विधेयक मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद निश्चित रूप से संसद में आने जा रहा है। एक सवाल के जवाब में वित्त मंत्री ने कहा, बहुत सारी अटकलें चल रही हैं ... ये बिल्कुल ठीक बात नहीं हैं। क्रिप्टोकरेंसी एवं आधिकारिक डिजिटल मुद्रा का नियमन विधेयक, 2021 को लोकसभा के बुलेटिन-भाग दो में शामिल किया गया है। इसे शीतकालीन सत्र में ही पेश किया जाएगा। बुलेटिन में कहा गया है कि यह भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी की जाने वाली आधिकारिक डिजिटल मुद्रा के लिए एक सुविधाजनक रूपरेखा तैयार करने से संबंधित है। इसमें देश में सभी निजी क्रिप्टोकरेंसी पर प्रतिबंध का प्रावधान भी है। हालांकि, यह क्रिप्टोकरेंसी में अंतर्निहित तकनीक को बढ़ावा देने और उसके इस्तेमाल के लिए कुछ अपवादों की अनुमति देता है। इस सप्ताह की शुरुआत में राज्यसभा में सीतारमण ने कहा था कि नए विधेयक में वर्चुअल मुद्रा के क्षेत्र में आ रहे बदलावों का ध्यान रखा जाएगा और इसमें पुराने विधेयक की उन चीजों को भी शामिल किया जाएगा जिन्हें पहले नहीं लिया जा सका था। यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार का मीडिया में भ्रामक विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव है, उन्होंने कहा कि भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआई) के दिशानिर्देशों का अध्ययन किया जा रहा है और उनके नियमनों पर भी गौर किया जा रहा है, ताकि हम जरूरत पड़ने पर किसी तरह का रुख अपना सकें या कोई फैसला ले सकें। उन्होंने कहा कि सरकार और रिजर्व बैंक लोगों को क्रिप्टोकरेंसी से आगाह कर रहे हैं। यह काफी ऊंचे जोखिम वाला क्षेत्र है। आर्थिक मोर्चे पर सीतारमण ने कहा कि इस साल देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का आंकड़ा काफी उत्साहजनक रहेगा।

## प्रत्येक मामले को तेजी से तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाने का आह्वान

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों से प्रत्एक मामले को तेजी से तार्किक निष्कर्ष पर पहुंचाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि इससे हम तस्करी जैसे आर्थिक अपराधों पर अंकुश लगा सकेंगे।

सीतारमण ने शनिवार को डीआरआई के 64वें स्थापना दिवस पर अपने संबोधन में कहा कि तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचना महत्वपूर्ण है, लेकिन हम तेजी से यह काम करेंगे, तो इस तरह के लोगों पर अंकुश लगा सकेंगे, जो ऐसी गतिविधियों को आगे बढ़ाते हैं। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के तहत राजस्व आसूचना निदेशालय तस्करी रोकने के लिए सरकार की खुफिया और प्रवर्तन एजेंसी है। सीतारमण ने क्षमता निर्माण पर जोर दिया, ताकि अधिकारी तेजी से खुफिया जानकारी हासिल कर समय पर कार्वाई कर सकें। वित्त मंत्री ने कहा, आपको बहुत सारी खुफिया जानकारी मिलती है, लेकिन कभी-कभी और कई बार यह तय करना मुश्किल होता है कि क्या यह वास्तव में कार्वाई योग्य है। क्षमता निर्माण इसलिए जरूरी है, ताकि आप यह पहचान सकें कि कौन की खुफिया सूचना कार्वाई योग्य है। उन्होंने कहा कि डीआरआई जैसी एजेंसियां अपने अनुभव के आधार पर वे तरीके तय कर सकती हैं, जिनके जरिए इस तरह की अवैध गतिविधियों को रोका जा सकता

## चीन में कारखाने बंद होने की वजह से पैदा हुए अवसरों का लाभ उठाएं उद्यमी

**अहमदाबाद (भाषा)।** केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) मंत्री नारायण राणे ने शनिवार को भारतीय उद्यमियों से चीन में कारखाने बंद होने की वजह से पैदा हुए अवसरों का लाभ उठाने को कहा। उन्होंने यहां भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) में एक कार्यक्रम में कहा कि भारतीय उद्योगपतियों को उन उत्पादों का निर्माण शुरू कर देना चाहिए जो अब चीन में नहीं बनते हैं।

राणे ने कहा, उत्पादन के मामले में चीन दुनिया में पहले नंबर पर है। वैश्विक विनिर्माण क्षेत्र में चीन 64 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ सबसे आगे है। हालांकि, कई कंपनियां (उस देश में) बंद हो रही हैं। उन्होंने कहा, मैं बड़े और मझोले उद्योगपतियों से इस अवसर का लाभ उठाने और भारत में इन उत्पादों का निर्माण शुरू करने का आग्रह करता हूं। मंत्री ने कहा, हमें इन उत्पादों का विपणन और निर्यात भी करना चाहिए।

## क्विक न्यूज

### बीईई ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों के लिए 550 से अधिक आवेदक

**नई दिल्ली।** उद्योगों और क्षेत्रों को उनकी इकाइयों में नवोन्मेषी ऊर्जा दक्षता प्रयासों को विकसित करने के साथ-साथ बिजली की खपत को कम करने के सराहनीय प्रयास के लिए दिए जाने वाले बीईई ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों के लिए 550 से अधिक आवेदकों ने आवेदन किया है। बिजली मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी।राष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता नवाचार पुरस्कार (एनईईआईए) के तहत कुल 149 आवेदकों ने नियत तारीख तक इस प्रक्रिया में भाग लिया। एनईईआईए पुरस्कारों के तहत श्रेणी ए (उद्योग, परिवहन, भवन) और श्रेणी बी (छात्र और शोधार्थी) से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। मंत्रालय ने कहा कि 408 आवेदकों ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार (एनईसीए) में भाग लिया, जो बिजली खपत को कम करने के लिए औद्योगिक इकाइयों, संस्थानों और प्रतिष्ठानों को बढ़ावा देने को स्थापित किए गए हैं। मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता नवाचार पुरस्कार नई प्रौद्योगिकियों, नवाचारों को बढ़ावा देने और बड़े समूहों द्वारा इन नवाचारों को अपनाने का मार्ग प्रशस्त करने के लिए समय की जरूरत है।

### पाकिस्तान को सऊदी अरब से तीन अरब डॉलर की सहायता मिली

**इस्लामाबाद।** नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को सऊदी अरब से वित्तीय सहायता के रूप में शनिवार को तीन अरब डॉलर मिल गए हैं। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान ने अपनी अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के लिए सऊदी अरब से सहायता मांगी थी। यह राशि उसी का हिस्सा है। पाकिस्तान को सऊदी अरब से वित्तीय सहायता प्रधानमंत्री इमरान खान के रियाद दौरे और युवराज मोहम्मद बिन सलमान के साथ बातचीत करने के एक महीने से अधिक समय बाद मिली है। वार्ता के बाद सऊदी अरब, पाकिस्तान को 4.2 अरब डॉलर की सहायता प्रदान करने के लिए सहमत हुआ था, जिसमें से तीन अरब डॉलर को पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक में जमा के रूप में स्थानांतरित किया जाना था। वित्त और राजस्व पर प्रधानमंत्री के सलाहकार शौकत तरीन ने पुष्टि की कि स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) को सऊदी अरब से तीन अरब डॉलर की राशि प्राप्त हुई है।

### ओमीक्रोन: सिंगापुर ने कार्य वीजा धारकों के वीटीएल के जरिए प्रवेश पर रोक लगाई

**सिंगापुर।** सिंगापुर सरकार ने एस पास और कार्य वीजा धारकों के टीकाकरण यात्रा लेन (वीटीएल) के जरिए देश में प्रवेश करने के लिए नया आवेदन पर रोक लगा दी है। सरकार ने शनिवार को कहा कि निर्माण, शिपयार्ड और रसायन एवं दवा क्षेत्र के नियोक्ता अपने कर्मचारियों के लिए वीटीएल के माध्यम से देश में प्रवेश को आवेदन नही कर पाएंगे। कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन की चिंता के बीच सिंगापुर के जनशक्ति मंत्रालय ने यह निर्णय लिया है। इससे पहले सिंगापुर ने शुक्रवार को कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के मद्देनजर वीटीएल यात्रियों के लिए नियमों को सख्त करने की घोषणा की थी।

### गोयल ने की चक्रवात जवाद से निपटने की तैयारियों की समीक्षा

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को चक्रवात जवाद से निपटने के लिए आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल द्वारा की गई व्यवस्था और तैयारियों की समीक्षा की। इस सम्मेलन में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), फिक्की, एसोचैम और पीएचडी चैंबर्स जैसे उद्योग मंडलों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। गोयल ने इस दौरान सभी हितधारकों के सुझावों के जरिए इस प्राकृतिक आपदा के प्रभावी तरीके से प्रबंधन के लिए एक व्यापक कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया। गोयल ने कहा कि आपदा प्रबंधन और बचाव तथा प्रभावित लोगों के जीवन और आजीविका की रक्षा के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) आवश्यक है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गोयल ने कहा कि हमें अपनी क्षमताओं का लगातार अद्यतन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, चक्रवात के प्रभाव से निपटने को बैंकिंग और बीमा क्षेत्रों में भी तैयारियों की जरूरत है।

### डालमिया सीमेंट ने बोकारो की ग्राम पंचायतों से मिलाया हाथ

**मुंबई।** डालमिया सीमेंट (भारत) ने अपनी विभिन्न सामाजिक और जलवायु कार्वाई पहल के लिए बोकारो में 16 गांवों और छह ग्राम पंचायतों के साथ भागीदारी की है। इन पहल से झारखंड के 20,000 लोगों के जीवन पर सकारात्मक असर पड़ रहा है। कंपनी ने शनिवार को बयान में कहा कि उसने हाल में झारखंड सरकार के साथ समावेशी विकास और वृद्धि के लिए 758 करोड़ रुपए के कुल निवेश के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसमें बोकारो में 567 करोड़ रुपए के निवेश से ग्राइंडिंग इकाई स्थापना की जाएगी जिससे उसकी कुल क्षमता 26 लाख टन बढ़कर 63 लाख टन सालाना पर पहुंच जाएगी। इसके अलावा कंपनी अपने कॉर्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए 250 करोड़ रुपए की लागत से सौर बिजली संयंत्र भी स्थापित करेगी।

## भारत दुनिया में सबसे तेजी से कोविड के प्रभाव से उबरने वाली अर्थव्यवस्था : अमित शाह



भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि दुनिया में भारत की अर्थव्यवस्था सबसे तेजी से कोविड-19 महामारी के प्रभाव से उबरी है और ऐसा नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा लिए गए नीतिगत फैसलों के कारण संभव हुआ है। शाह ने शनिवार को यहां एक निजी संस्थान के कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते रहे हैं कि कोरोना के बाद की दुनिया में भारत के पास ढेरों अवसर होंगे। शाह ने कहा कि उन्होंने भांप लिया था कि आर्थिक सुस्ती दुनिया को प्रभावित करेगी, लेकिन सरकार के नीतिगत फैसलों ने सुनिश्चित किया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में गिरावट से भारत अछूता रहा। उन्होंने कहा, यह मोदी सरकार के नीतिगत फैसलों का नतीजा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनियाभर में कोरोना के प्रभाव से सबसे तेजी से बाहर निकली है। कोरोना वायरस के नए प्रकार ओमीक्रोन पर उन्होंने कहा कि सरकार संबंधित घटनाक्रम पर कड़ी नजर रखे हुए है। शाह ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए अगले तीन वर्षों में 15 लाख करोड़ रुपए का निवेश करने को लेकर प्रतिबद्ध है, 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन और 130 करोड़ लोगों को मुफ्त टीकाकरण प्रदान किया जा रहा है, इसके बावजूद राजकोषीय घाटा नियंत्रण में है। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि देश वैश्विक व्यवस्था में अपना अहम स्थान पाएगा और प्रधानमंत्री मोदी का देश को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का सपना साकार होगा। गृहमंत्री ने कहा कि देश ने केंद्र और राज्यों में कांग्रेस और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकारों को और राज्यों में समाजवादियों और कम्युनिस्टों की सरकारों को देखा है, अब अर्थव्यवस्था के विशेषज्ञों को आंकड़ों के विश्लेषण से तुलना करनी चाहिए कि विकास कार्य करने में किस सरकार ने बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि यह अर्थशास्त्र के पंडितों का कर्तव्य है कि वे इस तुलना को लोगों के सामने लाएं ताकि वे चुनाव के समय फैसला कर सकें। परिणाम आपकी सोच के अनुसार नहीं हो सकता है, लेकिन इतनी पारदर्शिता होनी चाहिए। शाह ने कहा कि 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद 80 करोड़ लोगों को बैंक खाते खोलकर और अन्य सुविधाएं देकर मुख्यधारा में लाया गया।

## ई-वाहनों के लिए फास्ट चार्जर पर काम कर रहा है एआरएआई : पांडेय

**कानाकोना (गोवा)।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय मोटर वाहन अनुसंधान संघ (एआरएआई) इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए तेजी से बैटरी चार्ज करने वाला चार्जर बनाने पर काम कर रहा है। उन्होंने भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा यहां इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने लिए आयोजित गोलमेज कार्यक्रम से इतर एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पुणे के इस संस्थान ने पहले ही इस तरह के उत्पाद का एक नमूना विकसित कर लिया है। पांडेय ने ई-वाहनों के उपयोग से संबंधित चुनौतियां के सवाल पर कहा, सबसे बड़ी चुनौती यह है कि एक इलेक्ट्रिक बैटरी को चार्ज करने में बहुत समय लगता है। एआरएआई इस दिशा में काम रहा है और उसने ź398ीास्ट चार्जर का एक नमूना भी विकसित कर लिया है, जो दिसंबर, 2022 तक तैयार हो जाएगा।



पुरी के समुद्र तट पर आने वाले तूफान की चेतावनी के बाद अपनी अस्थयी दुकानों को पोलीथीन से ढके हुए दुकानदार

## श्रम मंत्री ने 40 साल से अधिक आयु के ईएसआईसी सदस्यों के लिए स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम शुरू किया

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय श्रम मंत्री** भूपेंद्र यादव ने शनिवार को अहमदाबाद, फरीदाबाद, हैदराबाद और कोलकाता के ईएसआई अस्पतालों में पायलट आधार पर कर्मचारी राज्य बीमा निगम के 40 वर्ष और उससे अधिक आयु के बीमित सदस्यों के लिए वार्षिक एहतियाती स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके अलावा यादव की अध्यक्षता में यहां हुई ईएसआईसी की 186वीं बैठक में गुरुग्राम (मानेसर) में मौजूदा 100 बिस्तरों वाले अस्पताल का विस्तार कर 500 बिस्तरों वाले ईएसआईसी अस्पताल के निर्माण के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए, यादव ने कहा, हमने एक पायलट परियोजना शुरू की है जिसके तहत हम प्रत्एक साल 40 वर्ष या उससे अधिक उम्र के ईएसआईसी के बीमाकृत व्यक्तियों (आईपी) के लिए मुफ्त चिकित्सा जांच प्रदान कर रहे हैं। स्वस्थ भारत का हमारा सपना है। हमारे पास लगभग 3.5 करोड़ आईपी हैं।



## विनिमय दरों को लचीले तरीके से आगे बढ़ने की अनुमति दे भारत

### अमेरिकी वित्त विभाग ने रखी मांग

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के वित्त विभाग ने कहा है कि भारत ने अपने विदेशी मुद्रा विनियम बाजार के हस्तक्षेप को प्रकाशित करने में अनुकरणीय कार्य किया है। हालांकि, इसके साथ ही वित्त विभाग ने कहा कि भारत को आर्थिक बुनियाद को दर्शाने के लिए विदेशी मुद्रा विनिमय दरों को लचीले ढंग से आगे बढ़ने देना चाहिए।

विभाग ने शुक्रवार को कहा, भारतीय अधिकारियों को आर्थिक बुनियादी पर विचार करते हुए विनिमय दर को लचीले ढंग से आगे बढ़ने देना चाहिए। साथ ही भारत को विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप को अव्यवस्थित बाजार स्थितियों की परिस्थितियों तक सीमित करना चाहिए। अमेरिकी वित्त विभाग ने कहा, आर्थिक पुनरुद्धार के साथ संरचनात्मक सुधारों को भी आगे बढ़ाना जारी रखा जाना चाहिए, ताकि उत्पादकता और जीवन स्तर को ऊपर उठाने में मदद मिल सके।

अमेरिका के प्रमुख व्यापारिक भागीदारों की आर्थिक और विदेशी मुद्रा नीतियों पर संसद को सौंपी गई अर्द्ध-वार्षिक रिपोर्ट में वित्त विभाग ने अपने प्रमुख व्यापारिक भागीदारों की नीतियों की समीक्षा की है। विभाग ने अपनी रिपोर्ट में अमेरिका के प्रमुख व्यापार भागीदारों की नीतियों का आकलन किया है। इसमें जून, 2021 तक चार तिमाहियों में उसके वस्तुओं और सेवाओं के विदेशी व्यापार का 80 प्रतिशत हिस्सा शामिल है।

## गोवा के मुख्यमंत्री ने ई-वाहनों को बढ़ावा देने की नीति का किया शुभारंभ

**कानाकोना (गोवा)।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने शनिवार को ई-वाहनों (ईवी) के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए गोवा बिजली परिवहन संवर्द्धन नीति-2021 का शुभारंभ किया। सावंत ने यहां भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को प्रोत्साहन देने के लिए आयोजित गोलमेज के दौरान इस नीति की शुरुआत की। सावंत ने कहा कि इस नीति का मुख्य उद्देश्य बैटरी से चलने वाले वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देना और राज्य के लोगों के लिए रोजगार पैदा करना है। नीति के तहत तहत प्रदान किए जा रहे लाभ पर उन्होंने कहा, हम विनिर्माण को प्रोत्साहन दे रहे हैं।

# पेज एक का शेष

### अब दुनिया...

अपना ताज बरकरार रहे। मोदी ने कहा, इन दलों ने जनता में यह सोच पैदा कर दी कि सरकार ही हमारी माई-बाप है और इस तरह उसका गौरव और उसका स्वाभिमान एक सोची समझी राजनीति के तहत कुचल दिया गया। उन्होंने कहा कि उनके दल ने एक अलग रास्ता चुना है जो कठिन है लेकिन वह देश हित में है। सबका साथ, सबका विकास के नारे को दोहराते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, हमारा मार्ग बिना किसी भेदभाव के सबके लिए एक समान योजना लाने तथा आत्मनिर्भर भारत बनाने का है।

### राष्ट्रीय शिक्षा...

बुरी तरह प्रभावित किया है। हम सभी का यह सौभाग्य है कि भारत में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कोरोना प्रबंधन दुनिया के सामने एक उदाहरण बना है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में कोरोना कालखण्ड में देश के प्रत्येक नागरिक की चिन्ता करने के दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन किया गया। मुख्यमंत्री ने आजादी के वीरों को याद करते हुए कहा कि 4 फरवरी 1922 को गोरखपुर के चौरी-चौरा में ब्रिटिश हुकूमत की चूलें हिलाने वाली ऐतिहासिक घटना हुई थी। इस घटना में स्थानीय नागरिकों के संघर्ष ने भारत के इतिहास को पूरी तरह बदलने का कार्य किया था। चौरी-चौरा की घटना ने ब्रिटिश हुकूमत को अंतिम चेतावनी दे डाली थी कि देश बहुत दिनों तक गुलाम नहीं रह सकता, देश अपनी आजादी लेकर ही रहेगा। इस अवसर पर केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा कि गोरखपुर का नाम महायोगी गुरु गोरक्षनाथ के नाम पर है। देश और विदेश में गोरखपुर की अपनी एक अलग पहचान है। गोरखपुर ने आजादी के आन्दोलन को एक नई दिशा देने का कार्य किया था। कई महान विभूतियों का संबंध भी गोरखपुर से है। नई शिक्षा नीति का उल्लेख करते हुए केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा कि उ0प्र0 ने नयी शिक्षा नीति को लागू करने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश लगातार विकास कर रहा है। प्रदेश ईज आफ डुईंग बिजनेस रैंकिंग में द्वितीय स्थान पर है और देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में गोरखपुर एम्स 05 वर्षों के अन्दर पूर्ण हो गया है। प्रदेश में सुरक्षा का माहौल मिलने से लोग रोजगार तथा स्वरोजगार के लिए आगे बढ़ रहे है। स्टार्टअप में युवाओं की बहुत बड़ी भूमिका का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय युवा विश्व स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। इस दौरान महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद द्वारा एक शोभा यात्रा भी निकाली गयीए जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए एम0पी0 इण्टर कॉलेज पर आकर समाप्त हुई। इस अवसर पर जन प्रतिनिधिगणए वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सही इतिहास...

मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों की जमकर तारीफ की। उन्होंने एक शूटिंग रेंज और इनडोर स्टेडियम बनाने की घोषणा की और एमपीएसपी अध्यक्ष प्रो. यू. पी. सिंह को इस संबंध में मंत्रालय को एक प्रस्ताव भेजने के लिए कहा। शिक्षा के क्षेत्र में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की क्रांतिकारी भूमिका की सराहना करते हुए ठाकुर ने कहा, ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ ने नौ दशक पहले परिषद की शुरुआत की थी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उस विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं और जिस लक्ष्य के लिए इसे स्थापित किया गया था, उसे हासिल करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, शिक्षा किसी भी समाज और देश के विकास का आधार है। नई शिक्षा नीति लागू करने वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य है। केंद्रीय मंत्री ने खेल और सामाजिक कार्यों के महत्व को बताते हुए कहा कि योगी भारत के एकमात्र ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने एक भव्य कार्यक्रम में टोक्यो ओलंपिक के सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। ठाकुर ने कहा कि वह राज्य के हर जिले और ग्रामीण क्षेत्रों में खेल स्टेडियम और खेल के मैदान दे रहे हैं और युवाओं में खेल को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने सबसे अधिक आबादी वाले राज्य में कोरोना वायरस की लहर से सफलतापूर्वक निपटने के लिए भी मुख्यमंत्री की प्रशंसा की।

### पंजाब में...

से गठबंधन करें। हम सकारात्मक भाव से दोनों दलों से बातचीत कर रहे हैं। किसानों के आंदोलन के बारे में शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों कानूनों को निरस्त कर बड़ा दिल दिखाया है। उन्होंने कहा, किसानों का आंदोलन समाप्त हो इसके लिए प्रधानमंत्री ने बड़ा दिल दिखाया है...ठीक है भाई...अगर आपको लगता है कि यह कानून किसानों के हित में नहीं है...तीनों कानूनों को निरस्त कर दिया गया...अब मैं नहीं समझता कि पंजाब में कोई और मुद्दा बचा है। चुनाव मेरिट के आधार पर लड़े जाएंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या पश्चिम उत्तर प्रदेश में चुनावी माहौल बदला है, शाह ने कहा कि किसानों के आंदोलन का बहुत कम असर है। पंजाब में भाजपा लंबे समय तक शिरोमणि अकाली दल के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ती रही है। हालांकि, कृषि कानूनों के मुद्दे पर दोनों दलों के बीच वर्षों पुराना गठबंधन टूट गया था। उत्तर प्रदेश में भाजपा सत्ता में है और वह वहां फिर से सत्ता में वापसी करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। भाजपा के कुछ पुराने सहयोगियों के अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी (सपा) से गठबंधन करने के बारे में पूछे जाने पर शाह ने कहा कि गठबंधनों को मतों के अंकगणित के साथ जोड़ना चुनावों के आकलन का सही तरीका नहीं है। उन्होंने कहा, राजनीति फिजिक्स नहीं केमिस्ट्री है।

### पिछले चुनावों...

के भी दो उम्मीदार थे। कांग्रेस पार्टी के भी एक उम्मीदवार को चुनाव खर्च का विवरण न जमा किये जाने पर आयोग्य घोषित किया गया है। इन सभी को एक साल के लिए चुनाव लड़ने से रोका गया है यह अवधि अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाले विधान सभा चुनाव के बाद ही खत्म होगी। इस बार के चुनाव में आयोग ने प्रत्याशियों के चुनाव खर्च की रोजाना मानीटरिंग किये जाने के लिए चुनाव खर्च पर्यवेक्षक के साथ ही आयकर विभाग के अधिकारियों के विशेष जांच दल भी सक्रिय किये जाने की व्यवस्था की है। मतदाताओं को वोट के बदले नोट और शराब के प्रलोभन आदि दिये जाने की भी सतत निगरानी की जाएगी।

### महाराष्ट्र और...

है। इससे पहले, कर्नाटक में दो व्यक्ति वायरस के इस स्वरूप से संक्रमित मिले थे। गुजरात के स्वास्थ्य आयुक्त जयप्रकाश शिवहरे ने पुष्टि की कि जामनगर शहर का संबंधित व्यक्ति कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन से संक्रमित पाया गया है। अधिकारियों ने कहा कि यह व्यक्ति 28 नवंबर को जिम्बाब्वे से गुजरात आया था और दो दिसंबर को कोरोना वायरस से संक्रमित मिला था, जिसके बाद उसका नमूना जीनोम अनुक्रमण के लिए भेजा गया था। जामनगर के निगमायुक्त विजय कुमार खराडी ने कहा था कि नमूना जीनोम अनुक्रमण के लिए अहमदाबाद भेजा गया था ताकि यह पता लगाया जा सके कि व्यक्ति ओमीक्रोन से संक्रमित है या नहीं। उन्होंने कहा कि यह व्यक्ति पिछले कई साल से जिम्बाब्वे में रह रहा है और वह राज्य में अपने ससुर से मिलने आया था। अधिकारी ने कहा कि बुखार होने के बाद डॉक्टर ने उन्हें आरटी-पीसीआर टेस्ट कराने की सलाह दी और निजी प्रयोगशाला ने बृहस्पतिवार को अधिकारियों को उसके कोरोना वायरस से संक्रमित होने की सूचना दी। खराडी ने कहा कि इसके बाद, इस व्यक्ति को गुरु गोबिंद सिंह सरकारी अस्पताल के पृथक वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि जिला अधिकारियों ने प्रोटोकॉल के अनुसार इस व्यक्ति के संपर्क में आए लोगों का पता लगाना पहले ही शुरू कर दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने ओमीक्रोन को चिंताजनक स्वरूप की श्रेणी में रखा है। केंद्र के अनुसार, अधिक जोखिमै वाले देशों में ब्रिटेन सहित यूरोपीय देश और दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, बोत्सवाना, चीन, मॉरीशस, न्यूजीलैंड, जिम्बाब्वे, सिंगापुर, हांगकांग तथा इज़राइल शामिल हैं।

### आवश्यक कदम...

निगरानी करें, संक्रमित लोगों के संपर्क में आए लोगों का तुरंत पता लगाएं। साथ ही सभी संक्रमित नमूने को जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजने, मामलों की तुरंत पहचान करने और स्वास्थ्य ढांचे की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए भी कहा गया है। प्रधान सचिव (स्वास्थ्य) को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि कर्नाटक में तीन दिसंबर तक एक महीने के अंदर 8073 नए मामले सामने आए हैं। भूषण ने बताया कि यह भी गौर करना महत्वपूर्ण है कि राज्य में साप्ताहिक नए मामलों में भी बढ़ोतरी हुई है जो 26 नवंबर को समाप्त हुए सप्ताह में 1664 नए मामलों से बढ़कर तीन दिसंबर को समाप्त हुए सप्ताह में 2272 तक पहुंच गया है। इसी दौरान साप्ताहिक मौतों की संख्या 22 से बढ़कर 29 हो गई। पत्र में बताया गया है कि केरल में तीन दिसंबर तक एक महीने में 1,71,521 नए मामले सामने आए जो कि पिछले महीने देश में नए मामलों का 55.8 फीसदी है। भूषण ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में तीन दिसंबर तक 4806 नए मामले सामने आए और कठुआ, जम्मू, गांदेरबल और बारामूला में पिछले हफ्ते की तुलना में नए मामलों में बढ़ोतरी हुई है। इस अवधि में तमिलनाडु में 23,764 नए मामले सामने आए हैं। भूषण ने बताया कि ओडिशा में इस अवधि के दौरान 7445 नए मामले सामने आए हैं। मिजोरम में चार दिसंबर तक एक महीने के अंदर 12,562 नए मामले सामने आए हैं। उनहोंने कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय कोविड-19 के खिलाफ राज्योंकेंद्र शासित प्रदेशों को आवश्यक सहयोग मुहैया कराता रहेगा।

### सात वर्षों...

का निर्यात लक्ष्य हासिल करना है। वर्तमान में भारत करीब सात देशों को रक्षा उपकरणों का निर्यात कर रहा है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की 2020 की रिपोर्ट के मुताबिक भारत रक्षा निर्यात में शीर्ष 25 देशों में शामिल है। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने सरकार के आत्मनिर्भर पहल का पूरी तरह समर्थन किया है।

### सरकार ने...

प्रभावी रेंज के साथ, हल्की, मजबूत और प्रमाणित तकनीक के साथ आसानी से उपयोग में लाई जा सकने वाली आधुनिक असॉल्ट राइफल हैं। ये वर्तमान और परिकल्पित अभियान संबंधी चुनौतियों का पर्याप्त रूप से सामना करने के लिए सैनिकों की युद्ध क्षमता को बढ़ाएंगी। ये आतंकवाद और उग्रवाद विरोधी अभियानों में भारतीय सेना की परिचालन प्रभावशीलता को बढ़ाएंगी। उन्होंने बताया कि यह परियोजना इंडो-रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड (आईआरआरपीएल) नामक एक विशेष प्रयोजन के संयुक्त उद्यम द्वारा कार्यान्वित की जाएगी। यह भारत के तत्कालीन ओएफबी-आयुध निर्माणी बोर्ड (अब एडवांस्ड वेपन्स एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड (एडब्ल्यूईआईएल) और म्यूनिशन्स इंडिया लिमिटेड (एमआईएल) तथा रूस के रोसोबोरोनएक्सपोर्ट (आरओई) एवं कालाश्निकोव के साथ बनाया गया है।

# पाक में श्रीलंकाई नागरिक की लिंचिंग में आठ सौ लोगों पर आतंकवाद के आरोपों में प्राथमिकी

**भाषा।** लाहौर

**पाकिस्तान** के पंजाब प्रांत में ईशनिंदा के आरोप में एक श्रीलंकाई नागरिक की पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामले में अब तक 800 से अधिक लोगों के खिलाफ आतंकवाद के आरोपों में मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा गिरफ्तार किए गए 118 में से 13 प्रमुख संदिग्ध हैं। पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस घटना को लेकर सरकार पर दोषियों को न्याय के कठघरे में लाने का दबाव बढ़ रहा है। शुक्रवार को हुई इस चौंकाने वाली घटना में कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के नाराज समर्थकों ने एक कपड़ा कारखाने पर हमला किया और उसके महाप्रबंधक प्रियंता कुमारा दियावदना को ईशनिंदा के आरोप में पीट-पीटकर मार डाला। इसके बाद उनके शव को आग लगा दी। दियावदना (40) श्रीलंका के कैंडी शहर से थे। वह पिछले सात वर्षों से लाहौर से लगभग 100 किलोमीटर दूर सियालकोट जिले में राजको उद्योग कारखाने में महाप्रबंधक के रूप में काम कर रहे थे। पुलिस महानिरीक्षक (पंजाब) राव सरदार अली खान और पंजाब सरकार के प्रवक्ता हसन खरवार ने शनिवार को यहां घटना की एक प्रारंभिक रिपोर्ट मीडिया के साथ साझा की। खान ने कहा, पुलिस ने अब तक श्रीलंकाई नागरिक की हत्या में शामिल 118 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जिनमें 13 प्रमुख संदिग्ध शामिल हैं। उन्होंने कहा कि 800 से अधिक लोगों के खिलाफ आतंकवाद के आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की गई है। खान ने कहा, शुक्रवार सुबह 10 बजे कारखाने में 800 से अधिक लोगों की भीड़ जमा हो गई थी, जिन्हें बताया गया था कि कुमारा ने (इस्लामी आयत लिखा) एक स्टिकर । पोस्टर फाड़कर ईशनिंदा की है। हमलावरों ने उन्हें तलाश किया और वह छत पर मिले। भीड़ ने उन्हें घसीटा, बुरी तरह पीटा और सुबह 11.28 बजे तक उनकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद हिंसक भीड़ ने उनके शव को आग लगा दी।

## श्रीलंका की संसद ने की निंदा

**कोलंबो( भाषा )।** श्रीलंका की संसद और प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे ने पाकिस्तान में श्रीलंकाई नागरिक की पीट-पीट कर हत्या किए जाने की घटना की शनिवार को निंदा की और उम्मीद जताई कि वहां के प्रधानमंत्री इमरान खान पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए दोषियों को न्याय के कठघरे में लाएंगे और शेष श्रीलंकाई प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखेंगे। शुक्रवार को एक निर्मम घटना में कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी के समर्थकों द्वारा प्रियंता कुमारा दियावदना की पीट-पीटकर हत्या के बाद शव को जला दिया गया था। इन लोगों ने ईशनिंदा के आरोपों को लेकर पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक कपड़ा कारखाने पर हमला किया था।

श्रीलंका के कैंडी निवासी दियावदना, लाहौर से करीब 100 किलोमीटर दूर सियालकोट जिले में कपड़ा कारखाने में महाप्रबंधक के तौर पर कार्यरत थे। श्रीलंकाई सरकार और विपक्ष एकजुट होकर श्रीलंकाई अधिकारियों से पाकिस्तान में श्रीलंका के बाकी कामगारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस्लामाबाद के साथ बातचीत करने का आग्रह कर रहे थे।



लाहौर में सियालकोट की लिंचिंग की घटना के विरोध में एक नागरिक समाज समूह की महिलाओं ने किया प्रदर्शन

## माली ट्रक पर हमले में कम से कम 31 आम नागरिकों की मौत

**बमाको।** मध्य माली में आम नागरिकों को लेकर जा रहे एक ट्रक पर बंदूकधारियों ने हमला कर दिया, जिसमें कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी शनिवार को एक स्थानीय अधिकारी ने दी। बांदियागरा के महापौर हुसैनी साए ने बताया कि ट्रक में करीब 50 लोग सवार थे, तभी शहर से करीब दस किलोमीटर की दूरी पर शुक्रवार को कुछ बंदूकधारियों ने उस पर हमला कर दिया। महापौर ने कहा, गोलीबारी से ट्रक में आग लग गई और 31 लोगों की मौत हो गई। उनमें से अधिकतर की जलकर मौत हो गई। वह माली के संसद के सदस्य भी हैं। उन्होंने कहा, कई लोग जख्मी हो गए और दो व्यक्ति लापता हैं। हमले की किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है लेकिन यह अल-कायदा से जुड़े स्थानीय समूहों का कृत्य प्रतीत होता है। माली की सेना के खिलाफ अल-कायदा से जुड़े सशस्त्र समूहों ने 2015 में हमले शुरू किए थे।

## कोविड-19 टीकों को एड्स से जोड़ने वाले ब्राजील के राष्ट्रपति के बयान की हो सकती है जांच

**ब्रासीलिया (एपी)।** ब्राजील की शीर्ष अदालत के एक न्यायाधीश ने राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो के, कोविड-19 टीकों को एड्स से जोड़ने वाले बयानों की जांच का शुक्रवार को आदेश दिया। बोल्सोनारो ने 24 अक्टूबर को प्रसारित संबोधन में कहा था, ब्रिटेन की सरकार की आधिकारिक रिपोर्ट में कहा गया है कि जिन लोगों को टीके की दोनों खुराक मिली है उन्हें एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशिएंसी सिंड्रोम (एड्स) जल्दी हो रहा है। फेसबुक और इंस्टाग्राम ने कुछ दिन बाद उक्त वीडियो को यह कहकर हटा लिया कि इससे उनके नियमों का उल्लंघन होता है। वैज्ञानिकों और डॉक्टरों ने भी बोल्सोनारो के दावे का खंडन किया है। ब्राजील के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश अलेक्सांद्रे डी मोरेआस ने देश के शीर्ष अभियोजक ऑगस्टो अरास को निर्देश दिया है कि वह ब्राजील की सीनेट द्वारा महामारी की जांच में लगाए गए आरोप की पड़ताल करे। ब्राजील के राष्ट्रपति ने अभी तक टीका नहीं लगवाया है और वह टीकाकरण की अनिवार्यता के विरोध में बोलते रहे हैं। बोल्सोनारो का कहना है कि वह केवल एक पत्रिका में छपे लेख का हवाला देते रहे हैं और उन्होंने कोई दावा नहीं किया है। मोरेआस ने अपने आदेश में कहा कि बोल्सोनारो के बयान की जांच होनी चाहिए। हालांकि, किसी प्रकार की जांच होने की संभावना नहीं है। अरास राष्ट्रपति के विरोध में नहीं जाते हैं और सीनेट की समिति द्वारा अनुरोध किए जाने के बावजूद उन्होंने महामारी से निपटने में बोल्सोनारो की भूमिका की भी जांच नहीं की। बोल्सोनारो ने महामारी की शुरुआत से ही स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य नियमों का उल्लंघन किया और कहा कि कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए लागू पाबंदियों से फायदे के मुकाबले नुकसान ज्यादा होता है। गौरतलब है कि ब्राजील में कोविड-19 से अब तक 6,10,000 से ज्यादा मरीजों की मौत हो चुकी है और इस मामले में वह अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर है।

# वायरस से मौतों की संख्या विषादपूर्ण है क्योंकि इसे टाला जा सकता था: एंजेला मर्केल

**एपी।** बर्लिन

**जर्मनी की** निवर्तमान चांसलर एंजेला मर्केल ने देश के लोगों से जल्द से जल्द कोविड-19 टीकाकरण करवाने की अपील की है। अगले सप्ताह अपना पद छोड़ रहीं चांसलर मर्केल की संभवत: देशवासियों से यह आखिरी अपील है। मर्केल ने अपना वीडियो संदेश संघीय और राज्य सरकार द्वारा कोविड-19 महामारी की श्रृंखला को तोड़ने के लिए उठाए गए कदमों के दो दिन बाद दिया है जिसे उनका आखिरी साप्ताहिक संदेश माना जा रहा है।

नए उपायों के तहत टीकाकरण नहीं करवाने वाले लोगों को गैर-आवश्यक वस्तुओं की दुकानों, रेस्तरां और खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन स्थलों में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। दीर्घकालिक उपाय के तहत संसद टीकाकरण को अनिवार्य बनाने पर विचार कर रही है। जर्मनी में अबतक 68.9 प्रतिशत लोगों का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है लेकिन यह सरकार के 75 प्रतिशत के लक्ष्य से कम है।



हाल के दिनों में कोविड-19 के बढ़ रहे मामलों के लिए टीकाकरण नहीं करवाने वाले लोगों को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। आधिकारिक आंकड़ों में दिख रहा है कि अब संक्रमण दर में स्थिरता आ रही है लेकिन अब भी इसका स्तर उच्च बना हुआ है। जर्मनी के राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र ने शनिवार को बताया कि बीते 24 घंटे की अवधि में देश में कोरोना वायरस संक्रमण के 64,510 नए मामले सामने आए जबकि इस दौरान 378 मरीजों की मौत हो गई। देश में अब तक इस महामारी के कारण 1,02,946 लोगों की मौत हो चुकी है।

मर्केल ने अपने संदेश में कहा, कोविड-19 की वजह से जान गंवाने वाले अपने पीछे जिन परिवारों और दोस्तों को छोड़ गए हैं वें स्तब्ध, निशब्द और असहाय है। ए कड़वे अनुभव है क्योंकि इससे प्रभावी टीकाकरण की मदद से बचा जा सकता था। हमारे हाथों में इसकी कुंजी है। उन्होंने अपने आग्रह को दोहराया कि जर्मन वायरस को गंभीरता से लें। मर्केल ने कहा कि नया ओमीक्रोन स्वरूप पहले के स्वरूप से भी अधिक संक्रामक लग रहा है। इसलिए टीकाकरण कराएं, यह मायने नहीं रखता कि वह पहली खुराक है या बूस्टर। हर टीकाकरण मदद करेगा। गौरतलब है कि मर्केल के बुधवार को पदभार छोड़ने की उम्मीद है और उनका स्थान सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता ओलाफ स्कोल्ज लेंगे जो उप चांसलर हैं। स्कोल्ज ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार का पहला कार्य कोरोना महामारी से पूरी ताकत से लड़ना होगा।

## पोप ने लोकतंत्र के जन्मस्थल में लोकलुभावन खतरों को लेकर किया आगाह

**एथेंस (एपी)।** पोप फ्रांसिस ने शनिवार को आगाह किया कि लोकलुभावनवाद और अधिनायकवाद के आसान जवाब यूरोप में लोकतंत्र के लिए खतरा है और उन्होंने साझा हित को बढ़ावा देने के लिए नए सिरे से समर्पण दिखाने का आह्वान किया। पोप ने लोकतंत्र के जन्मस्थल यूनान में राजनीतिक और सांस्कृतिक नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केवल मजबूत बहुपक्षवाद ही पर्यावरण की रक्षा करने से लेकर महामारी और गरीबी तक के मुद्दों को सफलतापूर्वक हल कर सकता है। उन्होंने शनिवार को एथेंस पहुंचने के बाद कहा, राजनीति में निजी हितों के मुकाबले साझा जरूरतों को आगे रखने के लिए इसकी जरूरत है। फिर हम इसे नजरअंदाज नहीं कर सकते कि कैसे आज और न केवल यूरोप में बल्कि अन्य जगहों पर हम लोकतंत्र से पीछे हटते हुए देख रहे हैं। गौरतलब है कि पोप साइप्रस और यूनान की यात्रा पर आए हैं। एथेंस में फ्रांसिस ने यूनान के प्रधानमंत्री क्रियाकोस मित्सोताकिस और यूनान ऑर्थोडॉक्स चर्च के नेता आर्कबिशप लेरोनिमस से मुलाकात की। पोप की यह यात्रा सोमवार को समाप्त होगी।





गाम्बिया के राष्ट्रपति चुनाव के लिए बकाउ, गाम्बिया में मतदान करने के लिए कतार में लगी हुईं महिलाएं

## पहले सिप्रियन फोयस पुरस्कार के लिए चुने गए तीन लोगों में भारतीय-अमेरिकी गणितज्ञ शामिल

**भाषा।** वाशिंगटन

**बर्कले** के कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में पढ़ाने वाले प्रख्यात भारतीय-अमेरिकी गणितज्ञ निखिल श्रीवास्तव को संयुक्त रूप से अमेरिकन मैथमैटिकल सोसाइटी (एएमएस) द्वारा ऑपरेटर थ्योरी पर काम के लिए पहले सिप्रियन फोयस पुरस्कार के लिए चुना गया है। श्रीवास्तव के अलावा, दो अन्य पुरस्कार विजेताओं में एडम मार्कस और डेनियल स्पीलमैन का नाम है। एडम मार्कस स्विट्ज़रलैंड में इकोले पॉलीटेक्निक फेडेरल डी लॉज़ेन (ईपीएफएल) में कॉम्बिनेश्रियल एनालिसिस के अध्यक्ष हैं जबकि स्पीलमैन कंप्यूटर साइंस के उत्कृष्ट प्राध्यापक, सांख्यिकी और डेटा विज्ञान तथा गणित के प्रोफेसर हैं।

श्रीवास्तव, मार्कस और स्पीलमैन को यह पुरस्कार अगले साल पांच जनवरी को सिएटल में आयोजित होने वाले समारोह में दिया जाएगा, जिसमें दुनियाभर के दिग्गज गणितज्ञ हिस्सा लेंगे। इस पुरस्कार की स्थापना वर्ष 2020 में सिप्रियन फोयस की याद में की गई थी, जोकि ऑपरेटर थ्योरी और फ्लूइड मेकैनिक्स के क्षेत्र के प्रसिद्ध विद्वान थे। पुरस्कार के तहत 5,000 डॉलर की राशि प्रदान की जाएगी। एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह पुरस्कार उनके अत्यधिक मौलिक कार्य को मान्यता देता है, जिसमें मैट्रिसिस के विशिष्ट बहुपद को समझने के तरीकों को सामने रखा गया और विकसित किया गया, जिनमें इटरेटिव स्पार्सीफिकेशन विधि (बैट्सन के सहयोग से भी) और बहुपदों को जोड़ने की विधि यानी इंटरलेसिंग पोलीनोमियल्स शामिल हैं। एक संयुक्त बयान में, तीन पुरस्कार विजेताओं ने कहा कि वे उन कई लोगों की ओर से इसे स्वीकार करना चाहते हैं, जिनके काम ने कैडिसन-सिंगर प्रॉब्लम के समाधान में योगदान दिया।

## क्विक न्यूज

### दक्षिण कोरिया में कोविड-19 के रिकॉर्ड 5,352 नए मामले

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के रिकॉर्ड 5,352 नए मामले सामने आए है और 70 लोगों की मौत हो गई। वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के तीन नए मामलों की भी पुष्टि हुई। कोरियाई बीमारी नियंत्रण एवं रोकथाम एजेंसी ने शनिवार को बताया कि 5,352 नए मामले सामने आए है। इस सप्ताह तीसरी बार संक्रमण के नए मामले 5,000 से ज्यादा आए है। देश में पिछले 24 घंटे में 70 मरीजों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 3,809 हो गई। वही, 752 मरीज गंभीर या नाजुक हालत में है जो अब तक का सबसे ज्यादा है। देश में कोरोना वायरस के डेल्टा स्वरूप के मामलों में वृद्धि के बाद अस्पताल मरीजों से भर गए है। वही ओमीक्रोन के स्थानीय इलाकों में प्रसार होने को लेकर चिंताएं बढ़ी हुई है क्योंकि इस स्वरूप के अधिक संक्रामक होने की आशंका है। देश में ओमीक्रोन के तीन नए मामले सामने आने के बाद इस स्वरूप के कुल मामलों की संख्या बढ़कर नौ हो गई। अधिकारियों ने बताया कि ओमीक्रोन के मामले बढ़ने की आशंका है क्योंकि इनमें से कुछ मरीज 28 नवंबर को चर्च गए थे, जहां सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### रासायनिक हथियार निगरानी संस्था ओपीसीडब्ल्यू की कार्यकारी परिषद में पाकिस्तान पुनर्निर्वाचित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान को 2022-2024 की अवधि के लिए रासायनिक हथियार निषेध संगठन (ओपीसीडब्ल्यू) की कार्यकारी परिषद के लिए पुनर्निर्वाचित किया गया है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने शनिवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। बयान के अनुसार नीदरलैंड के शहर द हेग में 29 नवंबर से दो दिसंबर तक आयोजित ओपीसीडब्ल्यू के सदस्यों के हाल में संपन्न 26वें सत्र के दौरान यह चुनाव हुए थे। विदेश कार्यालय ने बयान में कहा, "ओपीसीडब्ल्यू की 41 सदस्ईय कार्यकारी परिषद के लिए पाकिस्तान का फिर से चुनाव ओपीसीडब्ल्यू में पाकिस्तान की सकारात्मक भूमिका का एक प्रमाण है।"

### चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ने उठाए अमेरिकी लोकतंत्र पर सवाल

**बीजिंग।** चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ने अगले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की मेजबानी में होने जा रहे वैश्विक लोकतंत्र सम्मेलन की कड़ी आलोचना करते हुए शनिवार को अमेरिकी लोकतंत्र पर सवाल उठाए जबकि अपनी शासन प्रणाली के गुणों की प्रशंसा की। पार्टी पदाधिकारियों ने सवाल किया कि एक ध्रुवीकृत देश दूसरों को व्याख्यान कैसे दे सकता है। उन्होंने कहा कि दूसरों को पश्चिमी लोकतांत्रिक मॉडल की नकल करने के लिए मजबूर करने के प्रयास" बुरी तरह विफल हुए है। पार्टी के नीति शोध कार्यालय के उप निदेशक तियान पेइयां ने कहा कि महामारी ने अमेरिकी व्यवस्था की खामियों को उजागर कर दिया है। उन्होंने अमेरिका में कोविड-19 से बड़ी संख्या में लोगों की मौत के लिए राजनीतिक विवादों और ऊपरी से लेकर निचले स्तर तक विभाजित सरकार को जिम्मेदार बताया। पेइंया ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, इस प्रकार का लोकतंत्र मतदाताओं के लिए खुशियां नही बल्कि तबाही लेकर आता है। उन्होंने एक सरकारी रिपोर्ट जारी की, जिसमें बताया गया है कि कम्युनिस्ट पार्टी अपने लोकतंत्र के स्वरूप को क्या कहती है।

### इंडोनेशिया में सेमेरू ज्वालामुखी फूटा, निकल रहा है राख का गुब्बार

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सबसे घनी आबादी वाले द्वीप जावा में सबसे ऊंचा ज्वालामुखी शनिवार को फूट पड़ा जिससे आसमान में राख का गुब्बार छा गया। इससे आसपास रहने वाले लोगों में दहशत उत्पन्न हो गई। इसमें किसी के हताहत होने की तत्काल कोई सूचना नही है। पूर्वी जावा प्रांत के लुमाजांग जिले में स्थित माउंट सेमेरु के अचानक फूटने से इसके ढलानों के आसपास के कई गांवों में इससे निकलने वाली राख भर गई। लुमाजांग जिला प्रमुख थोरिकुल हक ने टीवी-वन को बताया कि ज्वालामुखी के फटने के साथ गरज चमक के साथ बारिश हुई। इससे बहने वाले लावा और सुलगता मलबे से दो मुख्य गांवों प्रोनोजिवो और कैंडिपुरो को जोड़ने वाला कम से कम एक पुल नष्ट हो गया। उन्होंने कहा कि इससे वहां से लोगों को निकालने में बाधा उत्पन्न हुई। हक ने कहा, राख के घने गुब्बार से कई गांवों में अंधेरा छा गया है। उन्होंने कहा कि कई सौ लोगों को अस्थाई आश्रयस्थलों या अन्य सुरक्षित क्षेत्रों में ले जाया गया है। टेलीविजन खबरों में दिखाया गया है कि लोग एक विशाल राख के गुब्बार के नीचे दहशत में भाग रहे है।

### ओमीक्रोन के कोरोना वायरस के अन्य स्वरूप से ज्यादा खतरनाक होने के फिलहाल साक्ष्य नहीं : सिंगापुर

**सिंगापुर।** कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन से संबंधित लक्षणों के अन्य स्वरूप से ज्यादा खतरनाक होने या मौजूदा टीके या इलाज के इस पर अप्रभावी होने के संबंध में फिलहाल कोई सबूत नही है। सिंगापुर स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से एक खबर में यह बात कही गई है। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार मंत्रालय ने कहा कि ओमीक्रोन से संक्रमित दो लोगों ने सिंगापुर से मलेशिया और ऑस्ट्रेलिया की यात्रा की। सिंगापुर स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि ओमीक्रोन के संबंध में और अधिक जानकारियां और अध्ययन की जरूरत है और आने वाले सप्ताह में वैश्विक स्तर पर इसके और मामले आने की आशंका है। मंत्रालय ने कहा कि एहतियात के अतिरिक्त कदम उठाने से उन्हें इस स्वरूप से लड़ने के तरीके जानने के लिए समय मिलेगा। सिंगापुर के चांगी हवाई अड्डे पर ओमीक्रोन संक्रमण के प्रसार पर मंत्रालय ने कहा कि संक्रमण का पहला मामला जोहानिसबर्ग से सिंगापुर एयरलाइन की एक उड़ान से 27 नवंबर को यात्रा करने वाले व्यक्ति का है। वह व्यक्ति उसी दिन की ट्रांजिट उड़ान के लिए यहां पहुंचा। इसके बाद व्यक्ति ने सिंगापुर एयरलाइन की एक अन्य उड़ान से 28 नवंबर को सिडनी की यात्रा की।

### रूस यूक्रेन पर सैन्य हमला करने की तैयारी में

**वाशिंगटन।** अमेरिका के खुफिया अधिकारियों ने यह पता लगाया है कि रूस यूक्रेन के खिलाफ संभावित सैन्य हमले की तैयारी कर रहा है और यह 2022 की शुरुआत में हो सकता है तथा इसमें करीब 1,75,000 कर्मियों के शामिल होने की आशंका है। प्रशासन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन नीत प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि नई खुफिया जानकारी में यह अनुमान लगाया गया है कि आधे से ज्यादा रूसी कर्मियों को पहले ही यूक्रेन की सीमा के निकट विभिन्न बिंदुओं पर तैनात किया गया है। अधिकारी ने नाम उजागर न करने की शर्त पर पर यह जानकारी दी है। यह जानकारी ऐसे समय में आई है जब रूस ने बाइडन से इस बात की गारंटी देने की मांग उठाई है कि यूक्रेन को नाटो गठबंधन में शामिल होने की अनुमति नही दी जाएगी। अधिकारी ने बताया कि रूस की योजना में सामरिक समूहों के 100 बटालियनों की तैनाती की बात है। इसके साथ आयुध और उपकरण शामिल है। इस खुफिया जानकारी की खबर सबसे पहले द वाशिंगटन पोस्ट में प्रकाशित हुई है। इससे पहले शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने रूस द्वारा यूक्रेन में सैन्य हमले को बेहद, बेहद कठिन बना देने का संकल्प लिया और कहा कि उनका प्रशासन रूस की आक्रमकता को रोकने के लिए कदम उठाएगा।

# अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने के लिए वर्जिन द्वीप समूह में तीन भारतीय गिरफ्तार

**भाषा।** वाशिंगटन

**संघीय कानून** प्रवर्तन अधिकारियों ने देश में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में यूएस वर्जिन द्वीप समूह में तीन युवा भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। एक अमेरिकी अटॉर्नी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कृष्णाबेन पटेल (25), निकुंजकुमार पटेल (27) और अशोककुमार पटेल (39) को यूएस वर्जिन द्वीप समूह के सेंट क्रिक्स हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया, जब वे 24 नवंबर को फ्लोरिडा के फोर्ट लॉडरडेल के लिए उड़ान भरने वाले थे।

अमेरिका में उनके कथित अवैध प्रवेश से संबंधित आपराधिक आरोपों पर प्रारंभिक सुनवाई के लिए सेंट क्रिक्स में मजिस्ट्रेट कोर्ट के न्यायाधीश जॉर्ज डब्ल्यू कैनन के समक्ष तीनों दो दिसंबर को पेश हुए। अमेरिकी वकील ग्रेटचेन सी एफ शैपर्ट ने बताया कि एक संभावित कारण पाया गया था और प्रतिवादियों को आगे की कार्यवाही के लिए जिला अदालत में पेश किया गया। अमेरिकी वकील के अनुसार, तीनों विमान में सवार होने वाले थे, जब एक सिस्टम जांच से पता चला कि फ्लोरिडा में वाहन चालक के उनके लाइसेंस वैध रूप से जारी नहीं किए गए थे और इसे धोखाधड़ी माना गया। आगे की जांच से पता चला कि अगस्त 2019 में, तीनों को पहले टेकेट, कैलिफ़ोर्निया में हिरासत में लिया गया था, और उन्हें शीघ्र वापस भेजने की कार्वाई शुरू की गई थी। मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया है कि बाद में उन्हें अमेरिका से भारत भेज दिया गया था। तीनों पर धोखाधड़ी वाले दस्तावेज़ों का इस्तेमाल करने तथा अमेरिका से निकाले जाने के बावजूद किसी विदेशी की मदद से यहां पुनः प्रवेश करने के आरोप लगाए गए।

## फ्रांस की द रिपब्लिकन पार्टी राष्ट्रपति उम्मीदवार का चयन करेगी

**पेरिस।** फ्रांस की द रिपब्लिकन पार्टी के सदस्य शनिवार को राष्ट्रपति पद के लिए अपना उम्मीदवार चुनेंगे। यह एक ऐसा निर्णय है जो अगले साल अप्रैल में होने वाले चुनाव को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकता है। पेरिस क्षेत्र की प्रमुख, वैलेरी पेक्रेसे और नीस के एक कट्टरपंथी सांसद एरिक सिओती द रिपब्लिकन्स प्राइमरी के अंतिम दौर में प्रतिस्पर्धा में हैं। द रिपब्लिकन्स के करीब एक लाख 40 हजार सदस्य इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के जरिए मतादन में हिस्सा ले रहे हैं। इसका परिणाम शनिवार को देर से आने की संभावना है।

पेक्रेसे(54) एक पूर्व मंत्री हैं और पूर्व रूढिवादी राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी (2007-12) के शासन के दौरान सरकार की प्रवक्ता रह चुकी हैं। अगर वह पार्टी सदस्यों द्वारा और बाद में फ्रांस के मतदाताओं द्वारा निर्वाचित हो जाती हैं तो उन्होंने राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की मध्यमार्गी नीतियों को खत्म का वादा लिया है। मैक्रों के दूसरे कार्यकाल के लिए भी चुनाव लड़ने की संभावना है हालांकि उन्होंने अब तक अपनी उम्मीदवारी की घोषणा नहीं की है। पेक्रेसे ने कहा कि राष्ट्रपति बनने के बाद उनका पहला कदम फ्रांस में 35 घंटे के कार्य सप्ताह को समाप्त करना होगा, ताकि कर्मचारी अधिक काम करें और कमाएं। यूरोपीय यूनियन की समर्थक पेक्रेसे ने 2019 में द रिपब्लिकन्स छोड़ दिया था और इस साल दोबारा पार्टी में शामिल हो गई, जिसके बाद वह प्राइमरी में शामिल हुई है। सिओती (56) को पार्टी के दक्षिणपंथी के रूप में जाना जाता है।

# अफगानिस्तान के खातों से रोक नही हटाई गई तो उसकी आर्थिक स्थिति और खराब हो सकती है: कुरैशी

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने शनिवार को कहा कि यदि अफगानिस्तान की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए उसके प्रतिबंधित खातों से रोक नहीं हटाई गई तो उसकी आर्थिक स्थिति और खराब हो सकती है। कुरैशी ने कहा कि अफगानिस्तान में बिगड़ती मानवीय स्थिति पर चर्चा करने के लिए पाकिस्तान 19 दिसंबर को मुस्लिम देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक आयोजित करेगा।

कुरैशी ने लाहौर में संवाददाताओं से कहा कि अफगानिस्तान की स्थिति को देखते हुए इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के विदेश मंत्रियों की परिषद का 17वां असाधारण सत्र 41 साल बाद आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा, यदि अफगानिस्तान की स्थिति पर ध्यान नहीं दिया गया तो मानव त्रासदी हो सकती है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान की आधी आबादी भोजन की कमी का सामना कर सकती है। अफगानिस्तान के खातों पर लगी रोक हटाने की वकालत करते हुए उन्होंने कहा कि यदि अफगानिस्तान की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए उसके प्रतिबंधित खातों से रोक



नहीं हटाई गई तो उसकी आर्थिक स्थिति और खराब हो सकती हैअगस्त के मध्य में तालिबान के देश की सत्ता पर काबिज होने के बाद अमेरिका ने अफगान सेंट्रल बैंक की 9 अरब अमरीकी डालर से अधिक की संपत्ति पर रोक लगा दी थी। तालिबान नीत अफगानिस्तान सरकार ने कड़ाके की सर्दी से पहले लोगों को हो रही कठिनाइयों का हवाला देते हुए अमेरिका से देश के खातों पर से रोक हटाने का अनुरोध किया है। अफगानिस्तान में बिगड़ती स्थिति को रेखांकित करते हुए कुरैशी ने कहा कि इससे एक नया शरणार्थी पलायन शुरू हो सकता है। उन्होंने दुनिया से युद्ध से तबाह देश की मौजूदा स्थिति को समझने के लिए कहा। कुरैशी ने कहा कि बैठक में शामिल होने के लिए पी5 देशों और यूरोपीय एजेंसी को भी आमंत्रित किया गया है।

## ओमीक्रोन पर टीकों का प्रभाव जानने में जुटे अनुसंधानकर्ता

विश्वभर के अनुसंधानकर्ता इस बात का पता लगाने में जुटे हैं कि क्या मौजूदा कोविड टीके हमें वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन से बचा सकते हैं। इसमें सबसे बड़ी दुश्वारी यह है कि वायरस अपने जीनोम के महत्वपूर्ण हिस्सों में इतना अधिक उत्परिवर्तित हो गया है कि यह हमें वायरस के पुराने स्वरूपों से बचाने के लिए तैयार किए गए कोविड टीकों को भी मात दे सकता है, जिससे पूरी दुनिया को विनाशकारी परिणामों का सामना करना पड़ सकता है। वैसे, अभी से बहुत चिंता करना ठीक नहीं है और टीके ओमीक्रोन से भी हमारी रक्षा कर सकते हैं, जैसा उन्होंने पहले के स्वरूपों में किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि हमें स्थिति का आकलन करने में दो से चार सप्ताह और लग सकते हैं।

**DOC टॉक**



डॉ. श्वेता गोस्वामी

चिकित्सा निदेशक

जीवा फर्टिलिटी क्लिनिक

# संक्रमणों को रखें दूर



हम अक्सर योनि संक्रमण के बारे में खुलकर बात नहीं करते हैं। कई महिलाएं शर्म महसूस करती हैं और अक्सर इसके बारे में बात करने में सहज महसूस नहीं करती हैं, लेकिन वास्तव में यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है जिस पर चर्चा की जानी चाहिए। योनि अक्सर चुभन भरी, सूखी हो सकती है, या अत्यधिक और बदरंग व बदबूदार डिसचार्ज उत्पन्न कर सकती है। यह वास्तव में सबसे संवेदनशील अंग है और इसकी उचित देखभाल और ध्यान की भी बहुत आवश्यकता होती है।

ऐसी कई गलतियां हैं जो एक महिला अनजाने में अपनी योनि के साथ करती है जो अक्सर उसे दूरगामी रूप में अनेक कठोर परिणाम झेलने की ओर ले जा सकती है। ये गलतियाँ अक्सर पेशाब करते समय या फिर सामान्य दिनों में, मासिक धर्म के दौरान या सेक्स करने से पहले और बाद में भी हो सकती हैं। यह बहुत आवश्यक है कि महिला अपने स्वास्थ्य, स्वच्छता और भलाई का ध्यान रखे।

अपनी योनि के लिए सुगंधित साबुन और सुगंध के प्रयोग से बचें। साबुन में आमतौर पर जो कृत्रिम गंध होती है वह योनि के लिए वास्तव में खतरनाक हो सकती है क्योंकि इनमें कई रसायन और कठोर तत्व होते हैं। साथ ही, इन कृत्रिम सुगंधित साबुनों व बॉडी वॉश में योनि के लिए उचित पीएच संतुलन नहीं होता है। एक महिला को हमेशा ऐसे अंतरंग वॉश का उपयोग करना चाहिए जो पीएच संतुलित हों और उपयोग के लिए पूर्णतया सुरक्षित हों।

❖ **नियमित अंतराल पर सैनिटरी पैड बदलें :** योनि संक्रमण और वायरस से बचने के लिए कृपया नियमित अंतराल पर अपने सैनिटरी पैड बदलें। एक ही पैड को ज्यादा देर तक रखने से खुजली और रैशेज हो जाते हैं। इसके अलावा, ऐसा करने में विफलता के परिणामस्वरूप संक्रामक रोगों की मेजबानी होती है।

> योनि में अनुपचारित जीवाणु संक्रमण के परिणामस्वरूप श्रोणि सूजन की बीमारी हो सकती है जो आगे चलकर बांझपन की ओर ले जाती है

❖ **सेक्स करने के बाद अपनी योनि को साफ करें :** सेक्स करने के बाद योनि को साफ करना बहुत जरूरी है क्योंकि इससे बैक्टीरिया का फैलाव काफी कम हो जाएगा। साथ ही, यौन संबंध बनाते समय कंडोम का उपयोग करना आवश्यक है क्योंकि इससे निश्चित रूप से यौन संचारित संक्रमण (एसटीआई) का खतरा कम होगा। इसके अलावा, सुनिश्चित करें कि आप और आपका साथी लेटने से पहले हमेशा हाथ धोते हैं। अधिकांश संक्रमण उन दंपत्तियों को होते हैं जो इस प्रक्रिया को नहीं अपनाते हैं क्योंकि हाथों पर मौजूद बैक्टीरिया शरीर के अन्य हिस्सों जैसे मूत्रमार्ग और योनि में स्थानांतरित हो जाते हैं।

❖ **अपनी योनि को पीछे से आगे की ओर न पोंछें :** कभी भी अपने आप को पीछे से सामने की ओर न पोंछें क्योंकि इससे योनि में बैक्टीरिया और संक्रमण फैलते हैं। इसे हमेशा आगे से पीछे की ओर पोंछने की सलाह दी जाती है।

❖ **आरामदायक अंडरगारमेंट्स पहनें :** ऐसे कपड़े पहनें जो क्रॉच में ढीले हों, सिंथेटिक के बजाय कॉटन-क्रॉच अंडरवियर पहनें।

❖ **गंदे सार्वजनिक शौचालयों का उपयोग करने से बचें :** सार्वजनिक शौचालयों का उपयोग करने से बचें क्योंकि वे आपात स्थिति में ज्यादातर गंदे होते हैं, अगर मजबूरी बन जाए तो इसे खड़ी मुद्रा में करें या आप अपने साथ डिस्पोजेबल या पोर्टेबल पेशाब करने वाले उपकरण भी ले जा सकती हैं।

❖ **अच्छी तरह से पेशाब करें :** जब भी आपको ऐसा करने की इच्छा हो तो वॉशरूम का उपयोग करना महत्वपूर्ण है। अपने आप को बहुत देर तक पेशाब करने से रोकना आपके मूत्राशय पर अनावश्यक दबाव डाल सकता है जिसके परिणामस्वरूप संक्रमण भी हो सकता है।

❖ **खुद को हाइड्रेट रखें :** दिन भर में खूब पानी पिएं और खुद को हाइड्रेट रखें। यह मूत्र संक्रमण को रोकेगा और आपके शरीर से समस्त कचरे को बाहर निकालेगा।

जब भी आपको लगे कि योनि से भारी स्राव हो रहा है या उससे अलग गंध आ रही है, या यदि आप अपनी योनि के आसपास या बाहर कोई खुजली, जलन, सूजन, या दर्द महसूस करें, या जब आप पेशाब करती हैं तो जलन सी महसूस होती है और जब सेक्स असहज होता है तो कृपया देर न करें और तत्काल अपने डॉक्टर से मिलें क्योंकि इससे कुछ गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। योनि में अनुपचारित जीवाणु सक्रमण के परिणामस्वरूप श्रोणि सूजन की बीमारी हो सकती है जो आगे चलकर बांझपन की ओर भी ले जा सकती है।

# बढ़ाएं अपनी दृष्टि



**टीवी देखने, गेम खेलने के लिए मोबाइल का उपयोग करने व डिजिटल उपकरणों पर पढ़ाई में बहुत अधिक समय बिताने के परिणामस्वरूप बच्चों को भी आंखों की बीमारियां होने का खतरा होता है। इनकी देखभाल करने का तरीका बता रहे हैं डॉ. जितेंद्र जेठानी**

मोदी ने कहा कि सालों साल अटकी रहने वाली परियोजनाओं और बिना तैयारी के फीता काटने वाले तौर-तरीकों को पीछे छोड़कर आज भारत नवनिर्माण में जुटा है। उन्होंने कहा, 21वीं सदी के इस कालखंड में भारत में कनेक्टिविटी का एक ऐसा महायज्ञ चल रहा है जो भविष्य के भारत को विकसित देशों की शृंखला में लाने में अहम भूमिका निभाएगा। इस महायज्ञ का भी एक ऐसा यज्ञ आज देवभूमि में हो रहा है। प्रधानमंत्री ने सीमा पर सड़कों और पुल बनाने पर ध्यान नहीं देने, सेना के लिए वन रैंक वन पेंशन का समाधान न करने तथा आधुनिक अस्त्र-शस्त्र न देने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन लोगों ने हर स्तर पर सेना को निराश करने की मानो कसम खा रखी थी। उन्होंने कहा, लेकिन आज की सरकार दुनिया के किसी देश के दबाव में नही आ सकती। हम राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम के मंत्र पर चलने वाले लोग हैं। हमने सीमावर्ती पहाड़ी क्षेत्रों में सैकड़ों किलोमीटर सडकें बनाई हैं। मोदी ने कहा कि मौसम और भूगोल की कठिन परिस्थितियों के बावजूद यह काम तेजी से किया जा रहा है और यह काम कितना अहम है, यह अपने बच्चों को फौज में भेजने वाला उत्तराखंड का हर परिवार अच्छी तरह समझ सकता है। उन्होंने कहा कि आज सरकार नागरिकों के अपनी समस्याओं को लेकर उसके पास आने की प्रतीक्षा नहीं करती बल्कि वह स्वयं सीधे नागरिकों के पास जाकर समस्याओं का समाधान करती है। प्रधानमंत्री ने कहा, समय के साथ हमारे देश की राजनीति में विकृतियां आ गई हैं जिसके कारण कुछ राजनीतिक दल समाज में भेद करके अपनी जाति, या विशेष धर्म या अपने छोटे से इलाके के दायरे के एक तबके पर ही विशेष ध्यान देते हैं। उन्हें उसमें अपना वोट बैंक नजर आता है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके अलावा राजनीतिक दलों ने एक और तरीका भी अपनाया है कि जनता को मजबूत न होने दो बल्कि मजबूर बनाओ। उन्होंने कहा, उसे अपना मोहताज बनाओ ताकि अपना ताज बरकरार रहे। मोदी ने कहा, इन दलों ने जनता में यह सोच पैदा कर दी कि सरकार ही हमारी माई-बाप है और इस तरह उसका गौरव और उसका स्वाभिमान एक सोची समझी राजनीति के तहत कुचल दिया गया। उन्होंने कहा कि उनके दल ने एक अलग रास्ता चुना है जो कठिन है लेकिन वह देश हित में है।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए

● महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक समारोह में बोले मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर, लखनऊ



महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक समारोह में बोलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने आज जनपद गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक समारोह के उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत के युवाओं के जीवन की महत्वपूर्ण यात्रा के मार्ग में कोई बाधा न आने पाये, इस उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू की गयी है। नये भारत के निर्माण में हमारे युवाओं की कैसी भूमिका हो सकती है, इस भाव से इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रह्मलीन गोरक्ष पीठाधीश्वर महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज द्वारा स्थापित और ब्रह्मलीन गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ जी द्वारा पोषित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की लगभग 50 संस्थाए शिक्षा, स्वास्थ्य तथा जनसेवा के विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से समाज व राष्ट्र निर्माण के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार के आह्वान के साथ जुड़ी हुई हैं। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद द्वारा संचालित संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के साथ-साथ इन संस्थाओं में कार्यरत शिक्षणेत्तर कर्मचारी, आचार्यगण, प्रधानाचार्य और प्राचार्यगण राष्ट्रीय मूल्यों की शिक्षाए देश भक्ति की शिक्षा तथा छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु अपनी भूमिका का निर्वहन करते आ रहे हैं। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की विभिन्न संस्थाओं में 50 हजार बच्चे विभिन्न प्रकार की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल भावना स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ाती है। स्वस्थ एवं सकारात्मक प्रतिस्पर्धा व्यक्ति की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती है और उसके जीवन में उन्नयन भी लाती है। उन्होंने कहा कि संस्थापक समारोह में एक सप्ताह तक विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को आगामी 10 दिसम्बर को आयोजित किये जाने वाले समारोह में सम्मानित किया जायेगा। उन्होनें कहा कि राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक नागरिक की एक महत्वपूर्ण भूमिका है। हर व्यक्ति अपने-अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे, यही सबसे बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि संस्था एक बार खड़ी कर लेना आसान होता है लेकिन संस्था को चलाते रहना एक साधना है।

योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर देश के अन्दर न केवल सूचना एवं प्रसारण के माध्यम से भारतीय परम्परा एवं संस्कृति, भारतीय पौराणिक ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए कार्य कर रहे हैं बल्कि देश के युवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार करते हुए युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी कर रहे हैं। आजादी के बाद पहली बार यह देखने को मिला है कि भारत में कितनी ऊर्जा है। भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया विगत 20 माह से कोरोना महामारी का सामना कर रही है। इसने सामाजिक जीवन और सामान्य जन जीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है।

## सही इतिहास पढ़ाया जाना सरकार की जिम्मेदारी: ठाकुर



**गोरखपुर।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को कहा कि देश में पढ़ाया जाने वाला इतिहास सच्चाई से कोसों दूर है और सही इतिहास और साहित्य पढ़ाना सरकार की जिम्मेदारी है। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के स्थापना सप्ताह समारोह के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा, हमने जो इतिहास पढ़ा, वह सच्चाई से बहुत दूर था। सही इतिहास और साहित्य पढ़ाना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने आरोप लगाया, पिछली सरकारों के दौरान, आक्रमणकारियों को महिमामंडित किया गया और शहीद भगत सिंह जैसे स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को इतिहास की किताबों में चरमपंथी के रूप में वर्णित किया गया था। योगी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में ठाकुर ने सवाल उठाया, क्या हम विश्वास कर सकते हैं कि शहीद भगत सिंह एक आतंकवादी थे।

# पंजाब में गठबंधन के लिए अमरिंदर ढिंढसा से हो रही वार्ता: अमित शाह

● कहा, भाजपा उत्तर प्रदेश में भारी बहुमत के साथ सरकार बनाएगी

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गठबंधन को लेकर भारतीय जनता पार्टी की पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह और शिरोमणि अकाली दल के पूर्व नेता सुखदेव सिंह ढिंढसा के साथ बातचीत हो रही है। उन्होंने कहाकि भाजपा उत्तर प्रदेश में भारी बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री की कुर्सी गवांने के बाद अमरिंदर कांग्रेस से अलग हो गए थे और उन्होंने पिछले दिनों पंजाब लोक कांग्रेस पार्टी का गठन किया था, जबकि ढिंढसा ने शिरामणि अकाली दल से अलग होने के बाद शिरोमणि अकाली दल (संयुक्त) नाम से एक पार्टी बना ली थी। एक कार्यक्रम में अपने संबोधन के बाद एक संवाद में शाह ने इस संभावना को खारिज कर दिया कि किसान आंदोलन का पंजाब और उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में किसी प्रकार का कोई असर होगा। उन्होंने कहा कि तीनों कृषि कानूनों को निरस्त किए जाने के बाद अब कोई मामला नहीं रह जाता। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने यह दावा भी किया कि अगले चुनाव में भाजपा शानदार प्रदर्शन करेगी और उत्तर प्रदेश में फिर से सरकार बनाएगी। पंजाब और उत्तर प्रदेश सहित कुल पांच राज्यों में अगले साल की शुरूआत में विधानसभा चुनाव होने हैं। शाह ने कहा, हम कैप्टन साहब (अमरिंदर सिंह) और ढिंढसा साहब (सुखदेव सिंह ढिंढसा) से बात कर रहे हैं। संभावना है कि हम उनके दलों से गठबंधन करें।

## पिछले चुनावों के खर्च का ब्योरा न देने पर 257 प्रत्याशी नहीं लड़ पाएंगे चुनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पिछले** लोकसभा और विधान सभा चुनाव में खर्चों का ब्योरा न देने वाले यूपी के 257 प्रत्याशियों को केंद्रीय चुनाव आयोग ने अयोग्य घोषित कर दिया है। केंद्रीय चुनाव आयोग ने ऐसे प्रत्याशियों की सूची जारी की है। आयोग ने पिछले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में इन लोगों द्वारा चुनाव लड़ने और परिणाम आने के एक महीने बाद समय से और सही ढंग से अपने चुनावी खर्च का ब्यौरा आयोग को नहीं दिया। इन 257 लोगों में से 34 लोग 2019 का लोकसभा का चुनाव लड़े थे। बाकी 213 लोग 2017 में विधान सभा चुनाव के प्रत्याशी थे। इन 257 लोगों में सर्वाधिक संख्या निर्दलीय उम्मीदवारों की ही है। प्रमुख दलों में सर्वाधिक 12 उम्मीदवार राष्ट्रीय लोकदल के थे। इसके बाद छह उम्मीदवार पीस पार्टी के, पांच एनसीपी के, चार-चार उम्मीदवार सीपीआई और बसपा के थे। एआईएमआईएम के दो व निषाद पार्टी के दो उम्मीदवार थे। सीपीआईएमएल के भी दो उम्मीदार थे। कांग्रेस पार्टी के भी एक उम्मीदवार को चुनाव खर्च का विवरण न जमा किये जाने पर आयोग्य घोषित किया गया है।

# फिलहाल समाप्त नहीं होगा किसान आंदोलन

**भाषा।** सोनीपत, जींद

● सरकार से वार्ता के लिए पांच सदस्यीय समिति बनायी

**किसान** सभी मांगे पूरी होने तक अपना आंदोलन समाप्त नहीं करेंगे। यह फैसला आंदोलन का नेतृत्व कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने शनिवार को प्रदर्शन स्थल व दिल्ली से लगती सीमा सिंघू बॉर्डर पर हुई बैठक में लिया। एसकेएम ने एक बयान जारी कर बताया कि मोर्चा ने इसके साथ ही आगे की रणनीति और केंद्र सरकार से बातचीत करने के लिए पांच सदस्यों की समिति बनाई है जिसमें बलबीर सिंह राजेवाल, गुरनाम चढूनी, युद्धवीर सिंह, शिवकुमार कक्का और अशोक धावले को शामिल किया गया है।

संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा कि बैठक में केंद्र सरकार को किसानों पर दर्ज मामले लेने, न्यूनतम समर्थन मूल्य कानून की गांरटी, मुआवजे और बाकी मांगों के बारे में स्थिति स्पष्ट करने के लिए दो दिन का समय दिया गया है। एसकेएम ने बताया कि सात दिसंबर को मोर्चे की दोबारा बैठक होगी। किसान आंदोलन के दौरान जान गंवाने वाले 702 किसानों की सूची केंद्र को भेजी गई है जिनके परिजनों के लिए मुआवजे की मांग की गई है।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने संसद में कहा था कि उनके पास आंदोलन में मरने वाले लोगों की जानकारी नहीं है। इस बीच, हरियाणा के जींद जिले के उचाना उपमंडल कार्यालय में विभिन्न मांगों को लेकर किसानों का धरना शनिवार को 44वें दिन में प्रवेश कर गया। भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के जिलाध्यक्ष आजाद पालवां ने कहा कि तीन कृषि कानून रद्द हो चुके हैं लेकिन किसानों की अन्य मांगों पर अबतक उनसे कोई बातचीत नहीं की गई है।

# महाराष्ट्र और गुजरात में विदेश से लौटे दो लोग ओमीक्रोन संक्रमित निकले

**भाषा।** अहमदाबाद, मुंबई

**मुंबई** के पास कल्याण डोंबिवली नगर निकाय क्षेत्र का एक व्यक्ति कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन से संक्रमित पाया गया है। महाराष्ट्र में इस स्वरूप के संक्रमण का यह पहला मामला है। अधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को दिल्ली में कहा कि 33 वर्षीय यह व्यक्ति 23 नवंबर को मुंबई के लिए उड़ान भरने से पहले दुबई के रास्ते दक्षिण अफ्रीका से दिल्ली हवाई अड्डे पहुंचा था जहां उसने कोविड जांच के लिए नमूना दिया था। वहीं जिम्बाब्वे से लौटा गुजरात के जामनगर शहर का 72 वर्षीय एक व्यक्ति कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन से संक्रमित पाया गया है। जिम्बाब्वे अधिक जोखिम वाले देशों की श्रेणी में शामिल है और गुजरात में सामने आया मामला भारत में ओमीक्रोन स्वरूप का अब तक आया तीसरा मामला है।

## आवश्यक कदम उठाने को लेकर केंद्र ने राज्यों को पत्र लिखा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, जम्मू-कश्मीर, ओडिशा और मिजोरम को पत्र लिखकर कोविड-19 के प्रसार पर नियंत्रण के लिए जांच- पता लगाना- उपचार करना- टीका लगाना- कोविड उपयुक्त व्यवहार अपनाने की नीति के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। कुछ जिलों में संक्रमण के बढ़ते मामलों, साप्ताहिक संक्रमण दर और साप्ताहिक मृत्यु के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। नए ओमीक्रोन स्वरूप को देखते हुए सभी राज्योंकेंद्र शासित प्रदेशों को 27 नवंबर को लिखे पत्र का जिक्र करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने शनिवार को कहा कि सभी राज्यों को सलाह दी गई है कि अंतरराष्ट्रीय यात्रियों पर कड़ी नजर रखें, उभरते हॉटस्पॉट की निगरानी करें।




## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,696 | |
| निफ्टी | 17,196 | |
| सोना | 46,581 | /10g |
| चांदी | 59,878 | /kg |

## क्विक न्यूज

### बरामदे में सोते समय ग्राम प्रधान की गोलीमार कर हत्या

**मुसाफिरखाना/अमेठी।** बीती रात घर के बरामदे में सो रहे ग्राम प्रधान को अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी। जिससे उनकी मौके पर मौत हो गयी। बीती रात मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत गांव निजामुद्दीनपुर में अज्ञात हमलावरो ने बरामदे में सो रहे ग्राम प्रधान गुरु शरण यादव उम्र 59 वर्ष को गोली मार दी। गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन जब बाहर निकले तब तक गुरु शरण यादव की मृत्यु हो चुकी थी। परिजनों ने बताया कि प्रधान गुरुशरण यादव घर के बरामदे में सो रहे थे वहीं अन्य परिजन घर के अंदर सोए हुए थे। देर रात करीब बारह बजे अज्ञात बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी,जिससे उनकी मौत हो गयी। घटना की सूचना पर सीओ मनोज यादव, कोतवाल बृजेश सिंह मौके पर पहुंचे। (विस्तृत पेज 4)

# सात वर्षों में 38 हजार करोड़ से ज्यादा रहा भारत का रक्षा निर्यात

● रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ने एमएसएमई से अनुसंधान एवं विकास में ज्यादा निवेश करने की अपील की

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत** ने पिछले सात वर्षों में 38 हजार करोड़ से अधिक के रक्षा सामानों का निर्यात किया है और देश जल्द ही शुद्ध निर्यातक बन जाएगा। यह जानकारी शनिवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी। उन्होंने सोसायटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआईडीएम) के एमएसएमई सम्मेलन में कहा, हमारा एयरोस्पेस एवं रक्षा का करीब 85 हजार करोड़ रुपए का उद्योग है। इसमें निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़कर 18 हजार करोड़ हो गई है। सिंह ने एमएसएमई से अनुसंधान एवं विकास में ज्यादा निवेश करने की अपील की क्योंकि इससे देश की सुरक्षा स्थिति मजबूत करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, आप को नई तकनीक, नए उत्पाद लाने चाहिए। आपको यह नहीं सोचना चाहिए कि आपके छोटे उद्योग के कारण आप बड़े अनुसंधान नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि सरकार की पहल के बाद करीब 12 हजार एमएसएमई रक्षा उद्योग से जुड़े हैं। उन्होंने कहा, सरकार की पहल के कारण पिछले सात वर्षों में भारत से रक्षा निर्यात 38 हजार करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। सिंह ने कहा कि इन पहल के कारण रक्षा उद्योग में अनुसंधान, शोध और विकास और काफी संख्या में स्टार्टअप बढ़ गए हैं। निर्यात को बढ़ावा देने पर सरकार के ध्यान देने की बात दोहराते हुए मंत्री ने उम्मीद जताई कि भारत जल्द ही शुद्ध आयातक से शुद्ध निर्यातक बन जाएगा। उन्होंने कहा, सरकार का लक्ष्य 2024-25 तक 35 हजार करोड़ का निर्यात लक्ष्य हासिल करना है।

## सरकार ने अमेठी में पांच लाख एके-203 असॉल्ट राइफल के निर्माण की मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश के अमेठी के कोरवा में पांच लाख से अधिक एके-203 असॉल्ट राइफल के विनिर्माण की योजना को मंजूरी दी है। आधिकारिक सूत्रों ने इसे रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने का बड़ा प्रयास बताया है। सूत्रों ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत का रक्षा विनिर्माण केंद्र बनने के मार्ग पर है। एक सूत्र ने कहा, यह रक्षा अधिग्रहण में खरीद (वैश्विक) से मेक इन इंडिया तक के सफर में लगातार होते बड़े परिवर्तन को दर्शाता है। यह प्रयास रूस के साथ साझेदारी में किया जाएगा और यह रक्षा क्षेत्र में दोनों देशों के बीच गहरी होती साझेदारी को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना विभिन्न सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और अन्य रक्षा उद्योगों को कच्चे माल तथा घटकों की आपूर्ति के लिए व्यावसायिक अवसर प्रदान करेगी, जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। असॉल्ट कालाश्निकोव-203 राइफल तीन दशक पहले शामिल सेवा में जारी इंसास राइफल की जगह लेंगी। सूत्रों ने बताया कि एके-203 असॉल्ट राइफलें, 300 मीटर की प्रभावी रेंज के साथ, हल्की, मजबूत और प्रमाणित तकनीक के साथ आसानी से उपयोग में लाई जा सकने वाली आधुनिक असॉल्ट राइफल हैं।

## ट्वीट की सनसनी

योगी सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री ने अभी हाल में मथुरा को लेकर एक ट्वीट किया। उनके इस ट्वीट से विपक्ष में हलचल होने के साथ-साथ सरकार और भाजपा संगठन के अन्दर भी खलबली मची। ट्वीट के बाद शुरू-शुरू में तो यह माना गया कि चुनाव में जाने से पहले हिन्दुत्व के एजेन्डे को धार देने के लिये एक रणनीति के तहत सरकार के इस वरिष्ठ मंत्री से ट्वीट कराया गया है लेकिन समय गुजरने के साथ ट्वीट के पीछे छाये बादल छंटने लगे। पता चला है कि पार्टी में हिन्दुत्व का बड़ा चेहरा बनने के लिये सरकार के इस मंत्री की तरफ से ट्वीट किया गया। दरअसल कभी सरकार के यह मंत्री विश्व हिन्दू परिषद के नेता और राम मंदिर आंदोलन के नायक अशोक सिंघल के दत्तक पुत्र हुआ करते थे। इन्हें सिंघल का नया अवतार माना जाता था। लोकसभा चुनाव में सिंघल ने भाजपा संगठन से सिर्फ एक टिकट मांगा था जो सरकार के इस मंत्री के लिए था। सरकार बनने के बाद योगी आदित्यनाथ हिन्दुत्व का बहुत बडा चेहरा बन गये और मंत्री जी काफी पीछे छूट गये। अगर मंत्रियों के करीबियों की माने तो हिन्दुत्व के अपने पुराने मार्ग पर पूरी तरह आने और फिर बड़ा चेहरा बनने के लिये उनके द्वारा मथुरा को लेकर ट्वीट किया गया।



## मैं लूंगा इंतकाम

मुझे चाटुकारिता पसंद है और चाटुकार लोग भी पसंद हैं। मेरे सामने बैठो तो भैया भैया करते रहो। ज्यादा मक्खन लगाना है तो मुख्यमंत्री जी कह दो। बस अपना टिकट पक्का समझो। यदि किसी ने सच बोलने की कोशिश की तो गर्दन तो नहीं टिकट जरूर कट जाएगा। क्योंकि मैं ही सब कुछ हूं। कुछ भी कर सकता हूं। सारी व्यवस्था टाइट है। व्यवस्था के मुलायम होने की कोई गुंजाइश नहीं है। अब मुलायम व्यवस्था नहीं चलेगी। अब टाइट व्यवस्था ही चलेगी। मैं पांच साल मुख्यमंत्री रहा हूं। और सत्ता से बाहर रहने के बावजूद भी मुख्यमंत्री की तरह ही अपना खाली समय बिताया है। मेरे साथ सुरक्षा की भी पूरी व्यवस्था है। ब्लैक कैट कमांडो भी हैं भले ही वह पिताजी के ही क्यों ना हो लेकिन लगे तो मेरे साथ हैं। वैसे भी मैं 2022 में मुख्यमंत्री बनने जा रहा हूं। जो बदला गया है सब बदल दूंगा। कुछ भी नहीं छोड़ूंगा। गिन गिन के बदला लूंगा। मेरे जाने पर घर धुलवाया था। मैं कुछ ढूंढवाऊंगा। यही सपना मैं रोज खुली आंखों से देखता हूं। मेरा नंबर फिर आएगा। तब मैं सब कुछ करवाऊंगा।




## अपने गिरेबां में झांको

युवाओं की समस्याओं को लेकर आए दिन भगवा सरकार को घेरने वाली देश की सबसे पुरानी पार्टी के सूबाई दफ्तर को पिछले एक सप्ताह से पड़ोसी राज्य से आए युवाओं ने ही घेर रखा है। दरअसल यह युवा बेरोजगार रेगिस्तान वाले जिस राज्य के रहने वाले हैं वहां इसी पार्टी की सरकार है। अपने प्रदेश में कई दिनों तक प्रदर्शन करने के बाद भी जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो ये युवा अपनी आवाज बुलंद करने के लिए यहां पहुंच गए। इनकी मांग है कि पार्टी की प्रभारी महासचिव से उनकी मुलाकात करा दी जाए। एक सप्ताह गुजर गया लेकिन उनकी मुलाकात तो अभी तक हुई नहीं। अलबत्ता आए दिन विवाद जरूर सामने आ रहे हैं। युवाओं का आरोप है उन्हें मिलवाने के बजाए यहां से भगाने के प्रयास हो रहे हैं। इसके लिए पार्टी नेता हर प्रकार के हथकंडे अपना रहे हैं। पहले तो उन्हें भगवा दल का एजेंट साबित करने का प्रयास किया गया फिर अन्य प्रकार से आरोपित किया जा रहा है। दो दिन पहले पार्टी कार्यालय के समीप एक दिन टायलेट के स्थान पर भगवान की मूर्ति और पार्टी की प्रभारी महासचिव की तस्वीर रखी मिली। पार्टी ने तुरंत इसे पड़ोसी राज्य से आए युवाओं की कारस्तानी बताकर बवाल खड़ा कर दिया और पुलिस प्रशासन पर उन्हें खदेड़ने का दबाव डाला। युवाओं का कहना था कि उन्हें यहां से भगाने के लिए पार्टी निम्न स्तर पर उतर आई है। अब सच्चाई क्या है यह तो पता नहीं लेकिन इस घटना की चारों ओर निंदा हो रही है।

## चुनाव से कतराते नेता

चुनाव में सत्ताधारी भगवा संगठन लगभग यह तय कर चुका है कि सिटिंग एमएलए का टिकट काटकर नए चेहरों को मौका दिया जाएगा। ऐसे में अब सरकार में कई ऐसे मंत्री और संगठन में ऐसे कई वरिष्ठ पदाधिकारी हैं जो चुनाव में जाने से बच रहे हैं। साढ़े चार साल से अधिक समय तक ऐसे मंत्रियों और पदाधिकारियों ने अपने क्षेत्र की जनता को सिर्फ आश्वासन ही दिया है और अब जब पार्टी ने गुपचुप अपना सर्वे कराया है तो उसमें सभी की पोल पट्टी खुल गई है। संगठन भी ऐसे चेहरों को चुनाव में भेजना चाहता है कि ताकि उनकी जनता के बीच कितनी पकड़ है यह सबके सामने इस चुनाव में आ जाए। इससे नेता जी भी संगठन को नहीं कोस पाएंगे। संगठन ने तय किया है कि सभी बड़े चेहरे चुनाव लड़ेंगे। इसमें भी कई ऐसे चेहरे हैं जो चाहते है कि उच्च सदन के जरिए सदन में पहुंच जाए और चुनाव में जाना न पड़े। लिहाजा अब नेता जी चुनाव से कन्नी काट रहे हैं।



## पांचवीं बार का सपना

चुनावी बेला में एकला चलो की रणनीति पर चलने वाली बहन जी की पार्टी के एक एक नेता साथ छोड़ कर जा रहे हैं। पर बहन जी की सेहत पर कोई फर्क पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है। हमेशा चिर परिचित अंदाज में जाने वालों को दगा कारतूस ही बता रही हैं जबकि स्थिति यह है कि कभी अपने दम पर सरकार बनाने वाली बहन जी की सियासत के गलियारे में हैसियत अपना दल से नीचे आ गई है। वर्तमान में विधानसभा में इनके बचे चार मोहरों में से पूर्वांचल के तिवारी भी साइकिल की सवारी इस बार करने को बेताब दिख रहे हैं। जबकि इनके प्रदेश अध्यक्षों की बात की जाय तो एक अली को छोड़ बाकी दो दूसरी गली पहुँच गए हैं। इसके बावजूद बहन जी मैदान में सबको पछाड़कर पांचवी बार कुर्सी पर बैठने के दावे कर रही हैं। इसके पीछे कारण बहन जी के बाद नम्बर दो वाले मिश्रा जी बताए जा रहे हैं। पिछले कई माह से जिलों की खाक छानने वाले मिश्रा जी सब कुछ आल इज वेल जो बता रहे हैं। अब इस आल इज वेल में वोटर का तो पता नही पर बहन जी ने दावा जरूर कर दिया है पांचवी बार बैठने का।

# लखनऊ ग्रीन कॉरीडोर प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन में तेजी लाएं अधिकारी



### ● फेज-1 के कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के लिए जरूरी औपचारिकताएं जल्द पूरी कराई जाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लखनऊ ग्रीन कॉरीडोर प्रोजेक्ट का प्रस्तुतीकरण किया गया। राजेन्द्र कुमार तिवारी ने ग्रीन कॉरीडोर प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन में तेजी लाने तथा कॉरीडोर के फेज-1 के कार्यों को शुरू करने के लिए जरूरी औपचारिकताएं जल्द पूरी कराये जाने के निर्देश दिए।

प्रोजेक्ट के प्रथम फेज की डीपीआर प्राप्त हो गई है तथा प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन के लिए पीआईयू का गठन किया जा चुका है। आईआईएम रोड से हॉर्डिंग ब्रिज के मध्य बंधा गैप 140 मी का निर्माण प्रगति पर है तथा उक्त कार्य इसी माह पूरा हो जायेगा। एलाइनमेन्ट में आने वाली भूमि का चिन्हीकरण भी कर लिया गया है। प्रोजेक्ट को लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा क्रियान्वित किया जाएगा। परियोजना का वित्त पोषण शासकीय विभागों की भूमि के मुद्रीकरण से कराया जायेगा। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन चार फेज में प्रस्तावित किया गया है। पहला फेज आईआईएम से हार्डिंग ब्रिज लागत 791.37 करोड़ रुपए, दूसरा फेज हार्डिंग ब्रिज से पिपराघाट लागत 1000 करोड़ रुपए, तीसरा फेज पिपराघाट से शहीद पथ लागत 600 करोड़ तथा चौथा फेज शहीद पथ से किसान पथ तक लागत 708.63 करोड़ रुपए का प्रस्तावित है। मॉनीटाइजेशन के लिए विभागीय भूमि का चिन्हांकन कर लिया गया है तथा संबन्धित प्रशासकीय विभागों की सहमति प्राप्त करने के लिए आवश्यक कार्यवाही प्रचलित है। बैठक में प्रमुख सचिव आवास दीपक कुमार, प्रमुख सचिव पशुपालन एवं दुग्ध विकास सुधीर गर्ग, सचिव नगर विकास अनिल कुमार, मण्डलायुक्त लखनऊ रंजन कुमार, जिलाधिकारी लखनऊ अभिषेक प्रकाश, उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण अक्षय त्रिपाठी, नगर आयुक्त लखनऊ अजय कुमार द्विवेदी सहित सभी संबन्धित विभागों के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

## इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल के विरोध में 15 को दिल्ली में होगा सत्याग्रह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बिजली** कर्मचारियों व इंजीनियरों की राष्ट्रीय समन्वय समिति नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इ प्लॉइज एन्ड इंजीनियर्स ने निर्णय लिया है कि संसद के शीतकालीन सत्र में जिस दिन इलेक्ट्रीसिटी अमेंडमेंट बिल 2021 रखा जाएगा उसी दिन देश के 15 लाख बिजली कर्मचारी व इंजीनियर बिना कोई नोटिस दिये कार्य बहिष्कार कर पूरे दिन विरोध प्रदर्शन करेंगे। ऑल इंडिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि दिल्ली में नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इ प्लॉइज एन्ड इंजीनियर्स की बैठक में इलेक्ट्रीसिटी अमेंडमेंट बिल 2021 के विरोध में व्यापक आन्दोलन चलाने का निर्णय लिया गया। 15 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित विशाल सत्याग्रह में देश के सभी प्रान्तों के बिजली कर्मी सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व 8 दिसंबर को सभी प्रान्तों की राजधानियों सहित समस्त जनपदों व परियोजनाओं पर विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रीसिटी अमेंडमेंट बिल 2021 के जरिये केंद्र सरकार बिजली वितरण का मुनाफे वाला क्षेत्र निजी घरानों को सौंपना चाहती है, जिससे सरकारी बिजली वितरण कंपनियों की वित्तीय हालात और खराब हो जाएगी जिसका परिणाम अन्ततः आम उपभोक्ता को भुगतना पड़ेगा।

# गजनी और गौरी जैसे रहे हैं पिछली सरकारों के शासनः स्वतंत्र देव सिंह

### ● मौसमी बीमारी के कारण सीजनल हिन्दू बन गए हैं अखिलेश

### ● रामलला व बाबा विश्वनाथ के दरबार में पापों के लिए माफी मांगे सपा प्रमुख

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने शनिवार को कहा कि सपा मुखिया मौसमी बीमारी से ग्रसित हैं जिसके प्रभाव के कारण वे सरकार के हर काम को खुद का काम बता रहे हैं। अब उन्हें काशी विश्वनाथ कॉरिडोर भी अपना बनवाया लग रहा है लेकिन वे भूल गए हैं कि उन्होंने केवल हज हाउस का ही फीता काटा था। मंदिर जाने वालों पर तो सपा सरकार ने गोलियां चलवाई थी। अखिलेश जी! उत्तर प्रदेश की जनता यह भूली नहीं है महादेव सब देख रहे हैं।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अखिलेश की सरकार के कृत्य मुगल आक्रांता गजनी और गौरी से कम नहीं हैं। उन्होंने भी देश को लूटा था और 2017 से पहले यह भी ऐसा ही करते आये हैं। मंदिरों के घण्टे-घड़ियाल बहती हवा से भी न बज जाएं इसके



लिए भी पुलिसकर्मियों का पहरा उत्तर प्रदेश के लोगों ने देखा है। वे भूले नहीं हैं कि 2017 के पहले दुर्गा पूजा और रामलीला के पांडाल लगाने के लिए कैसी मिन्नतें करनी पड़ती थी। सरकारी संरक्षण में हमारी धार्मिक अस्मिता पर लगातार हुई चोट को भी यूपीवासी भूले नहीं हैं। 2017 के बाद यूपी में माहौल बदला है, आज कांवड़ यात्रा पर फूल बरसाए जाते हैं, कु भ की प्रशंसा दुनिया करती है। अयोध्या में रामलला भव्य मंदिर में विराजित होने वाले हैं, दीपोत्सव, देव दीपावली, होली और कृष्ण जन्मोत्सव के भव्य आयोजन यूपी की पहचान है। सिंह ने कहा कि अखिलेश जी को बाबा विश्वनाथ और रामलला के दरबार में जाकर माफी मांगनी चाहिए कि समाजवादी सरकार ने कारसेवकों पर किये गए अत्याचार तथा हिन्दू संस्कृति और सनातन पंथ पर किये जा रहे उनके हमलों पर प्रायश्चित करना चाहिए।

### उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड
### ई-निविदा आमन्त्रण सूचना

**ई-निविदा संख्या एस0डी0-930 '189 नग 245 के0वी0 पॉलीमर टाइप सी0टी0 की आपूर्ति'** हेतु ई-निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनांक 02.12.2021 को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत रु0 510.61 लाख, कार्य पूर्ण करने की अवधि 04 माह धरोहर धनराशि रु0 256000 (दो लाख छप्पन हजार मात्र)। निविदा भरने की अन्तिम तिथि 03.01.2022 (समय 15:30 तक)। कार्य की कुल मात्रा, निविदा विशिष्टीकरण व अन्य नियम व शर्ते ई-निविदा पोर्टल पर उपलब्ध है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा। निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से सम्बन्धित सूचना यदि कोई होगी तो केवल उपरोक्त वेबसाइट पर डाली जायेगी, अतः निविदादाता को स्वचं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वेबसाइट को नियमित देखते रहना चाहिए।

अधीक्षण अभियन्ता, वि0उ0प0म0-प्रथम, उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0

पत्रांक : 416 दिनांक 4.12.21 राष्ट्रहित में बिजली बचायें

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, लखनऊ

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या-14/वि0जा0मं0 (वि0) प्र0/ल0/ई-टेन्डर/ 2021-22 -अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक-पृथक ई-निविदायें अनुभवी ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://etender. up.nic.in के माध्यम से ऑन लाईन आमंत्रित की जाती है :- क्र0सं0 1 निविदा विशिष्ट संख्या 21/ वि0जा0मं0 (वि0) प्र0/ल0/ई- निविदा/ 2021-22 कार्य का नाम जनपद हरदोई स्थित वि0वि0 उपखण्ड कोयलबाग एवं रायबरेली स्थित वि0वि0खण्ड ऊँचाहार के कार्यालय भवन का निर्माण व सम्बन्धित अन्य जानपदीय कार्य। कार्यावधि 04 माह निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0) (जी0एस0टी0 सहित) 2360.00 धरोहर धनराशि (रु0) 28,000.00 निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं समय 21.12.2021 सायं 5:00 बजे तक निविदा खोले जाने का तिथि 22.12.2021 मध्यान्ह 12:00 बजे तक क्र0सं0 2 निविदा विशिष्ट संख्या 22/ वि0जा0मं0(वि0) प्र0/ल0/ ई- निविदा /2021-22 कार्य का नाम जनपद लखीमपुर एवं सीतापुर स्थित परिवर्तक मरम्मत कार्यशालाओं में फर्श के उच्चीकरण तथा उन्नाव सिटी पावर हाउस कार्यशाला पर क्षतिग्रस्त टीन शेड की चादरों को बदलने से सम्बन्धित आवश्यक जानपदीय कार्य। कार्यावधि 03 माह निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0) (जी0एस0टी0 सहित) 1180.00 धरोहर धनराशि (रु0) 19,000.00 निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं समय 21.12.2021 सायं 5:00 बजे तक निविदा खोले जाने का तिथि 22.12.2021 मध्यान्ह 12:00 बजे तक क्र0सं0 3 निविदा विशिष्ट संख्या 23/ वि0जा0मं0 (वि0) प्र0/ल0/ ई-निविदा /2021-22 कार्य का नाम 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र लालगंज जनपद रायबरेली के कन्ट्रोल रूम के विस्तारीकरण से सम्बन्धित विविध जानपदीय कार्य। कार्यावधि 04 माह निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0) (जी0एस0टी0 सहित) 1180.00 धरोहर धनराशि (रु0) 17,000.00 निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं समय 21.12.2021 सायं 5:00 बजे तक निविदा खोले जाने का तिथि 22.12.2021 मध्यान्ह 12:00 बजे तक निविदा प्रपत्र क्रय करने का मूल्य एवं धरोहर धनराशि जो "Executive Engineer, Electricity Civil Division (Distribution) Gomti Nagar" के सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, आलमबाग लखनऊ के A/c No. 1277785019 एवं IFSC Code - CBIN0280140 में RTGS/NEFT के माध्यम से सीधे खाते में जमा की जायेगी एवं निविदा का विवरण एवं Pre-Qualification Condition ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://etender. up.nic.in साइट पर देखा जा सकता है। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत जानपद मण्डल (वितरण)-प्रथम मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड 4/94, इन्द्रलोक हाइडिल कालोनी कृष्णानगर लखनऊ पत्रांक 922 दिनांक 4.12.21 राष्ट्रहित में बिजली बचायें

## अखिलेश ने पंजाबी गाना 'लाल मुलायम दा' किया लांच

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को मुलायम सिंह यादव के जन्मदिवस विशेषांक का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने पंजाबी गाने के निर्माता कुलदीप सिंह भुल्लर के गाने 'लाल मुलायम दा' को लांच किया। मुलायम सिंह यादव के 83वें जन्मदिवस पर प्रकाशित विशेषांक की प्रति सम्पादक अमित त्रिपाठी ने अखिलेश यादव को भेंट की।

## अखिलेश से मिला चिकित्सकों का प्रधिनिधिमंडल



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से शनिवार को सपा मुख्यालय में मेडिकोज यूथ आईकान केजीएमयू संगठन का प्रतिनिधिमंडल मिला। मेडिकोज यूथ आईकान केजीएमयू के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अजीत के नेतृत्व में चिकित्सकों के समूह ने समाजवादी सरकार में केजीएमयू में किए गए तीन महत्वपूर्ण कार्य न्यू ओपीडी भवन, डेंटल भवन, और एजीजे अब्दुल कलाम सेंटर के चित्र से जुड़ा प्रतीक चिह्न भी अखिलेश यादव को भेंट किया। संगठन के पदाधिकारियों ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को मांग पत्र सौंपा जिसमें समाजवादी सरकार बनने पर अविलम्ब सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के रिक्त पदों को भरे जाने के साथ चिकित्सकों के साथ दुर्व्यवहार और अमर्यादित आचरण करने पर कानून बनाने की अपील की गई। प्रतिनिधिमंडल में डॉ. अनिल, डॉ. ललित, डॉ. वीर बहादुर, डॉ. शैलेन्द्र, डॉ. अंकित, डॉ. रजनीश, डॉ. चेतन, डॉ. अनिल पटेल, डॉ. दीपक कसौधन और डॉ. सूर्या शामिल थे।

## यूपीटीईटी पेपर लीक मामले में भाजपा सरकार की साजिश उजागरः आराधना

### ● कांग्रेस ने की विभागीय मंत्री व जिम्मेदारी अफसरों की बर्खास्ती व न्यायिक जांच की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस** ने आरोप लगाया है कि यूपीटीईटी पेपर लीक कांड सीधे बीजेपी सरकार के संरक्षण में हुआ। जिसकी वजह से 20 लाख नौजवानों के भविष्य में अंधकार छा गया है। कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा 'मोना' ने शनिवार को पत्रकार वार्ता के दौरान यूपीटीईटी पेपर लीक कांड के मुख्य आरोपी राय अनूप प्रसाद और बीजेपी के रिश्तों को लेकर सवाल किया। उन्होंने कहा कि आरोपी



बिहार में बीजेपी के विधायक का भाई और मुख्यमंत्री योगी के गृह जिले गोरखपुर का है। उसने सरकार के संरक्षण में इस घोटाले को अंजाम दिया। उन्होंने सवाल किया कि बात-बात पर बुलडोजर चलवाने की धमकी देने वाले मुख्यमंत्री योगी बताएं कि परीक्षा पेपर लीक कराने वालों के घर पर बुलडोजर कब चलेगा। आराधना मिश्रा ने कहा कि 70 लाख नौजवानों को रोजगार देने का वादा करके सत्ता में आयी सरकार आज खुद ही 4 लाख 30 हज़ार रोजगार देने की बात मान रही है। भाजपा सरकार ने विदाई के वक्त एक बार फिर नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है।

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि०यां०) नलकूप विंग, उ०प्र० जल निगम (उ०प्र० सरकार का उपक्रम) 2/137, विवेक खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ

पत्रांक:1289/6901/विधि-3/(21)/129
दिनांक - 01/12/2021

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उ०प्र० जल निगम, की ओर से जनपद लखनऊ में 1 नग नलकूप निर्माण के कार्य हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 06.12.2021 से 14.12.2021 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं वि०/यॉ०, नलकूप विंग, उत्तर प्रदेश जल निगम 2/137, विवेक खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, वि०/यॉ०, नलकूप विंग-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू० 1000.00+18% जी०एस०टी० (1000.00+180.00=1180.00) है। निविदा के कार्यो का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट WWW.UPJN.ORG से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। **निविदा सूचना** :- निविदा विक्रय की तिथि - 06.12.2021 से 14.12.2021 **अपराह्न** 3.00 बजे तक निविदा डालने की तिथि - 15.12.2021 **अपराह्न** 3.00 बजे तक निविदा खोलने की तिथि-16.12.2021 **पूर्वाह्न** 11.00 बजे

पायनियर
वर्गीकृत

### सूचना

मैने अपनी पुत्री HUMAIRA का नाम बदलकर HUMAIRA NUSRAT कर दिया है भविष्य में मेरी पुत्री को Humaira Nusrat के नाम से जाना पहचाना जाए, Nighat Anjum w/o Nusrat Ali R/O 101/4 A, Hata Chotey Miyan Police Chowki Colonelgunj Kanpur

### सूचना

एक विक्रय विलेखित दिनांकित 06-04-2011 जो. श्यामा देबी पत्नी स्वर्गीय महादेव व कल्लू पुत्र स्वर्गीय महादेव निवासीगण मौजा-पैगम्बरपुर उर्फ रुप्पनपुर, परगना-शिवपुर, तहसील व जिला-वाराणसी द्वारा संजय सिंह पुत्र विभूति नारायण सिंह श्रीवास्तव निवासिनी सा. 1/40 K पाण्डेयपुर, वाराणसी के पक्ष में निष्पादित है जो आराजी नं. 102 रकबा 960 वर्गफीट यानी 89.22 वर्ग मी. स्थित मौजा पैगम्बरपुर, परगना - शिवपुर, तहसील व जिला वाराणसी के विक्रय से सम्बन्धित है। जिसका के पंजीयन उपनिबंधन कार्यालय वाराणसी में पु. सं. 1, खण्ड सं. 9046 के पृ.सं. 175-194 के द. सं. 7463 दिनांकित 16-10-2015 के रुप में पंजीकृत है जो खो गया है। उक्त विक्रय विलेख के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई सूचना/आपत्ति हो तो कृपया 15 दिन के अन्दर आनन्द प्रकाश सिंह, एडवोकेट, एस. 21/116 ई-3, सुभाष नगर, मलदहिया, वाराणसी पर सूचित करें। मो. 9450013575

## आईआईए के प्रतिनिधिमंडल ने किया युगांडा का दौरा

### ● उच्च स्तरीय भारत-युगांडा निवेश-व्यापार में लिया हिस्सा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**इंडियन** इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल के नेतृत्व में यूगांडा गए हुए बिज़नेस डेलीगेशन द्वारा आईआईए तथा युगांडा एंबेसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित उच्च स्तरीय भारत-युगांडा निवेश-व्यापार में हिस्सा लिया गया। इस मौके पर यूगांडा के राष्ट्रपति योवेरी मुसेवेनी भी उपस्थित रहे।

आयोजन में युगांडा एंबसेडर ग्रेस अकेलो, जेजे ओडोडनगो, युगांडा विदेश मंत्री, नताबाजी हैरियट, व्यापार राज्य मंत्री डॉ. पॉल कयालिंप, उप महानिदेशक युगांडा निवेश प्राधिकरण ओवोमुगिशा ब्लेसिंग, महासचिव युगांडा नेशनल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अध्यक्ष आईआईए ने कहा कि यह विजिट भारत एवं युगांडा के मध्य द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने में एक मुख्य कड़ी का कार्य करेगा। युगांडा में उपलब्ध संसाधनों को ध्यान में रखते हुए यहां उद्योग लगाने की संभावनाओं पर कार्य करने का प्रयास इस डेलीगेशन का मुख्य उद्देश्य है। अफ्रीकी देशों में भारतीय उद्यमियों को अपने उत्पादों के लिए एक अनुकूल बाजार मिल सकता है। युगांडा से निर्यात भारत में किया जा सकता है उन क्षेत्रों पर भी कार्य किया जाएगा एवं चर्चा की जाएगी।

## स्टांप व रजिस्ट्रेशन विभाग के 3 कनिष्ठ सहायक निलंबित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग में कार्यरत 3 कनिष्ठ सहायक (निबंधन) को अनुशासनहीन व्यवहार तथा पक्षकार से लेखपत्र के पंजीकरण के लिए रिश्वत की मांग किए जाने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। महानिरीक्षक निबंधन डॉ. रोशन जैकब ने बताया कि गोरखपुर में तैनात अविनाश पाल को सहायक निरीक्षक निबंधन गोरखपुर से अभद्रता एवं अनुशासन हीन व्यवहार किए जाने, जनपद एटा में कार्यरत राकेश कुमार को पक्षकार से लेख पत्र का पंजीकरण किए जाने के लिए दूरभाष से रिश्वत की मांग किए जाने तथा जनपद बागपत में तैनात संजीव भटनागर को पक्षकार से लेखपत्र का पंजीकरण किए जाने के लिए रिश्वत प्राप्त किए जाने के कारण निलंबित कर दिया गया है।

### कार्यालय - अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, हमीरपुर

पत्रांक- PW/549/S.F.C/2021-22 दिनांक-02.12.2021

**ई-निविदा सूचना (e-Procurement Notice)**

ई निविदा सूचना सं0-PW/414/S.F.C./2021-22 दिनांक 30/09/2021/के द्वारा आमंत्रित ई-निविदायें निर्धारित तिथि में समस्त 41 कार्यों की कोई भी निविदा प्राप्त न होने पर पुनः अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, हमीरपुर के द्वारा स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में A to D श्रेणी के पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दरों में उक्त विज्ञप्ति में उल्लिखित कार्यों हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिये निविदा दे सकता है।

कार्यों की बिड दिनांक 03/12/2021 के 13/12/2021 (सायं 5:00 बजे तक) ऑन लाइन अपलोड की जायेगी। जिनकी तकनीकी बिड दिनांक 14/12/2021 को अपरान्ह 11:00 बजे ऑन लाइन खोली जायेगी। अवकाश होने पर बिड अगले कार्यकारी दिवस में निर्धारित समय एवं स्थान पर खोली जायेगी। बिड की वैधता मूल तिथि से मानी जायेगी। वित्तीय बिड खोलने की तिथि व समय ऑन लाइन दी जायेगी।

कार्य के नियम एवं शर्तें https://etender.up.nic.in में देखी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, हमीरपुर**

# समय सीमा में निपटाएं लंबित मामले

## ● सोनभद्र की तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

संवाददाता। सोनभद्र



**जिले की** चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन दिसम्बर महीने के पहले शनिवार को आयोजन किया गया। जहा सभी विभागों के अधिकारियों द्वारा तत्परता के साथ जनता की समस्याओं को सुना गया जिसमें मौके पर मामले को निस्तारित करने के साथ ही ग्राम पंचायत स्तरीय व क्षेत्रीय अधिकारियों व कर्मचारियों की अधिकाधिक टीम बनाकर तहसील दिवस के बाद मौके पर जाकर ज्यादा से ज्यादा मामले निस्तारित करने का लक्ष्य था। सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी में जिलाधिकारी टी0के0 शिबु व पुलिस अधीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद सिंह ने सभी अधिकारियों का दायित्वबोध कराते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा किया जायेगा। जिलाधिकारी ने जनता की समस्याओं को सुना और सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण के लिए सहेजा। जिलाधिकारी ने जमीन से जुड़े मामलों का निस्तारण मौके पर जाकर निस्तारित करने का आदेश राजस्व व पुलिस विभाग को दियें। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता को निस्तारण की जानकारी दी जाय और निस्तारण के समय शिकायतकर्ता से वार्ता की पुष्टि भी की जाय। जिलाधिकारी ने जमीनी विवादों के मामलों को बड़े ही गंभीरता से लिया और सम्बन्धितों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दियें। सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी में मौके पर 79 प्रकरण प्रस्तुत हुए जिसमें 03 प्रकरण मौके तथा 04 अधिकारियों की टीमें बनाकर भेजी गयी, टीमों द्वारा स्थलीय निरीक्षण के आधार पर भी 04 प्रकरण निस्तारित किये गये। इस प्रकार से सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस दुद्धी में कुल 07 मामलों को निस्तारित किया गया। बाकी बचे 72 मामलों को समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिये गये। आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर योगेश्वर राम मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 अमित पाल शर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक विनोद सिंह उप जिलाधिकारी ओबरा जैनेन्द्र सिंह ने सम्पूर्ण दिवस ओबरा में सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा में नागरिकों की समस्याओं को सुना। आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर योगेश्वर राम मिश्रा ने मौके पर मौजूद तहसील स्तरीय अधिकारियों को समय सीमा के अन्दर निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कुल 37 मामलों को सुनते हुए मौके पर 02 मामलों को निस्तारित किये। इसके बाद उप जिलाधिकारी ने 02 टीम बनाकर क्षेत्र में जाकर जमीनी हकीकत के मुताबिक निस्तारण के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों के टीमों को भेजा। भेजी गयी टीमों द्वारा 02 मामला का निस्तारण मौके पर जाकर किया गया, इस प्रकार सम्पूर्ण तहसील दिवस के दिन ओबरा तहसील प्रशासन द्वारा कुल 04 मामले निस्तारित किये गये। बाकी बचे 33 मामलों को औपचारिकताओं को पूरा करते हुए समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश दिये गये। अपर जिलाधिकारी राकेश सिंह उप जिलाधिकारी राजेश कुमार सिंह तहसीलदार बी0के0 वर्मा ने सम्पूर्ण समाधान दिवस राबटर्सगंज में पुराने लम्बित प्रकरणों के निस्तारण की गुणवत्ता के बनाये रखने की ताकीद करते हुए मौजूद कार्मिकों को लम्बित मामलों को निस्तारित करने की ताकीद की। उन्होंने मौके पर 72 मामलों को सुनते हुए मौके पर 06 मामलों को निस्तारित किये। इसके बाद उप जिलाधिकारी ने 04 टीमें बनाकर क्षेत्र में जाकर जमीनी हकीकत के मुताबिक निस्तारण के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों के टीमों को भेजा। उप जिलाधिकारी सदर द्वारा भेजी गयी टीमों द्वारा 04 मामलों का निस्तारण मौके पर जाकर किया गया इस प्रकार सम्पूर्ण समाधान दिवस के दिन राबटर्सगंज तहसील प्रशासन द्वारा कुल 10 मामले निस्तारित किये गये। बाकी बचे 62 मामलों को औपचारिकताओं को पूरा करते हुए समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश दिये गये। घोरावल सम्पूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी घोरावल प्रमोद कुमार तिवारी ने जनता की समस्याओं को सुना।

## कुएं में गिरने से बालक की मौत

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय थानाक्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम सभा बीजपुर के टोला शांतिनगर में शनिवार को अपराह्न कुएं में गिरने से वहीं के निवासी लगभग 14 वर्षीय संजय पाल पुत्र आकाश पाल की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने जैसे ही उस बालक को कुएं में गिरते हुए देखा वैसे ही शोर मचाना शुरू कर दिया। आसपास से जुटी भीड़ ने काफी कोशिश के बाद बालक को कुएं में से निकालने का प्रयास कर रहे थे उसी वक्त सूचना पाकर मौके पर सी आई एस एफ रिहंद इकाई के अग्नि शमन शाखा के गोताखोर जवान पहुँच गए। ग्रामीणों व गोताखोर जवान के संयुक्त प्रयास से बालक को कुएं से बाहर निकाला गया। मौके पर पहुँची बीजपुर पुलिस व परिजनों द्वारा बालक को एन टी पी सी रिहंद स्टेशन के धनवंतरी चिकित्सालय में इलाज हेतु ले जाया गया। जहाँ चिकित्सकों ने प्रथम दृष्टया बालक को मृत घोषित किया। पुलिस द्वारा अग्रीम कार्रवाई जारी है। समाचार लिखे जाने तक शव को चिकित्सालय के शवगृह में रखा गया था।

## क्विक न्यूज

### मऊ के शक्ति सिंह बने भाजयुमो पश्चिम बंगाल के प्रभारी



मऊ जिले के निवासी शक्ति सिंह को भाजयुमो पश्चिम बंगाल के प्रभारी बनाए जाने पर बुके देकर सम्मानित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष

**मऊ।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं मऊ जिले के निवासी शक्ति सिंह को पश्चिम बंगाल भाजपा युवा मोर्चा का प्रदेश प्रभारी घोषित किया गया है। मऊ जिले के निवासी शक्ति सिंह को पश्चिम बंगाल का प्रभारी बनाए जाने की सूचना मिलते ही जिले में खुशी की लहर दौड़ गया। बताते बचें कि मऊ नगर क्षेत्र के मुहल्ला निजामुद्दीनपुरा निवासी शक्ति सिंह छात्र राजनीति से ही काफी सक्रिय भूमिका राजनीति में अदा करते रहे हैं। शक्ति सिंह दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। शक्ति सिंह युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय रह चुके हैं। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य तथा पश्चिम बंगाल युवा मोर्चा प्रभारी शक्ति सिंह ने बताया कि पश्चिम बंगाल में भाजपा का लगातार जनाधार बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं तथा नीतियों ने पश्चिम बंगाल में लोगों का जीवनस्तर बेहतर किया है।

### अमृत महोत्सव आयोजन समिति ने निकाली भारत माता की झांकी और भव्य तिरंगा यात्रा



**गाजीपुर।** स्वतंत्रता दिवस के 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर अमृत महोत्सव का आयोजन देश में किया जा रहा है। नगर में अमृत महोत्सव आयोजन समिति ने भारत माता की झांकी और तिरंगा यात्रा निकाला। जो नगर के लंका मैदान से प्रारंभ होकर विशेश्वरगंज, मिश्र बाजार, लाल दरवाजा , प्रकाश टॉकीज होते हुए टाउन हॉल मैदान में भारत माता आरती के साथ समाप्त हुआ। इस तिरंगा यात्रा झांकी में लगभग 2000 लोगो ने अपनी सहभागिता की , जिसमे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और अन्य संगठन उपस्थित रहे साथ ही साथ प्रमुख रूप से नगर के बैजनाथ इंटर कॉलेज के छात्र छात्राएं, रानी लक्ष्मी बाई बालिका इंटर कॉलेज की छात्राएं, माधव सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र.छात्राएं, सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र.छात्राएं ,राजकीय सिटी इंटर कॉलेज के छात्र शामिल हुए।

# विश्वनाथ धाम का लोकार्पण करने जलयान से जाएंगे मोदी



## ● पीएम काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव के मंदिर में लगाएंगे हाजिरी

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**श्रीकाशी विश्वनाथ** धाम का लोकार्पण करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 दिसंबर को काशी पहुंच जाएंगे। सुबह के वक्त उनका हेलीकाप्टर संपूर्णानंद खेल मैदान में उतरेगा। धाम लोकार्पण के लिए वह गंगा के रास्ते जलयान से जाएंगे। इसके लिए खिड़किया घाट के साथ ही ललिता घाट पर जेटी निर्माण को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जलयान से ही वह असि घाट से बरेका जाएंगे जहां रात्रि प्रवास होगा।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऐतिहासिक कार्य के लोकार्पण से पहले काशी के कोतवाल कालभैरव से अनुमति लेना नहीं भूल सकते हैं। काशी की रेखांकित परंपरा व धार्मिक मान्यता पर चलते हुए सबसे पहले बाबा कालभैरव का दर्शन-पूजन करेंगे। फिर सड़क मार्ग से खिड़किया घाट रवाना होंगे जहां से जलयान पर सवार होकर बाबा श्रीकाशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण करने पहुंचेंगे। इस दौरान देश भर से आए मुख्यमंत्री भी साथ रहेंगे। सभी शंकराचार्य, ज्योर्तिलिंग से आए महंत व धर्माचार्य भी मौजूद रहेंगे। केंद्र व प्रदेश सरकार के मंत्री भी उपस्थित होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शाम को भी बाबा श्रीकाशी विश्वनाथ धाम तक पहुंचेंगे।इस दौरान गंगा के घाटों के साथ ही पूरे शहर में दीपावली जैसा उत्सव मनाया जाएगा। घाटों पर दीप जलाए जाएंगे। झालर से ऐतिहासिक भवनों को सजाया जाएगा। आतिशबाजी की जाएगी। इस मनोहारी दृश्य का अवलोकन करने के लिए के रास्ते पीएम मोदी के साथ मुख्यमंत्रियों का दल भी मौजूद रहेगा। शाम के वक्त रविदास घाट से पीएम मोदी का जलयान गंगा में सैर के लिए निकलेगा। मणिकर्णिका घाट से वापस फिर रविदास घाट पहुंचेगा जहां से पीएम मोदी का काफिला बरेका गेस्ट हाउस के लिए रवाना हो जाएगा। दूसरे दिन यानी 14 दिसंबर को बाबा श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में ही मुख्यमंत्रियों का सम्मेलन होगा जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संबोधित करेंगे। इस दिन ही संत सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे। स्वर्वेद महामंदिर भी जाएंगे।

**23 को दोबारा आएंगे पीएम मोदी**- तय हुए कार्यक्रम के अनुसार 23 दिसंबर को पीएम मोदी दोबारा बनारस आएंगे। इस दिन विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा शाहंशाहपुर में आयोजित जैविक खेती को लेकर राष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित करेंगे। इसमें करीब छह हजार से अधिक किसान के साथ ही कृषि विज्ञानी व प्रगतिशील किसान भी शामिल होंगे। गुजरात के राज्यपाल की मौजूदगी की संभावना भी जताई जा रही है।

## हरसेवानन्द पब्लिक स्कूल में लघु-भारत का भव्य दर्शन

**वाराणसी।** भारत सरकार एवं सीबीएसई द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के आयोजन की श्रृंखला में आज स्वामी हरसेवानन्द पब्लिक स्कूल बनपुरवां रमना वाराणसी में लघुनाटिका 'मेरे सपनों का भारत' का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबन्धक बाबा प्रकाशध्यानानन्द ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया विभिन्न धर्म एवं अलग अलग राज्यों की संस्कृतियों तथा बोली जाने वाली भाषा एवं धारण किए जाने वाले वस्त्रों से सुसज्जित विद्यार्थियों के समूह ने एकत्रित हो 'लघु भारत' का सजीव दर्शन कराया। अन्त में प्रबन्धक बाबा प्रकाशध्यानानन्द, प्रधानाचार्य डा ए.के. चौबे, ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर एक सम्मुनन्त एवं विकसित राष्ट्र बनाने का संदेश दिया।

# जिलाधिकारी ने सिंदूर मकरा गांव में चल रहे स्वास्थ्य सेवाओं का जाना हाल



**सोनभद्र।** शनिवार को सिंदूर मकरा में चल रहे स्वास्थ्य सेवाओं के निरीक्षण हेतु जिलाधिकारी टीके शिबु मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा नेम सिह उप जिलाधिकारी दुद्धी खंड विकास अधिकारी एडीओ पंचायत म्योरपुर तथा डॉक्टरों की टीम द्वारा मकरा बिजुल झरिया तथा बोदरहवा टोला का भ्रमण किया गया और लोगों से घर घर जाकर मिल रही दवाओं टैंकर से पानी की आपूर्ति मच्छरदानी वितरण साफ सफाई फागिंग डीडीटी का छिड़काव आशा और आंगनवाड़ी के द्वारा घर घर का भ्रमण कोविड का टीकाकरण के बारे में स्थलीय जानकारी प्राप्त की गई। लोगों को मच्छरदानी लगा कर सोने के बारे में जागरूक किया गया पूरी बांह के कपड़े पहनने पानी उबालकर पीने तथा बीमारी में दवा का प्रयोग करने तथा बीमार होने की स्थिति में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर दिखाने तथा आयरन की गोली खाने के बारे में बताया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा नेम सिह ने बताया कि 8 मेडिकल टीमें लगाई गई है जिनका मुख्य कार्य घर घर जाकर के मेडिकल चेक अप करना खून की जांच करना टीकाकरण कराना आदि है।ग्राम पंचायत के सभी वार्डों में चेक अप और टीकाकरण से छूट गए परिवारों का सर्वे कराने तथा जागरूकता हेतु लाउडस्पीकर से प्रचार-प्रसार करने तथा रात में विशेष टीम द्वारा लोगों को सोते समय मच्छरदानी लगाई जा रही है या नही इसकी जांच की जाएगी।इसके अलावा बीमार लोगों द्वारा दवा खाने तथा लोगों को जागरूक किये जाने की कार्यवाही की जाएगी।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ही लोगो को प्राथमिक उपचार और बेहतर सुविधा हेतु बेड और इलाज़ की व्यवस्था की जा रही है जिससे कि ब्लड स्तर की सुविधा गाँव के प्राथमिक केंद्र कुँवारी मे ही उपलब्ध कराई जा रही है। शनिवार को कुल 60 मरीज देखे गए जिसमे 30 की जांच की गई। कुल 2 मरीज टायफॉइड तथा 3 मलेरिया पी एफ के मिले है।इसके अलावा सभी विद्यालयों में बच्चों को पूरे शरीर ढकने वाले कपड़े पहनने जूता पहनने तथा बीमारी से बचने के उपाय के बारे में बताया गया और घर जाकर अपने माता-पिता को भी बताने के लिए कहा गया शिक्षकों से जो बच्चे विद्यालय नहीं आ रहे हैं उनके बारे में विवरण उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है जिससे कि उन बच्चों के तथा परिवारों के बारे में मॉनिटरिंग की जा सके।

# अब कृषि निर्यात को बढ़ावा मिलने की संभावना: अनुप्रिया



**मीरजापुर।** स्वतंत्रता के 75 वर्ष को आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मनाते हुए कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण वाराणसी (एपीडा) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा शनिवार 4 दिसंबर 2021 को मिर्जापुर में कृषि निर्यात स म्मेलन एवं क्रेता विक्रेता बैठक का आयोजन किया गया जिसका लाभ मिर्जापुर, भदोही, वाराणसी, गाजीपुर चंदौली के 700 से अधिक किसानों को मिला, जिन्हें कृषक उत्पादक संगठनों (एफ्पीओ) के माध्यम से आमंत्रित किया गया था साथ ही देश के अन्य राज्यों से 2,000 से अधिक किसानों/निर्यातको ने वर्चुअल सहभागिता की। मुख्य अतिथि केंद्र केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार डॉ एम अंग्गामुतु चेयरमैन एपीडा एवं जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने चावल एवं ताजे सब्जी की शिपमेंट कों झंडा दिखाकर रवाना करते हुए किया अतिथियों का स्वागत एपीडा डायरेक्टर डॉ तरुण बाजाज ने किया और कहा कि यह हमारे जीवन का गौरवमयी क्षण है कि हम स्वतंत्रता के 75 वर्ष को आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मना रहे हैं इस कार्यक्रम के प्रथम सत्र में हिंदुस्तान के सभी हिस्सों से निर्यातकों की भागीदारी हुई जिससे इस क्षेत्र से कृषि निर्यात को बढ़ावा मिलने की संभावना है इस स म्मेलन के दौरान निर्यात को एवं कृषक उत्पादक संगठनों के बीच कृषि उत्पादों के क्रय विक्रय पर भी चर्चा हुई और कुछ सौदे भी हुए केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार ने कहा कि भारत को वाणिज्य मंत्रालय में 400 डालर का निर्यात करने का लक्ष्य निर्धारित किया है इसी क्रम में 2025-26 में 2 ट्रिलियन निर्यात करने का लक्ष्य प्रस्तावित है सिर्फ कृषि निर्यात के लिए 43 डॉलर का लक्ष्य निर्धारित है। आज तक के इतिहास में ऐसा संभव नहीं हुआ कि देश से 43 डालर का निर्यात 1 वर्ष में हो लेकिन इस वर्ष एपीडा एवं अभी आप सभी कृषक बंधु के प्रयास से यह संभव होता दिख रहा है माननीय मंत्री महोदय ने यह भी कहा कि कृषि निर्यात में वृद्धि न सिर्फदेश में विदेशी मुद्रा ले आएगा बल्कि कृषकों की आय भी दोगुनी करने में सहायक होगा जो हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी का सपना भी है उन्होंने सरकार की विभिन्न परियोजनाओं पर भी प्रकाश डाला जो कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद के निर्यात को बढ़ावा देने में सहायता करेगा मंत्री महोदय ने कहा कि इस शुरुआत से ना सिर्फ कृषको के लिए बल्कि अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर को बढ़ावा देगा और अन्य अवसरों का भी मार्ग खोलेगा एपीडा के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में एपीडा के सार्थक प्रयासों से परिणात्मक अन्तर देखने को मिला जैसे पूर्वांचल की हरी मिर्च पहली बार विदेश की यात्रा पर गया और पूर्वांचल के ही लंगड़ा आम को लंदन बैठे लोगों ने भी पहली बार चखा। अब पूर्वांचल में ताजे फल और साग भाजी के लिए पैक हाउस का भी निर्माण जारी है आखिर में मंत्री ने कहा कि भविष्य में भी हम पूरी कोशिश करेंगे कि एपीडा के इस भागीरथी प्रयास को हम जारी रखें और कृषको को लाभ भी पहुंचाते रहें एवं पूर्वांचल के हर हिस्से में इसका मॉडल भी दोहराएं।

# मतदाताओं को जागरूक करने को एलईडी वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

## ● एलईडी वैन जनपद के समस्त मतदान केन्द्रों पर ईवीएम के साथ वीवीपैट प्रणाली में मतदान करने की प्रक्रिया और अन्य महत्वपूर्ण तथ्यों की जानकारी देगी



**वाराणसी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 में ईवीएम तथा वीवी पैट के उपयोग किये जाने के दृष्टिगत जनपद की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु जनपद के समस्त मतदान केन्द्रों पर ईवीएम के साथ वीवीपैट प्रणाली में मतदान करने की प्रक्रिया तथा अन्य महत्वपूर्ण तथ्यों की जानकारी आम जनमानस, राजनैतिक दलों, समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों/ओपिनियन मेकर्स, शिक्षा विद आदि को दिये जाने के उद्देश्य से शनिवार को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी कौशल राज शर्मा ने कैम्प कार्यालय से 04 मोबाइल एलईडी वाहन को प्रतिदिन विधानसभावार निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार रवाना किया। संबंधित वाहन के टेक्निकल प्रभारी द्वारा ईवीएम पर वोट डालने की प्रक्रिया को लगातार जनसाधारण में जागरूक किया जायेगा। साथ ही साथ वीवीपैट मशीन के द्वारा मतदाताओं को उनके द्वारा डाले गए वोट का प्रदर्शन भी मशीन के द्वारा समझाया जायेगा जिससे पहली बार मतदाता बनने वाले युवा मतदाता में अच्छी खासी उत्सुकता देखने को मिल रही है, क्योंकि वह इस मशीन के माध्यम से पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक केएन पांडेय ने किया गांव-गांव जनसंपर्क



**चन्दौली।** संत कीनाराम बाबा रामगढ़ चहनिया के परिसर में उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ रविवार को आ रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा सुंदरीकरण को लेकर किए गये घोषणा के अनुसार 18 करोड़ की लागत से हुए कार्यो का शिलान्यास करेंगे। युद्ध स्तर पर जिला प्रशासन के साथ.साथ व कीनाराम मठ के प्रशासन व स्थानीय नेता लगे हुए हैं। उधर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक व वरिष्ठ नेता डाण् केएन पांडेय युद्ध स्तर पर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिनरात एक किए हुए हैं। गांव.गांव लोगों से संपर्क स्थापित कर शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचने की अपील किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वे पूरी ताकत लगाए हुए हैं। वहीं केएन पांडेय प्रत्येक व्यक्तियों से संपर्क कर जनसभा को सफल बनाने के लिए गांव.गांव पहुंचकर लोगों के बीच अपील किया कि जनसभा में पहुंचकर सीएम के विचारों को सुनें। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को लोगों को बताते हुए अपिल किया कि सभा स्थल पर जुटकर जनसभा को सफल बनाने का कार्य करें। बतादें कि आगामी विधान सभा चुनाव नजदीक है और सकलडीहा विधान सभा में भाजपा का परचम अभी तक लहरा नहीं सका है। केएन पांडेय इसी परचम को लहराने के लिए गांव.गांव गोष्ठी व जनसंपर्क करके भाजपा के नीतियों से रुबरु कराते हुए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताये।

# सिंचाई, स्वास्थ्य, विद्युत व जल निगम को कमिश्नर ने दिए जरूरी निर्देश

## ● कमिश्नर ने की माघमेला तैयारियों की प्रगति समीक्षा बैठक, मैन पॉवर बढ़ाकर पांटून पुलों और चकर्ड प्लेट बिछाये जाने कार्यों को तेजी के साथ पूरा कराये जाने की दी हिदायत

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



मेले की तैयोरियों का निरीक्षण करते मेलाधिकारी शेषमणि पांडेय

**मण्डलायुक्त संजय** गोयल की अध्यक्षता में मेला प्राधिकरण स्थित आईसीसीसी सभागार में माघमेला की तैयारियों की प्रगति के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। मण्डलायुक्त ने सभी सम्बंधित विभागों को माघ मेला को दिव्य भव्य तथा सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु सभी आवश्यक तैयारियों को समय से सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने पीडब्लूडी सिंचाई विभाग स्वास्थ्य विभाग विद्युत विभाग जल निगम मेला प्राधिकरण गंगा प्रदूषण सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को अपने विभाग से सम्बंधित कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि कार्य को पूर्ण करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरती जाये। मण्डलायुक्त ने पार्किग एवं ट्रैफिक व्यवस्था के सम्बंध में भी व्यवस्थित कार्य योजना के अनुसार कार्य कराये जाने के लिए कहा है। मण्डलायुक्त ने मेला क्षेत्र की बसावट में कोविड 19 से सम्बंधित मानकों का ध्यान रखते हुए कार्य योजना तैयार करने के लिए कहा। उन्होंने पीडब्लूडी को मैन पॉवर बढ़ाकर पांटून पुलों के निर्माण कार्य को तेजी के साथ निर्धारित समय में पूरा कराये जाने के निर्देश दिये हैं। साथ ही चकर्ड प्लेट बिछाये जाने कार्य को भी तेजी के साथ कराये जाने के लिए कहा है। मण्डलायुक्त ने मेला क्षेत्र में सही स्थानों पर शौचालयों को स्थापित कराये जाने के लिए कहा है। कोविड टेस्टिंग सेंटर को मेला क्षेत्र में प्रवेश वाले स्थानों पर लगाये जाने के लिए कहा है। मण्डलायुक्त ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को मेला क्षेत्र में जर्जर तारों का प्रयोग न करने के लिए कहा। साथ ही मेला क्षेत्र में एलईडी सीएफएल बल्ब को लगाने के लिए कहा है। उन्होंने भूमि समतलीकरण के कार्य को तेजी से पूरा कराने और उक्त कार्य में लगे ट्रैक्टरों की संख्या को बढ़ाने के निर्देश भी दिये। मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं स्नानार्थियों के लिए बनाये गये चेंजिंग रूम में भी साफ सफाई की व्यवस्था पब्लिक एड्रेस सिस्टम के साथ साथ अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के सम्बंध में भी कार्ययोजना के अनुसार कार्य कराये जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री डीआईजी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी मेलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय एसपी यातायात अरुण कुमार दीक्षित आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

**माघमेला के सकुशल संपन्नता को लेकर गंगा पूजन 16 को:** माघमेला प्रशासन मेले के सकुशल आयोजन के लिए 16 दिसम्बर को संगम पर विधि विधान से गंगा पूजन सुबह 11 बजे किया जाएगा। गंगा पूजन में कमिश्नर संजय गोयल डीएम संजय कुमार खत्री मेलाधिकारी शेषमणि पांडेय समेत तमाम संत महात्मा शामिल होंगे।

### माघ मेले की तैयारियां समय से होंगी पूरी: शेषमणि पांडेय

**प्रयागराज।** माघ मेले की तैयारियों का मेलाधिकारी शेषमणि पांडेय ने शनिवार को निरीक्षण किया। उन्होंने समतलीकरण लोक निर्माण विभाग द्वारा गंगा में तैयार किये जा रहे पांटून पुल घाटों के कटान की स्थिति और बिजली विभाग के शुरू होने वाले कार्यों की स्थिति को देखा। शेषमणि पांडेय ने बताया कि धूप तेज होने की वजह से जमीन अब तेजी से सूख रही है। जिससे कि समतलीकरण का कार्य आसानी से हो सके और उसमें किसी तरह की परेशानी न होने पाए। उन्होंने पुलों का निर्माण तेजी से कराए जाने का निर्देश दिया है। जिससे कि दूसरे विभागों के समान पांटून पुल से होकर मेला क्षेत्र में जा सकें। मेलाधिकारी शेषमणि पांडेय ने बताया कि मेला क्षेत्र में पुलिस के शिविर भी लगने शुरू हो गए हैं। बताया कि गंगा में तेजी से पानी कम हो रहा है लेकिन कटान कई सेक्टरों में तेज है। उसको जल्द से जल्द रोकने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए सिंचाई विभाग की टीम लगाई गई है। कहा कि मेले के दौरान जगह जगह कूड़ेदान रखे जाएंगे। जिससे कूड़ा सड़क पर न फैलने पाए। मेला क्षेत्र के नायब तहसीलदार रविकांत द्विवेदी ने तैयोरियों की जानकारी दी।

**दद्दा समेत 540 ने की जमीन सुविधा की मांग:** माघ मेला में जमीन और सुविधा के लिए 540 संस्थाओं ने माघ मेला प्रशासन को आवेदन दिया है। इनमें प्रमुख लोगों में ब्रम्हलीन पंडित देव प्रभाकर शास्त्री सहित अन्य संस्थाएं शामिल हैं।

**माघ मेले तक रोका जाएगा रेलवे पुल का निर्माण:** माघ मेला प्रशासन उत्तर रेलवे द्वारा दारागंज से झूंसी की ओर बनाये जा रहे रेलवे पुल का निर्माण कार्य रोक दिया जायेगा। मेले के पहले स्नान से लेकर अंतिम स्नान तक उसे रोकने की तैयारी की जा रही है। मेलाधिकारी शेषमणि पांडेय ने बताया कि उत्तर रेलवे के अधिकारियों को पत्र लिखकर दिया गया है। क्योंकि अगर पुल का निर्माण नही रुका तो किसी भी तरह का हादसा हो सकता है।

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर (पूर्वी) लखनऊ।**

पत्रांक: 316 रीडर- 2021 दिनॉक 18 नवम्बर, 2021

वाद संख्या- डी- 20211046004901/2021
यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया बनाम
मे0 नीलेश इण्टर प्राइजेज
अर्न्तगत धारा- 14, अधि0-वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002
तारीख पेशी- 13.12.2021

**नोटिस**

1- मे0 नीलेश इण्टरप्राइजेज पता एफ-1588, राजाजीपुरम, लखनऊ।
2- श्री सुरेश कुमार पुत्र स्व0 राघव सरन पता एफ- 1588, राजाजीपुरम, लखनऊ।
3- श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी स्व0 राघव सरन पता एफ- 1588, राजाजीपुरम, लखनऊ।
4- श्री मो0 हाशिम पुत्र श्री अब्दुल मुमताज निवासी ई-3/70, विनय खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।

उपरोक्त वाद जिला मजिस्ट्रेट महोदय के न्यायालय से प्राप्त होकर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः आप दिनांक 13.12.2021 को समय 12.00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम- 2002 की धारा 14 (1) के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के सम्बन्ध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नही कहना है और तद्नुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिया जायेगा।

(के0 पी0 सिंह)
अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर (पूर्वी) लखनऊ।

**पूज्य भाऊराव देवरस महाविद्यालय**
मुक्तापुर(टंडवारा) सरवनखेड़ा कानपुर देहात-209121

**आवश्यकता है**

राजाज्ञानुसार मानेदय पर UGC/NCTE अर्ह प्राचार्य, विभागाध्यक्ष एवं सहायक आचार्यो की। बी.एस.सी. विषय- गणित, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान। बी.ए. विषयः- हिन्दी भाषा, हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी भाषा, अंग्रेजी साहित्य, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र, इतिहास और राजनीतिशास्त्र। बी.कॉम./बी.एड./एम.ए.(हिन्दी,समाजशास्त्र)/बी.टी.सी.(डी.एल.एड) हेतु सहायक आचार्यो, प्रवक्ताओं तथा अन्य प्रधान लिपिक/कम्प्यूटर ऑपरेटर/चपरासी की।
नोट: 15 दिनों के अन्दर सभी अभिलेखों की प्रतियों सहित आवेदन करें।

प्रबन्धक, सम्पर्क सूत्रः- 9455227520
ई-मेलः rscesc@gmail.com, pbdcollege@rediffmail.com

**सूर्यपाल सिंह अनुसुइया महाविद्यालय**
मुक्तापुर सरवनखेड़ा कानपुर देहात - 209121

**आवश्यकता है**

राजाज्ञानुसार मानेदय पर UGC/NCTE अर्ह प्राचार्य, विभागाध्यक्ष एवं सहायक आचार्यो की। बी.एस.सी. विषय- गणित, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान।
बी.कॉम./बी.एड. हेतु सहायक आचार्यो, प्रवक्ताओं तथा अन्य प्रधान लिपिक/ कम्प्यूटर ऑपरेटर/ चपरासी की।
नोट: 15 दिनों के अन्दर सभी अभिलेखों की प्रतियों सहित आवेदन करें।

प्रबन्धक, सम्पर्क सूत्रः- 9455227520
ई-मेलः rscesc@gmail.com, pbdcollege@rediffmail.com

# डिप्टी सीएम ने दी एक अरब चालीस करोड़ की सौगात

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर।





**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनपद को एक अरब चालीस करोड़ की सौगात देकर जिले की सड़को पर जहाँ मरहम लगाया है वहीं कटेहरी में बाईपास की सौगात देकर जनता के दिलों में जगह बनाने का भरसक प्रयास किया, श्री मौर्य ने भाजपा पर समानता की राजनीति करने वाली पार्टी बताकर अन्य दलों की आलोचना भी किया। रामदेव जनता इन्टर कालेज कटेहरी में केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में आम जनता को सम्बोधित किया एवं जनपद में लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण किया। अकबरपुर विधान सभा के अन्तर्गत 28 कार्यों का रू0 10.71 करोड़ कटेहरी विधानसभा में 39 कार्यो का रू0 27.35 करोड़. टाण्डा विधानसभा में 12 कार्यों रू0 5.78 करोड़, जलालपुर विधान सभा में 15 कार्यों रू0 9.11 करोड एवं विधानसभा आलापुर में 16 कार्यों का रू0 892 करोड़ का लोकार्पण किया गया तथा अकबरपुर विधानसभा में 6 कार्यों का रू0 0.88 करोड़, कटेहरी विधानसभा में 12 कार्यों का रू0 53.38 करोड़, टाण्डा विधानसभा में 01 कार्य का रू0 0.09 करोड़, जलालपुर विधानसभा में 15 कार्यों का रू0 2.48 करोड़ एवं विधानसभा आलापुर में 15 कार्यों का रू0 3.78 करोड़ का शिलान्यास किया गया।जनपद को सौगात के रूप में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनपद में कटेहरी बाजार के बाईपास का निर्माण कार्य, ल0 3.900 कि0मी0 लागत रू0 101.00 करोड. गोसाईगंज भीटी मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण कार्य, ल0 10.200 कि0मी0 लागत रू0 24.98 करोड़ एवं महरूआ मिझौड़ा यादवनगर मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण कार्य ल0 10.30 कि0मी0, लागत रू0 20.21 करोड़ के कार्यो की घोषणा की गयी। सभा सम्बोधन के उपरान्त उपमुख्यमंत्री,उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के माध्यम से प्रेस वार्ता भी की। उपमुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश के चौमुखी विकास के लिए अग्रसर है जनता को समस्त योजनाओं का लाभ प्रशासन द्वारा दिया जा रहा है उन्होंने कहा कि जनपद के विकास के लिए सरकार निरंतर कार्यरत है जनपद के हर क्षेत्र में विकास का कार्य किया गया है और पात्र लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना मुख्यमंत्री आवास योजना एवं जनहितकारी समस्त योजनाओं का लाभ जनपद वासियों को दिया गया है शासन की मंशा है कि अंतिम पायदान के व्यक्ति तक समस्त योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए और सरकार निरंतर इसके लिए कार्य कर रही है। इस दौरान मौके पर विधायक संजू देवी ,अनीता कमल, पूर्व सांसद हरिओम पांडे, पूर्व मंत्री धर्मराज निषाद, जिलाध्यक्ष मिथिलेश त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष रमा शंकर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष साधु राम वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मिंटू एवं पार्टी के पदाधिकारी गण, जनपद के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित वरिष्ठ अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

# एक्यूबेशन सेंटर का हुआ भव्य शुभारंभ



**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर।

**आज** कैबिनेट मंत्री तकनीकी शिक्षा जितिन प्रसाद ने इंक्यूबेशन सेंटर का उद्घाटन किया और राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, में फैकल्टी निवास का शिलान्यास किया। इस विशेष दिन पर सुशील कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष एवरो इंडिया लिमिटेड, आलोक कुमार, सचिव तकनीकी शिक्षा, तरुण चतुर्वेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसआईआईसी, आईआईटी कानपुर, जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन ,मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा, मनोज कुमार, अध्यक्ष ज्योति सेरो लिमिटेड और कई अन्य विशिष्ट अतिथि इस अवसर पर उपस्थित थे।

# खेल से ही होता है शारीरिक व मानसिक विकास: बृजभूषण

## ● खेल प्रतिस्पर्धा कार्यक्रम के उद्घाटन पर सांसद ने कही ये बात

**संवाददाता।** करनैलगंज (गोंडा)

**खेल** से ही शारीरिक, बौद्धिक व मानसिक विकास सम्भव है। खेल के लिए किसी उम्र की बाध्यता नही होती बल्कि उम्र को बनाये रखने में खेल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यह बात कैसरगंज के भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने खेल स्पर्धा कार्यक्रम के उदघाटन में कही।

उन्होंने कहा कि खेल से जुड़े लोग काफी दिन तक स्वस्थ्य रहते हैं। उन्होंने खेल को अच्छे स्वास्थ्य की चाभी बताया, और कहा कि खेल व योग से जुड़े होने की वजह से वह पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं। उन्होंने खुले मंच से सरयू डिग्री कालेज के खेल मैदान को क्षेत्र के खिलाड़ियों को समर्पित किया। और कहा कि खेल के लिये किसी धर्म या जाति के खिलाड़ी बिना किसी भेदभाव के इस खेल मैदान का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम पीएम मोदी के निर्देश पर आयोजित हो रहा है। भाजपा सरकार जनता को स्वस्थ्य रखने के लिये लोगों को खेल से जोड़ने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा 24 घन्टे में एक घन्टा शरीर के लिये निकालने वाला व्यक्ति निरोगी रहेगा। कालेज के प्राचार्य आरबी सिंह ने बताया कि विकास खंड करनैलगंज की 9 न्याय पंचायतों के साथ नगर क्षेत्र के स्कूलों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं की टीमें खेल स्पर्धा में प्रतिभाग करेंगी। जिसमे 200 मीटर व 400 मीटर दौड़, खो-खो, कबड्डी, वालीबॉल, क्रिकेट आदि खेल सामिल हैं। इस खेल कार्यक्रम में ब्लॉक स्तर पर विजेताओं का चयन किया जाएगा। विजेता प्रतिभागियों को जिला स्तर पर खेलने का मौका मिलेगा। अशोक सिंह, विवेक सिंह, नेहा सिंह, सहायक विकास अधिकारी अभिषेक प्रताप सिंह, एडीओ क्वापरेटिव विजय मिश्रा मौजूद रहे।

# नई नियुक्तियों से शिक्षकों में खुशी की लहर

**करनैलगंज ( गोंडा )।** करनैलगंज के प्रतिष्ठित कन्हैया लाल इंटर कॉलेज में छात्र संख्या अधिक होने के बावजूद शिक्षकों की कमी शिक्षण कार्य में आड़े आ रही थी। जहां आयोग द्वारा एक साथ 11 शिक्षकों को नई नियुक्ति दी गई है। जिससे कॉलेज के शिक्षकों में खुशी की लहर है। कालेज के प्राचार्य प्रधानाचार्य डीपी मौर्य ने बताया कि कन्हैया लाल इंटर कॉलेज में शैक्षिक वर्ष में छात्र-छात्राओं की संख्या करीब तीन हजार से अधिक पहुंच गई है। जहां प्रत्येक विषय के शिक्षक तो थे, मगर छात्र संख्या व कक्षाओं के हिसाब से शिक्षकों की कमी बच्चों की शिक्षण कार्य में बाधक बनी हुई थी। इसके लिए जिला विद्यालय निरीक्षक से कई बार मांग पत्र देकर शिक्षकों की नियुक्ति देने की मांग की गई थी। जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा आयोग एवं माध्यमिक शिक्षा परिषद को अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा चयनित किए गए शिक्षकों में 11 शिक्षकों को कन्हैयालाल पर कॉलेज में नियुक्ति दी गई है।

# प्रधान की गोली मारकर हत्या, शव रखकर ग्रामीण बैठे धरने पर

**संवाददाता।** मुसाफिरखाना अमेठी





**बीती** रात घर के बरामदे में सो रहे ग्राम प्रधान को अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी। जिससे उनकी मौके पर मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। बीती रात मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत गांव निजामुद्दीनपुर में अज्ञात हमलावरो ने बरामदे में सो रहे ग्राम प्रधान गुरु शरण यादव उम्र 59 वर्ष को गोली मार दी ।गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन जब बाहर निकले तब तक गुरु शरण यादव की मृत्यु हो चुकी थी ।परिजनों ने बताया कि प्रधान गुरुशरण यादव घर के बरामदे में सो रहे थे वहीं अन्य परिजन घर के अंदर सोए हुए थे ।देर रात करीब बारह बजे अज्ञात बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी ।जिससे उनकी मौत हो गयी। गोली की आवाज सुनकर घर के अंदर सो रहे परिजन जाग गए। घरवालों की आवाज पर कोई हरकत न होने पर जब गुरुशरण को देखा तो उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही सीओ मनोज यादव कोतवाल बृजेश सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। घटना की जानकारी मिलते ही रात में एसपी दिनेश सिंह एएसपी विनोद पांडेय ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी लेते शीघ्र ही खुलासे का आश्वासन दिया ।सुरक्षा की दृष्टि से गांव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजते हुए जांच शुरु की है ।घटना की जानकारी मिलते ही एमएलसी दीपक सिंह सपा विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल जिला पंचायत सदस्य उदय राज यादव ब्लॉक प्रमुख सदाशिव यादव बसपा नेता राम लखन शुक्ला जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि महेंद्र यादव मोनू सहित विभिन्न दलों के नेताओ का जमावड़ा लगा रहा । पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने समर्थको के साथ मुसाफिरखाना.पारा मार्ग को जाम करते हुए शव को सड़क पर रखकर धरने पर बैठ गए ।जिसके बाद पुलिस प्रशासन के हाथ पांव फूल गए ।घंटो तक चले प्रदर्शन के बाद मान मनौव्वल का क्रम चलता रहा प् इसी बीच गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह समर्थको के बीच पहुंच गए ।वहीं सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष छोटेलाल यादव सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव जिला पंचायत सदस्य उदय राज यादव जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि महेंद्र यादव मोनू सूबेदार यादव एडवोकेट कांग्रेस नेता राज कुमार यादव राज नारायन यादव विभिन्न दलों के प्रतिनिधि मौके पर जमे रहे ।ग्रामीणों के धरने पर बैठने की सूचना पर मौके पर पहुंचे एडीएम सुशील प्रताप सिंह एएसपी विनोद पांडेय सीओ मनोज यादव एसडीएम राकेश कुमार ने लोगों को समझाने का प्रयास किया ।परिजनों ने मृतक ग्राम प्रधान के दो बेटों के नाम शस्त्र लाइसेंस 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने हत्यारो की तीन दिन के अंदर गिरफ्तारी की मांग पर एडीएम सुशील प्रताप सिंह व एएसपी विनोद पांडेय ने सारी मांगे पूरी करने का आश्वासन दिया ।जिसके बाद ग्रामीण सड़क से हटने को राजी हुए ।समाचार लिखे जाने तक शव के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी थी।

# सिद्धपीठ रंगमहल में विवाह के लिए सैकड़ों वर्ष पुराने मंडप की सजावट

## ● दो सौ साल पुरानी परंपरा को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगाः महंत रामशरण दास

**संवाददाता।** अयोध्या



**दो सौ** वर्ष पूर्व रामकोट स्थित प्रतिष्ठित पीठ रंगमहल में प्रवर्तित विवहोत्सव की परंपरा आज भी पूरी भव्यताए संजीदगी और परिपूर्णता के साथ प्रवाहमान है। भगवान की रसिक भाव से उपासना करने वाले रंगमहल के संस्थापक आचार्य सरयूशरण और उनकी परंपरा के शिष्यों.शागिर्दों ने आराध्य के प्रति भाव अर्पित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और इसके लिए उन्होंने आराध्य के परिणय को सर्वाधिक अहम् माना। मंदिर में ही एक सिरा वर और दूसरा सिरा कन्या पक्ष का घोषित कर सीता.राम विवाह को जीवंत करने की हर संभव कोशिश हुई।रविवार 5 दिसंबर को मंडप प्रवेश एवं तिलकोत्सव के साथ शुरू विवाहोत्सव तेल पूजनए मंत्री पूजनए बरातए द्वारचारए भांवरए विदाई आदि की रस्म निष्पादित करने की पूरी तैयारी है। रंगमहल में सैकड़ों वर्ष पुराने लकड़ी के मंडप को एकादशी तिथि को सजा दिया गया है वर्षों से ठाकुर राम जानकी का विवाह उसी मंडप में संपन्न होता है।

रंगमहल के वर्तमान आचार्य महंत रामशरणदास ने बताया कि रंगमहल मां कौशल्या ने विदेहनंदिनी भगवती सीता को मुंह दिखाई में दी थी। ऐसे में इस स्थल पर रामवविवाह को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाती। आश्रम में संचालित रामलीला मुनि आगमनए ताड़काए मारीच.सुबाहु बधए नगर दर्शनए धनुषयज्ञए परशुराम.लक्ष्मण संवाद से होती हुई रामविवाह के प्रसंग को जीवंत करेगी। हालांकि उत्सव का शिखर रामबरात के साथ परिभाषित होगा। इस दौरान संगीतए सत्संग की भी सरिता प्रवाहित हो रही हैए जिसमें हजारों की संख्या में संत एवं श्रद्धालु शिरकत कर रहे हैं। पुजारी साकेत दास ने बताया कि विवाह उत्सव 5 दिसंबर से प्रारंभ होकर के 8 दिसंबर तक चलेगा और विवाह उत्सव में कोरोना नियमों का पालन भी किया जाएगा। विवाह की तैयारी के लिए आश्रम से जुड़े श्रद्धालु पहुंच चुके हैं वधू पक्ष से मीना वर्मा पत्नी इंद्र बहादुर वर्मा गोरखपुरए पनमती देवी पत्नी स्वर्गीय गजाधर वर्मा ए लीलावती देवी पत्नी सत्यानंद वर्मा ए संतोषी वर्मा पत्नी प्रभाकर वर्माए सुमन वर्मा पत्नी राकेश वर्मा ए रेखा वर्मा पत्नी राधारमण वर्मा ए प्रीति वर्मा पत्नी सागर वर्मा एरितु वर्मा पत्नी रजत वर्माए आकाश वर्माए राहुल वर्माए सोहन वर्माए प्रिंस वर्मा एवं सभी मित्रगण विवाह की तैयारियों में जुट गए हैं।

# कृषि विवि ने लगाया तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

**संवाददाता।** अयोध्या



**आचार्य** नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंजए अयोध्या के पशु चिकित्सा महाविद्यालय के पोषण विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्रों के पशु तथा मत्स्य वैज्ञानिकों हेतु विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह के कुशल मार्गदर्शन में तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के समापन समारोह के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को विश्वविद्यालय में स्थापित नवीन तकनीकी से सुसज्जित प्रयोगशाला तथा उपकरणों के उचित प्रयोग द्वारा पशुओं के विभिन्न खाद्य पदार्थों के गुणवत्ता की विश्लेषण कर उच्च कोटि का खाद्य पदार्थ किसानों के पशुओं को उपलब्ध कराने की सलाह दीए जिससे पशु स्वस्थ रहें तथा अच्छी से अच्छी उत्पादकता दे सकेंए जो पशुपालन किसानों की आय बढ़ाने में अधिक से अधिक योगदान प्रदान कर सकेए उन्होंने विश्वविद्यालय के समस्त पशु वैज्ञानिकों को नवीन तकनीकीयों को किसानों तक पहुंचाने हेतु निर्देशित किया । डॉं सिंह विश्वविद्यालय के पशु पोषण विभाग में स्थापित अत्यंत आधुनिक पशु खाद्य पदार्थ विश्लेषण प्रयोगशाला की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयोगशाला पशुपालक किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी क्योंकि पशुपालन में पशु पोषण एक महत्वपूर्ण अंग हैए जिस पर पशु की उत्पादकता निर्भर करती है। प्रशिक्षण निर्देशक तथा पशु पोषण विभाग के अध्यक्ष प्रोफ़ेसर विजय कुमार सिंह ने बताया कि इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में कृषि विज्ञान केंद्र तथा पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय तथा मत्स्य महाविद्यालय के पशु एवं मत्स्य वैज्ञानिकों को खाद्य पदार्थों के विश्लेषण तथा गुणवत्ता की जांच हेतु भारतीय पशु चिकित्सा संस्थान बरेली बिहार पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय पटना तथा उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय मथुरा के वैज्ञानिकों द्वारा व्याख्यान दिया गया तथा प्रयोगशाला में 6 प्रयोगात्मक कक्षाएं चलाकर प्रशिक्षणार्थियों को विश्लेषण करना सिखाया गया ।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, लखनऊ अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या – 30/वि0जा0मं0 (वि0) द्वि0/ल0/ई–टेन्डर/ 2021–22** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक–पृथक निविदायें अनुभवी फर्म/ठेकेदारों से ई–टेण्डरिंग पोर्टल http://etender. up.nic.in के माध्यम से ऑन लाईन आमंत्रित की जाती है। **क्र0सं0** 1 **निविदा विशिष्ट संख्या** 36/वि0जा0मं0(वि0)द्वि0/ल0/ई– निविदा/2021–22 **कार्य का नाम** लेसा, सिस गोमती क्षेत्र, लखनऊ के अन्तर्गत विद्युत वितरण मण्डल–4 के कार्यालय भवन, विद्युत नगरीय परीक्षण खण्ड तृतीय के कार्यालय भवन, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल तृतीय के कार्यालय भवन, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड अपट्रॉन के कार्यालय भवन के अनुरक्षण का कार्य तथा उपखण्ड कार्यालय समेसी पर विशेष अनुरक्षण का कार्य । **कार्यावधि** 03 माह **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0) (जी0एस0टी0 सहित)** 2,360.00 **धरोहर धनराशि (रु0)** 23,200.00 **निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय 20.12.2021** सायं 5.00 बजे तक **निविदा खोले जाने की तिथि 21.12.2021 क्र0सं0** 2 **निविदा विशिष्ट संख्या** 37/वि0जा0मं0 (वि0) द्वि0/ल0/ई–निविदा/ 2021–22 **कार्य का नाम** लेसा, ट्रान्स गोमती क्षेत्र, लखनऊ के अन्तर्गत विद्युत नगरीय वितरण खण्ड बी0के0टी0 के कार्यालय भवन, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड विश्वविद्यालय के कार्यालय भवन, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल षष्टम के कार्यालय भवन के अनुरक्षण के कार्य तथा उपखण्ड कार्यालय मुंशी पुलिया (न्यू) पर पेयजल हेतु नई बोि. रंग की व्यवस्था का कार्य। **कार्यावधि** 03 माह **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0) (जी0एस0टी0 सहित)** 2,360.00 **धरोहर धनराशि (रु0)** 22,500.00 **निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय 20.12.2021** सायं 5.00 बजे तक **निविदा खोले जाने की तिथि 21.12. 2021 क्र0सं0** 3 **निविदा विशिष्ट संख्या** 38/वि0जा0मं0(वि0) द्वि0/ल0/ई–निविदा/2021–22 **कार्य का नाम** लेसा, ट्रान्स गोमती क्षेत्र, लखनऊ के अन्तर्गत अहिबरनपुर स्टोर शेड पर 03 नग जर्जर Nisan Shed के Sheet को बदलने का कार्य, Nisan Shed No. 01 एवं 04 के मध्य बनी कच्ची रोड पर सीमेन्ट कंक्रीट रोड का निर्माण कार्य, Main Gate से सीतापुर रोड तक बनी कच्ची रोड पर सीमेन्ट कंक्रीट रोड का निर्माण कार्य, Nisan Shed No. 01, 02, 03 एवं पहुंच मार्ग के मध्य इण्टरलॉकिंग टाईल्स लगाने का कार्य, दक्षिण दिशा की ओर बाउण्ड्रीवाल को ऊँचा करके Concertina Coil Fencing का कार्य, मुख्य गेट पर बने गार्ड रूम के जीर्णोद्धार का कार्य, Nisan Shed No. 01, 02 एवं 03 04 के मध्य बरसात के पानी Drainage के लिए CC Drain बनाने का कार्य, Nisan Shed No. 01, 02, 03 एवं 04 के मध्य में बरसात के पानी को रोकने के लिए Toe Wall का निर्माण कार्य तथा एक नग पुराने शौचालय के जीर्णोद्धार का कार्य। **कार्यावधि** 03 माह **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0) (जी0एस0टी0 सहित)** 2,360.00 **धरोहर धनराशि (रु0)** 37,500.00 **निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय 20.12.2021** सायं 5.00 बजे तक **निविदा खोले जाने की तिथि 21.12.2021** निविदा प्रपत्र क्रय करने का मूल्य एवं धरोहर धनराशि जो "Executive Engineer, Electricity Civil Division (Distribution) Lucknow" के Punjab National Bank, Halwasiya Hazratganj, Lucknow के Current A/c No. 0294002100078232 एवं IFSC Code - PUNB0029400 में RTGS/NEFT के माध्यम से सीधे खाते में जमा की जायेगी एवं निविदा का विवरण एवं Pre-Qualification Condition ई–टेण्डरिंग पोर्टल http://etender. up.nic.in साइट पर देखा जा सकता है। **(अधीक्षण अभियन्ता) विद्युत जानपद मण्डल (वितरण)–द्वितीय** पत्रांकः 1066 दिनांक 4–12–2021 हेल्पलाईन नम्बर–18001800440 "राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें, बल्ब की जगह एल0ई0डी0 लगायें"

**उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड अल्पकालिक ई–निविदा सूचना सं0–51 /अनु0ई0/श0भ0 वि0/2021–22** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निविदा विशिष्टि सं0–53/अनु0ई0/श0भ0वि0/ 2021–22 के द्वारा **शक्ति भवन (मु0) में 630** Amp **ऑन लोड चेन्ज ओवर स्विच, 630** Amp **एम0सी0सी0बी0 एवं 400** Sqmm **केबिल बिछवाये जाने इत्यादि का कार्य कराये जाने हेतु निविदायें** दिनांक 20–12–2021 को 14.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त ई– निविदाओं को दिनाँक 21.12.2021 को 12.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोला जायेगा। निविदा के विक्रय व धरोहर धनराशि सम्बन्धी विवरण एवं अन्य विवरण कारपोरेशन की बेवसाइट http:# etender.up.nic.in से प्राप्त किये जा सकते है। **अधिशासी अभियन्ता अनुरक्षण इकाई, कक्ष सं0–104, प्रथम तल, शक्ति भवन (विस्तार) 14–अशोक मार्ग, लखनऊ।** पत्रांक–2214 दिनांक 3.12.2021 "राष्ट्रहित में बिजली बचायें" हेल्प लाईन नं0–18001808752

**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0यां0) नलकूप विंग, उ0 प्र0 जल निगम, 2/137, विवेक खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)**
पत्रांक : 1295/6901/विधि–3/(21)/133 दिनांक : 03.12.2021
**अल्पकालीन निविदा सूचना**
उ0प्र0 जल निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद कानपुर में 1 नग नलकूप निर्माण के कार्य हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 07.12.2021 से 16.12.2021 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, वि0/याँ0 नलकूप विंग, उत्तर प्रदेश जल निगम 2/137, विवेक खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं वि0/याँ0, नलकूप विंग–द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1000.00+18% जी.एस.टी. (1000.00+180.00 = 1180.00) है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट WWW.UPJN.ORG से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
**निविदा सूचना**
निविदा विक्रय की तिथि – 07.12.2021 से 16.12.2021 **अपराह्न** 3:00 बजे तक
निविदा डालने कि तिथि – 17.12.2021 **अपराह्न** 3:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि : 18.12.2021 **पूर्वाह्न** 11:00 बजे

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

निविदा सूचना सं0–603–11 / बस निविदा /2021–22/ दिनांक 25.11.2021

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण मलिहाबाद, लखनऊ प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को भ्रमण कराने हेतु बस की व्यवस्था के लिए निम्न विवरण के अनुसार मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र रू0 200/– नकद जमा कर कार्यालय से कार्यदिवस में **दिन. ाक 06.12.2021 से 13.12.2021 तक अपरान्ह 05.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 14.12.2021 को अपरान्ह 02.00 बजे तक स्वीकार/डाले जायेंगे एवं उसी दिन** अपरान्ह 03.00 बजे समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेंगी । निविदा की शर्तें किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय नोटिस बोर्ड/कार्यालय में सम्पर्क कर देखी जा सकती हैः–

| क्र0 सं0 | कार्य/विवरण | अर्नेस्ट मनी धनराशि (रूपये में) | जमानत धनराशि (रूपये में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 01 बस 52 सीटर, बस से लखनऊ में स्थित पार्को/पान प्रक्षेत्रों/पौधशालाओं का भ्रमण एवं वापसी के साथ–साथ सुबह का नाश्ता, दोपहर का लंच, शाम को नाश्ता एवं ईधन/टोल टैक्स/समस्त कर सहित । | 2500/– | 10000/– |
| 2 | 01 बस 25 सीटर, बस से लखनऊ में स्थित पार्को/पान प्रक्षेत्रों/पौधशालाओं का भ्रमण एवं वापसी के साथ–साथ सुबह का नाश्ता, दोपहर का लंच, शाम को नाश्ता एवं ईधन/टोल टैक्स/समस्त कर सहित । | 1500/– | 5000/– |

(राजीव कुमार वर्मा)
मुख्य उद्यान विशेषज्ञ
औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र,
मलिहाबाद, लखनऊ।

उ0प्र0 170604 दिनांक 4.12.2021
विज्ञापन वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# जिसके खिलाफ शिकायत, उसी को मिलती है जांच की जिम्मेदारी

संवाददाता। पाटन, उन्नाव

**बीघापुर** तहसील क्षेत्र में यदि समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों पर नजर डालें तो अस्सी फीसदी लेखपालों की आती हैं। प्रशासन की कार्यप्रणाली का आलम यह है कि भ्रष्टाचार तक के आरोपी लेखपालों को उनकी ही जांच सौंप दी जाती है। शनिवार को सम्पन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुछ ऐसी ही तस्वीरें देखने को मिली। एसडीएम और तहसीलदार जिन मामलों का मौके पर मौजूद लेखपालों से सामना करवाकर त्वरित निस्तारण किया जा सकता था उनमें भी जांच की बात लिखकर अपना पल्ला झाड़ते नजर आए। पेश हैं आज सम्पूर्ण समाधान दिवस में सामने आए कुछ मामले।

**केश 1:** बिहार थाना क्षेत्र के पुरंदरपुर मजरे सांझेमऊ निवासी कमला देवी ने एसडीएम को बताया कि लेखपाल जयबहादुर सिंह ने उसकी पट्टे की भूमि की नाप करने के लिए पति व उनके तीन भाइयों से बीस हजार रुपये लिए थे। भूमि पर कब्जा दिलाने के एक सप्ताह बाद लेखपाल ने विपक्षियों से रुपया लेकर पुन: उनके पक्ष में नाप कर दी। इसके बाद विपक्षियों ने हमला कर तीन लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। एसडीएम ने लेखपाल से आरोपों पर पूंछतांछ करने के बजाय दूसरे लेखपाल से नाप करवाने की बात कहकर कमला आदि को लौटा दिया। इसी दरम्यान समाजसेवी विनोद लोधी ने जब एसडीएम से लेखपाल का सामना करवाया तो रिश्वत लेने के आरोपों पर वह इनकार नहीं कर सका। बावजूद इसके एसडीएम द्वारा कार्रवाई न किये जाने पर विनोद लोधी ने धरने पर बैठने की बात कही।

**केश 2:** गंगा और पांडु के दोआबे में बसे दूलीखेड़ा के पूर्व प्रधान रामप्रताप सिंह ने एसडीएम को बताया कि सर्वे लेखपाल बिना सुविधाशुल्क लिए बाढ़ राहत से किसानों को वंचित कर रहा है। लेखपाल द्वारा इंतखाब देने के नाम पर 100 रुपये प्रतिव्यक्ति वसूल किये जा रहे हैं। लेखपाल के भ्रष्टाचार के कारण फूला देवीए जगदीशए शोभनाथए नन्हेए राजवीरए रतीराम समेत करीब 100 लोग बाढ़ राहत नहीं मिल सकी है। मामले में भी एसडीएम ने संबंधित लेखपाल से आमना सामना करवाने के बजाए जांच की बात कहकर टाल दिया।

**केश 3:** हलका लेखपाल द्वारा फर्जी पट्टे के आधार पर अवैध व्यक्ति को कब्जा करवाने की शिकायत ग्राम सराय मनिहार के निवासी छोटेलाल पुत्र गोबरे व बिंदा प्रसाद पुत्र उजागर द्वारा की गयी। बताया कि उनका आवासी आवंटन गाटा संख्या 624 एक एक विसुवा में हुआ था। जिसका पट्टा लेकर वह दर्जनों बार एसडीएम से शिकायत कर चुके हैं। लेकिन लेखपाल द्वारा मामले का निस्तारण नहीं किया जा रहा है। छोटेलाल ने एसडीएम को बताया कि अब लेखपाल सुविधाशुल्क लेकर उस जगह अवैध व्यक्ति को कब्जा करा रहा है। शिकायत कर्ताओं ने लेखपाल द्वारा गांव में ही दो अन्य व्यक्तियों को सुरक्षित भूमि खाद के गड्ढे पर भी अवैधरूप से काबिज करवा देने का उदाहरण दिया। इस मामले में भी एसडीएम ने लेखपाल से सामना करवा त्वरित निस्तारण के बजाय जांच की बात कही।

**केश 4:** पीड़ित नजर मोहम्मद ने एसडीएम को बताया कि ग्राम बाजपेई खेड़ा परगना भगवंत नगर में बिना किसी उच्च अधिकारी के आदेश के क्षेत्रीय लेखपाल के द्वारा शुक्रवार को उसका कब्जा हटवा दिया। बताया कि गाटा संख्या 660 पर पूर्व के लेखपाल व राजस्व निरीक्षक ने नाप करके उसे कब्जा दिलाया था। जिसके बाद उसने अपनी चौहद्दी में पिलर व तार आदि स्थापित किया था। लेखपाल ने गलत तरीके से पूर्व की नाप व रिपोर्ट को गलत करार देते हुए फोटोकापी के नक्शे से नाप कर उसके पिलर उखड़वा दिए। नजर मोहम्मद ने बताया कि ऐसा करने से मना करने पर लेखपाल द्वारा गाली गलौज करते हुए उसको भगा दिया गया। पीड़ित का कहना था कि इस दौरान उसने तहसीलदार व एसडीएम को बार.बार फोन मिलाया लेकिन किसी अधिकारी के फोन नहीं उठे। इस मामले में भी एसडीएम ने जांच की बात कही।




## 69 शिकायतों में 6 का मौके पर हुआ निस्तारण




**बांगरमऊ उन्नाव।** स्थानीय तहसील कार्यालय सभागार में आज उपजिलाधिकारी पंकज शुक्ला की अध्यक्षता मे संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस पर आज राजस्व विभाग के 46ए पुलिस से संबंधित 05ए विकास विभाग 03ए समाज कल्याण 02ए कृषि विभाग एकए विद्युत से संबंधित 03 ए चकबंदी विभाग के 05 तथा अन्य विभाग से संबंधित 02 शिकायती पत्रों सहित कुल 69 शिकायती पत्र पंजीकृत किए गए। इनमें राजस्व विभाग से संबंधित 06 शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस मे तहसीलदार तरुण प्रताप सिंहए उप पुलिस अधीक्षक विक्रमाजीत सिंहए खंड विकास अधिकारी अभिनव सरोजए प्रभारी निरीक्षक बांगरमऊ बृजेंद्र नाथ शुक्लाए प्रभारी निरीक्षक बेहटा मुजावर रमेश चंद्र साहनीए आबकारी निरीक्षक प्रमिला रावतए चिकित्सा अधीक्षक डॉ मुकेश कुमारए अधिशासी अधिकारी राकेश सिंहए प्रभारी निरीक्षक फतेहपुर 84 रायसिंहए एबीएसए बांगरमऊ राजेश कटियार व एबीएसए गंज मुरादाबाद विनोद कुमार गौतम तथा लेखपाल सुधीर त्रिपाठी सहित सभी विभागों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## डीएम-एसपी ने तहसील समाधान दिवस पर 98 प्रार्थना पत्रों में 25 का मौके पर किया निस्तारण

**फर्रुखाबाद।** महीने के हर शनिवार को लगने वाले तहसील समाधान दिवस के जरिये फरियादियों को समस्याओं से निजात दिलाने हेतु सदर तहसील पहुंचे। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एंव पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने सदर तहसील में लगे समाधान दिवस के अवसर पर तहसील प्रांगण में पहुंचे, जहां एक.एक कर फरियादियों की समस्यायें सुनी। जिसमें आये 98 प्रार्थना पत्रों में से 25 को मौके पर न्याय दिलाकर छूटे फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिये। इस अवसर पर डीएम.एसपी ने कहा कि 1 सप्ताह के अंदर संबंधित शिकायतों का निस्तारण कर दिया जाए। लापरवाही बरतने वाले अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ कठोर से कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा,एसडीएम सदर संजय कुमार सिंह, तहसीलदार श्रद्धा पांडे के अलावा संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# सपा महिला सभा की बैठक में संगठन की मजबूती पर दिया जोर


बैठक में मौजूद महिला सभा की पदाधिकारी पायनियर

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात

**समाजवादी** पार्टी महिला सभा की ओर से शनिवार को भोगनीपुर के एक गेस्टहाउस में बूथ एवं सेक्टर कमेटियों की बैठक बुलायी गई। जिसमें संगठन मजबूत करने पर जोर दिया गया। महिला सभा की प्रदेश उपाध्यक्ष नीता सचान ने बताया कि महिला सभा अपनी बूथ कमेटियां मजबूत करेगी। हर बूथ पर महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। प्रदेश महासचिव अनीता यादव ने कहा कि जागरूकता के अभाव में देश की आधी आबादी घरों में कैद है। इसीलिए राजनीति में पुरूषों का वर्चस्व कायम है। समाजवादी पार्टी महिलाओं के प्रति संवेदनशील है। प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भ्रष्टाचार चरम सीमा है। महिला उत्पीड़न और अपराध बढ़े हैं। उन्होंने दावा कि 2022 के चुनाव में यही मुद्दे कारगर होंगे। बैठक में महिला सभा की जिला अध्यक्ष नसरीन अख्तर, राधारानी वर्मा, शोभा यादव, संतोष कुमारी वर्मा मौजूद रहे।

# समाधान दिवसः 207 शिकायतों में से सिर्फ चार ही हो पाईं निस्तारित

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात

**● डीएम ने अनुपस्थित पाये जाने पर दो अफसरों का एक दिन का वेतन काटने के दिये निर्देश**

**जिलाधिकारी** जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील भोगनीपुर में आयोजित हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 207 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील दिवस में सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व से सम्बन्धी पायी गयी। तहसील दिवस में सहायक श्रमायुक्त अधिकारी व ईओ मूसानगर अनुपस्थित पाये जाने पर जिलाधिकारी ने एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये। वहीं राजावत हास्पिटल को लेकर एक महिला ने शिकायत की, जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि अपने स्तर से जांच कराकर महिला को न्याय दिलाने की बात कही। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी भोगनीपुर व तहसीलदार को निर्देशित किया कि राजस्व से सम्बन्धित ज्यादा शिकायतें प्राप्त हुई है इसमें लेखपाल सहित राजस्व कर्मचारियों, अधिकारियों को निर्देशित करे की राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण समय से कराये तथा सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने कार्यो के प्रति संवेदनशील रहकर कार्य करें, लापरवाही करने वालों पर कार्यवाही करें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाये। वहीं जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो शिकायते सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभागों को प्राप्त हुई है उसका निस्तारण गुणवत्तापरक व समयबद्धता के साथ करें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाये, यह कार्यक्रम शासन के शीघ्र प्राथमिकताओं में से है इसमें लापरवाही न की जाये। जिन कार्यालयाध्यक्षों के पास शिकायतें आ रही है और उनका निस्तारण एक-दो समाधान दिवसों में भी नही हो पा रहा है, ऐसे कार्यालयाध्यक्षों पर कार्यवाही की जायेगी, इसीलिए कार्यालयाध्यक्ष अपने समक्ष आने वाले मामलों का निस्तारण शीघ्र करें। इस मौके पर पुलिस अधिकारी केशव कुमार चौधरी ने भी पुलिस से सम्बन्धित शिकायतों को सुना व उसका निस्तारण कराया।

## सरकारी स्कूलों में जांच के नाम पर उगाही का ऑडियों वायरल

**विजयीपुर ( फतेहपुर )।** क्षेत्र में जांच टीम के नाम पर एक गिरोह सरकारी स्कूलों में जांच कर अनुपस्थित अध्यापकों से अच्छी रिपोर्ट बनाने के नाम पर समझौता कर मोटी रकम वसूल रहा है। क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय अहमदगंज तिहार मे बीते बुधवार एक कथित वसूली गिरोह विद्यालय की जांच करने पहुंचा। जहां अनुपस्थित अध्यापको की सूची तैयार की और उनके पास फोन कर अच्छी रिपोर्ट भेजने के नाम पर कंप्रोमाइज करने की बात कहने लगे। अध्यापक ने सरकारी छुट्टी होने का दावा किया फिर भी कथित जांच टीम द्वारा कंप्रोमाइज करने का लगातार दबाव बनाया जा रहा था। अगर अनुपस्थित अध्यापक कुछ समझते हैं तो अच्छी रिपोर्ट भेजी जाएगी अन्यथा नौकरी से हाथ धोने की बात कही। जिसके बाद कुछ अपने लिए और कुछ रुपया अपने बड़े सर के लिए व्यवस्था करने की बात कही। आखिरकार करीब 15 मिनट लेनदेन की बातचीत हुई।

## क्विक न्यूज

### घोषित हुई विद्यालय प्रबंध समिति चुनाव की तारीख

**पुखरायां, कानपुर देहात।** श्री बृजबिहारी मेहरोत्रा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अमरौधा की प्रबंध समिति कालातीत हो जाने कारण आगामी 05 दिसंबर को विभागीय अधिकारियों के समक्ष प्रबंध समिति का चुनाव संपन्न कराया जाएगा। इस बावत जिला विद्यालय निरीक्षक अरविंद कुमार द्विवेदी ने बताया कि प्रबंध समिति कालातीत हो जाने पर समिति के उपाध्यक्ष हुब्बलाल यादव ने चुनाव कराने एवं चुनाव अधिकारी नियुक्त कराने की अपील की थी। विद्यालय बाइलाज एवं अनुमोदित प्रशासन योजना के तहत चुनाव संपन्न कराया जाएगा।

### मालागाड़ी पटरी से हुई डिरेल

**उन्नाव।** जिले के मगरवारा रेलवे स्टेशन के पास शनिवार दोपहर मालगाड़ी की एक रैक पटरी से उतर डिरेल हो गयी। डिरेल होने से लखनऊ और कानपुर जाने वाला अप व डाउन ट्रैक बाधित हो गया। घटना की जानकारी होते ही रेलवे कर्मियों में हड़कंप मच गया। मरम्मत के बीच रेलवे कर्मियों समेत जीआरपीए आरपीएफऔर सिविल पुलिस मौके पर पहुंच गयी। मामले की जानकारी होने पर गैंगमैनए पीडब्ल्यूआई के अधिकारी को कंट्रोल रूम द्वारा सूचित किया गया। आरपीएफइंस्पेक्टर के के तिवारी ने बताया दोपहर 1रू56 पर मगरवारा रेलवे स्टेशन के पास सटिंग के दौरान मालगाड़ी की एक रैक पटरी से उतर डिरेल हो गयी। जिससे रुट कुछ समय के लिये बाधित हुआ था। बताया जिसे 15रू36 पर ठीक कर लिया गया। रेलवे कर्मियों के मुताबिक शंटिंग दौरान क्रास ओवर पर डिरेल होने से गंगाघाट स्टेशन पर पनवेल एक्सप्रेस और उन्नाव स्टेशन पर कई ट्रेनों को रोका गया था।

### दिव्यांगजों को वितरित किये यूडीआईडी प्रमाणपत्र

**कानपुर देहात।** भोगनीपुर विधायक विनोद कटियार व जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तहसील भोगनीपुर परिसर मे आयोजित दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी गिरिजा शंकर सरोज ने बताया कि कैम्प में करीब 91 दिव्यांगजनों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र हेतु रजिस्ट्रेशन कराया गया है। जिलाधिकारी, विधायक एवं पुलिस अधीक्षक ने 15 दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यूडीआईडी कार्ड) वितरित किये। जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को निर्देशित किया कि कैम्प में आये हुए समस्त दिव्यांगजनों का यूडीआईडी कार्ड बनवाये, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाये तथा सभी दिव्यांगजनों की जो समस्या है उसका निस्तारण कराया जाये, उनके राशन कार्ड, पेंशन, सहायक उपकरण इत्यादि का भी अवलोकन कर लिया जाये। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, सीएमओ डा0 एके सिंह, उप जिलाधिकारी भोगनीपुर अजय कुमार राय, जिला सूचना अधिकारी नरेन्द्र मोहन आदि अधिकारीगण व लाभार्थीगण उपस्थित रहे।

### सीएमओ कार्यालय पर गरजे फार्मासिस्ट

**फर्रुखाबाद।** डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन ने विभिन्न मांगों का निस्तारण न होने पर पिछले दिनों आंदोलन की चेतावनी दे दी थी। चार दिसंबर शनिवार को फार्मेसिस्ट जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर नारेबाजी करके धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन से जिले की चिकित्सा सेवाएं प्रभावित रही। अपनी कई मांगों को लेकर सीएम को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन ने आंदोलन की पूरा कार्यक्रम पिछले दिनों ही अपर मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को उपलब्ध करा दिया है। शनिवार को जिला व महिला अस्पताल के अलावा सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात फार्मेसिस्ट सीएमओ कार्यालय पर पहुंचे। जहां विभिन्न मांगों को लेकर नारेबाजी की गई। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने 20 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन दिया। संघटन की प्रमुख मांगों में वेतन विसंगति, वेतन बढ़ाने, पदोनत्ति करने, ट्रामा सेंटर व ड्रग बेयर हाउस में कर्मचारियों की तैनाती करने की मुख्य मांग रही।

### युवजन सभा की जिला कार्यकारिणी घोषित

**फर्रुखाबाद।** 2022 विधानसभा चुनाव के महज कुछ ही महीने शेष है। जिसके चलते समाजवादी पार्टी के फ्रन्टल संगठनों की कार्यकारिणी लगातार घोषित होने का क्रम जारी है। इसी क्रम में आज जिलाध्यक्ष शिवम यादव ने अपनी कार्यकारिणी घोषित कर दी है। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारी एंव कार्यकर्ताओं का जोरदार स्वागत किया और सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव को 2022 विधानसभा में यूपी का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शिवम यादव ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने.अपने क्षेत्रों पर मैदान में उतर जाए और आगामी 2022 विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव की नीतियों को घर.घर तक पहुंचायें।

# डीएम ने किया राजकीय पशु चिकित्सालय डींघ का औचक निरीक्षण, जारी किए निर्देश

संवाददाता। कानपुर देहात



**जिलाधिकारी** जितेन्द्र प्रताप सिंह ने राजकीय पशु चिकित्सालय डींघ का औचक निरीक्षण किया। जहां पर प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 आलोक कुमार उपस्थित मिले, परन्तु अस्पताल की दशा एवं दिशा को देखकर जिलाधिकारी ने अत्यन्त नाराज नजर आये। उन्होने कहा कि यहां की स्थिति अत्यन्त दुखद है, यहां पर पशु चिकित्सा के लिए बहुत कम लाये जाते है, जो डाक्टरों की शिथिलता को व्यक्त करता है। चिकित्सक इस अस्पताल का प्रचार प्रसार नही कर रहे है, कार्यो में शिथिलता लगातार बरती जा रही है। 27 नवम्बर से तीन दिसम्बर तक अस्पताल में कोई पशु को इलाज के लिए नही लाया गया जो अत्यन्त खेदजनक है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि शाम को ओएसडी के पास रजिस्टर भेजकर चेक कराये और उसमें ज्यादा से ज्यादा पशु चिकित्सा के लिए ले आये गये हो और उनका अंकन रजिस्टर में हो। जिलाधिकारी ने पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि पशु अस्पताल समय से खोला जाये, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाये। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संपूर्ण समाधान दिवस में 120 समस्याओं में 19 का किया हुआ निस्तारण

**बिंदकी ( फतेहपुर )।** तहसील परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 120 समस्याएं आयीं। जिनमें से 19 समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। इस मौके पर मौजूद मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश ने कहा कि जिस जिस संबंधित विभाग या अधिकारी के पास शिकायतें आयें उसका मौके पर जांच कर निस्तारण किया जाए और उन्हें अवगत भी कराया जाए। इस पर कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिये। तहसील परिसर के सभागार कक्ष में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश के अलावा अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मौजूद थे और फरियादियों की समस्याएं सुन रहे थे। जिसमें कुल 120 शिकायतें आई। जिनमें 19 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात

**शुक्रवार** की देर रात कानपुर से शादी समारोह में शामिल होकर वापस घर लौट रहे पुखरायां निवासी एक बाइक सवार युवक को माती के निकट एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घटना की सूचना पर पहुंचे एनएचएआई के कर्मचारियों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया और परिजनों को सूचना दी।

सूचना पाकर पहुंचे परिजन उसे सीएचसी पुखराया ले आए जहां पर इमरजेंसी चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुखरायां कस्बा के लक्ष्मीबाई नगर मोहल्ला निवासी कमलेश ओमर का 30 वर्षीय पुत्र पंकज ओमर शुक्रवार को देर रात कानपुर में एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस पुखरायां आ रहा था। तभी माती पुल के निकट पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घटना की सूचना पर पहुंचे एनएचएआई के कर्मचारियों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया और परिजनों को सूचना दी। सूचना पाकर पहुंचे परिजन उसे सीएचसी पुखराया ले आए जहां पर इमरजेंसी चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया और घटना की सूचना पुलिस को दी सूचना पाकर पहुंचे एसआई अनिल कुमार ने शव का पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पंकज की मौत पर पिता कमलेश ओमर, भाई अंकित ओमर, पत्नी नेहा सहित अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। पंकज का एक तीन वर्षीय पुत्र कान्हा है। पंकज एक निजी विद्यालय में शिक्षक व बच्चों को कोचिंग पढ़ा कर घर का पालन पोषण करता था।

# घने कोहरे ने थामी वाहनों की रफ्तार, सरसों के लिए अमृत

**फर्रुखाबाद।** घने कोहरे ने शनिवार तड़के से ही शहर के रफ्तार पर रोक लगा दिया। न सिर्फ वाहनों की रफ्तार धीमी हुई, बल्कि सारा कामकाज ठंडा पड़ गया। शनिवार लगभग सुबह 10 बजे तक घने कोहरे का प्रकोप रहा। वहीं जिले का तापमान तेजी से नीचे गिरने से ठंड में बढ़ोत्तरी हुई है। भारी कोहरे के कारण दृश्यता बहुत कम रही। सड़कों पर तेजी से दौड़ने वाली गाड़िया रेंगती नजर आई। अचानक पारा लुढ़कने व कोहरा पड़ने से जगह-जगह अलाव जलने लगे। वहीं किसानों को राहत मिली है। गेहूं की फसल को कोहरे से फायदा होगा। वहीं आलू के लिए झुलसा लेकर कोहरा आया है।

बीते लगभग चार दिनों से मौसम के करवट से बड़ा बदलाव आ गया है। शनिवार को लोगजब घरों से बाहर टहलनें के लिए निकले तो कोहरे की घनी चादर सड़कों और खेतों पर बिछी नजर आयी। कोहरे की चादर में शहर और गांव भी लिपटा रहा। कोहरे से किसानों को भले ही फायदा पहुंच रहा हो लेकिन कोहरा जारी होंने से आम लोगों में बेचौनी भी दिख रहे हैं। अलावा का प्रबंध न होने से जहां शहर में लोगों को दिक्कत होते दिखी, वहीं अभी रैन बसेरों के व्यवस्थित न होने से अस्पताल में तीमारदारों के सामने परेशानी दिखे।

## महीने भर देरी से बढ़ी ठंडी, अभी ऐसे ही रहेगा मौसम

**अक्तूबर** से ही दस्तक देने वाली ठंडी इस बार महीने भर देरी से नवंबर महीने में असर दिखाना शुरू किया लेकिन कोहरे नहीं देखने को मिला। वहीं दिसंबर के पहले सप्ताह में अचानक ठंड बढ़ने के साथ कोहरे का असर शुरू हो गया। घने कोहरे जैसा मौसम अभी रहने के आसार दिख रहे हैं। माना जा रहा है कि कोहरे की शुरुआत देर से हुई तो देर तक ऐसे ही मौसम रहेगा। बारिश होने या सर्द हवा चलने पर ही कोहरे से निजात संभव है।

# राजकीय आईटीआई परिसर में नवीन भवन का लोकार्पण

संवाददाता। फतेहपुर

**प्रधानमंत्री** जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय आईटीआई परिसर में नवीन भवन का मुख्य अतिथि राज्यमंत्री उपभोक्ता एवं सावर्जनिक वितरण एवं ग्रामीण विकास मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति एवं सदर विधायक विक्रम सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश बाजपेयी की उपस्थिति में मंत्रोच्चारण के पश्चात शिलान्यास किया गया और मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यापर्ण कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्राओं द्वारा स्वागत गीत भी प्रस्तुत किये गये। केन्द्रीय मंत्री को नोडल प्रधानाचार्य द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि यह स्थल चर्मकला आईटीआई के नाम से जाना जाता था। लेदर गुड्स व्यवसाय का प्रशिक्षण निर्देशक द्वारा बंद हो जाने के कारण वर्तमान में मात्र 02 व्यवसायों में मैकेनिकल टैक्टर, कटिंग स्वीइंग में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत नवीन भवन का निर्माण के उपरांत छात्र-छात्राओं को फिटर, इलेक्ट्रिशियन, मैके0 आरएसी, मैकेनिक कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, स्टेनोग्राफी, कोपा, बेसिक कॉस्मेटोलॉजी, फैशन टेक्नोलॉजी, बेल्डर, प्लंबर आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ में महिलाओं की भागीदारी में काफी वृद्धि हुई है। बिल्डिंग बन जाने के उपरांत छात्रों को तकनीकी शिक्षा के साथ रोजगार मिलेगा और जनपद मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने छात्रों से कहा कि मेहनत व लग्न से आलस को त्यागकर शिक्षा प्राप्त करें। तभी अपने परिवार का भरण पोषण करने में कामयाब होंगे। उन्होंने बताया कि इस संस्थान में नयी बिल्डिंग निर्माण की स्वीकृति धनराशि 298.56 लाख रूपये जीएसटी सहित स्वीकृति की गई है। जिसमें प्रथम किस्त 298.968 रूपये की धनराशि शासन द्वारा जारी कर दी गई है। नई बिल्डिंग निर्माण कार्य उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड इकाई 02 प्रयागराज द्वारा किया जायेगा। सदर विधायक ने कहा कि शिक्षा में महिलाओं के मिशन शक्ति के रूप में भरण पोषण का सटीक उदाहरण है। नवीन भवन बनने के उपरांत छात्र-छात्राओं द्वारा भिभिन्न प्रकार के ट्रेडो के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया जायेगा। छात्र-छात्राओं को रोजगार मिलने के अवसर प्राप्त होंगे। कहा कि छात्रों को अपना लक्ष्य बनाकर सब हुनरों को योग्यता एवं क्षमता के साथ सीखे तभी भविष्य उज्वल होगा। दक्ष होने से हर स्थनों पर काम मिलेगा और तभी आप परिवार का भरण पोषण कर सकेंगे। इकोनामिक क्षेत्र में 200 सौ कम्पनियों के पदों में 5 या इससे अधिक भारत के लोग कार्य कर रहे हैं। तकनीकी की क्षेत्र में भारत काफी आगे है।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि निर्मित होने वाली बिल्डिंग से छात्रों का भविष्य संवरेगा। तकनीकी शिक्षा प्राप्त होने से परिवार का भविष्य उज्ज्वल होगा। तभी प्रदेश देश का विकास होगा और आत्मनिर्भर बनेगा। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक, जिला क्रीड़ा अधिकारी, पुष्पराज पटेल, अर्पणा सिंह गौतम, जेपी सिंह, रमाकांत बाजपेयी, ज्योति प्रवीण, अंजू शुक्ला, स्वनिधि एवं छात्र-छात्रायें आदि उपस्थित रहीं।

## ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, वार्ड मेंबर सम्मानित

**चौडगरा ( फतेहपुर )।** जनपद के मलवाँ विकासखंड के आशापुर डाक बंगला में प्रतिनिधि सम्मान समारोह के आयोजन विकास खण्ड के 16 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि, क्षेत्र पंचायत सदस्य, वार्ड मेंबर को कारागार राज्यमंत्री जय कुमार सिंह जैकी के साथ ब्लॉक प्रमुख मलवाँ प्रतिनिधि शशि रमनजीत सिंह ने सभी को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कारागार राज्य मंत्री ने बताया कि महात्मा गांधी की त्रिस्तरीय चुनाव की परिकल्पना थी। शासन की मंशा के अनुसार ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित करते हुए उनके द्वारा कार्यो की हौसला आफजाई की जा रही है। शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने में अहम कडी है। जिनके माध्यम से प्रत्येक परिवार शासन की योजनाओं से लाभान्वित होता है। विधानसभा जहानाबाद के सभी गांव के सर्वांगीण विकास को लेकर प्रतिबद्धता के साथ विकास कार्य गुणवत्ता को कराया जा रहा है। सडक, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ समस्याओं का निदान किया जा रहा है।

# नियत समय पर निस्तारित की जाएं जनसमस्याएं: डीएम

## ● ठंड को देखते हुए पात्रों को बांटे कम्बल

संवाददाता। चित्रकूट



समस्या सुनते डीएम-एसपी

**जिलाधिकारी शुभ्रांत** कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल की मौजूदगी में तहसील राजापुर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये फरियादियों की समस्यायें सुनकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिये। शनिवार को जिलाधिकारी ने एसडीएम राजापुर को निर्देश दिये कि भूमि संबंधी विवादों में राजस्व व पुलिस टीम को मौके पर भेजकर जल्द निस्तारण करायें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पूर्व निस्तारित समस्याओं की गुणवत्ता की जांच की। निस्तारण बाबत समस्याग्रस्त लोगों से बात की। सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं का समय सीमा के भीतर निस्तारण करायें। उन्होंने कहा कि ठंड को देखते हुए गांवों में पात्रों का चयन कर कम्बल बंटवायें। आज 48 समस्यायें मिलीं। पांच का मौके पर निस्तारण हुआ। इस मौके पर सीडीओ अमित आसेरी, एसडीएम राजापुर पीके झां, एसडीएम न्यायिक रामजन्म यादव, तहसीलदार रामकेवल त्रिपाठी, डीडीओ आरके त्रिपाठी, पीडी ऋषिमुनि उपाध्याय, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी शशिकान्त शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: सीडीओ

**कोंच( जालौन )।** दिन शनिवार को तहसील सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अभय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिबस का आयोजन कोविड-19 की गाइडलाइन के अंतर्गत किया गया। जिसमें 41 फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं से सम्बंधित प्रार्थना पत्र सौंपे जिस पर उन्होंने फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुना और निस्तारण के लिए संबंधित बिभाग के अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देशित किया कि



शिकायते सुनते मुख्य विकास अधिकारी डा. अभय कुमार

शिकायतों का समय बद्ध एवं गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण कराना सुनिश्चित करें उन्होंने ने यह भी कहा कि शिकायतों के निस्तारण में सम्बंधित लोगों को मौके पर बुलाकर पारदर्शी तरीके से समस्या का निस्तारण करें जिससे दुबारा फरियादी उक्त समस्या को लेकर न आये वहीं आयी हुयीं शिकायतों में से मौके पर चार शिकायतों का निस्तारण कर उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दास्त नही होगी और अगर मांनीटरिंग के दौरान कोई भी कमी पायी जाती है। तो सम्बंधित बिभाग के अधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्यबाही की जाएगी

# खादी काट कर फसल में भर दिया पानी, हजारों का नुकसान, शिकायत

संवाददाता। राठ( हमीरपुर)

**मझगवां क्षेत्र** के महजौली गांव में कुछ ग्रामीणों ने नहर को काटकर तीन किसानों के खेतों में पानी भर दिया है। पीड़ित किसानों ने कोतवाली में तहरीर दी है।

महजौली गांव निवासी भागीरथ पुत्र हरीराम, जयपाल पुत्र शिवप्रसाद ने बताया कि उन लोगों के पास 6-6 बीघा जमीन है। इस वर्ष उन्होने मटर की फसल बोई थी। गुरूवार की रात गांव के कुछ व्यक्तियों ने नहर काटकर उनके खेतों में पानी भर दिया। सुबह जब उन लोगों ने खेत में पानी भरा देखा तो पूरी फसल चौपट हो चुकी थी। वहीं चंद्रभान ने बताया कि उसकी 6 बीघा जमीन है। उसने इस वर्ष मटर, गेहूं की फसल बोई थी। बताया कि उक्त व्यक्तियों ने भी उनके खेत में पानी भर दिया। जिससे पूरी फसज बर्वाद हो गई है। बताया कि गांव के चौकीदार के मना करने के बाद भी उक्त लोग नहीं माने। पीड़ितों ने मझगवां थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## दबंग खादी कर पानी को नहीं बढ़ने दे रहे हैं आगे

**हमीरपुर।** जिले में मौदहा बांध की नहरो में दबंग लोग खादी कर पानी को आगे नही बढ़ने दे रहे है मगर सिचाई विभाग के अभियंता इस मामले में कोई ध्यान नही दे रहे है। यही नही विभागीय अभियंता इस मामले में पुलिस को कोई सूचना नही दे रहे है जिससे साबित होताहै कि अभियंताओ की मिली भगत से ही खादी हो रही है।जानकारी के मुताबिक मौदहा बांध की 365 किलोमीटर दूर तक मौदहा बांध की नहरो का संजाल फैला है,जिससे दबंग लोग जगह जगह खादियां कर रहे है,जिससे टेल तक पानी नही पहुच पा रहा है। खादी होने के कारण बमुश्किल दो किलोमीटर दूरी तक ही जमीन सिंचित हो पायी है किसानों का कहना है कि खादी होने की शिकायते कई मर्तवा अधिशासी अभियंता व सहायक अभियंता से की गयी है मगर कोई सुनवायी नही हुई है जिससे सभी किसान मनमार कर रह जाते है इधर सहायक अभियंता यशबीर सिंह का कहना है कि उन्होने जांच तो नही की है मगर खादी करने की शिकायते अभी तक नही आयी है।

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 80 रोगियों का हुआ परीक्षण

**कालपी( जालौन )।** शनिवार को डा. जवाहरलाल रोहतगी स्मारक नेत्र चिकित्सालय कानपुर के चिकित्सीय टीम की मौजूदगी में नगर स्थित टरननगंज में विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉक्टरों ने 80 मरीजों के नेत्र परीक्षण किया गया। जबकि चयनित 15 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन करने के लिए कानपुर ले जाया गया।कानपुर चिकित्सालय में मोतियाबिंद के सभी 15 मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा तथा आंखों की अन्य प्रकार के रोगों की भी जांच की जाएगी। शनिवार को जवाहर लाल रोहतगी स्मारक नेत्र चिकित्सालय कानपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों डा. शिवम साहू, डा. प्रदीप सिंह, डा. शिवा यादव की मौजूदगी में सुबह 10 बजे नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर शिविर शुरू हुआ। शिविर में 65 मरीजों का पंजीकरण करके डाक्टरो के द्वारा नेत्र परीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों की टीम के द्वारा नेत्र परीक्षण किया गया तथा मोतियाबिंद से ग्रसित मरीजों का नि:शुल्क ऑपरेशन करने के लिए कानपुर ले जाया गया। मरीजों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन करा कर उन्हें नि:शुल्क ऑपरेशन के बाद दूसरे दिन उन्हें कालपी पहुंचा दिया जाएगा।



नेत्र रोगियों का परीक्षण करते डाक्टर

# शहीदवीर अब्दुल हमीद सामाजिक समिति का सामूहिक विवाह सम्मेलन 20 को

संवाददाता। उरई(जालौन)

**शहीद वीर** अब्दुल हमीद सामाजिक समिति के द्वारा विशाल सम्मेलन 20 दिसम्बर को जेल रोड सुपर मार्केट रजिस्ट्री आफिस के पीछे ग्राउंड उरई में आयोजित किया जा रहा। जो 17वां सम्मेलन होगा जिसमें हर समाज के 51 सामूहिक शादी सम्मेलन का लक्ष्य रखा गया।उक्त बात की जानकारी आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कार्यक्रम अध्यक्ष हमीदशाह समाजसेवी एवं कार्यक्रम विशेष सहयोग करने वाले यूसुफअंसारी ने बताया कि यह सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन हर वर्ष संस्था के द्वारा आयोजित करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में 18 दिसम्बर तक रजिस्ट्रेशन होगा।

# सिर्फ छह शिकायतों का हुआ निस्तारण

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)



समाधान दिवस में शिकायते सुनते अधिकारी व अन्य

**नगर के** तहसील भवन में आयोजित जिला स्तरीय समाधान दिवस जिला अधिकारी की मौजूदगी में संपन्न हुआ जिसमें आये 92 फरियादी मामलों में केवल 6 मामलों का निस्तारण मौके पर हो सका जिससे फरियादियों में मायूसी दिखी।

नगर के तहसील परिसर के सभागार भवन में आयोजित जिलास्तरीय समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी चंद्र भूषण त्रिपाठी ने की,इस मौके पर 92 फरियादी मामले आये जिसमें 6 मामलों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया।सबसे अधिक मामले राजस्व व पुलिस से संबंधित रहे। इस मौके पर कांग्रेस नेताओं ने बाबा निजामी के मेले का समय नजदीक आने पर इस मार्ग के दोनों ओर खड़े बबूल के पेड़ों की छटाई कराने की मांग की है तो वहीं स्थानीय सभासदों ने नगर पालिका द्वारा 15वें वित्त का निकाला गया टेंडर निरस्त करने की मांग करने के अलावा भ्रष्टाचार में लिप्त आरोपी चेयरमैन को गिरफ्तार करने की मांग की है।

इधर बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक आशीष सिंह ने नगर के रामलीला मैदान में स्टे होने के बावजूद भी ठेकेदार को काम नहीं करने दिया जा रहा है जबकि शासनादेश की धज्जियां उड़ा वहाँ सब्जियों की दुकानें लग रहीं है। इसी प्रकार अन्य फरियादियों ने भी जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के सामने अपनी समस्याएं सुना उनके निस्तारण की मांग की। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक कमलेश दीक्षित उप जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि प्रकाश सिंह, तहसीलदार सुक्रमा प्रसाद विश्वकर्मा समेत जिले व क्षेत्र के आला अधिकारी मौजूद रहे।

# अमर शहीदों को नमन कर राष्ट्रीय गीतों के बीच अमृत महोत्सव के तहत निकाली गई तिरंगा यात्रा

**चित्रकूट। आ**जादी के 75वीं वर्षगांठ को पूरे देश मे अमृत महोत्सव के रूप में बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है।इसी कार्यक्रम के तहत शनिवार को मुख्यालय स्थित चित्रकूट इंटर कालेज से अमर शहीदों को नमन कर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।भारत माता के जयकारों के साथ निकाली गई इस यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत हुआ।




तिरंगा यात्रा निकालते सांसद आदि

शनिवार को मुख्यालय स्थित चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी से आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम की श्रृंखला में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसका शुभारंभ संघ के जिला प्रचारक पुनीत कुमार ,गायत्री शक्ति पीठ चित्रकूट के व्यवथापक डॉ रामनारायण त्रिपाठी,संघ के श्याम सुंदर मिश्र आदि अतिथियों ने भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में शामिल रहे बाँदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल,राज्यमंत्री चंद्रिका उपाध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे,वरिष्ठ नेता देव त्रिपाठी,राजीव त्रिपाठी, रामबाबू गुप्ता,अश्वनी अवस्थी, रामेंद्र गौतम एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक गुप्ता,चित्रकूट इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डा0रणवीर सिंह चौहान, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य अवधेश द्विवेदी आदि हजारों लोगों ने राष्ट्रीय गीतों के बीच मुख्यालय के प्रमुख मार्गो पर तिरंगा यात्रा निकाली। इस मौके पर सांसद श्री पटेल ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में शहीद हुए वीर जवानों को नमन करते हुए कहा कि आमजनमानस के अंदर राष्ट्र भक्ति की भावना जगाने के उद्देश्य से आजादी के अमृत महोत्सव के तहत तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है।वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे ने बताया कि अखंड भारत को परम वैभव पर पहुंचाने के लिए हम सभी को राष्ट्र के प्रति समर्पित होना चाहिए।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत एक महाशक्ति के रूप ने उभर रहा है।कार्यक्रम में आरएसएस के श्याम सुंदर मिश्रा,विपुल प्रताप सिंह,सचिन आदि हजारो लोग मौजूद रहे।

# झूठ बोलकर जनमानस में भ्रम फैला रही भाजपा: अनुज यादव

**चित्रकूट।** सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने मासिक बैठक में पदाधिकारियों से कहा कि योगी सरकार के शासनकाल में कमरतोड महंगाई और नौजवानों को रोजगार न मिलने से लोग परेशान हैं। शनिवार को सपा जिला कार्य समिति की मासिक बैठक सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव की अध्यक्षता में हुई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश में बेरोजगारी दर चरम पर पहुंचा दिया है। योगी राज में किसान, मजदूर, महिलायें और बच्चियों का शोषण बढा है। भाजपा दमदार सरकार होने का दावा करती है, लेकिन भाजपा की दमदारी उसके मंत्री और विधायकों ने किसान, मजदूर और महिलाओं पर दिखाया है। विकास का केवल सपना दिखाया है। झूंठ बोलकर भ्रम फैलाया है। नाम बदला है और अपने कार्यकाल में जुमलेबाजी करते रहे हैं। किसानों को खाद, बिजली नहीं मिल रही है। पूरे प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की लहर चल रही है। 2022 में सपा की विकासवादी सरकार बनने जा रही है। मासिक बैठक में सत्यनारायण पटेल, मो गुलाब खां, अनिल शर्मा, जागेश्वर यादव, सुभाष पटेल, नरेन्द्र यादव, सीताराम कश्यप, गया प्रसाद सविता, रामचन्द्र वर्मा, ज्ञानेन्द्र यादव, राधेश्याम निषाद समेत तमाम सपाई मौजूद रहे। संचालन जिला महासचिव फराज खान ने किया।



मासिक बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष अनुज।

# यूरिया की खाद न मिलने से किसान परेशान,दो बोरी देकर वापस किया

संवाददाता। मौदहा(हमीरपुर)

**मौदहा कस्बे** सहित क्षेत्र में खाद की बढ़ती किल्लत से किसान बुरी तरह परेशान है आज भी खाद न आने से किसान परेशान रहा और जहां खाद मिली भी सिर्फदो दो बोरी खाद देकर किसानों के आंसू पोंछने का काम किया गया जबकि उन्हें खाद की अधिक आवश्यकता है।बीते एक सप्ताह से किसान अपनी फसलों में यूरिया खाद के लिए भटकता रहा है लेकिन सहकारी समितियों वा पी सी एफतथा क्रय विक्रय केंद्र में खाद नहीं मिल सकी इससे किसान बेहद दुखी व आक्रोश था देखा गया कृषक योगेंद्र सिंह गुरदहा ने बताया कि वह अपनी फसल में सिंचाई के बाद यूरिया का छिड़काव करना चाहता था उसके पास खाद उपलब्ध ना होने के चलते उसकी फसल सूख रही है और आज सुबह से ही लाइन में लगे रहने के बावजूद भी सिर्फ दो बोरी खाद ही मिल पाई है अब इतने में पूरे खेत में छिड़काव कैसे होगा जबकि इसी गांव की ब्रज रानी ने बताया कि जितनी खाद की आवश्यकता थी उतनी खाद ही नहीं मिली अब उसे पुन: भटकना पड़ेगा और खाद मिलती है कि नहीं मिलती यह भी पक्का नहीं है उसके खेत सूख जाएंगे तो खाद का क्या करेगी फसल कमजोर होगी इसी तरह ग्राम परछा के किसान मानसिंह, बिगहना के अरिमर्दन आदि ने भी खाद की किल्लत का जिक्र करते हुए कहा कि वह आज खाद वितरण की जानकारी मिलते ही लाइन पर आकर खड़े हो गए खाद मिल पाती है या नहीं अभी यह भी नहीं बताया जा सकता शाम 4.00 बजे तक उन्हें खाद नहीं मिल सकी उधर सहकारिता के सहायक विकास खंड अधिकारी बृजमोहन पटेल ने बताया कि खाद की कोई कमी नहीं है क्रय विक्रय समिति में 500 बोरी व सिसोलर में 400 बोरी खाद कल ही रात्रि में आ गई थी तथा अन्य स्थानों पर भी खाद उपलब्ध है जिन स्थानों पर खाद आज उपलब्ध नहीं हो सकी वहां कल तक खाद अवश्य आ जाएगी और खाद की कमी नहीं रहेगी।

# प्रो. अनिल निगम की मीडिया आधारित दो पुस्तकों का लोकार्पण

## ● संपादन कला और कोरोना काल पर आधारित है पुस्तकें

आलोक निगम। बांदा





वरिष्ठ पत्रकार और मीडिया प्राध्यापक प्रो अनिल कुमार निगम की मीडिया पर आधारित दो पुस्तकों का लोकार्पण प्रेरणा शोध संस्थान न्यास के तत्वावधान में किया गया। नोएडा इंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा, महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालयए मोतिहारी के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अखिल भारतीय सह.प्रचार प्रमुख नरेंद्र ठाकुर, उत्तरप्रदेश एवं उत्तराखंड संयुक्त क्षेत्र प्रचार प्रमुख कृपाशंकर, केशव संवाद पत्रिका के प्रबंध संपादक अणंज त्यागी मौजूद थे। इस मौके पर सभी गणमान्य अतिथियों ने प्रो. निगम की दोनों पुस्तकों संपादन एवं पृष्ठ सज्जाष् और कोरोनाकाल पारखी नजर का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉण् महेश शर्मा ने कहा कि अनिल निगम से पिछले तीस वर्ष से संबंध हैं और उन्होंने मीडिया में उच्चतर स्थान प्राप्त किया है समाज को वापस करने का मौका है और वे बखूबी कर रहे हैं। अपने जीवन में कोरोना जैसा मंजर हमने कभी नहीं देखाण् हम पर्व.त्यौहार में भी चीन पर निर्भर हो गए थेए लेकिन पिछली दिवाली पर हम लोगों ने देखा कि कैसे देश आत्मनिर्भर बन रहा है। ऐसे में मीडिया का दायित्व अधिक हो जाता हैण् कोरोना काल में इन पुस्तकों में अनिल निगम ने जो लिख दियाए उसकी कल समीक्षा होगीण् ये पुस्तकें मीडिया के छात्रों के लिए बहुत उपयोगी होगीए ऐसा मेरा विश्वास हैण् जिस तरह घर के ड्राइंग रूम को हम सजाते हैंए उसी तरह हम समाचार पत्र के पन्नो को सजाते हैं और वह बताने के लिए उनकी दूसरी पुस्तक महत्त्वपूर्ण है।केशव संवाद पत्रिका के प्रबंध संपादक अणंज त्यागी, विशिष्ट अतिथि प्रोण् संजीव शर्मा, अखिल भारतीय सह.प्रचार प्रमुख नरेंद्र ठाकुर ने अपने संबोधन में प्रो. अनिल की लेखनी को सराहा। इससे पहले कार्यक्रम में अपने बात रखते हुए प्रो. अनिल निगम ने कहा कि कोरोना काल में हमने देखा कि विभिन्न संस्थानों ने अपने स्तर पर लोगों की सहायता की और उनको रेखांकित किया जाना आवश्यक है। कोरोना कालखंड के विभिन्न आयामों को पुस्तक में समीक्षा की गई है, वहीं दूसरी पुस्तक संपादन एवं पृष्ठसज्जा पर आधारित हैए जो मीडिया छात्रों और अध्यापकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

# क्विक न्यूज

## गायों को गौशाला में बंद करवाने की एसडीएम से की मांग

**कोंच(जालौन)।** बर्तमान सरकार गायों के संरक्षण हेतु लाख दावे कर रही है और गौशालाओं के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किये जा रहे हैं लेकिन गौशाला संचालक सरकार के मंसूबों पर पानी फेरते नजर आ रहे हैं। वहीं गौशालाओं के अंदर गौवंशज अपनी दीन हीन दुर्दशा पर आंशू वहा रहे है जिससे स्थानीय स्तर का अधिकारी भी अनिभिज्ञ नहीं है। इसी को लेकर मुहल्ला गांधी नगर के किसानों ने दिन शनिवार को उपजिलाधिकारी राम कुमार को एक पत्र सौंपते हुए बताया कि आवारा घूमने वाली गायों हाटा स्थित गौशाला में बंद करवाने के लिए लाए तो उक्त गौशाला संचालक व कर्मचारी गण गायों को गौशाला में बंद नही कर रहे हैं जिसके कारण हम लोगों की फसलों को आवारा गायें चर जातीं हैं। पीड़ित किसानों ने एस डी एम से कहा कि जो गायें हम लोग लाये है। उन्हें गौशाला में रखने के लिए गौशाला संचालक को निर्देशित करने की मांग की है इस दौरान राम सेवक बृजमोहन प्रमोद पिंटू आशीष राजेश रघुवीर सिंह रामेस्वर राम लखन रामबाबू सियाशरण सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

## दबंगों ने सरकारी हैंडपम्प में डाली समरसेबिल

**कोंच(जालौन)।** सरकार द्वारा जल समस्या निदान के लिए पेयजल आपूर्ति हेतु सरकारी हैडपम्प लगवा रही है। लेकिन चंद दबंग लोग इसे अपनी जागीर समझते हुए सरकारी हेण्डपम्पों में समरसेविल डालकर पेयजल आपूर्ति को बाधित कर रहे हैं ऐसा ही एक मामला मुहल्ला पटेल नगर में देखने को मिला जब सरीफकादरी तहसीम व जावेद इकरार आदि लोगों ने सरकारी हेण्डपम्प में अवैध रूप से समर सेविल डालकर जल आपूर्ति बाधित कर दी और इतना ही नहीं डाली हुई समर सेविल को चोरी की लाइट से चलाते हैं जब उक्त के सम्बंध में आईटीआई कि छात्रा हिमांशी पुत्री चन्द्र शेखर ने उक्त लोगों को के सामने इसका जब बिरोध किया तो उक्त लोगों ने समर सेविल निकालने से मना कर दिया जिस पर छात्रा ने दिनांक 26 नबम्बर 2021 को महिला हेल्प लाइन 1090 पर सूचना दी तब मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने दो दिन में समर सेविल निकालने की बात कही लेकिन समर सेविल न निकलने के कारण छात्रा ने पुन: 4 दिसम्बर 2021 को तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देते हुए समस्या के निदान की मांग की।

## मकान निर्माण को लेकर पड़ोसियों में विवाद

**जालौन।** मकान निर्माण को लेकर दो पड़ोसियों में झगड़ा हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने निर्माण बंद कराकर आपस में झगड़ा कर रहे दोनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंदनपुरा निवासी हरी नारायण अपनी जगह में निर्माण कर रहे थे। निर्माण को लेकर उनके पड़ोसी वेद सिंह अवरोध पैदा कर रहे हैं तथा झगड़ा करने पर आमदा थे। मकान निर्माण को लेकर दो पक्षों में हो रहे झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस ने निर्माण बंद करा दिया तथा आपस में झगड़ा कर रहे हरी नारायण व वेद सिंह को पकड़ लिया तथा कोतवाली ले आयी है। पुलिस ने दोनों लोगों के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है

## कुठौंद बुगुर्ज में 73 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया

**जालौन।** शीतकालीन मौसम में पशुओं को रोगों से बचाव के लिए कुठोंदा बुजुर्ग में पशु चिकित्सा विभाग ने पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जिसमें 73 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरण की। पशु चिकित्सा विभाग की टीम अर्जुन सिंह, संजीव कुमार पचौरी की टीम ने गांव में पशु चिकित्सा शिविर लगाया तथा गांव में पशुओं का चिकित्सकीय परीक्षण किया। टीम ने पशु पालक की सलाह दी सर्दी के मौसम में सर्दी में पशुओं का बचाव करें। सबसे ज्यादा बचाव की आवश्यकता बकरियों व गायों को होती है। ठंड लगने पर उनका इलाज करवाये।

## कोरोना के नये वैरियंट को लेकर मास्क व शारीरिक दूरी के दिए निर्देश

**जालौन।** कोरोना के नये वैरियंट को लेकर सख्ती की जा रही है तथा मास्क के साथ शारीरिक दूरी के नियम को कढ़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए हैं। शासन के निर्देशों के बाद भी सम्पूर्ण समाधान में फरियादी व अधिकारी बगैर मास्क के दिखे तथा शारीरिक दूरी का पालन भी नहीं किया गया। एस डी एम सौरभ कुमार पांडेय ने तहसील सभागार में शिकायतों को सुना। इस मौके 23 शिकायतें पंजीकृत हुई जिसमें राजस्व 12, नगर पालिका 4, पुलिस 3,बिजली 3 व समाज कल्याण की 1 शिकायत पंजीकृत हुई। बिजली विभाग की 1 शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस मौके पर बीडीओ ओमप्रकाश द्विवेदी, ईओ डीडी सिंह, एसडीओ कौशलेंद्र सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी रविन्द्र भदौरिया, मंडी निरीक्षण ओमप्रकाश शुक्ला आदि अधिकारी उपस्थित थे ।

## दीवार गिरने से बुजुर्ग पति की मृत्यु,पत्नी घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** बिंवार थाना क्षेत्र के लदार गांव में दीवार की मलवे में दबने से पति की मृत्यु हो गयी,पत्नी बुरी तरह घायल हो गयी उसे इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के मुताबिक गांव के राम सजीवन चौबे (50) अपने ही जमीन पर पुराने मकान को गिरा कर नए भवन का निर्माण कर रहा है इसके लिए वह मजदूरों के साथ पुरानी दीवार को गिराने में लगा था तभी कल शाम दीबार भरभरा कर गिरने से वह मलबे की चपेट में आकर दब गया था जिसे निकालकर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया यह जानकारी उसके पुत्र अंबरीश ने दी। मृतक के लगभग 20 बीघे कृषि योग्य भूमि है उसके तीन लड़के और एक लड़की है।

## मधुमक्खियो के हमले से युवक घायल

**मौदहा(हमीरपुर)।** मौदहा कस्बे के राठ तिराहा के निकट रह रहे मधुमक्खियो की हमले से युवक बुरी तरह घायल हो गया।बबलू जिस समय अपने खेत की ओर से आ रहा था तभी मधुमक्खियों के छत्ते को छेड़ने से सैकड़ों की संख्या में उड़ती हुई मधुमक्खियों ने उसे घेरकर हमला कर दिया इस हमले से आहत युवक जमीन पर गिर गया किसी तरह उसे बचाकर परिजन सरकारी अस्पताल लाए जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत ठीक ना होने पर इलाज के लिए सदर अस्पताल हमीरपुर भेजा गया।

## बीस वर्षीय सचिन शुक्ला को धनबाद में मिला 40 लाख सालाना पैकेज,जिले में खुशी की लहर

**चित्रकूट।** जिले के मानिकपुर ब्लाक के ऐंचवारा गांव निवासी बीस वर्षीय सचिन शुक्ला को नवी टेक्नोलाजी धनबाद में 40 लाख सालाना पैकेज पर नौकरी मिली है।जिससे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। शनिवार को गांव के प्रधान सुनील शुक्ला ने बताया कि जिले के सुप्रसिद्ध अधिवक्ता बुआराम शुक्ला के पौत्र सचिन शुक्ला ने आईआईटी धनबाद से बीटेक किया है। उन्हें नवी टेक्नोलाजी धनबाद में 40 लाख सालाना पैकेज पर नौकरी मिली है। उनके चयन से जनपद का नाम रोशन हुआ है। बताया कि इनके पिता रामप्रकाश शुक्ला मानिकपुर वन रेंज के रेंजर हैं। उन्होंने बेटे की तरक्की पर गांव समेत पूरे जिले में खुशी की लहर है।गौरतलब है कि इस क्षेत्र में इतने बड़े पैकैज की नौकरी पाने वाले सचिन पहले युवा हैं। इनके भाई लीलानिधि शुक्ला (इंजीनियर दूरसंचार) ने बताया कि सचिन की प्रारंभिक शिक्षा चित्रकूट में हुई। सचिन ने सफलता का श्रेय परिजनों को दिया है।वहीं जिले को मिली इस बडी सफलता पर बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल,लोक निर्माण राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय,भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे,जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव,वरिष्ठ पत्रकार विजय शुक्ला आदि ने खुशी जताते हुए बधाई दी है।

मंडी निदेशक ने वेटिंग लिस्ट में पकड़ी अनियमितता

# क्रय केंद्रों पर खामियां

● निदेशक ने प्रभारियों को लगाई फटकार, गल्ला मंडी के सेंटरों का किया निरीक्षण

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-मंडी का निरीक्षण करती निदेशक निधि श्रीवास्तव।

**उत्तर प्रदेश में** सरकारी क्रय केंद्रों पर धान खरीद में तमाम अनियमितताओं की शिकायतें शासन स्तर पर पहुंच रही है। इन शिकायतों की हकीकत जाने के लिए शनिवार को सीतापुर शहर की नवीन गल्ला मंडी के धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंची राज्य कृषि उत्पादन की निदेशक को तमाम खामियां मिली। वेटिंग लिस्ट अपारदर्शी पाए जाने से पर उन्होंने संबंधित को उसे दुरूस्त कर किसानों से धान खरीदने की नसीहत दी, साथ ही उन्होंने रैन बसेरा को भी दुरूस्त करने के निर्देश दिए, जिससे कि किसानों को सहूलियत मिल सके। शनिवार की दोपहर को राज्य कृषि उत्पादन की निदेशक निधि श्रीवास्तव गल्ला मंडी पहुंची और वहां पर विभिन्न एजेंसियों के संचालित धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धान खरीद से संबंधित दस्तावेजों का अवलोकन किया, तो किसानों की वेटिंग लिस्ट अनियमितता पाई, जिस पर उन्होंने संबंधित प्रभारियों को फटकार लगाते हुए वोटिंग लिस्ट को पारदर्शी बनाकर किसानों से धान खरीदने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने किसानों से बात कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। बाद में उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया। निदेशक मंडी निधि श्रीवास्तव ने पीसीएफ केन्द्र प्रभारियों को भी फटकारा। इस दौरान मंडी सचिव देवेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे।

# गोल्ड गर्ल अनन्या ने नेशनल स्तर पर बढ़ाया सीतापुर का गौरव

● एचएनबी गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय में एमबीए की हैं छात्रा यूनिवर्सिटी के नौवें दीक्षांत समारोह में मिला गोल्ड मेडल

संवाददाता। सीतापुर



**हेमवती नंदन** बहुगुणा केन्द्रीय यूनिवर्सिटी श्रीनगर गढ़वाल उत्तराखंड में एमबीए की छात्रा अनन्या सिंह ने गोल्ड मेडल हासिल कर परिवार और सीतापुर को अंतरराष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित किया है। यह गोल्ड मेडल एचएनबी गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के नौवें दीक्षांत समारोह में रक्षा प्रमुख (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत ने प्रदान किया। समारोह से केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी ऑनलाइन जुड़े थे। शहर के गुलाबनगर खूबपुर निवासी शिक्षक अनिल सिंह की बेटी अनन्या सिंह का लक्ष्य प्रशानिक सेवा है। अनन्या की प्रारंभिक शिक्षा सीतापुर के सुमित्रा मॉडर्न स्कूल से हुई। हाईस्कूल, इंटरमीडिएट के बाद गाजियाबाद के एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज से अनन्या ने बीटेक कम्प्यूटर साइंस प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया। इन दिनों अनन्या एचएनबी गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय से एमबीए की पढ़ाई कर रही हैं। कॉलेज के नौवें दीक्षांत समारोह में जनरल बिपिन रावत ने करीब 60 छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल दिए। जिसमें से 51 छात्राएं शामिल हैं। इस फेहरिस्त में सीतापुर की अनन्या ने भी अपना नाम दर्ज कराते हुए जिले का मान बढ़ाया है। अनन्या की सफलता पर परिवार बेहद उत्साहित है।

## क्विक न्यूज

### भाजपा सरकार बनी तो होंगे फिर विकास कार्य: अवनीश


सिधौली-जनसम्पर्क करते भाजपा नेता अवनीश रावत।

**सीतापुर।** 2014 में मोदी के बाद यूपी में 2017 के विधानसभा चुनाव में योगी की सरकार ने सबका साथ-सबका विकास का नारा देते हुए विकास कार्य किए। किसानों की आय बढ़ाने के साथ सरकार ने सभी को ध्यान में रखते हुए सभी योजनाओं का लाभ देने का काम किया। यह बात सिधौली क्षेत्र में जनसम्पर्क के दौरान ग्रामीणों से भाजपा नेता अवनीश रावत पप्पू ने कही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में लोगो को खाद मिल रही है, शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को लैपटाप व मोबाइल देने की कवायद शुरू की है जिससे उनका भविष्य संवरेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा के चुनाव में फिर से एक बार भाजपा सरकार बनाकर पूरे क्षेत्र का विकास कराने का काम करेगें। उनके साथ मौजूद सुशील, कौशल, रामहेत, प्रेमदीप, श्रवण कुमार सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### न्याय पाने के लिए भटक रहे फरियादी

**शिकायत निस्तारण को कोई 4-5 माह तो कोई साल भर से रहा दौड़**



**सीतापुर।** जनता को फौरीतौर पर न्याय मिले, इस मकसद से पूरे प्रदेश में संपूर्ण समाधान दिवस होते हैं, मगर सीतापुर में ये समाधान दिवस बेमानी साबित हो रहा हैं, क्योंकि इन समाधान दिवसों में फरियाद के संग दूर-दराजों से फरियादी तो जुटते हैं, मगर उन्हें न्याय नहीं मिलता है। नतीजतन, एक शिकायत का समाधान कराने के लिए उन्हें कई-कई बार दौड़ना पड़ रहा है। अगर यकीन नहीं होता है, तो शनिवार को सीतापुर के सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में अपनी फरियाद लेकर आए इन फरियादियों की सुन लीजिए, आप खुद-ब-खुद समझ जाएंगे कि फरियादियों के प्रति सरकारी मशीनरी का रवैया कैसा है, लापरवाही कार्यशैली के चलते एक शिकायत के लिए कोई फरियादी चार-पांच महीने से तो कोई साल भर से तहसील के चक्कर काट रहा है, फिर भी उनकी सुनवाई नहीं हो सकी, हालांकि सदर तहसील में सीडीओ अक्षत वर्मा की अध्यक्षता में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में जुटे फरियादी न्याय की उम्मीद लगाए है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में छात्रा की मौत

**बरेली।** रात के समय संदिग्ध परिस्थितियों में बीमार पड़ी एक छात्रा को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई स पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी वहीं घरवालों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार किया सुभाष नगर थाना क्षेत्र के डॉक्टर गंगवार वाली गली में रहने वाले विनोद के मकान में किराए पर रहने वाली बदायूं के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के निवासी आदर्श की बेटी निहारका कि बीती रात लगभग 3 बजे इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई स मृतका के घर वालों ने बताया कि निहारिका सुभाष नगर स्थित एक स्कूल में कक्षा 11 की छात्रा थी स वह कल शाम को रोजाना की तरह अपने बिस्तर पर सोई थी स लेकिन रात के समय निहारिका की तबियत अचानक बिगड़ने लगी स तब उसने दूसरे किराएदार तरुण का दरवाजा खटखटा कर उसे जगाया और उसे अपनी बिगड़ती हालत के बारे में बताया स तरुण उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गया जहां लगभग आधे घंटे बाद इलाज के दौरान निहारिका ने दम तोड़ दिया।

### कार की टक्कर से घायल रिटायर्ड फौजी ने दम तोड़ा

**बरेली।** पत्नी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराने के बाद सड़क दुर्घटना का शिकार हुए रिटायर्ड फौजी की इलाज के दौरान मौत हो गई स पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा सभोजीपुरा थाना क्षेत्र में एसआरएमएस अस्पताल के सामने कल शाम हुई सड़क दुर्घटना में उत्तराखंड के रानीखेत निवासी 68 वर्षीय सेना के रिटायर्ड हवलदार उम्मेद सिंह पुत्र गोविंद सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई स पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि उम्मेद सिंह की पत्नी राधा देवी लंबे समय से बीमार थी और उन्हें दो दिन पूर्व इलाज के लिए बरेली के एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# बूथ को मजबूत कर बनाएंगे सपा सरकार: क्षत्रपाल

● कार्यालय पर हुई बैठक में नेताओं को दी गई जिम्मेदारी

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-बैठक करते सपा जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव व मौजूद पदाधिकारी

**समाजवादी पार्टी** जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता मे मासिक बैठक आयोजित की गई। संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के अनुरोध पर निर्वाचन आयोग ने प्रदेश की सभी विधानसभाओं मे 01 दिसम्बर 2021 से 05 दिसम्बर 2021 तक मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण अभियान और बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि 2022 मे अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए सभी अपने-अपने बूथों पर जाकर मतदाता सूचियों का अवलोकन कर के छूटें हुई मतदाताओं के नाम मतदाता सूची मे जोड़ने के लिए संगठन के सभी प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्षों, विधानसभा अध्यक्षों, ब्लाक अध्यक्षों को अपने सभी संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, को अपने- अपने (मतदेय स्थल) व बूथों पर जाकर के 18 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं के नाम प्ररूप 6 भरकर वोट बढ़ाने का, प्ररूप -7 भरकर संसोधन का एवं प्ररूप 8 भरकरके वोट काटने के कार्य मे युद्ध स्तर पर जुट जाए और उनकी सूची बनाकर के जिला कार्यालय मे उपलब्ध कराएं। इस दौरान विधायक हरगोविंद भार्गव, पूर्व विधायक निर्मल वर्मा, पूर्व विधायक मनीष रावत, पूर्व विधायक राधेश्याम जयसवाल, पूर्व प्रत्याशी अफ़ज़ाल कौसर, किरन पासी, कार्यालय प्रभारी जयसिंह यादव, विजय वर्मा, चित्रकेश यादव, शब्बीर खाँ, लालसिंह यादव, विद्यासागर यादव, प्रवीन सैनी, दीपक शुक्ला, शंकर लाल यादव, रामप्रकाश यादव, चन्द्रशेखर यादव, शिवप्रसाद यादव, राजेश गिरि, सीताराम यादव, धर्मेन्द्र राजवंशी, सुनील यादव, महेंद्र यादव, रिजवान अहमद, संदीप कश्यप, सुदीप मौर्य, राजकिशोर, गगन राठौर, धर्मेन्द्र यादव, प्यारेलाल रावत, कपिल मिश्रा, फुरकान खाँ, शिवमोहन, उषा रावत कयुम कुरेशी, रमेश चन्द्र निसाद ने भी संबोधित किया। संचालन महासचिव मसूद आलम अंसारी ने किया। सुधीर शर्मा, राम कुमार मिश्रा, ओमेन्द्र वर्मा, वीरेंद्र भार्गव , राजेश कौनोजिया अभय प्रताप, रमेश यादव, बबलू यादव, मो? सलीम,बब्बू खाँ ,अनस खान आदि सैकड़ों की संख्या मे समाजवादी पदाधिकारी/कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नैमिषारण्य के व्यास आश्रम में चल रहा 11 मासीय यज्ञ

**नैमिषारण्य सीतापुर।** उत्तर प्रदेश के सीतापुर के धार्मिक एवं पौराणिक तीर्थ नैमिषारण्य में इनदिनों नित्यबीज मंत्र गूंज रहे हैं, व्यास पीठाधीश अनिल कुमार शास्त्री के सानिध्य में व्यास आश्रम स्थित शिवशक्ति महायज्ञ में चल रहे ग्यारह मासीय हवन में 501 आचार्यो के नित्य बीज मंत्रों के संग हवन कुंड में आहुतियां दी जा रही है। ये आहुतियां दुनिया भर में फैली वैश्विक महामारी को नियंत्रित करने के लिए दी जा रही है। आपको बता दें कि वैसे तो अटठासी हजार ऋषियों की तपस्थली नैमिषारण्य में निरंतर कथाएं और हवन होते हैं, इनके जरिए सनातम धर्म का जनमानस में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। लेकिन पिछले कुछ बरसों से देश और दुनिया में वैश्विक महामारी फैली है, इससे समूची दुनिया त्राह-त्राह कर रही है। इससे निजात दिलाने को नैमिषारण्य के व्यास पीठाधीश अनिल कुमार शास्त्री ने ग्यारह मासीय शिवशक्ति महायाग का संकल्प लिया है और उसे पूरा करने में जुटे है। व्यास आश्रम के हवन कुंड में नवंबर माह से शुरू शिवशक्ति महायाग में 501 विद्धान आचार्यों द्वारा नित्य बीज मंत्रों के जरिए यज्ञ की आहुतियां दी जा रही है। इस याग का उद्देश्य विश्व को महामारी से सुरक्षित करना है।, नैमिषारण्य की भूमि में यह आयोजन सतयुग के बाद आयोजित हो रहा है। शिवशक्ति महायाग के दौरान व्यासपीठाधीश अनिल कुमार शुक्ला ने आई इंडिया को बताया कि यज्ञ के द्वारा विश्व में फैली वैश्विक महामारी को नियंत्रित किया जा सकता है, यज्ञ भगवान परमात्मा का साक्षात स्वरूप है, मंत्रों से युक्त आहुतियों में बड़ा से बड़ा संकट मिटाने की सामर्थ्य होती है। व्यास पीठाधीश के विशिष्ट प्रतिनिधि रंजीत शास्त्री ने बताया कि यज्ञ में जनसामान्य के लिए यज्ञ का दर्शन व परिक्रमा करने की विशेष व्यवस्था की गयी है। नित्य आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु यज्ञ दर्शन के लिए आ रहे हैं।

## नशीले पदार्थ के साथ एक गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी।** थाना तिकुनियां पुलिस द्वारा 150 ग्राम अवैध नशीला पाउडर अल्प्राजोलम, 2 मोबाइल व 4100 रुपये नगद बरामद कर अभियुक्त नरेन्द्र सिंह पुत्र रक्षपाल को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अवैध मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत 3.12.2021 की रात्रि थाना तिकुनिया पुलिस द्वारा गस्त व चेकिंग के दौरान ग्राम राजीवनगर से अभियुक्त नरेन्द्र सिंह पुत्र रक्षपाल सिंह निवासी कानूनी फार्म राजीव नगर थाना तिकुनिया जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 150 ग्राम अवैध नशीला पाउडर अल्प्राजोलम, 2 मोबाइल फोन व 4100 रुपये नगद बरामद किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना तिकुनियां पर मुकदमा अपराध संख्या 255/21 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक थाना तिकुनिया अंसार हुसैन रिजवी, उप निरीक्षक बलराम सिंह यादव, हेड कांस्टेबल सुभाष निषाद व कांस्टेबल सत्यप्रकाश शामिल रहे।

# डीआईओएस ने किया माध्यमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**डीआईओएस** ओपी त्रिपाठी ने गत दिवस करीब 11 बजे पलिया स्थित माध्यमिक विद्यालय पब्लिक इन्टर कॉलेज सम्पूर्णानगर, राजकीय हाई स्कूल रानीनगर का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण में अभी भी शिक्षकगण समय से विद्यालय उपस्थित नहीं हो रहे हैं। जिसपर डीआईओएस ने गहरा रोष जताया। निरीक्षण में राजकीय हाईस्कूल रानीनगरए पलिया की 2 शिक्षिकाएं, बिना किसी सूचना के नदारत मिले। अनधिकृत रूप से अनुपस्थित मिले शिक्षिका व प्रधानाध्यापिका का स्पष्टीकरण तलब किया। उन्होंने बताया कि संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त होने तक निरीक्षित तिथि का वेतन अदेय रहेगा। निरीक्षण के समय विद्यार्थियों से संवाद किया गया। विद्यार्थियों से गणित, अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे गए। शिक्षक गण को परिवेश से जोड़कर एवं क्रियात्मक विधि से बच्चों को ज्ञान प्राप्त कराने हेतु निर्देशित किया गया। विद्यालय में खेल सामग्री एवं पुस्तकालय की पुस्तकों को प्रत्येक शनिवार को फनडे के दिन नियमित रूप से बच्चों को उपलब्ध कराया जाय।



पब्लिक इंटर कॉलेज संपूर्णानगर के निरीक्षण में विद्यालय में अव्यवस्था एवं गंदगी पाई गई। एमडीएम पंजिका का रखरखाव ठीक नहीं था। इसी प्रकार विद्यालय के लिपिक द्वारा पीटीए मद में प्राप्त धनराशि एवं उसके व्यय का प्रमाणिक लेखा.जोखा प्रस्तुत नहीं किया जा सका। उपर्युक्त अव्यवस्था एवं अनियमितता के संबंध में प्रधानाचार्य से एक सप्ताह के अंदर स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु कारण बताओ नोटिस निर्गत किया गया। प्रधानाचार्य को प्रार्थना के समय सामान्य ज्ञान का बोध बच्चों को कराने के लिए निर्देशित किया।

## समाधान दिवस में आईं 46 शिकायतें



**मोहम्मदी-खीरी।** तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ जिसमें 46 शिकायती पत्र आए 2 का मौके पर निस्तारण किया गया जिसमे राजस्व विभाग 34, पुलिस विभाग 6, विकास विभाग 3, नगर पालिका 2, पूर्ति निरीक्षक एक समाधान दिवस में पुलिस उपाधीक्षक राजेश कुमार तहसीलदार सुशील कुमार अधिशासी अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांवों व विद्यालयों में लिए कोरोना के सैंपल



**मितौली-खीरी।** विकासखंड मितौली स्थित राजा लोने सिंह इंटर कॉलेज में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक मितौली देवेंद्र कुमार सिंह के निर्देशन में कोरोना के नए वैरिएंट के खतरे को भांपते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। गांवों, विद्यालयों में कोरोना के सैंपल लिए जा रहे हैं। साथ ही कोविड टीकाकरण को लेकर जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 200 विद्यार्थियों के कोरोना के सैम्पल लिए गए। साथ ही कोविड के टीकारण को लेकर जागरूक किया गया। और कोविड से बचने के लिए मास्क और साफ-सफाई रखने व बाहर से आने वाले व्यक्तियों से सतर्क रहने की सलाह दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्य प्रकाश शुक्ल, वरिष्ठ अध्यापक विजय कुमार तिवारी, स्वास्थ्य विभाग की टीम में शिवेंद्र सिंह, विजय सिंह फार्मासिष्ट ट्रेनी राजा, शादाब अहमद, सलीम, दिलशाद व शैलेंद्र पाल आदि मौजूद रहे।

# दूसरे दिन भी जारी रहा किसान संगठनों का धरना

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी



**राष्ट्रीय किसान** मजदूर संगठन एवं भारतीय किसान यूनियन के संयुक्त तत्वाधान में चल रहा धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। जिला अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुंचकर किसानों को समझाने का प्रयास किया। जिलाधिकारी ने किसानों से 10 दिन में गन्ने का भुगतान कराने की बात कही।जिस पर किसान अपनी मांग पर अडिग रहें और किसानों ने जिलाधिकारी से दो टूक में कहा किसानों को बकाया गन्ना भुगतान मिल जाने के बाद ही किसान धरने से हटेंगे। जिसके चलते जिलाधिकारी को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा।

दूसरी तरफ बजाज चीनी मिल ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आंदोलित किसानों से मिल परिसर में तोड़फोड़ करने की आशंका जताई है। जिस पर न्यायालय ने आंदोलित किसानों को कोई भी तोड़ फोड़ न करने एवं चीनी मिल से 200 मीटर की दूरी तक कोई भी धरना न करने के लिए निर्देशित किया है। न्यायालय ने यह भी कहा है कि यदि न्यायालय की अवहेलना की गई तो विधिक कार्यवाही की जाएगी। धरना प्रदर्शन की कमान राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष श्री कृष्ण वर्मा एवं भाकियू जिलाध्यक्ष अमनदीप सिंह ने संभाली है।

पलिया विधायक रोमी साहनी ने एक वीडियो जारी कर मुख्यमंत्री से किसानों का दर्द बयां करते होआपातकाल बैठक बुलाकर किसानों की समस्या को शीघ्र ही हल करने की मांग की है। विधायक अरविंद गिरी ने भी गन्ना किसानों की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्रमुख साथियों के साथ एक बैठक कर गन्ना भुगतान दिलाने के लिए ठोस रणनीति तैयार करने का मन बनाया है। इस मौके पर उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी व कोतवाल सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## सपा ने मनाया काला दिवस

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** राष्ट्रीय अध्यक्ष/पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर नगर के सदर चौराहे पर नगर अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य वारिस अली अंसारी की अगुवाई में तीन अक्टूबर को किसान आंदोलन में हुई हिंसा में किसानों और एक पत्रकार को बेरहमी से थार कार से रौंद कर हत्या कर दी गयी थी। आज उस काले दिन को दो माह पूरे होने पर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार किसान पत्रकार स्मृति दिवस सहादत का मान बढ़ाने के लिये प्रत्येक माह की तीन तारीख को दीप जला कर गोला नगर के सदर चौराहे पर सैकड़ों समाजवादी क्रन्तिकारी साथियो के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष शेर सिंह यादव, लियाकत हुसैन, गुफरान अंसारी, अंकित वर्मा, आरिफ मंसूरी, दिलीप यादव, जलीस अंसारी, मनीष राठौर, नंद किशोर भार्गव, मोहम्मद इसराइल, सायर अंसारी, जमीम अहमद, सरदार टीटू सिंह, अनीश अहमद उर्फ गुड्डू, नैमिष वर्मा व आमिर हसन आदि मौजूद रहे।

# अवैध कब्जा न हटने पर कानूनगो और तहसीलदार पर होगी कार्रवाई : जिलाधिकारी

● संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम के कड़े तेवरों से हड़कंप

संवाददाता। संडीला(हरदोई)


लोगों की समस्याएं सुनते जिलाधिकारी

**तहसील सभागार** में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी के कड़े तेवरों से अधिकारीगण सहमे दिखे। उन्होंनें अवैध कब्जों तथा घटिया निर्माण को लेकर सख्त नाराजगी व्यक्त की। संपूर्ण समाधान दिवस में आई अवैध कब्जों तथा घटिया सरकारी निर्माणों की शिकायतों पर जिलाधिकारी अविनाश कुमार का पारा चढ़ गया। उन्होंनें अधिकारियों से कहा कि पट्टे की भूमि, खलिहान, चकरोड, पश्चर आदि पर अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध ढीली ढाली नहीं बल्कि ऐसी कार्रवाइ होनी चाहिए कि दूसरे ऐसा करने का साहस ना जुटा सकें। उन्होंनें कहा कि यदि अगले समाधान दिवस तक अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करके उनके कब्जे की भूमि को मुक्त नहीं कराया गया तो ऐसे प्रकरणों में कानूनगो तथा लेखपाल के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंनें कहा कि अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराकर उनहें जेल भेजा जाए। जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद द्वारा रेलवे क्रासिंग से बस स्टाप तक पहले बेहद घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग कर सीसी रोड का निर्माण तथा उसके बाद उसी रोड पर डामर डालकर भ्रष्टाचार को छिपाने के प्रयास के प्रकरण की शिकायत पर उन्होंनें एसडीएम डीपी सिंह को निर्देश दिए कि वे इस घटिया निर्माण की गहराई से जांच करें और इस रोड को बनाने वाले ठेकेदार तथा अन्य दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंनें बरौनी रोड की भी जांच कराने के आदेश दिए। इसी क्रम में उन्होंनें अधिशासी अधिकारी को भी जमकर फटकार लगाई। जिलाधिकारी ने विद्युत कनेक्शन के लिए कनेक्शन लेने वालों द्वारा धनराशि जमा करने के बाद भी महीनों बाद उन्हें कनेक्शन ना देने पर भी कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा एसडीओ विद्युत एवं अवर अभियंता को भी कड़ी फटकार लगाई। इसी अवसर पर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने भी मौजूद पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने अपने थाना क्षेत्रों में आपराधिक, असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें। प्रत्येक दिन गांव के चौकीदार तथा बीट कॉन्स्टबिल के संपर्क में रहें। शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने के की कोशिश करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें। संपूर्ण समाधान में जिलाधिकारी के कड़े रुख को देखकर अधिकारी हक्क बक्के रहे। इस अवसर पर प्राप्त एक दर्जन से अधिक शिकायतों का तत्काल निस्तारण भी किया गया।

# मनरेगा के सहारे चमके सितारे!

- भाजपा के पूर्व जिला मंत्री ने पत्नी और बेटे को भी बना दिया मजदूर
- गरीबों का राशन खाने के लिए बनवा लिया बीपीएल का कार्ड
- बस्ती और लखनऊ में कर रहा प्रापर्टी डीलिंग का काम

संवाददाता। बस्ती

**कौन** कहता है, कि गांव में गरीबी है, देखा जाए तो शहर वालों से अधिक शान-बान की जिंदगी गांव वाले गुजारते है। यह अलग बात हैं, यह लक्जरी लाइफ वह अपनी मेहनत से नहीं बल्कि मनरेगा के जॉब और राशन कार्ड की बदौलत जी रहे हैं, रात दिन मेंहनत करने वालों कभी सपने में भी नहीं सोच सकते कि कभी उसके पास भी मोटरसाइकिल होगी, मगर आज मनरेगा के नाम पर लोग फारचूनर जैसी गाड़ियों में घूम रहे हैं। एक दिन का काम पाने के लिए जहां सामान्य मनरेगा श्रमिकों को प्रधान से मन्नते करनी पड़ती हैं, वहीं अमीर मनरेगा श्रमिकों को बिना मांगे ही कागजों में कई दिनों का काम मिल जाता है, और उनके खाते में साल भर में 100 दिन की मजदूरी भी पहुंच जाती है, और यह सब कुछ प्रधान, रोजगार सेवक, सेक्रेटरी, तकनीकी सहायक और ब्लॉक के कम्पयूटर आपरेटर की मिली भगत से हो रहा है। असली मनरेगा श्रमिक का परिवार बड़ी मुस्किल से दो समय का भोजन व्यवस्था कर पाता है, और वहीं नकली मनरेगा मजदूर 'फारच्यूनर' जैसी गाड़ियों में घूम रहे हैं। कुदरहा ब्लॉक के कड़सरी मिश्र के बाद बनकटी ब्लॉक के ग्राम अमरढ़ोभा में भी एक ऐसा परिवार सामने आया हैं, जिसका परिवार घूमता तो मंहगी कारों में हैं, मगर कड़सरी मिश्र की तरह इसने भी पूरे परिवार के नाम मनरेगा जॉब कार्ड बनवा रखा। इतना ही नहीं इस परिवार का मुखिया इतना गरीब हैं कि प्रापर्टी डीलिगं का काम करने के लिए इन्होंने लखनऊ और बस्ती में कार्यालय तक खोल रखा है। 'फेसबुक' के इतने शौकीन हैं, कि यह जब कार खरीदते हैं तो उसको भी शोरुम से पोस्ट करते हैं, जमीन की रजिस्ट्री कराते है, तो उसका फोटो आफिस से ही पोस्ट करना नही भूलते हैं, यहां तक कार खरीदने के बाद जो गांव पूजन होता है, उसकी भी फोटो परिवार के साथ पोस्ट करते हैं। इनकी गरीबी का अदांजा इस बात से लगाया जा सकता हैं, कि इस परिवार को सरकारी अनाज के लिए गरीबी रेखा से नीचे वाला पात्र गृहस्थी का राशन कार्ड बनवाना पड़ा। गांव के प्रधान इनके पत्नी और पुत्र सहित खुद के नाम मनरेगा जॉब कार्ड होने की पुष्टि करते हुए कहते हैं, यह जॉब कार्ड उनके नहीं बल्कि पुराने प्रधान के कार्यकाल के दौरान बने थे। अब जरा बनकटी ब्लॉक के वीआईपी गांव अमरढ़ोभा के सच के तरफ नजर डालिए। इस गांव में भाजपा के पूर्व जिला मंत्री शिवअज्ञा मौर्य का परिवार रहता है। मनरेगा रिकार्ड के मुताबिक इनके पुत्र अभिषेक मौर्य के नाम मनरेगा का अलग कार्ड है। बताया कि जाता है, कि यह बीए के छात्र है। इनके नाम पर पिछले माह तक मनरेगा में भुगतान होना बताया गया। इसी तरह शिवअज्ञा मौर्य और उनकी पत्नी वंदना के नाम पर भी जॉब कार्ड बना है। नियमानुसार पूरे परिवार का एक जॉब कार्ड बनता है, ताकि उस परिवार को सालभर में 100 दिन का काम दिया जा सके। मगर यहां पर 100-100 दिन का रोजगार पाने की नीयत से दो जॉब कार्ड बना दिया गया। ताज्जुब की बात है, कि इन दोनों कार्ड पर काम और भुगतान भी अन्य श्रमिकों से अधिक किया गया। कहने की आवश्यकता नहीं कि जो परिवार मंहगी कारों में घूमता हो होटलों पिज्जा खाता हो, ऐसे परिवार से फावड़ा और बेलचा उठाने की उम्मीद करना सही नहीं होगा। यह परिवार पिछले कितने सालों से मनरेगा के धन का दुरुपयोग कर रहा है, इसका पता जांच के दौरान ही चल सकेगा। अब जरा पात्र गृहस्थी राशन पर नजर डाले, कार्ड में मुखिया के रुप में पत्नी बंदना, पति के रुप में शिवअज्ञा मौर्य और पुत्रों के रुप में अभिषेक मौर्य और अंशमान मौर्य का नाम दिया गया। यह कार्ड उन लोगों के नाम बनाया जाता है, जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करते है।



कार का पूजन कराते मनरेगा मजदूर का परिवार — पायनियर

## दूसरी हकीकतः मजदूरी न मिलने से लड़कियों की फीस नहीं जमा कर पा रहा श्रमिक

**एक** ओर जहां गरीब मजदूरों को काम करने के बाद उन्हें मजदूरी नहीं मिल रही है, दूसरी ओर बिना किए ही नकली मजदूरों के खाते में रकम पहुंच जा रहा है। काम मांगने के बावजूद भी प्रधान काम नहीं दे रहे हैं। यह दर्द विकास खंड गौर के ग्राम छितहा के भारत प्रसाद पुत्र रुद्रनारायण का है। डीएम को लिखे मार्मिक पत्र में लिखा है, कि उसने 42 दिन काम किया, मगर एक दिन की भी मजदूरी नहीं मिली, जिसके चलते दो पुत्रियों की फीस नहीं जमा हो रही है। पुत्रियों का भविष्य अंधकारमय बना हुआ है। परिवार का भरण-पोषण कठिन हो गया। कहा कि काम मांगने के बावजूद प्रधान उसे काम नहीं देतें।

## कुदरहा और बनकटी ब्लॉक बन गया भ्रष्टाचार का केंद्र

**पिछले** कई साल से कुदरहा और बनकटी ब्लॉकों में सबसे अधिक मनरेगा का दुरुपयोग हुआ। कड़सरी मिश्र, छरदही, परेवा, बेहिल, देवमी, पगारखास और अमरढ़ोभा जैसे कई ऐसी ग्राम पंचायतें हैं, जहां पर सबसे अधिक दुरुपयोग में मामले सामने आ चुके है। मनरेगा में सबसे अधिक धन इन्हीं दोनों ब्लॉकों में अब तक खर्च हो चुका है। इसका कारण फर्जी जॉब कार्ड का भरमार होना। अब तक 14 ब्लॉकों में मनरेगा में कुल एक अरब 66 करोड़ 22 लाख खर्च हो चुका है। इनमें अकेले बनकटी में सबसे अधिक 23.50 करोड़ और कुदरहा में 18.33 करोड़ खर्च हुआ। बहादुरपुर में 17.59 करोड़, दुबौलिया में 12.49 करोड़, हर्रैया में 11.65 करोड़, रामनगर में 9.96 करोड़, कप्तानगंज में 9.86 करोड़, साउंघाट में 7.49 करोड़, सल्टौआ में 8.91 करोड़, रुधौली में 7.3 करोड़ और सबसे कम सदर ब्लॉक में 4.99 करोड़ सहित कुल एक अरब 66 करोड़ 22 लाख खर्च हुआ। अगर शिकायतों और जांच रिपोर्ट को देखा जाए तो इसमें आधे से अधिक धन का दुरुपयोग होने के दावे किए जा रहे है।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटा, दो मासूमों की दबकर हुई मौत

**श्रावस्ती, गिलौला।** थाना गिलौला अंतर्गत ग्राम कटहा में शनिवार की सुबह खेत की जुताई कर वापस आ रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे ट्रैक्टर के नीचे चालक और एक मासूम दब गए। घटना के बाद तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण पहुंच गए और ट्रैक्टर को सीधा कर दोनों को बाहर निकाला लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। मासूमो के मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को परिजनों को सौंप दिया। थाना गिलौला क्षेत्र के ग्राम कटहा निवासी सुरेंद्र कुमार का भांजा रत्नापुर निवासी प्रवेश कुमार पुत्र पारसनाथ सुबह ट्रैक्टर लेकर अपने दो ममेरे भाइयों को बैठाकर कटहा गांव के पश्चिम दिशा तरफ खेत जोतने के लिए गया था जब वह जुताई कर वापस लौट रहा था तभी ट्रैक्टर नहर के पास अनियंत्रित होकर पलट गया जिसके नीचे दबकर प्रवेश कुमार व 13 वर्षीय राहुल पुत्र सुरेन्द्र नीचे दब गये आसपास के लोग शोर मचाने लगे जिससे ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए।

# शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर करें अधिकारीः डीएम



समाधान दिवस में भाग लेती डीएम सौम्या अग्रवाल — पायनियर

संवाददाता। बस्ती

**डीएम** सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस भानपुर में सम्पन्न हुआ। इसमें कुल 124 शिकायते प्राप्त हुयी, जिसमें राजस्व के 79, पुलिस के 07, विकास के 11, विद्युत के 09, कृषि के 03, विपणन के 02, सरयू नहर खण्ड-4 के 07, शिक्षा के 02 एवं समाज कल्याण, बैंक, चकबन्दी के 1-1 शिकायते है। इसमें से 13 का मौके पर निस्तारण किया गया। डीएम ने कहा कि तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतो का अधिकारी मौके पर जाकर निस्तारण करें। तहसील दिवस में मण्डलायुक्त गोविंद राजू एन.एस., आईजी राजेश मोदक डी राव ने औचक निरीक्षण किया तथा लोगों की समस्याओं को सुना। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनशिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता पर ध्यान दें ताकि उच्च स्तर से समीक्षा करने पर वापस न किया जाय। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव तथा डीडीओ अजीत श्रीवास्तव एवं परियोजना निदेशक कमलेश सोनी ने लोगो की समस्याओ को सुना तथा समय से इसके निस्तारण का निर्देश दिया। तहसील दिवस का संचालन उप जिलाधिकारी भानपुर जीके झा ने किया। इसमें उप निदेशक कृषि अनिल कुमार, तहसीलदार केशरीनन्दन त्रिपाठी, आपूर्ति अधिकारी सत्यवीर सिंह, मनीष सिंह, डॉ0 राजेश कुमार, संदीप वर्मा, उदय प्रकाश पासवान, विभागीय अधिकारी तथा खण्ड विकास अधिकारी एंव थानाध्यक्षगण उपस्थित रहें।

# साजिशन फंसाया जा रहा प्रधानाचार्य राम कुमार कोः संजय

संवाददाता। संतकबीरनगर




**हीरालाल** रामनिवास इंटर के कॉलेज के प्रधानाचार्य राम कुमार सिंह को राजनीतिक षड्यंत्र के तहत फंसाया जा रहा है। आरोप लगाने वाली बालिका झुठ बोल रही है, उसका लाई डिटेक्टर टेस्ट कराया जाय। प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर हमला करने वाले गुंडों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए, अन्यथा विवश होकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद के सभी विद्यालयों को बन्द कर जिलाधिकारी कार्यालय पर धरने पर बैठेगा। उक्त बातें उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के मण्डलीय मंत्री/जिलाध्यक्ष संजय द्विवेदी ने हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज में आयोजित बैठक के उपरांत पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने आक्रामक तेवर अपनाते हुए कहा कि हम शिक्षा के मंदिर को प्रायोजित तरीके से बदनाम नही होने देंगे। सोशल मीडिया के माध्यम से षड्यन्त्रकारी ताकतें प्रधानाचार्य के विरुद्ध प्रायोजत दुष्प्रचार कर रही हैं। घटना से पूरे प्रदेश में जिले व संस्था की बदनामी हो रही है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने व प्रधानाचार्य पर जानलेवा हमला करने गुंडों की तुरन्त गिरफ्तारी करने की मांग की गई है। गिरफ्तारी ना होने पर प्रथम चरण में जनपद व दूसरे चरण में मंडल के सभी विद्यालय बंद कर विशाल आंदोलन करने की चेतावनी दी है। पत्रकारों के सवालों के सवालों का जबाब देते हुए श्री द्विवेदी ने कहा कि 28 नवम्बर को टीईटी परीक्षा के दौरान विद्यालय परिसर के सभी सीसीटीवी कैमरे आन थे, और उसकी मॉनिटरिंग प्रदेश मुख्यालय से की जा रही थी, यदि आरोप लगाने वाली बालिका की बात में दम है तो उसकी निष्पक्ष जांच हो, और कार्रवाई की जाय। उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्य पर पहले हमला होता है, फिर मुकदमा ना दर्ज किए जाने का दबाव बनाकर ब्लैक मेल किया जाता है, और जब पुलिस ने हमलावर गुंडों पर मुकदमा दर्ज कर लिया, तो मर्यादा की हद पार करते हुए आरोपी गुंडों के परिवारीजन अपने बेटी को षड्यंत्र का हथियार बनाकर संस्था के प्रधानाचार्य को बदनाम कर रहे हैं। हमारी मांग है कि आरोप लगाने वाली बालिका का मेडिकल परीक्षण कराया जाय। श्री द्विवेदी ने अपील किया कि विद्यालय को राजनीति का अखाड़ा ना बनाए। इससे संस्था में अध्ययन करने वाले 4 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं की मन:स्थिति पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है, जिससे स्थिति विस्फोटक हो सकती है। समाज व अभिभावकों की भी जिम्मेदारी है कि संवेदनशील प्रकरण में शांति बनाए रखे। इस दौरान प्रांतीय उपाध्यक्ष मार्कण्डेय सिंह, गिरिजानंद यादव, मोहिबुल्लाह खान, अरुण ओझा, उदयभान सिंह, मनोज मिश्रा, विनय मिश्रा, राकेश मिश्रा, भास्कर मणि त्रिपाठी, प्रवीण कुमार त्रिपाठी, सन्त मोहन त्रिपाठी, नरेन्द्र नाथ पांडेय, सतीश प्रसाद, दिनेश यादव, डी के वर्मा, जी पी राय, रमेश चंद्र पांडेय, सुनील कुमार, सुनील कुमार मिश्र, महेश राम, जय प्रकाश गौतम, जितेंद्र कुमार, विनोद चौरसिया, आफ्ताब आलम अंसारी, विजय यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### वाल्टरगंज चीनी मिल के बकाए को लेकर सीएम से की फरियाद

**बस्ती।** चार साल से वाल्टरगंज चीनी मिल के कर्मचारियों का वेतन एवं रिटेनर बकाया एवं किसानों के बकाए को लेकर प्रभारी जिला संयोजक हियुवा धर्मेंद्र कुमार मुचयमंत्री से मिलने उनके गोरखपुर आवास पहुंचे और उन्हें ज्ञापन दिया और कहा कि बकाए के चलते सभी का परिवार आर्थिक संकट से गुजर रहा है। कहा कि गोविंदनगर चीनी मिल वाल्टरगंज बस्ती बिना किसी नोटिस के वर्ष 2018 मार्च में बंद कर दी गई। जिससे हजारों परिवार का रोजी-रोटी बंद हो गया। मिल बंद होने से कर्मचारियों का वर्ष 2017 से रिटेनर वेतन आदि बकाया होने से परिवार में भुखमरी सहित तमाम कठिन परिस्थितियां उत्पन्न हो गई। कर्मचारियों को अपने परिवार का जीवन यापन और बच्चों का जीवन यापन करने में बहुत ही बड़ी समस्या उत्पन्न हो रही है। कर्मचारियों का बहुत ही दयनीय स्थिति है। अस्थाई सामयिक एवं कांटेक्ट बेस सभी कर्मचारियों का 2017 व 2018 से वेतन, रिटेनर सहित तमाम देय बकाया हैं। कर्मचारी अपने बच्चों का फीस, दवा, जीवन यापन करने में अक्षम हैं। सीएम से ज्ञापन के जरिए अतिशीघ्र कर्मचारियों की दयनीय दशा को देखते हुए समस्त बकाया भुगतान देय कराने की मांग की गई।

### शिकायतों का निस्तारण में लापरवाही न करें अधिकारीः डीएम

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ द्वारा जनपद के धनघटा तहसील पर उपजिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां पर फरियादियों से उनकी समस्याओं को मौके पर सुना गया तथा वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। तत्पश्चात वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध मे फीडबैक भी लिया गया। इस अवसर पर राजस्व व पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### दो हत्याभियुक्त गिरफ्तार, 12 घंटे में पुलिस ने किया खुलासा

**श्रावस्ती।** थाना गिलौला पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम ने हत्या के एक मामले का खुलासा करते हुए दो हत्याभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। वादिनी मुकदमा निवासिनी औरैयानिधान थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती द्वारा खुद के बेटे विजय कुमार उम्र 29 वर्ष की हत्या बइस्तवाह राम समुझ नाई पुत्र बच्चू निवासी दिकौली रामपुर त्रिभौना थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती द्वारा करने के सम्बन्ध मे पंजीकृत कराया गया था । पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करए घटना का सफल अनावरण करने व घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थानाध्यक्ष गिलौला व क्राइम ब्रांच टीम को लगाया गया था। थाना गिलौला पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम के अथक प्रयास से मुखबिर की सूचना पर चेतियामुरार पुल के पास से घटना में शामिल अभियुक्त पटेरवरी सिंह पुत्र स्व0 छत्रपाल सिंह व परस्वारथ सिंह पुत्र पटेश्वरी सिंह निवासीगण दूबकला थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार कर 12 घण्टे के अन्दर घटना का सफल अनावरण कर लिया तथा गिरफ्तार अभियुक्तों के निशानदेही पर घटना मे प्रयुक्त आलाकत्ल लकड़ी का डण्डा व मृतक की मोबाइल बरामद किया गया। 3 दिसंबर को थाना गिलौला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम औरैयानिधान विजय पुत्र सुन्दर लाल उम्र करीब 29 वर्ष का शव घोरमापरसिया गांव के दक्षिण.पश्चिम इदरीश के खाली पड़े खेत में मिला थाए जिसके संबन्ध मे थाना गिलौला पर मु0अ0सं0. 158५2021 धारा 302 भा0द0वि0 बनाम रामसमुझ पुत्र बच्चू निवासी रामपुर त्रिभवना थाना गिलौला श्रावस्ती के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। मृतक विजय कुमार के मोबाइल नम्बर के सीडीआर व गहनता से छानबीन से प्रकाश मे आये अभियुक्तगण पटेरवरी सिंह पुत्र स्व0 छत्रपाल सिंह व परस्वारथ सिंह पुत्र पटेश्वरी सिंह निवासीगण दूबकला थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती द्वारा डण्डे से मारपीटकर विजय कुमार की हत्या किया जाना स्वीकार किया गया है।

### छह दिसम्बर को श्रावस्ती आएंगे उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा

**श्रावस्ती।** उप मुख्यमंत्री डा0 दिनेश शर्मा जनपद में 6 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11 बजकर 45 मिनट पर मुख्यालय भिनगा स्थित पुलिस लाइन के हेलीपैड पर हेलिकॉप्टर से पहुंचेंगेए और अपरान्ह 12 बजे जूनियर हाईस्कूल भिनगा पहुंचकर विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पणए शिलान्यास के साथ ही सभा को सम्बोधित करेंगे। तत्पश्चात् अपरान्ह 1 बजकर 30 मिनट पर हेलीपैड पुलिस लाइन के लिए प्रस्थान कर जायेंगेए वहां से वह अपरान्ह 1 बजकर 45 मिनट पर लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे। उक्त जानकारी प्रभारी अधिकारी प्रोटोकाल रोहित यादव ने दी है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव कुएं में मिला

**श्रावस्ती, सोनवा।** थाना सोनवा अंतर्गत ग्राम शिवालापुरवा में शनिवार की सुबह एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कुएं में उतराता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों ने पुलिस को दी गई तहरीर में हत्या का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। सोनवा थाना क्षेत्र के ग्राम शिवालापुरवा के दक्षिण में स्थित शिव मंदिर पर सामूहिक रूप से शिव विवाह का कार्यक्रम चल रहा था जिसमें थाना क्षेत्र के ही लोहरापुर निरहा निवासी वंशराज पुत्र राम सुमिरन मुख्य यजमान बनाये गए थे। वंशराज गुरुवार को अपने घर से शिवाला पुरवा आये थेए शुक्रवार को वह अचानक से कथा स्थल से गायब हो गयेए जिसपर आयोजकों ने उनकी खोजबीन शुरू कर दी। लेकिन काफी खोजबीन के बाद भी उनका कही भी पता नहीं चल पाया।

# भाजपा में शामिल होने के बाद जनपद पहुँची अदिति का भव्य स्वागत

- चुरुवा बॉर्डर से शुरू हुआ स्वागत कार्यक्रम भाजपा कार्यालय तक पहुंचा

संवाददाता। रायबरेली



**सदर** विधायक अदिति सिंह भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की बात अपने प्रथम आगमन पर रायबरेली पहुंची जिसके बाद कार्यकर्ताओं और जनता ने उनका स्वागत किया। चुरुवा बॉर्डर से अलग-अलग नगर क्षेत्र होकर उनका करवा भाजपा कार्यालय पहुंचा जहां पर उनका स्वागत अभिनंदन किया गया। भाजपा विधायक अदिति सिंह ने कहा था वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुई हैं वह अपने इलाके का भरपूर विकास कर रही है। ऐसे में पार्टी में आने के बाद उन्हें और मजबूती मिलेगी जिससे वह अपने क्षेत्र की जनता का विकास करेंगी। इस समूचे कार्यक्रम में रोड शो के जरिए सदर क्षेत्र की जनता ने भी अपने विधायक का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

बछरावां नगर के मुख्य चौराहे पर सदर विधायिका अदिति सिंह का किया गया भव्य स्वागत

रायबरेली बछरावां जनपद की सदर विधानसभा सीट से विधायिका अदिति सिंह के भाजपा में शामिल होने के पश्चात जनपद प्रथम आगमन पर जनपद का सिंह द्वार कहे जाने बछरावां कस्बे के मुख्य चौराहे पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं उनके प्रशंसकों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर पत्रकारों से रूबरू होते हुए विधायिका अदिति सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी आज देश की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है। भारतीय जनता पार्टी का संगठन कितना मजबूत है इसका प्रत्यक्ष उदाहरण 2014 के लोकसभा चुनाव, 2017 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव एवं 2019 के लोकसभा चुनाव में पूर्ण रूप से देखने को मिला है। साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि भाजपा में सम्मिलित होने का मेरा मुख्य कारण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विचारों से अभिभूत होना है। मुझे उनमें एक विकास पुरुष की झलक दिखाई देती है और मैं उनको ही अपना आदर्श मानती हूं। इस मौके पर सोनू सिंह, अखिलेश चौधरी, आशुतोष, रिशु मिश्रा, विनय गुप्ता, दीपेश चौधरी, प्रवेश वर्मा, बसलाल चौधरी, राम मोहन मौर्य, नीरज साहू, प्रमोद साहू, राम मोहन साहू, गांगुली लाल मौर्य, विजय जैसल, प्रेमा देवी, सुनील सागर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## बुद्धजीवियों ने किया रक्तदान

**संतकबीरनगर।** कुलपति, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर के पत्रांक संख्या 1533/कु.स.का/सि.वि.वि./2021 के क्रम में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने प्रात: 10 बजे शिविर का फीता काटकर उद्घाटन किया। शिविर का आयोजन कार्यक्रम प्रभारी डॉ0 अमित भारती एवं डॉ0 अमर सिंह गौतम के निर्देशन में हुआ। महाविद्यालय के आचार्य डॉ0 अमित भारती, डॉ0 अनुपम पति त्रिपाठी, डॉ0 अमरनाथ पांडेय, शोध छात्र बृजेश कुमार के साथ छात्र संघ पुस्तकालय मंत्री शिव चन्द्र प्रजापति, छात्र नेता अनुराग उपाध्याय, प्रेम सागर पाण्डेय, वेदव्यास पांडेय, आराधना सिंह, समा खान, साहिल कुमार, सायरा बानो, सद आफ़रीन, नन्दिनी पांडेय, राहुल विश्वकर्मा, प्रतिमा त्रिपाठी, अभिषेक गुप्ता और फलक खान आदि छात्र छात्राओं ने रक्तदान किया।

# चुनाव की तैयारियों में जुटा प्रशासन

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधीनस्थ अधिकारियो के साथ की बैठक

संवाददाता। संतकबीरनगर



**जिला निर्वाचन** अधिकारी/जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को भली-भांति, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु तैयारी बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ सम्पन्न हुई। बैठक में मतदानकार्मिक, मतगणनाकार्मिक, माइक्रो प्रेक्षक, सहायक व्यय प्रेक्षक व्यवस्था, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था, भारी/हल्के वाहन एवं ईंधन व्यवस्था, मत-पत्र व्यवस्था, मतदान/मतगणना कार्मिकों, माइक्रो प्रेक्षकों, सहायक व्यय प्रेक्षकों/जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण, टेन्ट फर्नीचर, बैरिकेटिंग एवं विद्युत व्यवस्था, लेखन सामग्री/निर्वाचन सामग्री की व्यवस्था, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वी0वी0पैट0 व्यवस्था, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन/वी0वी0पैट की प्राप्ति तथा उन्हें मतदान हेतु तैयार किए जाने की व्यवस्था, मतदान पार्टी प्रस्थान तथा वापसी व्यवस्था, मतदाता सूची व्यवस्था, प्रभारी अधिकारी ई0वी0एम0 स्ट्रांगरूम तैयार करना एवं मतगणना स्थल का साइट प्लान तैयार करना, प्रभारी अधिकारी नामांकन स्थल/मतदान पार्टी प्रस्थान, सांख्यकीय सूचनाओं के प्रेषण की व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, मतगणना के पश्चात ई0वी0एम0 की सुरक्षा, कंट्रोल रूम व्यवस्था, प्रभारी अधिकारी शिकायत एवं "आदर्श आचार संहिता", प्रभारी अधिकारी स्वीप प्लान, प्रभारी अधिकारी वीडियोग्राफी/फोटोग्राफी, प्रभारी अधिकारी कम्युनिकेशन प्लान, मानचित्र एवं सेक्टर/जोन का गठन, प्रभारी अधिकारी वेब कास्टिंग व्यवस्था, टेलीफोन व्यवस्था, प्रभारी अधिकारी मा0 प्रेक्षक व्यवस्था, प्रभारी अधिकारी "सेवानियोजित मतदाता तथा निर्वाचन ड्यूटी वाले कार्मिकों को पोस्टल मतपत्र जारी की जाने की व्यवस्था, प्रभारी अधिकारी निर्वाचन व्यय लेखा, प्रभारी अधिकारी पेड न्यूज (जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणीकरण एवं अनुश्रवण समिति), प्रभारी अधिकारी मीडिया कम्युनिकेशन, प्रभारी अधिकारी समाधान, सुगम, सुविधा एवं ई0पी0डी0एस0, निर्वाचन संबंधी सूचनाओं का संकलन एवं उनका प्रेषण तथा बुकलेट तैयार करना, प्रभारी अधिकारी क्रिटिकल/वल्नरेबिल पोलिंग स्टेशन, दिव्यांग मतदाताओं के लिए सुविधाएं प्रदान करना, डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन मैनेजमेंट प्लान डी0ए0एम0, व्यय संबंधित टीमों का गठन, नामांकन व्यवस्था, नामांकन पत्र/नामांकन पत्रों के साथ लगने वाले विभिन्न प्रकार की प्रपत्रों को तैयार करने की व्यवस्था, डाक डिस्पैच/इंडेक्स व्यवस्था आदि बिंदुओं पर विस्तृत रूप की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि आगामी विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 हेतु नामित समस्त अधिकारी अपने सौंपे गये कार्यों/दायित्वों को भलीभाति, कुशलतापूर्वक, स्वतन्त्र एवं निष्पक्ष रूप से समयान्तर्गत सम्पन्न कराने के प्रति पूर्णरूपेण उत्तरदायी होंगे। यदि किसी कार्य के सम्पादन में कोई कठिनाई हो तो उसे उप जिला निर्वाचन अधिकारी अथवा जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी के संज्ञान में लाकर उसका निराकरण करते हुए आगामी विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न करायेंगे। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता कदापि बर्दाश्त नहीं की जायेगी ऐसा पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में अनुपस्थित रहे तीन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने का भी निर्देश दिया है।

# ठेकेदारों ने सीएम से की मार्मिक अपील, कहा-आप ही सबकुछ

**नौकरशाही से दुखी हो कर आदर्श पूर्वांचल ठेकेदार समिति के अध्यक्ष ने सीएम को लिखा पत्र**

**बस्ती।** आदर्श पूर्वांचल ठेकेदार समिति के अध्यक्ष सरद कुमार सिंह का कहना है, कि नौकरशाह मुख्यमंत्री को गुमराह करके उनकी छवि तो खराब कर ही रहे हैं, साथ ही छोटे ठेकेदार के अस्तित्व को ही समाप्त करने में लगे हुए है। कहते हैं कि बार-बार सीएम को ठेकेदारों के मामले में भ्रमित किया जा रहा है, और यह सब कुछ बड़े ठेकेदारों के लाभ के लिए किया जा रहा है। एक तरह से नौकरशाह प्रदेश के बड़े ठेकेदारों के हित को देखते हुए कोई आदेश जारी करते हैं। सीएम को लिखे में कहा गया है कि जब कोई व्यक्ति संस्था प्रदेश की समस्त वैधानिक व्यवस्थाओं से निराश हो जाता है, तब वह आपके पास इस उम्मीद में जाता है, कि यहां तो उसे अवश्य न्या मिलेगा। मगर आप के द्वारा मामला संज्ञान में लिए जाने के बाद भी अधिकारीगण किस प्रकार से उसमें कार्यवाही कर रहे हैं, यह सोचने का विषय है। कहा कि अगर अधिकारी समस्याओं का हल नहीं निकाल पा रहे हैं, तो इसके लिए भी आप एक उचित कमेटी बना दे जो यह निर्धारित करें, कि उसमें कारवाई पीड़ित व्यक्ति के अनुसार हुई है या केवल उसे पुन: पीड़ित किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला प्रदेश के ठेकेदारों से जुड़ा है प्रदेश के ठेकेदारों ने रॉयल्टी के संबंध में आपसे मिलकर न्याय की गुहार लगाई, आपने उस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रमुख सचिव को आदेशित भी किया था प्रमुख सचिव ने लोक निर्माण विभाग के विभागाध्यक्ष से आख्या मांगी, विभागाध्यक्ष ने रॉयल्टी से संबंधित विस्तृत आख्या सचिव को उपलब्ध भी करा दिया, उस पर उचित कार्रवाई ना करते हुए यह कहते हुए फाइल को विभागाध्यक्ष के पास वापस कर दी गई, कि इससे राजस्व का नुकसान होगा। कहा कि जो रॉयल्टी विभाग द्वारा दी जा रही है, उसी की कटौती कर ली जाए, इसमें किसी भी प्रकार के राजस्व का नुकसान नहीं होगा। बताया कि इस निर्णय से प्रदेश के समस्त ठेकेदार निराश लाचार और उत्पीड़ित महसूस कर रहे हैं।

# मप्र में पेसा अधिनियम लागूः चौहान

**भाषा।** इंदौर

**मध्य प्रदेश** के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों में शनिवार से पेसा अधिनियम लागू होने की अहम घोषणा करते हुए मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पर निशाना साधा और पूछा कि उसने अपने राज के दौरान आदिवासी बहुल इलाकों में इस कानून को अमल में लाने के लिए कौन-सा कदम उठाया था?

चौहान ने जनजातीय क्रांतिकारी टंट्या भील के बलिदान दिवस पर इंदौर के नेहरू स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आदिवासियों की मौजूदगी में पेसा अधिनियम लागू किए जाने की अधिसूचना पढ़ी और कहा, पिछले कई वर्षों से पेसा अधिनियम लागू किए जाने की मांग हो रही थी। हमने आज से राज्य में यह अधिनियम लागू कर दिया है। उन्होंने कहा कि पेसा अधिनियम लागू होने से आदिवासियों की बड़ी आबादी वाले अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभाएं सशक्त होंगी और उन्हें ज्यादा अधिकार मिलेंगे जिससे इन इलाकों में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस

### ● आदिवासी बहुल इलाकों में ग्राम सभाओं को मिलेंगे ज्यादा अधिकार

नेताओं की ओर साफ इशारा करते हुए कहा, हमें पानी पी-पीकर कोसने वाले लोग बताएं कि उन्होंने अपने शासनकाल के दौरान राज्य में पेसा अधिनियम लागू करने के लिए क्या किया था? गौरतलब है कि 1996 के दौरान वजूद में आया पंचायतों के प्रावधान (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम (पेसा) अनुसूचित क्षेत्रों में बसे आदिवासियों को स्थानीय स्वशासन के अधिकार भी प्रदान करता है। चौहान ने कार्यक्रम में यह घोषणा भी की कि आदिवासियों पर मामूली प्रावधानों के तहत दर्ज आपराधिक मामले वापस लिए जाएंगे और इस समुदाय के पात्र लोगों को जमीन के सरकारी पट्टे देने का अभियान जारी रहेगा। इसके साथ ही,पट्टे की जमीन पर घर बनाने के लिए आदिवासियों को राज्य सरकार द्वारा मुफ्त रेत भी प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह 'शराब जैसी बुराई का नाश' और 'नशा



मुक्ति' चाहते हैं। लेकिन फिलहाल ऐसा किया जाना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। आदिवासी रीति-रिवाजों में देशी शराब के उपयोग को रेखांकित करते हुए चौहान ने कहा कि राज्य की आगामी आबकारी नीति में जनजातीय समुदाय के लोगों को परंपरागत शराब बनाने का अधिकार दिया जाएगा और इसे 'विरासत मदिरा' के रूप में शराब की दुकानों पर बेचने की अनुमति भी दी जाएगी। उन्होंने कहा, बड़े-बड़े लोग शराब कारखाने चलाएं और गरीब आदिवासियों को परंपरागत शराब बनाने पर गिरफ्तार कर लिया जाए, ऐसा नहीं होगा। कार्यक्रम को राज्य के राज्यपाल मंगु भाई पटेल ने भी संबोधित किया। इससे पहले, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने इंदौर से करीब 35 किलोमीटर दूर पातालपानी में आयोजित अन्य कार्यक्रम में टंट्या भील की अष्टधातु की प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि लम्बे समय तक देश की सत्ता में रही इस पार्टी ने टंट्या भील सरीखे आदिवासी शहीदों का योगदान भुलाकर केवल नेहरू-गांधी परिवार को महिमामंडित किया। जानकारों का कहना है कि अंग्रेजों ने टंट्या भील को चार दिसंबर 1889 को राजद्रोह के जुर्म में जबलपुर के जेल में फांसी दी थी। माना जाता है कि पातालपानी में टंट्या भील का अंतिम संस्कार किया गया था।

## बसपा ने मप्र के सीधी जिले में नेताओं, कार्यकर्ताओं की सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल का गठन किया

**भाषा।** सीधी (मप्र)

**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) ने आरोप लगाया कि पार्टी नेताओं को सुरक्षा पाने में भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है और पार्टी ने अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं की सुरक्षा के लिए अपना एक सुरक्षा बल का गठन किया है। मध्य प्रदेश के सीधी जिले के बसपा पदाधिकारी ने शनिवार को यह बात कही।

बसपा के सीधी जोन के प्रभारी राम खिलाड़ी रजक ने कहा कि पार्टी के इस सुरक्षा बल को मंजूरी देने के लिए पुलिस से अनुमति मांगी गई है। हालांकि पुलिस ने कहा कि इस तरह की व्यवस्था की कोई कानूनी वैधता नहीं है। रजक ने कहा, इस सुरक्षा बल को बसपा कार्यकर्ताओं और नेताओं की सुरक्षा का काम सौंपा जाएगा क्योंकि उनका उत्पीड़न किया जाता है और उनकी सुरक्षा की अनदेखी की जाती है। उन्होंने कहा कि बसपा प्रमुख मायावती द्वारा दिए निर्देश और मध्य प्रदेश में पार्टी के भोपाल स्थित कार्यालय से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार सुरक्षा दल का गठन किया गया है। उन्होंने कहा, हम उत्पीड़ति हैं और अपने नेताओं को सुरक्षा दिलाने में भेदभाव का सामना कर रहे हैं, इसलिए हमने इस सुरक्षा बल का गठन कर सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। उन्होंने कहा कि 16 सदस्ईय इस बल में तीन इंस्पेक्टर, चार सब इंस्पेक्टर और नौ कांस्टेबल शामिल हैं। सोशल मीडिया में वायरल हुए एक वीडियो में नेम प्लेट के साथ सफेद शर्ट और नीली पैंट पहने बसपा के सुरक्षा दस्ते के तीन सदस्य दिखाई दे रहे हैं। उनके कंधों पर रैंक के अनुसार सितारों के साथ नीली धारियों वाली पट्टी लगी दिखाई दे रही है। यह वीडियो तब शूट किया गया जब वे शुक्रवार को सीधी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय में गए थे। इस बीच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अंजुलता पटले ने पुष्टि की कि बसपा नेताओं ने पुलिस को ऐसे सुरक्षा बल के बारे में सूचित किया है।

### कांग्रेस और संप्रग के बाहर की पार्टियों को मिलाकर विपक्ष को एकजुट करने की जरूरतः मलिक

**नागपुर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के मुख्य प्रवक्ता नवाब मलिक ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस के बिना कोई संयुक्त विपक्ष नहीं हो सकता, लेकिन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के बाहर की पार्टियों को भी ऐसे गठबंधन का हिस्सा होना चाहिए। इस सप्ताह मुंबई में अपने दौरे के दौरान तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी ने कहा था कि अब कोई संप्रग नहीं है। बनर्जी ने इसके अलावा कांग्रेस नेतृत्व पर भी सवाल खड़ा किया था। मलिक ने यहां हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने यह साफ कर दिया है कि कांग्रेस के बिना विपक्षी एकता नहीं हो सकती। मंत्री ने कहा कि इसके साथ ही विपक्ष के लगभग 150 लोकसभा सदस्य हैं, जो संप्रग के सदस्य नहीं हैं। उन्होंने कहा, हमें विपक्ष को साथ लाना है। शरद पवार इस पर काम करने के लिए तैयार हैं। भाजपा के खिलाफ विपक्षी गठबंधन का कौन नेतृत्व करेगा इस सवाल पर मलिक ने कहा कि पवार ने साफ-साफ कहा था कि सामूहिक नेतृत्व होगा।

## वैष्णो देवी तीर्थयात्रियों से कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन करने की अपील

**जम्मू।** कोविड-19 के बढ़ते मामलों और इसके नए स्वरूप ओमीक्रोन पर चिंता के बीच, श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) ने शनिवार को भक्तों से सख्ती के साथ कोविड-19 दिशानिर्देशों का पालन करने की अपील की। रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित पवित्र मंदिर में हर दिन देश भर से हजारों तीर्थयात्री आते हैं। एसएमवीडीएसबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रमेश कुमार ने श्रद्धालुओं से 72 घंटे से भी कम समय पहले प्राप्त आरटी-पीसीआर रिपोर्ट साथ लाने की अपील की है। बोर्ड के एक प्रवक्ता ने बताया कि मास्क अनिवार्य हैं, और प्रवेश बिंदुओं पर श्रद्धालुओं के शरीर का तापमान की भी जांच की जाती है। प्रवक्ता ने बताया कि बोर्ड तीर्थयात्रियों, कर्मचारियों और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने परिसर को भी सेनिटाइज कर रहा है।

## लोग पहले ही गोवा को कसीनो राजधानी का तमगा दे चुके हैंः केंद्रीय मंत्री

**भाषा।** पणजी

**केंद्रीय** पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी ने शनिवार को कहा कि गोवा को लोग पहले ही कसीनो राजधानी का तमगा दे चुके हैं। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, लोग पहले ही गोवा को कसीनो राजधानी का तमगा दे चुके हैं। हमें (सरकार) यह देने की जरूरत नहीं है। जनता पहले ही इसकी घोषणा कर चुकी है। रेड्डी यहां तटीय राज्य के लिए विभिन्न पर्यटन प्रोत्साहन पहलों की घोषणा करने आए थे। केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाइक भी इस अवसर पर मौजूद थे। यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार द्वारा गोवा को भारत की कसीनो राजधानी के रूप में घोषित किया जाएगा, उन्होंने कहा, जनता यहां (कसीनो के लिए) है। वे या तो यहां हैं या सिक्किम में (दोनों जगह जहां कसीनो की अनुमति है)। मंत्री ने कहा, अगर गोवा को कसीनो राजधानी के रूप में घोषित करके लाभ मिलता है, तो हम निश्चित रूप से ऐसा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि महामारी ने राज्य में पर्यटन क्षेत्र को प्रभावित किया है, जो अब फिर से सुधर रहा है क्योंकि घरेलू यात्रियों ने देश भर में जाना शुरू कर दिया है। मंत्री ने कहा, घरेलू पर्यटन का मौसम जोर पकड़ रहा है, लेकिन अब तीसरी लहर को लेकर आशंकाएं हैं। मैं लोगों से देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों का दौरा करते समय सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील करता हूं। गोवा के बारे में उन्होंने कहा, आने वाले दिनों में क्रूज पर्यटन एक बड़ा क्षेत्र बन जाएगा जिसे सागरमाला परियोजना के तहत मिशन मोड पर ले जाया जाएगा। रेड्डी ने कहा कि केंद्रीय पर्यटन और जहाजरानी मंत्रालय गोवा में पर्यटन के विकास पर कार्ययोजना तैयार करने के लिए अगले सप्ताह बैठक करेंगे।

## विवादित ढांचा विध्वंस की 29वीं बरसी पर जगह-जगह सुरक्षा घेरा

**कोयंबटूर।** उत्तर प्रदेश के आयोध्या में विवादित ढांचा गिराए जाने की 29वीं बरसी के मौके पर छह दिसंबर को किसी भी तरह की घटना को टालने के लिए शहर और उसके आसपास शनिवार दोपहर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस ने बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड की मदद से रेलवे स्टेशनों, एयरपोर्ट और सार्वजनिक स्थानों पर यात्रियों की तलाशी शुरू कर दी है। रेलवे पुलिस ने भी रेल लाइनों की जांच की। संवेदनशील इलाकों और शहर के पूजा स्थलों पर पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। पुलिस ने कहा कि इसी तरह की जांच ग्रामीण क्षेत्रों में भी की जा रही है। पुलिस का अनुमान है कि अयोध्या पर उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद हिंदू संगठन शौर्य दिवस (बहादुरी दिवस) नहीं मनाएंगे, जैसा कि उन्होंने पिछले साल तक किया था। उन्होंने कहा कि मुस्लिम संगठन और पार्टियां यम-ए-गम (दुख का दिन) मनाएंगे और जुलूस निकालेंगे तथा चुनिंदा स्थानों पर प्रदर्शन करेंगे उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के सीमावर्ती इलाकों में वाहनों की जांच तेज की जा रही है।



आगरा में ओमीक्रोन की चिंता को लेकर ताजमहल के परिसर में सनटाइजेशन करता सफाई कार्यकर्ता

## बिना जोखिम वाले देशों से बेंगलुरु पहुंचने पर दो प्रतिशत यात्रियों को औचक कोविड जांच से गुजरना होगा

**भाषा।** बेंगलुरू

**कर्नाटक** के बेंगलुरु स्थित केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) ने शनिवार को कहा कि कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के बाद नए नियमों के अनुसार बिना जोखिम वाले देशों से पहुंचने वाले दो प्रतिशत लोगों को औचक कोविड जांच से गुजरना होगा।

हवाई अड्डे का प्रबंधन देखने वाली कंपनी बेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (बीआईएएल) ने एक ट्वीट में कहा, अंतरराष्ट्रीय यात्रा दिशानिर्देशों के अनुसार, जो देश जोखिम वाले देशों की सूची में शामिल नहीं हैं, वहां से आने वाले यात्रियों में से दो प्रतिशत को आगमन पर हवाई अड्डे पर औचक (कोविड) परीक्षण से गुजरना होगा। ओमीक्रोन से दुनियाभर में चिंता के बीच भारत सरकार ने 30 नवंबर को कुछ नए दिशानिर्देश जारी किए थे, जिनमें कहा गया है कि जोखिम सूची से बाहर के देशों के यात्रियों को हवाई अड्डे से बाहर जाने की अनुमति दी जाएगी और आगमन के बाद उन्हें 14 दिन के लिए अपने स्वास्थ्य की स्वयं निगरानी करनी होगी। इनमें कहा गया है कि ऐसे हवाई यात्रियों में से कुछ या दो प्रतिशत को आगमन के बाद हवाई अड्डे पर औचक कोविड जांच से गुजरना होगा। निर्देशों के अनुसार, प्रत्एक उड़ान में ऐसे यात्रियों में से दो प्रतिशत की पहचान संबंधित एअरलाइन द्वारा की जानी चाहिए और ऐसे यात्रियों को आगमन पर परीक्षण क्षेत्र में एअरलाइन या नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा ले जाया जाना चाहिए। केंद्र सरकार के आदेश में कहा गया है कि जोखिम श्रेणी में शामिल देशों से आने वाले यात्रियों को एअरलाइन द्वारा सूचित किया जाना चाहिए कि उन्हें पहुंचने पर जांच करानी होगी और संक्रमित पाए जाने के बाद कड़े पृथक-वास प्रोटोकॉल से गुजरना होगा।

### राजस्थानः पंचायत समिति सदस्यों के लिए 1,946 उम्मीदवार चुनावी मैदान में

**जयपुर।** राज्य के चार जिलों में पंचायत समिति सदस्यों के लिए 1946 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। राज्य के चुनाव आयुक्त प्रेम सिंह मेहरा ने बताया बारां, कोटा, श्रीगंगानगर और करौली जिले में जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए होने वाले चुनाव में नामांकन पत्रों की संवीक्षा और नाम वापसी के बाद कुल 2,251 उम्मीदवार चुनावी मैदान में रह गए हैं। इनमें से 1946 उम्मीदवार पंचायत समिति सदस्यों के लिए जबकि 305 उम्मीदवार जिला परिषद सदस्यों के लिए चुनाव लड़ेंगे।

मेहरा ने बताया कि 106 जिला परिषद सदस्यों में तीन और 568 पंचायत समिति सदस्यों में से छह सदस्यों को निर्विरोध चुन लिया गया है। इस तरह अब 103 जिला परिषद सदस्य और 562 पंचायत समिति सदस्यों के लिए चुनाव होगा। उन्होंने बताया कि नाम वापसी के साथ ही चुनाव प्रतीकों का आवंटन एवं चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन कर दिया गया है।

## राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने जनता का विश्वास खोयाः पूनियां

**भाषा।** जयपुर

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां ने शनिवार को कहा कि राज्य की मौजूदा कांग्रेस सरकार अपने चुनावी वादों पर खरा नहीं उतरी है और जनता का विश्वास खो चुकी है। पूनियां ने साथ ही विश्वास जताया कि राज्य में 2023 में अगली सरकार भाजपा की बनेगी। पूनियां शनिवार को पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक यहां शुरू हुई।

बैठक में पूनियां ने कहा, राजस्थान भाजपा कार्यकर्ताओं के दिन-रात मेहनत करने के बावजूद और हमारी सरकारों द्वारा जनहित के कार्य करने के बावजूद राजस्थान में एक बार भाजपा और एक बार कांग्रेस का सिलसिला चला आ रहा है। मैं आप सब कार्यकर्ताओं से आह्वान करता हूँ कि राजस्थान को कांग्रेस मुक्त राजस्थान बनाएं और भाजपा को राजस्थान में अजय भाजपा बनाने का संकल्प आज लें। उन्होंने कहा, हम सब मिलकर 2023 के विजय संकल्प को पूरा करेंगे और उसके बाद हर बार प्रदेश में भाजपा की सरकार बने इसके लिए कार्य करेंगे। राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए पूनियां ने कहा, राज्य की कांग्रेस सरकार पूर्ण रूप से जनता में अपना विश्वास खो चुकी है। कांग्रेस ने 2018 में अपने घोषणापत्र में 10 दिन में किसानों का सम्पूर्ण कर्जा माफ करने, बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देन व बिजली की दरों में किसी प्रकार की बढ़ोतरी नहीं करने का वादा किया था लेकिन राज्य की अशोक गहलोत सरकार इन सब वादों से मुकर चुकी है। इसके चलते जनता में कांग्रेस सरकार के विरूद्ध भारी आक्रोश है।

बैठक में पारित राजनीतिक प्रस्ताव में भी कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा गया है, राज्य की जनता दहशत में है, अपराधियों के हौसले बुलंद हैं, सरकार का इकबाल खत्म है, प्रदेश की जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है, दूसरी तरफ आंतरिक संघर्ष से जूझ रही व सत्ता के मद में चूर कांग्रेस सरकार बेपरवाह होकर भ्रष्टाचार के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। पूनियां ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही दुनिया की एकमात्र पार्टी है जिसमें लोकतंत्र पूर्ण रूप से बसता है। उन्होंने कहा, भाजपा के अलावा आज देश की सभी पार्टियां किसी न किसी परिवार की पार्टी कहलाती है मगर भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जिसमें अटल बिहारी वाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी जैसे सामान्य कार्यकर्ता देश के शीर्ष पदों को सुशोभित करते हैं। नरेंद्र मोदी जैसा चाय बेचने वाला कार्यकर्ता देश का प्रधानमंत्री बनकर दुनिया का सबसे शक्तिशाली नेता बनने का गौरव हासिल कर सकता है।

## पुलिसकर्मी पशु तस्करों से घूस लेते हैं और सो जाते हैंः कर्नाटक गृहमंत्री

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** के गृहमंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने पुलिस के एक वर्ग पर निशाना साधते हुए कहा है कि ए (पुलिसकर्मी) पशु तस्करों से रिश्वत लेते हैं और उन्हें बेझिझक तस्करी करने की छूट देते हैं। वायरल हुए एक वीडियो क्लिप में, ज्ञानेंद्र को कथित तौर पर मवेशियों, विशेषकर गायों की चोरी और तस्करी को रोकने में विफल रहने के लिए एक पुलिस अधिकारी पर फोन पर चिल्लाते हुए देखा जा सकता है। ज्ञानेन्द्र को वीडियो में यह कहते हुए सुना गया है, मवेशियों को लाने-ले जाने वाले आदतन अपराधी हैं। आपके अधिकारी यह जानते हैं, लेकिन फिर भी वे घूस लेते हैं और कुत्तों की तरह सो जाते हैं। आपकी पुलिस को आत्मसम्मान की आवश्यकता है।

उन्हें यह भी कहते हुए सुना जा सकता है, मैंने अब तक कुछ नहीं कहा था, लेकिन क्या मुझे गृह मंत्री के रूप में बने रहना चाहिए या नहीं? उन्होंने दावा किया है कि चिक्कमगलुरु और शिवमोगा जिलों में मवेशियों की तस्करी चल रही है। वीडियो के अनुसार ज्ञानेन्द्र ने कहा, "आज पूरा पुलिस बल सड़ा हुआ है। हम वेतन दे रहे हैं लेकिन कोई भी केवल वेतन पर नहीं रहना चाहता। वे रिश्वत पर रहना चाहते हैं। मंत्री ने बाद में स्पष्ट किया कि उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों को नहीं, बल्कि पुलिस के एक वर्ग के बारे में ऐसा कहा है। हालांकि, उन्होंने कहा कि शिवमोगा जिले के तीर्थल्ली तालुक स्थित उनके गांव में, पशु तस्करों ने पशु अधिकारों की रक्षा में जुटे दो कार्यकर्ताओं को अपने वाहन से उस वक्त कुचलने का प्रयास किया जब उन्हें रोकने की कोशिश की गई। ज्ञानेंद्र ने कहा, उनकी (पशु अधिकार कार्यकर्ताओं की) हालत इतनी गंभीर थी कि मैंने उन्हें बेंगलुरु के मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया। मुझे बहुत दुख हुआ। यह एक अमानवीय कृत्य है।



जम्मू में कोविड-19 कंटेनमेंट जोन घोषित होने के बाद एक आवासीय क्षेत्र को सील करते सुरक्षा कर्मी

## केरल के स्कूलों के 1495 शिक्षकों का टीकाकरण अब भी बाकीः शिक्षा मंत्री

**तिरूवनंतपुरम।** केरल में सरकारी स्कूल के 1707 शैक्षिक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी हैं जिनका अब तक टीकाकरण नहीं हुआ है। प्रदेश सरकार के शिक्षा मंत्री वी शिवांकुट्टी ने इसकी जानकारी दी। शिवांकुट्टी ने बताया कि इसमें 1495 शिक्षक हैं जबकि 212 शिक्षकेत्तर कर्मचारी हैं। मंत्री ने कहा, लोअर प्राइमरी, अपर प्राइमरी एवं हाई स्कूल खंड में कुल 1066 शिक्षक हैं और 189 शिक्षकेत्तर कर्मचारी हैं। उच्चतर माध्यमिक खंड में 200 शिक्षक और 23 गैर-शिक्षण कर्मचारी हैं, जिन्होंने अब तक टीका नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक उच्च माध्यमिक खंड में 229 शिक्षक ऐसे हैं जिन्होंने अब तक टीका नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि जिन स्कूल कर्मचारियों ने टीका नहीं लिया है उन्हें हर हफ्ते आरटीपीसीआर रिपोर्ट देनी होगी। महामारी के कारण डेढ़ साल से अधिक समय तक बंद रहने के बाद राज्य में एक नवंबर से स्कूल फिर से खोल दिए गए हैं।

## हैदराबाद का आईएएमसी जल्द ही विदेशों के प्रतिष्ठित संस्थानों के समान होगाः सीजेआई रमण

**भाषा।** हैदराबाद

**भारत** के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) एन वी रमण ने शनिवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता समझौते में शामिल होने वाले भारतीय पक्ष अक्सर देश के बाहर एक मध्यस्थता केंद्र का विकल्प चुनते हैं, जिसके कारण उन्हें बहुत अधिक खर्चों का बोझ उठाना पड़ता है, लेकिन यहां अंतरराष्ट्रीय पंचाट एवं मध्यस्थता केंद्र (आईएएमसी) की स्थापना से चलन बदल जाएगा। वह शहर में आईएएमसी के पूर्वावलोकन (कर्टेन रेज़र) और हितधारक सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, भारत में कुछ मध्यस्थता केंद्रों की मौजूदगी के बावजूद, वाणिज्यिक मध्यस्थता समझौतों में प्रवेश करने वाले भारतीय पक्ष अक्सर भारत के बाहर एक मध्यस्थता केंद्र का विकल्प चुनते हैं, जिस पर उनका बहुत अधिक खर्च होता है। उन्होंने कहा कि हैदराबाद में आईएएमसी की स्थापना के बाद भारत में यह चलन बदल जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र पेरिस, सिंगापुर, हांगकांग, लंदन, न्यूयार्क और स्टॉकहोम जैसे ज्यादातर वाणिज्यिक केंद्रों में स्थित हैं। हैदराबाद में आईएएमसी की स्थापना उत्कृष्ट बुनियादी ढांचा के साथ होगी और यहां अंतरराष्ट्रीय ख्यातिलब्ध आर्बिट्रेटर और मध्यस्थकार पैनल में शामिल होंगे। न्यायमूर्ति रमण ने कहा कि इस केंद्र पर बेहतर कामकाज सुनिश्चित करने और नियमों का मसौदा तैयार करने के लिए दुनिया भर से सर्वोत्तम प्रथाओं को ध्यान में रखा जा रहा है। उन्होंने कहा, वैश्विक परिप्रेक्ष्य और गुणवत्ता पर जोर देने के साथ मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि जल्द ही इसकी तुलना सिंगापुर इंटरनेशनल सेंटर और लंदन इंटरनेशनल सेंटर जैसे मध्यस्थ संस्थानों से की जाएगी। इस अवसर पर मौजूद तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने हैदराबाद में मध्यस्थता केंद्र से होने वाले लाभों और उनकी सरकार द्वारा इसे अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता का एक मजबूत केंद्र बनाने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर विस्तार से चर्चा की।

## शासन में एक-दूसरे के सर्वोत्तम तरीकों को अपनाएं राज्यः जितेंद्र सिंह

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने शनिवार को कहा कि राज्यों को शासन में एक-दूसरे के सर्वोत्तम तरीकों को अपनाना चाहिए। उन्होंने सुशासन के तरीकों की प्रतिकृति पर एक क्षेत्रीय सम्मेलन के समापन सत्र में बोलते हुए कहा कि नागरिक केंद्रित प्रशासन मोदी सरकार के शासन मॉडल के केंद्र में है। कार्मिक राज्य मंत्री ने कहा कि शासन की गुणवत्ता में सुधार की दिशा में केंद्र सरकार में बदलाव राज्यों और जिलों में परिलक्षित होना चाहिए क्योंकि इसका उद्देश्य भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी शासन प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि शासन में सर्वोत्तम तरीकों को सभी राज्यों द्वारा अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अच्छे तरीके साझा होने पर सर्वोत्तम तरीके बन जाते हैं। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने वर्चुअल माध्यम से सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन में क्षमता निर्माण, लक्ष्यों के साथ रणनीतियों को संरेखित करना, जवाबदेह होना, उच्च स्तर की नैतिकता, भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को परिभाषित करना तथा सबसे ऊपर जन-समर्थक दृष्टिकोण का होना शामिल है। पटनायक ने कहा, सुशासन अंततः परिवर्तन का सबसे बड़ा साधन है और हम सभी की लोगों के प्रति वास्तविक जिम्मेदारी है।

## ओमीक्रोन पर टीकों का प्रभाव जानने में जुटे अनुसंधानकर्ता

विश्वभर के अनुसंधानकर्ता इस बात का पता लगाने में जुटे हैं कि क्या मौजूदा कोविड टीके हमें वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन से बचा सकते हैं। इसमें सबसे बड़ी दुश्वारी यह है कि वायरस अपने जीनोम के महत्वपूर्ण हिस्सों में इतना अधिक उत्परिवर्तित हो गया है कि यह हमें वायरस के पुराने स्वरूपों से बचाने के लिए तैयार किए गए कोविड टीकों को भी मात दे सकता है, जिससे पूरी दुनिया को विनाशकारी परिणामों का सामना करना पड़ सकता है। वैसे, अभी से बहुत चिंता करना ठीक नहीं है और टीके ओमीक्रोन से भी हमारी रक्षा कर सकते हैं, जैसा उन्होंने पहले के स्वरूपों में किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि हमें स्थिति का आकलन करने में दो से चार सप्ताह और लग सकते हैं।

**DOC टॉक**

डॉ. श्वेता गोस्वामी
चिकित्सा निदेशक
जीवा फर्टिलिटी क्लिनिक



## संक्रमणों को रखें दूर



हम अक्सर योनि संक्रमण के बारे में खुलकर बात नहीं करते हैं। कई महिलाएं शर्म महसूस करती हैं और अक्सर इसके बारे में बात करने में सहज महसूस नहीं करती हैं, लेकिन वास्तव में यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है जिस पर चर्चा की जानी चाहिए। योनि अक्सर चुभन भरी, सूखी हो सकती है, या अत्यधिक और बदरंग व बदबूदार डिसचार्ज उत्पन्न कर सकती है। यह वास्तव में सबसे संवेदनशील अंग है और इसकी उचित देखभाल और ध्यान की भी बहुत आवश्यकता होती है।

ऐसी कई गलतियां हैं जो एक महिला अनजाने में अपनी योनि के साथ करती है जो अक्सर उसे दूरगामी रूप में अनेक कठोर परिणाम झेलने की ओर ले जा सकती है। ये गलतियाँ अक्सर पेशाब करते समय या फिर सामान्य दिनों में, मासिक धर्म के दौरान या सेक्स करने से पहले और बाद में भी हो सकती हैं। यह बहुत आवश्यक है कि महिला अपने स्वास्थ्य, स्वच्छता और भलाई का ध्यान रखे।

अपनी योनि के लिए सुगंधित साबुन और सुगंध के प्रयोग से बचें। साबुन में आमतौर पर जो कृत्रिम गंध होती है वह योनि के लिए वास्तव में खतरनाक हो सकती है क्योंकि इनमें कई रसायन और कठोर तत्व होते हैं। साथ ही, इन कृत्रिम सुगंधित साबुनों व बॉडी वॉश में योनि के लिए उचित पीएच संतुलन नहीं होता है। एक महिला को हमेशा ऐसे अंतरंग वॉश का उपयोग करना चाहिए जो पीएच संतुलित हों और उपयोग के लिए पूर्णतया सुरक्षित हों।

❖ **नियमित अंतराल पर सैनिटरी पैड बदलें :** योनि संक्रमण और वायरस से बचने के लिए कृपया नियमित अंतराल पर अपने सैनिटरी पैड बदलें। एक ही पैड को ज्यादा देर तक रखने से खुजली और रैशेज हो जाते हैं। इसके अलावा, ऐसा करने में विफलता के परिणामस्वरूप संक्रामक रोगों की मेजबानी होती है।

> योनि में अनुपचारित जीवाणु संक्रमण के परिणामस्वरूप श्रोणि सूजन की बीमारी हो सकती है जो आगे चलकर बांझपन की ओर ले जाती है

❖ **सेक्स करने के बाद अपनी योनि को साफ करें :** सेक्स करने के बाद योनि को साफ करना बहुत जरूरी है क्योंकि इससे बैक्टीरिया का फैलाव काफी कम हो जाएगा। साथ ही, यौन संबंध बनाते समय कंडोम का उपयोग करना आवश्यक है क्योंकि इससे निश्चित रूप से यौन संचारित संक्रमण (एसटीआई) का खतरा कम होगा। इसके अलावा, सुनिश्चित करें कि आप और आपका साथी लेटने से पहले हमेशा हाथ धोते हैं। अधिकांश संक्रमण उन दंपत्तियों को होते हैं जो इस प्रक्रिया को नहीं अपनाते हैं क्योंकि हाथों पर मौजूद बैक्टीरिया शरीर के अन्य हिस्सों जैसे मूत्रमार्ग और योनि में स्थानांतरित हो जाते हैं।

❖ **अपनी योनि को पीछे से आगे की ओर न पोंछें :** कभी भी अपने आप को पीछे से सामने की ओर न पोंछें क्योंकि इससे योनि में बैक्टीरिया और संक्रमण फैलते हैं। इसे हमेशा आगे से पीछे की ओर पोंछने की सलाह दी जाती है।

❖ **आरामदायक अंडरगारमेंट्स पहनें :** ऐसे कपड़े पहनें जो क्रॉच में ढीले हों, सिंथेटिक के बजाय कॉटन-क्रॉच अंडरवियर पहनें।

❖ **गंदे सार्वजनिक शौचालयों का उपयोग करने से बचें :** सार्वजनिक शौचालयों का उपयोग करने से बचें क्योंकि वे आपात स्थिति में ज्यादातर गंदे होते हैं, अगर मजबूरी बन जाए तो इसे खड़ी मुद्रा में करें या आप अपने साथ डिस्पोजेबल या पोर्टेबल पेशाब करने वाले उपकरण भी ले जा सकती हैं।

❖ **अच्छी तरह से पेशाब करें :** जब भी आपको ऐसा करने की इच्छा हो तो वॉशरूम का उपयोग करना महत्वपूर्ण है। अपने आप को बहुत देर तक पेशाब करने से रोकना आपके मूत्राशय पर अनावश्यक दबाव डाल सकता है जिसके परिणामस्वरूप संक्रमण भी हो सकता है।

❖ **खुद को हाइड्रेट रखें :** दिन भर में खूब पानी पिएं और खुद को हाइड्रेट रखें। यह मूत्र संक्रमण को रोकेगा और आपके शरीर से समस्त कचरे को बाहर निकालेगा।

जब भी आपको लगे कि योनि से भारी स्राव हो रहा है या उससे अलग गंध आ रही है, या यदि आप अपनी योनि के आसपास या बाहर कोई खुजली, जलन, सूजन, या दर्द महसूस करें, या जब आप पेशाब करती हैं तो जलन सी महसूस होती है और जब सेक्स असहज होता है तो कृपया देर न करें और तत्काल अपने डॉक्टर से मिलें क्योंकि इससे कुछ गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। योनि में अनुपचारित जीवाणु सक्रमण के परिणामस्वरूप श्रोणि सूजन की बीमारी हो सकती है जो आगे चलकर बांझपन की ओर भी ले जा सकती है।

# बढ़ाएं अपनी दृष्टि



**टीवी देखने, गेम खेलने के लिए मोबाइल का उपयोग करने व डिजिटल उपकरणों पर पढ़ाई में बहुत अधिक समय बिताने के परिणामस्वरूप बच्चों को भी आंखों की बीमारियां होने का खतरा होता है। इनकी देखभाल करने का तरीका बता रहे हैं डॉ. जितेंद्र जेठानी**

आजकल चश्मों का उपयोग करने वाले बच्चों की संख्या में खतरनाक वृद्धि देखना वास्तव में चिंताजनक है। वयस्कों की तरह, बच्चों को भी आंखों की बीमारियों का खतरा होता है, जिसके परिणामस्वरूप टेलीविजन देखने, मोबाइल पर गेम खेलने व डिजिटल उपकरणों पर पढ़ने में बहुत अधिक समय लगता है। हाल की महामारी के दौरान स्थिति और भी खराब हो गई है क्योंकि बच्चे अपने घरों के अंदर कैद हैं, यहां तक कि डिजिटल माध्यमों से अपनी कक्षाओं में भाग ले रहे हैं। हालांकि, अच्छी बात यह है कि माता-पिता के रूप में आप अपने बच्चे की आंखों की सुरक्षा और उन्हें स्वस्थ रखने के लिए विभिन्न तरीके अपना सकते हैं।

**अपनी आंखों की रक्षा करें :**

❖ आहार में हरी पत्तेदार सब्जियां लें

हरी पत्तेदार सब्जियां कैरोटीनॉयड और विटामिन ए का समृद्ध स्रोत हैं। कैरोटेनॉयड्स आंखों को मुक्त कणों से दूर रखने में मदद करते हैं। इसके अलावा, इनमें कैल्शियम, विटामिन बी 12 और विटामिन सी जैसे खनिज व अन्य विटामिन भी होते हैं। हरी सब्जियों में मौजूद जेक्सैन्थिन और ल्यूटिन भी आंखों को मोतियाबिंद और धब्बेदार अधोपतन से बचाने में मदद करते हैं। इसलिए, आपको अपने बच्चों को, अच्छी दृष्टि बनाए रखने में मदद हेतु पालक, ब्रोकोली, केल और कोलार्ड जैसी सब्जियों का सहज सेवन, सुनिश्चित करना शुरू कर देना चाहिए।

❖ **अच्छी मुद्रा और प्रकाश**

चाहे घर हो या स्कूल, बच्चों को पढ़ने, लिखने या कंप्यूटर का उपयोग करते समय अच्छी मुद्रा बनाए रखना सिखाया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि वे कंप्यूटर स्क्रीन को आंखों के स्तर पर रखते हुए रीढ़ सीधी रखें और आंखों के तनाव या खिंचाव को कम करने के लिए उसके प्रकाश को समायोजित करें।

> बच्चों को आंखों का तनाव कम करने में मदद करने के लिए आंखों को घुमाना, पलक झपकना और हाथ फेरना जैसे सरल नेत्र व्यायाम सिखाए जा सकते हैं। यह उनकी दृष्टि में सुधार या चश्मे का पावर कम नहीं कर पाएगा। हालांकि पलक झपकना स्वाभाविक रूप से आता है, लेकिन व्यायाम के रूप में, आपको अपने बच्चों को दो सेकंड के लिए अपनी आंखें बंद करने और फिर अपनी आंखें खोलने और पांच सेकंड के लिए तेजी से झपकाने के लिए कहना चाहिए। इसे पांच बार दोहराया जाना चाहिए। पामिंग करना आसान है क्योंकि आपको बस उन्हें अपने हाथों को रगड़ने और हथेलियों को आंखों पर रखने के लिए कहना है। इसे पांच बार दोहराया भी जा सकता है। ये सभी व्यायाम आंखों में रक्त प्रवाह बढ़ाने और आंखों के अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में मदद करते हैं।



डॉ. जितेंद्र जेठानी
बाल रोग विशेषज्ञ
बड़ौदा चिल्ड्रेन आई केयर एंड मेडिकल
कंसल्टेंट Entod

उन्हें बाहरी रोशनी में बैठने के लिए कहें और मायोपिया से बचाव करें। साथ ही बच्चों को आंखों पर किसी भी तरह के तनाव से बचने के लिए अच्छी इनडोर रोशनी होनी चाहिए।

❖ **आंखों के संक्रमण से बचें**

बच्चों को हमेशा अच्छी स्वच्छता की आदतें सिखाई जानी चाहिए, खासकर जब आंखों में संक्रमण या जलन से बचने की बात हो। माता-पिता होने के नाते आपको उन्हें सिखाना चाहिए कि बिना हाथ धोए कभी भी अपनी आंखों को न छुएं क्योंकि बैक्टीरिया उंगलियों से आंखों तक फैल सकते हैं। इसके अलावा, आपको सुझाव देना चाहिए कि वे अपने कमरों की सफाई करते समय सुरक्षा चश्मे का उपयोग करें ताकि धूल उनकी आँखों में न जाए।

❖ **स्क्रीन समय सीमित करें और बाहरी गतिविधियों को प्रोत्साहित करें**

